सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 12 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 42, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 40 अंकों की गिरावट

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 40.28 अंक की मामूली गिरावट के साथ 84,233.64 अंक पर बंद हुआ। } 14

## राहुल गांधी को नोटिस देगी भाजपा : रीजीजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी का भाषण झूठ से भरा था और सत्तारूढ़ गठबंधन नेता प्रतिपक्ष द्वारा किये गए झूठे दावों को सदन की कार्यवाही से हटाये जाने का अनुरोध करेगा। } 16

# प्रदेश सरकार ने पेश किया अब तक का सबसे बड़ा बजट

## पर्यटन क्षेत्र में बढ़ेगी महिला भागीदारी



लखनऊ। यूपी सरकार ने बजट में पर्यटन और संस्कृति को विशेष महत्व देते हुए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। जिसमें सबसे उल्लेखनीय घोषणा महिला गाइडों से लिये जाने वाले लाइसेंस शुल्क को माफ करना और यूपी पर्यटन नीति- 2022 के प्रवाधानों और लाभों का विस्तार 2032 तक करने की रही। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश में पर्यटकों के लिए आवसीय सुविधा के विकास के लिए वर्ष 2026-27 में 50 हजार नये होमस्टे कमरों के विकास का लक्ष्य रखा है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने अपने बजट भाषण में मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों के विकास कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि ये प्रदेश की आध्यात्मिक धरोहर और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के साथ-साथ प्रदेश में पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में ठोस कदम है। साथ ही वित्त मंत्री ने पिछले नौ वर्षों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप पर्यटन क्षेत्र में ...शेष पृष्ठ 14 पर



विशेष संवाददाता

लखनऊ। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बुधवार को विधानसभा में योगी सरकार का वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया। नव निर्माण के नौ वर्ष की थीम पर प्रस्तुत बजट 2026-27 का कुल आकार 9,12,696.35 करोड़ रुपये है, जो वित्तीय वर्ष 2025-26 की तुलना में लगभग 12.9 प्रतिशत अधिक है। आकार के लिहाज से योगी सरकार ने अपने इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत किया है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सदन को बताया कि यह बजट राज्य की बढ़ती आर्थिक क्षमता, निवेश के अनुकूल माहौल और सुदृढ़ राजकोषीय प्रबंधन का परिणाम है। यह बजट न केवल राज्य की आर्थिक मजबूती को दशार्ता है, बल्कि दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता और सतत विकास की स्पष्ट रूपरेखा भी प्रस्तुत करता है। बजट 2026-27 सरकार की उस सोच को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें विकास, वित्तीय अनुशासन और भविष्य की तैयारी तीनों को समान महत्व दिया गया है। इस बजट में अन्नदाता किसान, युवा, महिला, छात्र-छात्राओं समेत हर वर्ग का ध्यान रखा गया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## वीबी जीरामजी के लिए दिये 5,544 करोड़

लखनऊ। बजट में ग्राम्य विकास को प्राथमिकता दी गई है। गांवों की बुनियादी जरूरतों, आवास, सड़क और आजीविका सृजन को गति देने के लिए 25,500 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव रखा गया है।

वहीं, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के लिए 4,580 करोड़ तथा वीबी जीरामजी योजना के लिए 5,544 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इन योजनाओं के जरिए स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण परिवारों को स्थायी रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2025-26 तक 36.56 लाख आवास के लक्ष्य के सापेक्ष 36.37 लाख आवास पूर्ण हो चुके हैं। शेष निमार्णाधीन आवास शीघ्र पूर्ण कराए जा रहे हैं। योजना के लिए 6,102 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसी तरह मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वर्ष 2018-19 से 2025-26 तक 4.61 लाख आवास के लक्ष्य में से 3.67 लाख आवास ...शेष पृष्ठ 14 पर



## संक्षेप

### मदरसा शिक्षक के ठिकानों पर ईडी छापा

आजमगढ़। जनपद के मुबारकपुर क्षेत्र में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मदरसा शिक्षक शमसुल हुदा खान के अस्थायी आवास पर छापेमारी की कार्रवाई की। ब्रिटेन की नागरिकता लेने के बावजूद भारत में वेतन और सेवानिवृत्ति लाभ लेने के आरोप में जांच तेज कर दी गई है। हालांकि, ईडी के अधिकारी कार्रवाई को लेकर आधिकारिक रूप से कुछ भी बताने से बच रहे हैं। संतकबीरनगर निवासी शमसुल हुदा खान की नियुक्ति 12 जुलाई 1984 को आजमगढ़ स्थित दारुल उलूम अहले सुन्नत मदरसा अशरफिया मिस्बाहुल उलूम में सहायक अध्यापक के पद पर हुई थी।

### सैन्यकर्मी की गोली मारकर हत्या

हाथरस। जिले में आगरा-अलीगढ़ मार्ग पर चन्द्रा फार्म हाउस के निकट दिनदहाड़े घेरकर एक सैन्यकर्मी की गोली मारकर हत्या के मामले में थाना प्रभारी समेत तीन पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि पांच फरवरी को आगरा में सेना की इकाई में चालक के पद पर तैनात अखिलेश चौधरी (28) की राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 93 पर एक कोल्ड स्टोरेज के पास कुछ हथियारबंद लोगों ने आपसी रंजिश में हत्या कर दी थी। पुलिस के मुताबिक, मृतक की बहन डॉली कुमारी ने सादाबाद थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका भाई अखिलेश भारतीय सेना में कार्यरत था।

## 9 वर्षों में तीन गुना बढ़ा प्रदेश का बजट, कोई नया टैक्स नहीं : योगी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा के सभागार में पत्रकारों को संबोधित करते हुए वर्ष 2026-27 के बजट की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने पिछले 9 वर्षों के दौरान अपना परसेप्शन बदलने में सफलता प्राप्त की है। प्रदेश ने इस दौरान पॉलिसी पैरालिसिस से उभर कर परसेप्शन को बदलकर खुद को अनलिमिटेड पोटेंशियल स्टेट के रूप में प्रस्तुत किया है, आज का यह बजट उन्हीं भावों का प्रतिनिधित्व करता है। प्रदेश का यह बजट 9 वर्षों में तीन गुना से अधिक बढ़ा है।

आज 9,12,000 करोड़ रुपये से अधिक का बजट विधानसभा में प्रस्तुत किया गया। बजट की थीम सुरक्षित नारी, सक्षम युवा, खुशहाल किसान और हर हाथ को काम, तकनीकी निवेश से समृद्ध होते उत्तर प्रदेश पर आधारित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 43,565 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि नई योजनाओं के लिए बजट में प्रस्तावित की गई हैं। वहीं 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए आंवटित की गई है। परिसंपत्तियों के नवनिर्माण, इन्फ्रास्ट्रक्चर के डेवलपमेंट और अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यहीं से रोजगार का सृजन होता है। यह प्रदेश में पहली बार है, जब किसी मुख्यमंत्री को 10वां बजट प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ। पिछले 9 वर्षों में कोई भी नया टैक्स नहीं लगाया गया है। इसके साथ ही यूपी में जो कर चोरी और लीकेज थे, इन सबको रोक कर कुशल वित्तीय प्रबंधन के माध्यम से बीमारू राज्य से उत्तर प्रदेश को भारत की अर्थव्यवस्था का एक ब्रेकथ्रू के रूप में प्रस्तुत किया गया है। आज उत्तर प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। वर्ष 2017 में 30 फीसदी से अधिक राज्य में ऋणग्रस्तता थी। हम लोगों ने इसे घटाकर पिछले दो-तीन वर्षों में 27 फीसदी लाने में सफलता प्राप्त की। इस वित्तीय वर्ष में इसे 23 फीसदी तक लाने का लक्ष्य है। भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के अनुसार किसी भी राज्य की जो कुल जीएसडीपी होगी, उस पर 30 फीसदी से अधिक ऋण नहीं होना चाहिए। आज उत्तर प्रदेश देश के उन राज्यों में शामिल है, जिन्होंने अपने वित्तीय प्रबंधन को एफआरबीएम की निर्धारित सीमा के अधीन रखा है। यह हमारा कुशल वित्तीय अनुशासन है। कोई नया टैक्स लगाए बिना प्रदेश ने जन-कल्याण व इन्फ्रास्ट्रक्चर की स्कीम के साथ प्रत्येक सेक्टर में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। आज उत्तर प्रदेश देश की टॉप तीन इकॉनमी में से एक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम लोगों ने प्रदेश में अनइंप्लॉयमेंट रेट को 2.24 प्रतिशत तक नीचे लाने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ट्रंप के तेल खरीद के दावों पर भड़के सर्गेई लावरोव

एजेंसी

मास्को। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अलावा किसी ने भी यह नहीं कहा कि भारत, रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को देश की संसद में यह बात कही।

रूस ने अमेरिका पर भारत और अन्य देशों को उससे तेल खरीदने से रोकने का प्रयास करने का आरोप लगाया था, जिसके दो दिन बाद लावरोव की यह टिप्पणी आई है। रूस का कहना है कि वाशिंगटन टैरिफ, प्रतिबंध और सीधे रोक सहित कई तरह के दबावपूर्ण कदम उठा रहा है। लावरोव ने बुधवार को स्टेट ड्यूमा (निचले सदन) में एक सांसद के प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा आपने उल्लेख किया कि डोनाल्ड ट्रंप ने भारत की रूस से तेल न खरीदने की सहमति की घोषणा की है। मैंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य भारतीय नेताओं सहित किसी और से ऐसा कोई बयान नहीं सुना है। लावरोव ने उल्लेख किया कि विदेश मंत्री एस ...शेष पृष्ठ 14 पर



## उत्तराखण्ड कैबिनेट का स्वास्थ्य व श्रमिक हित पर फोकस

○ छह प्रस्तावों को दी गयी स्वीकृति ○ कई व्यवस्थाओं में होगा संरचनात्मक बदलाव

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल बैठक में राज्य की प्रशासनिक, स्वास्थ्य और श्रमिक व्यवस्था से जुड़े छह महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। सरकार ने इन निर्णयों को जनकल्याण और सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। प्रदेश को नशामुक्त बनाने की प्रतिबद्धता के तहत सरकार ने एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स को स्थायी स्वरूप देने का निर्णय लिया है। वर्ष 2022 में गठित यह इकाई अब तक प्रतिनियुक्ति प्रणाली पर कार्य कर रही थी। अब राज्य मुख्यालय में 22 नियमित पद सृजित किए जाएंगे, जिससे मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध अभियान को अधिक संगठित और प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सकेगा। कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए उत्तराखण्ड कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम चिकित्सा सेवा नियमावली, 2026 लागू की जाएगी। इसके अंतर्गत 94 नये पदों का सृजन प्रस्तावित है। इनमें चिकित्सा अधिकारियों के साथ विभिन्न प्रशासनिक पद भी शामिल हैं। इस विस्तार से औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों और उनके परिवारों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। सूक्ष्म एवं लघु खाद्य उद्योगों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की अवधि 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दी गई है। इससे राज्य के उद्यमियों को वित्तीय और तकनीकी सहयोग मिलता रहेगा। कारागार प्रशासन में सुधार के तहत उत्तराखण्ड कारागार एवं सुधारात्मक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आम बजट में 2026 से 2050 तक के कई विषय समाहित

### सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों पर दिया गया है विशेष ध्यान : निर्मला सीतारमण

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यों को केंद्र से उनकी कर हिस्सेदारी का हस्तांतरण नहीं होने संबंधी कुछ विपक्षी सांसदों के आरोपों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि सरकार ने केंद्र के विभाज्य पूल में से किसी राज्य का हिस्सा नहीं घटाया है।

वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा कि यह बजट इस सदी के दूसरे चतुर्थांश के पहले साल का बजट है और इसमें 2026 से लेकर 2050 तक के कई सारे विषयों को समाहित किया गया है और दीर्घकालिक निवेश की कई योजनाओं की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) पर विशेष ध्यान देते हुए बजट में स्पष्ट घोषणा की है कि जिन मध्यम उद्योगों की निर्यात बढ़ाने की क्षमता है, उन्हें और मदद दी जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार की पांच क्षेत्रीय मेडिकल हब बनाने की योजना है जहां चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, सहायक सुविधाएं एक ही जगह होंगी और इसके लिए किसी राज्य के नाम की घोषणा नहीं की गई है, बल्कि कोई भी राज्य इसके लिए पहल कर सकता है। उन्होंने कहा कि इससे देश मेडिकल टूरिज्म हब बनेगा।

सीतारमण ने लोकसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा कि सरकार ने बजट में पांच मेडिकल क्लस्टर, पांच मेगा औद्योगिक पार्क, बुजुर्ग देखभाल के लिए पेशेवरों को तैयार करने जैसी कई घोषणाएं की हैं जिनसे लाखों रोजगारों का सृजन होगा। सीतारमण ने कहा हम पर आरोप लगता है कि हम राज्यों की 41 प्रतिशत कर हिस्सेदारी का हस्तांतरण नहीं करते। मैं सदन के माध्यम से आश्वासन देती हूं कि हमने केंद्र ...शेष पृष्ठ 14 पर





### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 25.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 10.00 डिसे. |

### भीतर पढ़ें

○ बजट में महिला, युवा, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल पर जोर (पृष्ठ-02)
○ सामाजिक कल्याण के लिए 14,953 करोड़ दिये (पृष्ठ-02)
○ अमेरिका-ईरान तनाव से चांदी, सोने में तेज़ी (पृष्ठ-14)
○ कैग ने एनएलसी इंडिया को लगाई फटकार (पृष्ठ-14)
○ टीडीएस देनदारी पर याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज (पृष्ठ-14)

विशेष खबर — प्रदेश सरकार के बजट पर अर्थशास्त्री व विशेषज्ञ की प्रतिक्रिया

# विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा यूपी का बजट

## यूपी को विकसित बनाने पर फोकस : प्रो. भारती पाण्डेय

शैलेन्द्र श्रीवास्तव



लखनऊ। प्रदेश सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए बजट विशेषज्ञ एवं श्री जय नारायन मिश्रा पीजी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रो. भारती पाण्डेय ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश सरकार का बजट 9.12 लाख करोड़ रुपये का बजट है जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग 12.9 प्रतिशत अधिक है। यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए 'विकसित उत्तर प्रदेश' पर फोकस करता है। बजट युवाओं, किसानों, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के विकास को समर्पित है।

बजट में 10 लाख युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सीएम युवा उद्यमी योजना के लिए 1000 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की गई है। साथ ही 40 लाख युवाओं को टैबलेट बांटने का भी प्रावधान है। इसके अलावा बजट में सरदार पटेल रोजगार योजना के लांच की गई है जिसके लिए 575 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ओडीओसी (एक जिला एक व्यंजन) योजना लागू की गई है।

खेती-किसानी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बजट में लगभग 10,888 करोड़ रुपए की धनराशि प्रस्तावित है जो वर्ष 2025-2026 की तुलना में लगभग 20 ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आर्थिक सुधार पर दिया जोर : प्रो. एमके अग्रवाल

विशेष संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए वरिष्ठ अर्थशास्त्री और लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. एमके अग्रवाल ने कहा कि योगी सरकार द्वारा प्रस्तुत दूसरे कार्यकाल के आखिरी बजट पर भी चुनावी रंग के बजाय आर्थिक सुधार एवं तीव्र विकास का प्रभार ज्यादा दिखाई पड़ रहा है। यह बजट जहां समवेशी, विकासोन्मुखी तथा संतुलित है। वहीं, इसके द्वारा उत्तर प्रदेश की आर्थिक शक्तियों को और ऊजार्वान करने की स्पष्ट रणनीति दिखाई पड़ती है इसीलिए 2026-27 के बजट में उत्तर प्रदेश में सभी क्षेत्रों के तीव्र विकास की रणनीति दिखाई पड़ती है।

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के दसवें बजट का आकार काफी विशाल होकर 9.13 लाख करोड़ रुपये हो गया है। बजट घाटे को 3 प्रतिशत के अंदर ही सीमित रखा गया है। कर-राजस्व में वृद्धि के कारण पूंजीगत परिव्यय का आकार बढ़ाकर राज्य आय का 4.5 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है। जबकि नौ साल पहले यह तीन प्रतिशत से भी नीचे था। इससे जहां उत्तर प्रदेश में सरकारी निवेश तेजी से बढ़ा है तो इसके प्रभाव के कारण उत्तर प्रदेश निजी एवं विदेशी निवेश भी तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण उत्तर प्रदेश तेजी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## रामपुर सीआरपीएफ कैम्प पर आतंकी हमले की सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली उत्तर प्रदेश सरकार की याचिका पर बुधवार को सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें 2007 के रामपुर सीआरपीएफ शिविर आतंकी हमले के मामले में चार आरोपियों को दी गई मौत की सजा और एक अन्य को दी गई आजीवन कारावास की सजा निरस्त कर दी गयी थी। रामपुर स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के शिविर पर 31 दिसंबर 2007 की रात को हुए हमले में सीआरपीएफ के आठ जवान मारे गए थे और पांच घायल हो गए थे।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने राज्य सरकार की याचिका पर आरोपियों को नोटिस जारी किये और मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की। पांचों आरोपियों की ओर से अधिवक्ता एम एस खान पेश हुए। राज्य सरकार ने पिछले साल 29 अक्टूबर को उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले को चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के उस आदेश को खारिज कर दिया था, जिसमें इस मामले में चार लोगों को मृत्युदंड और एक अन्य को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। उच्च न्यायालय ने मोहम्मद शरीफ, सबाउद्दीन, इमरान शहजाद, मोहम्मद फारूक और ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# बजट में महिला, युवा, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल और दिव्यांगजन कल्याण पर फोकस

- **महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड और उत्पाद विपणन योजना से आधी आबादी होगी और सशक्त**

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बजट में महिलाओं, युवाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, पर्यटन और दिव्यांगजन कल्याण को केंद्र में रखते हुए प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने का रोडमैप पेश किया गया है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्याथ ने बजट की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश ने महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान को प्राथमिकता देते हुए ई क्यूब के रूप में एंप्लाइमेंट, इंटरप्राइसेस और एक्सीलेंस के तहत उल्लेखनीय प्रगति की है। बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में महिला श्रम बल भागीदारी 13 प्रतिशत से बढ़कर 36 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

इसे आगे बढ़ाने के लिए महिला उद्यमी उत्पाद विपणन योजना की बजट में घोषणा की गई है, जो केंद्रीय बजट में प्रस्तावित शी-मार्ट की तर्ज पर कार्य करेगी। इसके साथ ही बजट में महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से महिलाओं को ब्याज मुक्त पूंजी उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा कामकाजी महिलाओं के लिए प्रत्येक जनपद स्तर पर श्रमजीवी महिला छात्रावास के निर्माण के लिए भी बजट में धनराशि सुनिश्चित की गई है। बजट में युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक घोषणा करते हुए वन डिस्ट्रिक्ट, वन कमिश्नरी, वन डिविजनल हेड क्वार्टर, वन स्पोटर्स कॉलेज की परिकल्पना रखी गई है। प्रदेश के 18 कमिश्नरी मुख्यालयों पर एक-एक स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की जाएगी।

मेरठ में मेजर ध्यानचंद के नाम पर बन रही स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी अप्रैल-मई तक पूरी हो जाएगी, जहां शैक्षणिक सत्र पहले से प्रारंभ हो चुके हैं। वर्ष 2030 अहमदाबाद कॉमनवेल्थ गेम्स और 2036 ओलंपिक में भारत की प्रस्तावित दावेदारी को ध्यान में रखते हुए इन स्पोर्ट्स कॉलेजों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तर पर ओपन जिम, खेल मैदान, मिनी स्टेडियम और स्टेडियम निर्माण को प्राथमिकता दी गई है, जिसे खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार के सहयोग से आगे बढ़ाया जाएगा।

**एसजीपीजीआई में देश का पहला क्वाटर्नरी हेल्थ केयर सेंटर होगा स्थापित** : वर्ष 2017 से पहले खराब सुरक्षा व्यवस्था और कमजोर इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण प्रदेश की छवि प्रभावित थी, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। वर्ष 2024-25 में प्रदेश के धार्मिक, हेरिटेज, इको और एडवेंचर टूरिज्म स्थलों पर 122 करोड़ पर्यटकों ने यात्रा की। बजट में पीपीपी मोड पर 1 लाख अतिरिक्त होटल रूम जोड़ने और 50,000 नए होम-स्टे विकसित करने का प्रावधान किया गया है। साथ ही महिला गाइडों के लिए 10,000 रुपये का लाइसेंस शुल्क माफ कर उन्हें रोजगार से जोड़ने का निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। पहले जहां कुल 36 मेडिकल कॉलेज थे। आज प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज, 2 एम्स और कई सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल कार्यरत हैं। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 5 करोड़ 46 लाख से अधिक आयुष्मान गोल्डन कार्ड जारी कर यूपी देश में अग्रणी



राज्य बन चुका है। हर जिले में निःशुल्क डायलिसिस, रेडियोलॉजी सेवाएं (एमआरआई, सीटी, कलर डॉप्लर, डिजिटल एक्स-रे) उपलब्ध कराने की तैयारी है। इसके साथ ही एसजीपीजीआई लखनऊ में देश का पहला क्वाटर्नरी हेल्थ केयर सेंटर स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए प्रथम चरण में 250 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह सेंटर विशेष रूप से ऑर्गन ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

**मेडिकल और हेल्थ सेक्टर को आधुनिक तकनीक से जोड़ने पर जोर:** सीएम ने बताया कि बजट में प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। सरकार ने मेडिकल कॉलेजों में अध्ययनरत छात्रों के लिए छात्रावास निर्माण के लिए अतिरिक्त धनराशि का प्रावधान किया है, जिससे छात्रों को बेहतर आवासीय सुविधाएं मिल सकें और चिकित्सा शिक्षा के वातावरण को और अधिक अनुकूल बनाया जा सके। वहीं सड़क सुरक्षा और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने की दिशा में भी बजट में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। सरकार का लक्ष्य है कि गंभीर रूप से घायल मरीजों को समय पर बेहतर इलाज मिल सके और जान-माल की क्षति को न्यूनतम किया जा सके। इसके साथ ही प्रदेश के मेडिकल और हेल्थ सेक्टर को आधुनिक तकनीक से जोड़ने पर भी विशेष फोकस किया गया है।

बजट में मिडटेक (मेडिकल टेक्नोलॉजी) की स्थापना का प्रावधान किया गया है, जिसके तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक तकनीक और अन्य आधुनिक सहायता प्रणालियों का उपयोग कर स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाया जाएगा। इसका उद्देश्य प्रदेश के दूर-दराज और पिछड़े क्षेत्रों तक भी उन्नत चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना है, ताकि बड़े शहरों तक सीमित आधुनिक इलाज का लाभ अन्य जनपदों के लोगों को भी मिल सके। वर्तमान में राज्य में दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए गए हैं। इनमें से एक सेंटर लखनऊ स्थित संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में कार्यरत है, जबकि दूसरा सेंटर आईआईटी कानपुर के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। राज्य सरकार ने इन दोनों सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए भी बजट में धनराशि की व्यवस्था की है और इन पर कार्य प्रगति पर है। इन केंद्रों के माध्यम से आधुनिक मेडिकल टेक्नोलॉजी, रिसर्च और नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। रोड सेफ्टी की दृष्टि से आवश्यक प्रावधान किए गए हैं, ताकि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के साथ-साथ दुर्घटना की स्थिति में त्वरित और प्रभावी उपचार सुनिश्चित किया जा सके। सड़क हादसों, अन्य दुर्घटनाओं या किसी भी प्रकार की आपदा के समय ट्रॉमा सेवाएं मजबूत रहें, इसके लिए प्रदेश में नए ट्रॉमा सेंटर विकसित करने के लिए भी बजट में धनराशि की व्यवस्था की गई है।

**हेल्थ सेक्टर में मिडटेक की स्थापना के साथ एआई, रोबोटिक पर जोर :** राष्ट्रीय वन हेल्थ मिशन के अंतर्गत राज्य वन हेल्थ मिशन के लिए भी धनराशि की व्यवस्था इसमें की है और जो हमारे मेडिकल कॉलेजेस हैं, उन मेडिकल कॉलेजेस में छात्रावास का निर्माण हो सके, इसके लिए भी हम लोगों ने अतिरिक्त धनराशि की व्यवस्था की है। इसके अलावा प्रदेश के अंदर रोड सेफ्टी की दृष्टि से रोड सेफ्टी के लिए आवश्यक प्रावधान करने के साथ-साथ अगर कोई घटना दुर्घटना होती है, रोड एक्सीडेंट होता है या कोई आपदा आती है, उन स्थितियों में ट्रॉमा हमारा उतना ही सशक्त हो, इसके लिए ट्रॉमा के लिए भी नए ट्रॉमा सेंटर विकसित करने के लिए भी धनराशि की व्यवस्था सरकार ने इस बजट में इसके लिए की है और प्रदेश के अंदर मेडिकल के सेक्टर में भी, हेल्थ सेक्टर में भी मिडटेक की स्थापना हो, इसमें एआई, रोबोटिक आदि की हम सहायता के माध्यम से प्रदेश के दूर-दराज के क्षेत्रों में भी सुविधा उपलब्ध करवा सकें, अन्य जनपदों में उपलब्ध करवा सकें, इसके लिए वर्तमान में हमारे दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, एक एसजीपीजीआई लखनऊ में और दूसरा आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर के राज्य सरकार इसके लिए धनराशि की व्यवस्था की है और इसमें कार्य हमारा चल रहा है और हमने इसमें धनराशि की व्यवस्था भी की है।

**दिव्यांग बच्चों के लिए डे केयर सेंटर की होगी स्थापना :** सीएम ने बताया कि बजट में उच्च शिक्षा में मेधावी छात्राओं को स्कूटी देने के लिए व्यवस्था की गई है। इसके अलावा बजट में स्मार्टफोन और टैबलेट जैसी सुविधाओं का विस्तार किया गया है। वहीं बजट में दिव्यांगजन कल्याण के तहत छात्राओं के लिए ई-ट्राइसाइकिल, डीडीआरसी की स्थापना, कृत्रिम अंग वितरण केंद्र तथा 3 से 7 वर्ष के दिव्यांग बच्चों के लिए डे-केयर सेंटर की व्यवस्था की गई है। वहीं दिव्यांग बच्चों के प्रशिक्षण और शिक्षा के लिए नौ जनपदों वाराणसी, अयोध्या, गोरखपुर, प्रयागराज, लखनऊ, बरेली, झांसी, मेरठ और आगरा में केंद्र की स्थापना की जाएगी।

## कुकरैल वन क्षेत्र में नाइट सफारी पार्क की स्थापना के लिए 207 करोड़ का बजट प्रस्तावित

**लखनऊ।** सरकार ने बजट में वन-पर्यावरण क्षेत्र का भी विशेष ध्यान रखा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि सरकार ने 2017 से प्रदेश में अब तक 242.13 करोड़ से अधिक पौधरोपण किया। आगामी वर्षाकाल-2026 में भी 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य प्रस्तावित है। वित्त मंत्री ने बताया कि योगी सरकार में किए गए कार्यों की बदौलत उत्तर प्रदेश वनावरण व वृक्षावरण में वृद्धि के मामले में देश में द्वितीय स्थान पर रहा है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट में वन एवं पर्यावरण विभाग का भी जिक्र किया और बताया कि बजट में सामाजिक वानिकी योजना के लिए 800 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। उन्होंने बताया कि पौधशाला प्रबंधन योजना के लिए 220 करोड़ रुपये तथा राज्य प्रतिकारात्मक वन रोपण योजना के लिए 189 करोड़ रुपये की व्यवस्था बजट में प्रस्तावित है। वित्त मंत्री ने बताया कि लखनऊ स्थित कुकरैल वन क्षेत्र में नाइट सफारी पार्क की स्थापना के लिए लगभग 207 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं। वहीं रानीपुर बांध फाउंडेशन, चित्रकूट के कॉर्पस फंड के गठन के लिए 50 करोड़ रुपये की भी व्यवस्था प्रस्तावित की गई है।

## महिलाओं को सस्ते दर पर मिलेगा लोन

**लखनऊ।** महिला सशक्तिकरण को नई गति देते हुए महिला एवं बाल विकास के बजट में 11 प्रतिशत की वृद्धि का प्रस्ताव रखा गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि योगी सरकार ने महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक और वित्तीय भागीदारी को नई ऊंचाई देने का लक्ष्य तय किया है। इसके तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में महिला एवं बाल विकास संबंधी योजनाओं के लिए लगभग 18,620 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में बड़ी बढ़ोतरी है। इसके साथ ही योगी सरकार ने महिलाओं को सस्ते दर पर लोन देने का फैसला किया है। वहीं, सफाई एवं निर्माण कर्मियों को जल्द ही आवास भी उपलब्ध कराया जाएगा। निराश्रित महिला पेंशन योजना में 3,500 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वर्ष 2016-17 में जहां इस योजना के लाभार्थियों की संख्या 17.32 लाख थी, वहीं वर्ष 2025-26 में अब तक यह बढ़कर 38.58 लाख से अधिक हो चुकी है। बालिकाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत 400 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए छात्रावासों के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये तथा मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावास निर्माण योजना के लिए 35 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। जरूरतमंद बच्चों के संरक्षण के लिए उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लिए 252 करोड़ रुपये तथा मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना के अंतर्गत भवन निर्माण के लिए 80 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

## उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन समिति के गठन पर खर्च होंगे 200 करोड़

**लखनऊ।** बजट में राज्य में रोजगार के अवसरों के विस्तार के लिए उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन समिति को संस्थागत मजबूती दी गई है। इसके गठन के लिए 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था कर सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। इसके माध्यम से श्रमिकों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। अपने घर और गांव से दूर शहरों में कार्यरत मजदूरों के लिए लेबर अड्डों के निर्माण की घोषणा कर श्रमिकों को संगठित, सुरक्षित और व्यवस्थित कार्यस्थल उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की गई है।

# सामाजिक कल्याण के लिए बजट में 14,953 करोड़ का प्रावधान

- **मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए मिले 750 करोड़**

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार ने बजट 2026-27 में समाज कल्याण को विशेष प्राथमिकता देते हुए वर्ष 2025-26 के मुकाबले 8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 14,953 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि बजट में वृद्धावस्था और किसान पेंशन योजना के लिए 8,950 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वर्तमान में 67.50 लाख लाभार्थियों को 1000 रुपये पेंशन प्रतिमाह दी जा रही है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत पुत्रियों के विवाह हेतु अनुदान राशि रुपए 51,000 रुपये से बढ़ाकर 1.01 लाख रुपये कर दी गयी है। इस योजना के लिए 750 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। अनुसूचित जाति के निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना के लिए 100 करोड़ रुपये तथा सामान्य वर्ग के निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी योजना के लिए 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

**छात्रवृत्ति योजना से वंचितों को वरीयता :** अनुसूचित जाति पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के लिए 977 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वहीं सामान्य वर्ग पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत 950 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। पी.एम. अजय योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास निर्माण हेतु 13.09 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावास के अंतर्गत अयोध्या, बरेली, अलीगढ़, मिर्जापुर, सहारनपुर एवं मुरादाबाद में छात्रावास के निर्माण के लिए 80 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान 'पीएम-जनमन' के अन्तर्गत विशेष रूप से कमजोर जन जातीय समूहों का समग्र विकास किया जा रहा है। देशभर में 63,000 से अधिक जनजातीय बाहुल्य ग्रामों तथा आकांक्षी जनपदों के जनजातीय ग्रामों को 18 विभागों के कार्यक्रमों से संतृप्त किये जाने का लक्ष्य है।

**पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए विशेष प्रयास :** वित्त मंत्री ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण की योजनाओं के लिये 3,402 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है जो वर्ष 2025-2026 के मुकाबले 9 प्रतिशत अधिक है। पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना हेतु 3,060 करोड़ 50 लाख रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। अन्य पिछड़ा वर्ग के निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना हेतु 210 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। पिछड़े वर्ग के छात्र/छात्राओं हेतु छात्रावास निर्माण योजनान्तर्गत 20 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

**दिव्यांगजनों का सशक्तिकरण :** योगी सरकार ने दिव्यांगजन के कल्याण की योजनाओं के लिये 2,140 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है जो वर्ष 2025-2026 की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक है। दिव्यांग पेंशन योजना के अन्तर्गत लगभग 11 लाख से अधिक दिव्यांगजनों को 1000 रुपये प्रतिमाह की दर से धनराशि दी जा रही है। वर्ष 2017 के पूर्व यह धनराशि 300 रुपये थी। इस योजना हेतु 1470 करोड़ की व्यवस्था की गई है। दिव्यांग छात्रों के लिए ई-ट्राईसाइकिल दिए जाने हेतु नई योजना प्रारंभ की गई है। इसके लिए 60 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

**बजट में अल्पसंख्यक कल्याण पर ध्यान :** योगी सरकार ने पूर्व की भांति अल्पसंख्यक कल्याण की योजनाओं हेतु विशेष प्रावधान किया है। इसके लिए 2058 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 21 जनपदों में मल्टी सेक्टोरल डेवलमेन्ट कार्यक्रम के लिये 500 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में पूर्वदशम तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के लिए 391 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

# हर मण्डल में एक स्पोर्ट कॉलेज स्थापित कर बनायेंगे सेंटर आफ एक्सीलेंस

- सभी 403 विधानसभा तथा 80 संसदीय क्षेत्रों में होगी सांसद, विधायक खेल स्पर्धा

**लखनऊ।** विधानसभा में प्रस्तुत किए गए बजट में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करने की व्यापक रूपरेखा पेश की गई है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि योगी सरकार ने इसके तहत प्रत्येक मंडल में एक स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना कर उन्हें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। इससे वर्ष 2032 और 2036 ओलंपिक को लक्ष्य बनाकर खिलाड़ियों को तैयार किया जा सकेगा। इसके लिए अभी 80 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जा रहा है।



वहीं, प्रदेश के 403 विधानसभा क्षेत्रों में 03 लाख प्रति विधानसभा तथा 80 संसदीय क्षेत्रों में 10 लाख प्रति संसदीय क्षेत्र की दर से सांसद व विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 20 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है।

मेजर ध्यानचंद राज्य खेल विश्वविद्यालय, मेरठ के नवीन भवन निर्माण एवं विकास कार्य के लिए 80 करोड़ रुपये, पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन के लिए 30 करोड़ रुपये तथा शैक्षणिक व खेल गतिविधियों के संचालन के लिए 60 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस प्रकार कुल 170 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान नई मांग के माध्यम से किया गया है।

कानपुर स्थित ग्रीनपार्क अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के उच्चीकरण और आधुनिकीकरण के लिए 45 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है, जिससे स्टेडियम का पुनर्विकास कर उसे आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगा लहराएं और उत्तर प्रदेश खेल प्रतिभा का नया केंद्र बने। वर्तमान में प्रदेश में तीन स्पोर्ट्स कॉलेज हैं। गोरखपुर में वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, लखनऊ में गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज और सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज।

# किसान, कृषि योजनाओं के लिए 10,888 करोड़ रुपये

**लखनऊ।** योगी सरकार ने बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं और श्रमिकों का सशक्तिकरण, रोजगार के अवसर सृजित करने को प्राथमिकता दी है। इस बजट में कृषि योजनाओं के लिये 10,888 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। बजट में पशुधन, मत्स्य, खाद्य-रसद, उद्यान विभाग के लिए भी बजट में बड़ी धनराशि की व्यवस्था की गयी है। सदन में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि एक्वाब्रिज की ओर से प्रस्तावित यूपीएग्रीज परियोजना में एक्वा कल्चर आधारभूत संरचना के तहत विश्वस्तरीय हैचरी तथा विश्वस्तरीय ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की बाह्य सहायतित परियोजना के लिये 155 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं। यूपीएग्रीज परियोजना के अन्तर्गत एग्रीएक्सपोर्ट हब की स्थापना के लिए 245 करोड़ रुपये तथा किसान उत्पादक संगठनों के लिए रिवाल्विंग फण्ड योजना के लिये 75 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कृषकों के डीजल पंप सेट को सोलर पंप में परिवर्तित करने की योजना के लिए 637 करोड़ 84 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फॉर्मिंग योजना सभी जनपदों में 94,300 हेक्टेयर में संचालित है। इस योजना के लिए बजट में 298 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। सुरेश खन्ना ने सदन में बताया कि किसानों के निजी नलकूपों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए बजट में 2,400 करोड़ रुपये दिए गए हैं। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि बजट में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण के लिए 2,832 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। राष्ट्रीय औद्यानिक मिशन योजना के लिए 715 करोड़ तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के लिए 478 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2022 के क्रियान्वयन के लिए 300 करोड़ रुपये तो मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना के लिए 25 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। दुग्ध विकास के अंतर्गत वित्त मंत्री ने बताया कि सहकारी क्षेत्र के तहत प्रदेश में 19 दुग्ध संघों के माध्यम से दुग्धशाला विकास कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मथुरा में पहले 30 हजार लीटर क्षमता की नवीन डेयरी परियोजना प्रस्तावित की गयी थी, लेकिन इसे संशोधित करते हुये 1 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के नवीन डेयरी प्लांट की स्थापना का प्रस्ताव है। सरकार ने इसके लिए बजट में 23 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है।

**छुट्टा गोवंश के रखरखाव के लिए 2,000 करोड़ :** खन्ना ने बताया कि प्रदेश के 7,497 गो-आश्रय स्थलों में 12,38,547 गोवंश संरक्षित है। इसके अतिरिक्त 155 वृहद गो- संरक्षण केंद्र निमार्णाधीन हैं। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना तथा पोषण मिशन के तहत 1,13,631 पशुपालकों को 1,81,418 गोवंश सुपुर्द किये गये हैं। इन्हें भरण पोषण के लिए 50 रुपये की दर से डीबीटी के माध्यम से सीधे भुगतान किया जा रहा है। छुट्टा गोवंश के रखरखाव के लिए 2,000 करोड़ तथा वृहद गो-संरक्षण केंद्रों की स्थापना के लिए बजट में 100 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। पशु रोग नियंत्रण योजना के लिए 253 करोड़ तथा पशु चिकित्सालयों/पशु संघ केंद्रों के सुदृढ़ीकरण के लिए 155 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

**एकीकृत एक्वा पार्क तथा मत्स्य प्रसंस्करण केंद्र की स्थापना को 100 करोड़ :** सुरेश खन्ना ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत पुरुष व महिला घटक के लिए क्रमशः 195 करोड़ तथा 115 करोड़ की व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत एकीकृत एक्वा पार्क की स्थापना के लिए बजट में 190 करोड़ रुपये दिए गए हैं। राज्य सरकार द्वारा अत्याधुनिक मत्स्य थोक बाजार, एकीकृत एक्वा पार्क तथा मत्स्य प्रसंस्करण केंद्र की स्थापना की नई योजना के लिए 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

**खाद्य एवं रसद:** खाद्य एवं रसद की योजनाओं के लिये बजट में लगभग 20,124 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। अन्नपूर्ति योजना के लिए 15,480 करोड़, निःशुल्क एलपीजी सिलिंडर रीफिलिंग योजना के लिए 1,500 करोड़ तथा अन्नपूर्णा भवन के निर्माण के लिये 500 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

# हरित ऊर्जा को नयी उड़ानः बजट में 2,104 करोड़ का प्रावधान

- **सौर, जैव ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन पर दोगुना जोर, 22,000 मेगावॉट उत्पादन का लक्ष्य**

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बजट में सरकार ने अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोतों के विकास के लिए लगभग 2,104 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित किया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 की तुलना में दो गुने से अधिक है। यह प्रावधान राज्य की ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022, उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा नीति-2022 और उत्तर प्रदेश ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2024 के तहत आगामी पांच वर्षों में 22,000 मेगावॉट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रदेश में अब तक 2,815 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं। यह उपलब्धि दशार्ती है कि नीति निर्माण के साथ-साथ क्रियान्वयन स्तर पर भी सरकार सक्रिय है।

**पीएम कुसुम और सूर्यघर योजना को 1,500 करोड़:** पीएम कुसुम सूर्यघर योजना को प्रदेश में सघन रूप से लागू किया जा रहा है। बजट में इसके लिए 1,500 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इससे किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में गति मिलेगी।

**17 नगर निगम बनेंगे सोलर सिटी :** अयोध्या और मथुरा सहित 17 नगर निगमों को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में सौर ऊर्जा आधारित ढांचे को मजबूत करने का यह प्रयास स्वच्छ ऊर्जा की व्यापक पहुंच सुनिश्चित करेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक 5.20 लाख सोलर स्ट्रीट लाइट संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे ऊर्जा बचत के साथ-साथ सुरक्षा और सुविधाओं में भी सुधार हुआ है।

**जैव ऊर्जा में देश में अग्रणी :** उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा नीति-2022 के अंतर्गत प्रदेश में 36 सीबीजी (कंप्रेस्ड बायोगैस) संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जो देश में सर्वाधिक हैं। इससे अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छ ईंधन उत्पादन दोनों को बढ़ावा मिला है।

**ग्रीन हाइड्रोजन में नई पहल :** ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश ने अग्रणी कदम उठाया है। ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2024 के तहत प्रदेश में दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह पहल भविष्य की स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों के अनुसंधान और औद्योगिक उपयोग को बढ़ावा देगी।

## पीडब्ल्यूडी बजट : आधारभूत संरचना को मिलेगा नया आयाम

**लखनऊ।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में लोक निर्माण विभाग के लिए व्यापक एवं दूरदर्शी बजटीय प्रावधान किए गए हैं। यह प्रावधान प्रदेश में उच्च गुणवत्ता वाली सड़कों एवं सेतुओं के निर्माण, चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं अनुरक्षण के माध्यम से समग्र विकास को गति प्रदान करेंगे। लोक निर्माण विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में लोक निर्माण विभाग हेतु बजट की कुल 38562.67 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है, सड़कों एवं सेतुओं के निर्माण, चौड़ीकरण एवं अनुरक्षण के लिए 34468 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है, जो प्रदेश की आधारभूत संरचना को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश में नॉर्थ साउथ कॉरिडोर के विकास के लिए मार्गों के चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण/निर्माण के लिए 400 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रदेश में सेतुओं के निर्माण के लिए 4,808 करोड़ रुपये तथा रेल उपरिगामी/अधोगामी सेतुओं (आरओबी/आरयूबी) के निर्माण के लिए 1,700 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। राज्य/प्रमुख/अन्य जिला मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों के लिए 3,700 करोड़ रुपये का प्रावधान है। राज्य सड़क निधि से सड़कों के अनुरक्षण के लिए 3,000 करोड़ रुपये तथा निर्माण/चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण के लिए अतिरिक्त 3,000 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। शहरी क्षेत्रों में आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से बाईपास, रिंग रोड एवं फ्लाईओवर निर्माण के लिए 1,500 करोड़ रुपये का प्रावधान।

# एमएसएमई को 3,822 करोड़ का संबल

- **वस्त्रोद्योग में 5,041 करोड़ का प्रावधान, 30,000 नये रोजगार और मेगा टेक्सटाइल पार्क बनेंगे**

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026-27 के बजट में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, हथकरघा वस्त्र उद्योग और खादी ग्रामोद्योग क्षेत्रों को केंद्र में रखकर रोजगार और औद्योगिक विस्तार की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत की है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले इन क्षेत्रों के लिए बढ़े हुए बजटीय प्रावधानों के साथ नई योजनाओं और लक्ष्यों की घोषणा की गई है, जिनका उद्देश्य ग्रामीण और शहरी दोनों स्तरों पर रोजगार सृजन, परंपरागत उद्योगों का आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विजन को गति देना है।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम सेक्टर की योजनाओं के लिए 3,822 करोड़ रुपये के आवंटन का प्रस्ताव किया गया है। जो वर्ष 2025-26 की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले इस क्षेत्र से लगभग 3.11 करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। उत्तर प्रदेश एमएसएमई के मामले में सभी राज्यों में अग्रणी बना हुआ है। एमएसएमई उद्योगों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से सरदार वल्लभभाई पटेल इम्प्लायमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन की नई योजना प्रस्तावित की गई है, जिसके लिए 575 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान हेतु 1000 करोड़ रुपये का प्रावधान है, जिसके अंतर्गत प्रतिवर्ष 1 लाख सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है और आवश्यकता अनुसार इसे बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लिए 225 करोड़ रुपये तथा एक जनपद एक व्यंजन योजना के लिए 75 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग क्षेत्र के लिए लगभग 5,041 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो वर्ष 2025-26 की तुलना में पांच गुने से अधिक है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में वस्त्रोद्योग क्षेत्र में 30,000 रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में गारमेंटिंग हब विकसित करने के लिए पीएम मित्र पार्क योजना के अंतर्गत विश्वस्तरीय मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना की जाएगी। हथकरघा बुनकरों के साथ पावरलूम बुनकरों के उत्थान के लिए अटल बिहारी बाजपेयी पावरलूम बुनकर विद्युत फ्लैट रेट योजना हेतु 4,423 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। उत्तर प्रदेश वस्त्र एवं गारमेंटिंग नीति 2022 के लिए 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**एसजीपीजीआई में देश का पहला क्वाटर्नरी हेल्थ केयर सेंटर होगा स्थापित :** वर्ष 2017 से पहले खराब सुरक्षा व्यवस्था और कमजोर इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण प्रदेश की छवि प्रभावित थी, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। वर्ष 2024-25 में प्रदेश के धार्मिक, हेरिटेज, इको और एडवेंचर टूरिज्म स्थलों पर 122 करोड़ पर्यटकों ने यात्रा की। बजट में पीपीपी मोड पर 1 लाख अतिरिक्त होटल रूम जोड़ने और 50,000 नए होम-स्टे विकसित करने का प्रावधान किया गया है। साथ ही महिला गाइडों के लिए 10,000 रुपये का लाइसेंस शुल्क माफ कर उन्हें रोजगार से जोड़ने का निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। पहले जहां कुल 36 मेडिकल कॉलेज थे।

आज प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज, 2 एम्स और कई सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल कार्यरत हैं। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 5 करोड़ 46 लाख से अधिक आयुष्मान गोल्डन कार्ड जारी कर यूपी देश में अग्रणी राज्य बन चुका है। हर जिले में निःशुल्क डायलिसिस, रेडियोलॉजी सेवाएं (एमआरआई, सीटी, कलर डॉप्लर, डिजिटल एक्स-रे) उपलब्ध कराने की तैयारी है। इसके साथ ही एसजीपीजीआई लखनऊ में देश का पहला क्वाटर्नरी हेल्थ केयर सेंटर स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए प्रथम चरण में 250 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह सेंटर विशेष रूप से ऑर्गन ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

संक्षेप

## बाइक की टक्कर से महिला घायल, इलाज के दौरान मौत



प्रतापगढ़। बाइक की टक्कर से महिला की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। लालगंज कोतवाली के केदौरा परसरवा गांव की लाली 60 पत्नी मथुरा बीती मंगलवार की शाम घर के सामने बैठी थी। इसी दौरान उधर से गुजर रहे तेज गति की बाइक सवार ने वृद्धा को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गयी। परिजन उसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लालगंज ले आये। यहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान रात में ही वृद्धा की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के दो पुत्र अनिल व राधेश्याम तथा चार पुत्रियां सीता, प्रियांशु, रीता व गीता हैं। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## दहेज हत्या के आरोपी को 10 साल का कारावास

सिद्धार्थनगर- दहेज हत्या के एक मामले में अदालत ने आरोपी को 10 साल के कठोर कारावास और ?6000 के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे ह्लऑपरेशन कन्विक्शनह्व अभियान के तहत खेसरहा पुलिस और जिला मॉनिटरिंग सेल की प्रभावी पैरवी का परिणाम है। मंगलवार, 11 फरवरी 2026 को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (कक्ष संख्या-1) सिद्धार्थनगर, श्री मोहम्मद रफी की अदालत ने यह फैसला सुनाया। आरोपी रिंकू पुत्र रामअचल, निवासी लमुईताल, थाना खेसरहा को वाद सं. 105/2019 (मु.अ.सं. 87/2019) के तहत धारा 498ए, 201, 304बी भादवि और 3/4 डीपी एक्ट में दोषी पाया गया। इस मामले में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने में जिला मॉनिटरिंग सेल, अभियोजक चंद्र प्रकाश पांडेय और न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी राजेश (थाना खेसरहा) का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में अपराधियों को सजा दिलाने के लिए लगातार प्रभावी पैरवी की जा रही है। पुलिस विभाग ने इस सजा को कानून व्यवस्था बनाए रखने और महिलाओं के प्रति अपराधों पर सख्त कार्रवाई की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

## सतालाब किनारे मिला शव, पुलिस ने डूबने की आशंका जतायी

सिद्धार्थनगर- चिल्हिया थाना क्षेत्र के टेकनार गांव के पास बुधवार सुबह एक तालाब किनारे 65 वर्षीय पुजारी का शव मिला। मृतक की पहचान जोगिया थाना क्षेत्र के महादेवा नानकार निवासी समुझ के पुत्र के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि वे 8 तारीख से उनकी तलाश कर रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मतक के बड़े बेटे रामौतार के अनुसार, उनके पिता 8 तारीख को घर से निकले थे और संभवतः अपनी बेटी पलीता देवी के घर कर्मा गांव जा रहे थे। बेटी का घर उसी रास्ते पर पड़ता है जहां तालाब किनारे शव मिला। परिजनों ने आशंका जताई है कि रास्ते में शौच के लिए रुकते समय वे असंतुलित होकर गड्ढे या तालाब में गिर गए होंगे। मृतक के चार बेटे हैं। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे डूबने से हुई मौत मान रही है। हालांकि, घटनास्थल के हालात कई सवाल खड़े कर रहे हैं। शव पर केवल अंडरवियर मिला, जिससे यह सवाल उठ रहा है कि यदि यह सामान्य डूबने की घटना थी तो बाकी कपड़े कहां गए। इस पर अभी तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल पाया है।सबसे ज्यादा चर्चा मृतक के दोनों पैरों पर मिले गहरे घावों को लेकर है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पैरों से खून निकलता दिखाई दिया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि घाव पानी में रहने वाली जोंकों के कारण भी हो सकते हैं और मामला डूबने का प्रतीत होता है। हालांकि, स्थानीय लोगों में यह सवाल उठ रहा है कि क्या जोंक इतने गहरे और स्पष्ट जख्म कर सकती हैं। दोनों पैरों पर एक साथ गंभीर घाव मिलना संदेह को और बढ़ा रहा है। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएं हैं। एक ओर परिजन इसे हादसा मान रहे हैं, तो दूसरी ओर हालात किसी और कहानी की ओर इशारा कर रहे हैं।

# सपा विधायक फहीम इरफान का ओबीसी प्रमाणपत्र निरस्त

मुरादाबाद। समाजवादी पार्टी के बिलारी से विधायक मोहम्मद फहीम इरफान को उस समय झटका लगा जब उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में एक सत्यापन समिति ने उनका अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) जाति प्रमाणपत्र रद्द कर दिया। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में गठित समिति ने विस्तृत जांच के बाद छह फरवरी को यह आदेश पारित किया। समिति ने निष्कर्ष निकाला कि इरफान का जौजा जाति से संबंधित होने का दावा स्पष्ट रूप से स्थापित नहीं हो सका। हालांकि उन्होंने इसी आधार पर अपना ओबीसी प्रमाणपत्र प्राप्त किया था।

आदेश के अनुसार, समिति ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) के वर्ष 1997-98 के एक निर्णय का संदर्भ लिया, जिसमें स्पष्ट किया गया था कि जौजा और तुर्क समुदाय एक जैसे नहीं हैं। जौजा केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल है, जबकि तुर्क अलग श्रेणी में आते हैं और उसे सामान्य वर्ग का हिस्सा माना जाता है।

आदेश में उल्लेख किया गया है कि बिलारी क्षेत्र में मुख्य रूप से तुर्क समुदाय के लोग निवास करते हैं। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि इरफान के दादा मोहम्मद इस्लाम लेखपाल के पद पर कार्यरत थे और वह सामान्य वर्ग में पंजीकृत थे।

अधिकारियों ने बताया कि विधायक के चाचा मोहम्मद उस्मान और उनकी दो बेटियों कुमारी फरहीन जहां तथा समरीन जहां के ओबीसी प्रमाणपत्र भी समान आधार पर रद्द कर दिए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि बिलारी तहसील के गांव इब्राहिमपुर निवासी तथा दिवंगत मोहम्मद इरफान के पुत्र मोहम्मद फहीम इरफान के ओबीसी श्रेणी में आने वाली जौजा जाति से होने का प्रमाण नहीं मिल सका और इसलिए उस वर्ग के तहत लाभ दिया जाना अनुचित पाया गया।

## नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में फूफा गिरफ्तार

अमेठी। जिले में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में उसके फूफा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पीपरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने रात 22 जनवरी को थाने में शिकायत दी थी कि उसकी 17 वर्षीय बेटी एक व्यक्ति के साथ चली गयी है। इस पर पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच में मोबाइल कॉल विवरण के आधार पर कई लोगों को जांच के दायरे में शामिल किया गया। बाद में पुलिस ने मंगलवार को लड़की को सुलतानपुर के रहने वाले उसके फूफा संदीप कुमार के पास पाया। पीपरपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक श्रीराम पांडेय ने बताया कि संदीप कुमार को भारतीय न्याय संहिता तथा बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मंगलवार शाम को गिरफ्तार कर लिया गया। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव मंगलवार को क्षेत्र के वन स्टाप सेंटर के निरीक्षण पर थीं। उसी दौरान पीड़िता ने उन्हें घटना से अवगत कराते हुए बताया कि उसके फूफा संदीप कुमार ने उससे कई बार दुष्कर्म किया जिससे वह पांच माह की गर्भवती है। इस पर अपर्णा ने पुलिस को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया था।

# 12 घंटे में अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

## नाबालिग पीड़िता को सुरक्षित किया बरामद



त्रिलोकपुर सिद्धार्थनगर। जिले के थानाध्यक्ष चंद्रकांत पांडेय के नेतृत्व में त्रिलोकपुर थाना पुलिस ने एक नाबालिग के अपहरण के आरोपी को मात्र 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया है, पुलिस ने पीड़िता को भी सुरक्षित बरामद कर लिया है। यह कार्रवाई त्रिलोकपुर पुलिस और सर्विलांस टीम के संयुक्त प्रयास से हुई। आरोपी ऋषभ कुमार शुक्ला, जो सेमरा बनकसिया का निवासी है, उसे बुधवार को ग्राम गौरी बढ़हरी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद, नाबालिग पीड़िता को सुरक्षित बरामद किया गया और आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं के बाद न्यायालय में पेश किया गया। इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में थानाध्यक्ष चंद्रकांत पांडेय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक गणेश कुमार, उपनिरीक्षक हरेंद्र चौहान, हेड कांस्टेबल अदनान शेख, कांस्टेबल सत्य वेदी सिंह और महिला कांस्टेबल इंद्रा तिवारी शामिल थे। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने बताया कि टीम की त्वरित कार्रवाई ने अपहरण जैसे गंभीर अपराधों पर पुलिस की तत्परता और प्रभावी नियंत्रण को प्रदर्शित किया है। अधिकारियों ने नागरिकों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है। त्रिलोकपुर पुलिस की यह सफलता नाबालिगों की सुरक्षा और क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के प्रति उनकी गंभीर प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

## निःशुल्क नेत्र शिविर में 70 मरीजों की आंखों का हुआ परीक्षण, बंटा चश्मा



प्रतापगढ़। लक्ष्मणपुर ब्लाक के पूरनपुर खजूर में बुधवार को निशुल्क नेत्र शिविर में सत्तर मरीजों की आंखो का परीक्षण हुआ। लालगंज के संगम चौराहे स्थित आर्यावर्त हास्पिटल के तत्वाधान में आयोजित शिविर में पचीस मरीजों को निशुल्क चश्मा प्रदान किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डा0 धर्मेन्द्र सिंह ने लोगों को आंखों की देखरेख को लेकर जागरूकता भी प्रदान की। शिविर में दस रोगियों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में डा0 धीरज व गौरव तथा अतुल ने नेत्र विकार से सावधानी व इलाज के बाबत जानकारियां प्रदान की। आयोजक अशोक कुमार यादव ने शिविर का संयोजन किया। इस मौके पर नागेन्द्र सिंह, राम सिंह, वंशी लाल, अभिनव यादव आदि रहे।

## रेल लाइन परियोजना में तेजी को लेकर रेल मंत्री से मिले पूर्व सांसद



श्रावस्ती। नई रेल लाइन परियोजना में तेजी लाए जाने को लेकर बुधवार को पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रेल मंत्री को पत्र सौंपकर बहराइच- खलीलाबाद रेल लाइन परियोजना की प्रगति से अवगत कराया तथा श्रावस्ती, बलरामपुर और बहराइच जनपदों में निर्माण कार्य तेज कराने की मांग की। पत्र में पूर्व सांसद ने उल्लेख किया कि श्रावस्ती एवं बलरामपुर की उतरौला तहसील में अब तक कोई रेल लाइन नहीं है। बहराइच- खलीलाबाद वाया भिनगा, श्रावस्ती, बलरामपुर, उतरौला, डुमरियागंज लगभग 4090 करोड़ रुपये की रेल परियोजना को वर्ष 2019 में मंजूरी मिली थी, जिसका शिलान्यास 2 मार्च 2019 को तत्कालीन रेल मंत्री पीयूष गोयल ने किया था। कार्य प्रारंभ होने के बावजूद प्रगति धीमी होने से क्षेत्रवासियों में निराशा है। पूर्व सांसद ने रेल मंत्री से अनुरोध किया कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि बहुप्रतीक्षित रेल लाइन समय से पूर्ण हो सके और क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिल सके।

# सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में श्रावस्ती प्रदेश में अव्वल



श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा माह जनवरी, 2026 की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की नवीनतम रैंकिंग जारी की गई है, जिसमें जनपद श्रावस्ती ने राजस्व कार्यों की श्रेणी में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। वहीं विकास एवं राजस्व कार्यों की संयुक्त रैंकिंग में जनपद को प्रदेश में 11वां स्थान मिला है। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि यह रैंकिंग जनसुनवाई, कानून व्यवस्था, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, राजस्व तथा विकास कार्यों के समग्र प्रदर्शन के आधार पर तैयार की जाती है। जनवरी, 2026 की समीक्षा में राजस्व कार्यों में कुल 10 में से 9.42 अंक (94.20 प्रतिशत) तथा विकास कार्यों में 9.03 अंक (90.30 प्रतिशत) प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि माह जनवरी, 2026 में सीएम डैशबोर्ड पर कुल 49 विभागों के 125 कार्यक्रमों की समीक्षा की गई, जिसमें जनपद श्रावस्ती को 106 कार्यक्रमों में ए-श्रेणी प्राप्त हुई। प्रशासनिक कार्यों, जनसुनवाई-समाधान, कानून व्यवस्था एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के कारण यह उपलब्धि संभव हो सकी है। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से शासन की मंशानुरूप योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने हेतु सभी विभागों द्वारा निरंतर अनुश्रवण किया जा रहा है। परफॉर्मेंस इंडिकेटर्स की नियमित समीक्षा के साथ जनपद के समग्र विकास को गति दी जा रही है तथा किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।

# प्रमोद व मोना ने बजट को बताया निराशाजनक

जिला संवाददाता




**प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने प्रदेश की योगी सरकार के विधानसभा में पेश किये गये बजट को जनता के साथ विश्वासघात करार देते हुए इसे निराशाजनक कहा है।

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमंडल दल नेता आराधना मिश्रा मोना ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह घोर निराशाजनक, किसान, युवा एवं बेरोजगार विरोधी बजट है। नेताद्वय ने साफ कहा है कि बजट में बेरोजगार युवाओं को धोखा मिला है। बकौल आराधना मिश्रा मोना अनुदेशकों के लिए माननीय उच्च न्यायालय ने बढ़े मानदेय और एरियर का आदेश दिया लेकिन सरकार ने बजट में कोई प्रावधान नही किया। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना ने कहा कि बजट में उम्मीद थी कि सरकार किसानों के लिए विशेष प्रबंध करेगी, क्योंकि बढ़ती महंगाई और बढ़ती लागत की वजह से किसान पहले से परेशान है लेकिन इस बार भी किसानों को बजट से निराशा हुई है, हर बार यूरिया की किल्लत होती है उसके बाद भी सरकार ने बजट में कोई ध्यान नही रखा।

आराधना मिश्रा मोना व प्रमोद तिवारी ने कहा कि बजट में आंकड़ों की बारिश बाजीगरी करके बजट को तो नौ लाख बारह हजार करोड़ का दिखा बड़ा बना दिखाई जा रहा है लेकिन बजट में नई योजनाओं को पांच प्रतिशत भी नही दिया। नेताद्वय ने कहा कि आश्चर्य है कि नौ लाख बारह हजार करोड़ में नई योजनाओं में तो सिर्फ तैतालिस हजार करोड़ रुपये मिले हैं। सीएलपी नेता मोना ने सवाल दागा कि तैतालिस हजार करोड़ से क्या होगा, जबकि सरकार खुद कह रही है हमने चौसठ हजार करोड़ राजस्व प्राप्त किया है, तो फिर सिर्फ तैंतालिस हजार नई योजनाओं के लिए क्यों। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना ने चौसठ हजार में तैंतालिस हजार करोड़ आवंटन के बाद शेष पैसे किसके लिए बचाए जा रहे हैं? आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि प्रदेश के लिए सबसे महत्वपूर्ण निवेश, युवाओं के रोजगार और बुनियादी ढांचे के लिए कोई ठोस प्रबंध नहीं किए गए, ना ही सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च के प्रबंध किए गए हैं। प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि आउटसोर्सिंग के लिए बीजेपी योगी आदित्यनाथ सरकार ने घोषणा की थी कि न्यूनतम मानदेय देंगें लेकिन बजट में कोई आवंटन नही, ये नौजवानों को धोखा है। सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने बजट में पूर्वांचल और बुंदेलखंड के पिछड़ेपन को दूर करने को लेकर भाजपा योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा की गई उपेक्षा पर नाराजगी व्यक्त की है।

## बाल अपराध पर रोकथाम को एएचटी व एसजेपीयू पर की समीक्षा बैठक



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में बुधवार को पुलिस कार्यालय सभागार में पुलिस उपाधीक्षक आलोक कुमार की अध्यक्षता में थाना एएचटी एवं विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाल श्रम, बाल विवाह, बाल तस्करी एवं बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम को लेकर चल रहे अभियानों की विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस उपाधीक्षक ने उपस्थित अधिकारियों से फीडबैक लेकर महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी एसओपी के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। बाल गुमशुदगी, बाल श्रम पुनर्वास, बाल विवाह विशेष राष्ट्रीय 100 दिवसीय अभियान तथा एनजीओ के समक्ष आ रही समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सभी बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में जाकर सरकारी योजनाओं के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक में बाल विवाह रोकथाम हेतु गांव-गांव चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक करने, ग्राम प्रहरियों व संभ्रांत व्यक्तियों से समन्वय कर सूचना तंत्र मजबूत करने तथा किसी भी सूचना पर तत्काल पुलिस व सीडब्ल्यूसी को अवगत कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही बाल अपराध से जुड़े संवेदनशील मामलों में त्वरित व संवेदनशील कार्रवाई, बाल संरक्षण संस्थाओं के साथ संयुक्त अभियान तथा विद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं शहरी बस्तियों में जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया गया। बैठक में थाना एएचटी प्रभारी राजकुमार सरोज, एसएसबी निरीक्षक राहुल कुमार, उपनिरीक्षक रणविजय सिंह, बाल कल्याण समिति सदस्य दिनेश सोनी सहित एसजेपीयू के अधिकारी-कर्मचारी एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आईजीआरएस व सीएम हेल्पलाइन मूल्यांकन में प्रतापगढ़ टॉप

## जनसुनवाई में दीपक की पारी में बेल्हा की पुलिस को मिला अव्वल का तमगा

ज्ञानप्रकाश शुक्ला

प्रतापगढ़। शिकायतों के मौके पर पहुंचकर गुणवत्तापूर्वक समाधान तथा आनलाइन मामलों के सुव्यवस्थित निस्तारण एवं जनसुनवाई में जिले के युवा एवं तेजतर्रार एसपी दीपक भूकर की पारी ने प्रदेश भर में बेल्हा पुलिस का नाम रोशन किया है। जनवरी माह में शासन की मूल्यांकन रिपोर्ट के तहत इंटीग्रेटेड ग्रीवांस रिडेज्सल सिस्टम एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर आयी शिकायतों के निस्तारण में प्रतापगढ़ पुलिस को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। एसपी दीपक भूकर के बेहतर नेतृत्व एवं निर्देशन तथा पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के परिणामस्वरूप जनपद पुलिस को इस मूल्यांकन पूर्णांक एक सौ पैंतीस में से एक सौ पैतीस अंक यानी शत प्रतिशत कामयाबी मिली है।



गौरतलब है कि मुख्यमंत्री कार्यालय एवं उच्चाधिकारियों द्वारा जनपद के विरूद्ध सी श्रेणी का कोई भी संदर्भ प्राप्त न होना एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। एसपी के स्तर पर रोज सीधे जनता की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई व शांति एवं व्यवस्था के तहत पैदल मार्च से अपराधियों में उत्पन्न हुए खौफ के तहत इस समय बेल्हा का अमन चैन सिर आंखों है। प्रतापगढ़ में एसपी का ताज सदैव कांटों भरा रहा है। जुर्म और जरायम पर एसपी दीपक भूकर ने जो नकेल कसी है उसे आज यूपी पुलिस का मॉडल भी माना जा रहा है। आमजन के साथ एसपी की सुमुधर व भावनात्मक संवाद शैली की अपनी जिले में अलग पहचान लिए हुए है। वहीं कार्रवाई स्तर पर मातहतों पर भी एसपी की कड़क मिजाजी इस सफलता की नींव बनीं। जिले की पुलिस को टॉपर का रसूख मिलने पर कई नागरिक संगठनों व सामाजिक संगठनों के लोगों ने मौजूदा एसपी दीपक भूकर की कार्यशैली को सराहा भी है। जनसुनवाई के मामले में पहली बार प्रदेश में अव्वल स्थान बनाने की कामयाबी से यह भी साबित हुआ है कि एसपी दीपक भूकर शासन की जीरो टॉलरेंस मंशा पर शत प्रतिशत खरे भी उतर रहे हैं।

## श्रीराम नाम के जप में जीवन के कष्टों से मिलती है मुक्ति : आचार्य विनीत जी



**प्रतापगढ़।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में तीन दिवसीय मानस सम्मेलन के विश्राम दिवस पर कथाव्यास श्रीधाम अयोध्या से पधारे आचार्य विनीत जी महराज द्वारा श्रीराम नाम महामंत्र का गुणगान सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे दिखे। सावित्री वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में हो रहे मानस सम्मेलन का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक आचार्य राम अवधेश मिश्र, समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र, संयोजक अनूप प्रतापगढ़ी, प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र ने श्रीराम दरबार के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कथा सुनाते हुए विनीत जी महराज ने कहा कि भगवान श्रीराम का नाम जप महामंत्र है। उन्होने कहा कि प्रभु श्रीराम करूणानिधान हैं और वह सदैव कृपावान रहते है। उन्होने बताया कि जीवन में विकट से विकट परिस्थितियों से श्रीराम का मंत्र ही सहारा बना करता है। आचार्य विनीत जी ने श्रद्धालुओं से कहा कि अर्थ, काम, क्रोध, लोभ के प्रपंचना से मुक्ति ही सच्ची भक्ति है। उन्होंने कहा कि रामनाम का उच्चारण होते ही पाप स्वयं नष्ट हो जाया करते हैं। सनातन संस्कृति की महिमा का वर्णन करते हुए आचार्य विनीत जी ने कहा कि सनातन संस्कृति अनन्त है और यह हमारे जीवन की मर्यादा है। उन्होने कहा कि माया के भंवर में प्रभु को भूलना ही जीवन में कष्ट को आमंत्रण है। कथाव्यास ने श्रीभरत जी के चरित्र का बखान करते हुए कहा कि स्वयं प्रभु श्रीराम ने बताया कि भरत का मन मां जमुना की तरह निर्मल है।

## मारपीट में महिला की मौत, रास्ते में रोककर किया था हमला, 5 पर एफआईआर दर्ज



सिद्धार्थनगर- ढेवरूवा थाना क्षेत्र के तालकुण्डा, टोला केवटली में 8 फरवरी को हुई मारपीट की घटना में घायल एक महिला की 11 फरवरी को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है और आरोपियों की तलाश जारी है। यह घटना 8 फरवरी को दोपहर लगभग 2 बजे हुई, जब महिला अपनी बेटी, साली और बहन के साथ खेत में यूरिया खाद डालने जा रही थीं। रास्ते में गांव के कुछ लोगों ने उन्हें रोका और गाली-गलौज करते हुए लाठी, डंडा और लोहे के पाइप से हमला कर दिया। इस हमले में महिलाओं को गंभीर चोटें आईं।

शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। घायलों को तुरंत स्थानीय थाने ले जाया गया, जिसके बाद प्राथमिक उपचार के लिए बढ़नी अस्पताल और फिर गंभीर हालत के कारण जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर रेफर किया गया। जिला अस्पताल में तीन दिनों तक इलाज चलने के बावजूद महिला की हालत गंभीर बनी रही। 11 फरवरी की सुबह इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि मारपीट का मुकदमा घटना के तुरंत बाद दर्ज कर लिया गया था। महिला की मृत्यु के बाद, पहले से दर्ज मुकदमे में गंभीर धाराएं बढ़ा दी गई हैं। कुल पांच आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपी फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें सक्रिय रूप से तलाश कर रही हैं। स्थानीय प्रशासन ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सतर्कता बढ़ा दी है।

# सांसद ने सिद्धार्थनगर को वंदे भारत से जोड़ने का मुद्दा उठाया



सिद्धार्थनगर- संसद में 11 फरवरी, बुधवार को सिद्धार्थनगर को वंदे भारत ट्रेन से जोड़ने का मुद्दा उठाया गया। डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने रेल मंत्री से इस संबंध में पूरक प्रश्न पूछा। उन्होंने जानना चाहा कि क्या सरकार सिद्धार्थनगर और बौद्ध सर्किट के महत्वपूर्ण स्थलों के बीच वंदे भारत ट्रेनों के संचालन की कोई योजना बना रही है। सांसद पाल ने सदन को बताया कि सिद्धार्थनगर ऐतिहासिक, धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण जिला है। कपिलवस्तु सहित कई बौद्ध स्थलों के कारण यह देश-विदेश के श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करता है।उन्होंने कहा कि तेज और आधुनिक रेल संपर्क की कमी के कारण क्षेत्र की पर्यटन क्षमता का पूर्ण विकास नहीं हो पा रहा है। सांसद ने सुझाव दिया कि यदि सिद्धार्थनगर को वंदे भारत जैसी अर्ध-उच्च गति वाली ट्रेनों से जोड़ा जाता है, तो यात्रा का समय कम होगा और लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर जैसे प्रमुख शहरों से बेहतर संपर्क स्थापित हो सकेगा रेल मंत्री ने अपने जवाब में बताया कि सरकार देशभर में वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार कर रही है। उत्तर प्रदेश में उच्च गति रेल कॉरिडोर और नई ट्रेनों के संचालन के लिए केंद्रीय बजट में प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर रेल अवसंरचना से बौद्ध सर्किट और पूर्वांचल क्षेत्र को लाभ मिलने की संभावना है, जिससे पर्यटन, व्यापार और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। जगदंबिका पाल ने मंत्री के उत्तर का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सिद्धार्थनगर को भी वंदे भारत नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। इस मुद्दे के उठने के बाद क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है।

# 2074 दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण वितरित



**सिद्धार्थनगर।** जिले में दिव्यांग जनों को कृत्रिम उपकरण वितरण किए गए , श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (जयपुर फुट), नई दिल्ली शाखा द्वारा आयोजित 15 दिवसीय विशेष शिविर का समापन हो गया है। इन शिविरों के माध्यम से कुल 2074 दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ-पैर और विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण वितरित किए गए। यह आयोजन 27 जनवरी से 11 फरवरी 2024 तक किया गया था। शिविरों की शुरूआत 27 और 28 जनवरी को शोहरतगढ़ विकास खंड से हुई, जहां 344 लाभार्थियों को उपकरण प्रदान किए गए। इसके बाद, 30-31 जनवरी को नौगढ़ विकास खंड में 306, 02-03 फरवरी को बांसी विकास खंड में 422, 05-06 फरवरी को इटवा विकास खंड में 383 और 09-10 फरवरी को डुमरियागंज विकास खंड में 494 दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया गया। बुधवार को नौगढ़ तहसील परिसर में आयोजित अंतिम शिविर में 125 दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ-पैर और सहायक उपकरण प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने जयपुर फुट टीम के तकनीशियनों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और स्वयं दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित किए। जिलाधिकारी ने समिति के सभी कार्मिकों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित भी किया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को भारत सरकार द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराने और जनपद में प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र की स्थापना के लिए आवश्यक पत्राचार करने के निर्देश दिए।कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी संदीप मौर्य, तहसीलदार नौगढ़ देवेंद्र मणि त्रिपाठी, जयपुर फुट के डॉ. पुरूषोत्तम रनबिडा, लक्ष्य ठकरान सहित समिति और जिला पुनर्वास केंद्र के अन्य तमाम कर्मचारियों की उपस्थित रही।

संक्षेप

## केनरा बैंक के नये भवन का फीता काटकर हुआ उद्घाटन

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र स्थित बस स्टेशन पर केनरा बैंक के नये भवन का उद्घाटन बुधवार को क्षेत्रीय प्रमुख राजीव विश्वास द्वारा फीता काट कर किया गया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रमुख राजीव विश्वास ने बैंक द्वारा ग्राहकों को दी जाने वाली सभी सुविधाओं पर वृहद रूप से चर्चा करते हुए कहा कि यह बैंक ग्राहकों को सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान करेगा। उन्होंने बैंक द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं की जानकारी देते हुए ग्राहकों को बैंक से जुड़कर सुविधा लेने की अपील किया। उन्होंने बताया कि कुछ ही समय बाद इस शाखा से गोल्ड लोन की भी सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया जायेगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मंडल प्रवन्धक केशव गोंड ने ग्राहकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ग्राहकों को सुविधा देना, इस बैंक का प्रमुख कर्तव्य है। तथा हमारे सभी साथियों का भरपूर प्रयास रहता है कि ग्राहकों को भरपूर सुविधाएं मिलें। ग्राहकों का भरपूर सहयोग से ही आज यह शाखा प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विशिष्ट अतिथि, वरिष्ठ प्रवन्धक पुनीत चुड़िवाल ने सभी ग्राहकों को बधाई देते हुए कहा कि आज यह शाखा आप सभी के सहयोग से प्रगति की ओर बढ़ा है। उक्त अवसर पर नितीश्वर प्रसाद प्रभाकर,, शुभम भास्कर,विनय यादव अमित मिश्रा, रिंकू चौरसिया, पूर्व चेयरमैन विनोद कुमार जायसवाल,दिलीप सिंह, अशोक कुमार गौतम, सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## 14 को होगा जर्नलिस्ट प्रेस क्लब की कार्यकारिणी का चुनाव

गोरखपुर। गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब की 9 सदस्यीय कार्यकारिणी के गठन के लिए मतदान 14 फरवरी को कराया जाएगा। चुनाव को लेकर तैयारियां अब अंतिम दौर में पहुंच चुकी हैं। शास्त्री चौक स्थित गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब संकुल भवन में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए चुनाव अधिकारी की देखरेख में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं। चुनाव अधिकारी के निर्देशानुसार मतदान से पहले आवश्यक व्यवस्थाओं को पूरा करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। मतपेटियों की रंगाई-पुताई, मतदान कक्ष की साफ-सफाई, मतदाताओं की सूची का मिलान, पहचान संबंधी इंतजाम और मतगणना स्थल की रूपरेखा तय करने का काम तेजी से चल रहा है। पदाधिकारियों का कहना है कि चुनाव प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाने के लिए स्वयंसेवकों की भी ड्यूटी लगाई जाएगी, जिससे मतदान के दिन किसी तरह की अव्यवस्था न हो। प्रेस क्लब के चुनाव को लेकर पत्रकारों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। संभावित प्रत्याशी अपने-अपने पक्ष में समर्थन जुटाने में लगे हैं। प्रेस क्लब परिसर में चुनावी चर्चा तेज हो गई है और सदस्य मतदान को लेकर रणनीति बना रहे हैं। कई वरिष्ठ पत्रकारों का कहना है कि यह चुनाव प्रेस क्लब की भविष्य की दिशा तय करेगा।

# ग्रामीण रोजगार के साथ बरकरार रहेगी पानी की धार

## गोरखपुर मंडल में तैनात किए जायेंगे 6266 नल जल मित्र

- जल आपूर्ति की देखरेख, पाइपलाइन की मरम्मत और जल की गुणवत्ता की करेंगे जांच
- गोरखपुर में 2098, देवरिया में 1739, कुशीनगर में 1309 और महराजगंज में 1120 नल जल मित्र की तैनाती का लक्ष्य

जिला संवाददाता



गोरखपुर। जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत की गई व्यवस्थाओं से गांवों में पानी की धार तो बरकरार रहेगी ही, गांव की युवाशक्ति रोजगार से भी जुड़ेगी। जलापूर्ति की देखरेख, पाइपलाइन की मरम्मत और पानी की गुणवत्ता जांचने के लिए नल जल मित्र की तैनाती से गांव के युवाओं को अपने ही गांव में आजीविका का साधन मिल जाएगा। जल जीवन मिशन ग्रामीण के तहत गोरखपुर मंडल के चार जिलों में 6266 नल जल मित्र तैनात करने की कार्ययोजना आगे बढ़ चुकी है। नल जल मित्रों की तैनाती का पहला उद्देश्य गांवों में पानी की आपूर्ति की रफ्तार न थमने देना है। इस पहल से न केवल गांवों में शुद्ध पेयजल की निरंतरता बनी रहेगी बल्कि ग्रामीण रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। गोरखपुर मंडल के गोरखपुर जिले में 2098, देवरिया में 1739, कुशीनगर में 1309 और महराजगंज में 1120 नल जल मित्र की तैनाती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नल जल मित्र गांवों में बिछी पाइपलाइन और नल कनेक्शनों की नियमित देखरेख करेंगे। पाइपलाइन फटने या लीकेज होने पर तत्काल मरम्मत व तकनीकी सुधार करेंगे। इसके साथ ही वह समय-समय पर पानी के नमूनों की जांच करेंगे ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ और शुद्ध जल मिल सके। गांव में जल मित्र होने से अब पाइप से जलापूर्ति वाले गांवों में ग्रामीणों को पानी की छोटी-मोटी समस्याओं के लिए ब्लॉक या जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं काटने होंगे। गांव का युवा ही गांव की समस्या का समाधान कर देगा। वहीं दूसरी तरफ गांव के युवा को घर रहकर ही आजीविका का एक साधन मिल जाएगा। घरेलू और कृषि कार्य करने के साथ उसे जल मित्र के रूप में अतिरिक्त आमदनी भी प्राप्त होगी। जल निगम ग्रामीण गोरखपुर के अधिशासी अभियंता अखिल आनंद के अनुसार नल जल मित्र की तैनाती ग्राम प्रधान के प्रस्ताव पर की जा रही है। प्रधान द्वारा संस्तुत गांव के युवा को जरूरी प्रशिक्षण देकर उन्हें कुशल बनाने की व्यवस्था इस योजना के तहत जल मित्र को प्रतिमाह चार हजार रुपये मानदेय दिया जा रहा है। वह बताते हैं कि गोरखपुर में अब तक 900 नल जल मित्र तैनात किए जा चुके हैं।

# यूपी बजट : खजनी के कंबल कारखाने का होगा कायाकल्प

- कारखाने के आधुनिकीकरण के लिए योगी सरकार के बजट में 7.50 करोड़ रुपये का प्रस्ताव
- अब बुनाई से लेकर फिनिशिंग तक सभी कार्य होंगे कंबल कारखाने में, उत्पादन क्षमता के साथ रोजगार भी बढ़ेगा



जिला संवाददाता

गोरखपुर। जनपद के खजनी में संचालित कंबल उत्पादन कारखाने के कायाकल्प का मार्ग बुधवार को प्रशस्त हो गया। योगी सरकार ने बजट 2026-27 में इस कंबल कारखाने के आधुनिकीकरण के लिए 7.50 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा है। आधुनिकीकरण के बाद कंबल की बुनाई से लेकर फिनिशिंग तक कार्य इसी कारखाने में होगी और तैयार उत्पाद निजी क्षेत्र के ब्रांडेड कंबल से प्रतिस्पर्धा वाले होंगे। खजनी के खुटभार में कंबल उत्पादन कारखाना वर्ष 1985-86 में उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की देखरेख में तत्कालीन मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह ने लगवाया था। तब इसकी लागत करीब 25 लाख रुपये थी। पांच वर्ष चलने के बाद कंबल कारखाना आपूर्ति के अभाव में बंद हो गया था। योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद वर्ष 2019-20 में खजनी का कंबल कारखाना दोबारा संचालित हुआ। अभी तक कंबल की बुनाई यहां और प्रिंटिंग का कार्य मिर्जापुर की फैक्ट्री में होता है। आधुनिकीकरण के बाद सारे कार्य यहीं होने लगेंगे। बुधवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा पेश बजट में खजनी के कंबल कारखाना के आधुनिकीकरण के लिए 7.50 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा गया। आधुनिकीकरण की परियोजना में वाशिंग मशीन, आटोमैटिक कलर मशीन, हाइड्रोजन मशीन, मिलिंग मशीन, प्रिंटिंग मशीन, ड्रायर मशीन, पैकिंग मशीन लगाकर निजी क्षेत्र के प्रतिस्पर्धी एवं विश्वस्तरीय कंबल का उत्पादन होगा। जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी आर.के. श्रीवास्तव बताते हैं कि आधुनिकीकरण की परियोजना के अस्तित्व में आने से यहां उत्पादन क्षमता भी बढ़ जाएगी। अभी यहां 1200 कंबल उत्पादन की क्षमता है। काम बढ़ने के साथ साथ ही नव रोजगार का सृजन भी होगा। खजनी स्थित कंबल कारखाना के आधुनिकीकरण के लिए बजटीय प्रस्ताव होने से बुनकरों में खुशी है।

## फर्जी तरह से फॉर्म 7 भरकर वोट काटे, शिकायतकर्ता से की मारपीट



इटावा। विकासखंड ताखा के ग्राम रतहरी निवासी कुतुबुद्दीन पुत्र रियाजुद्दीन ने अपने परिवार के फर्जी तरीके से विरोधियों द्वारा फॉर्म 7 भरकर जमा की गई जिसकी शिकायत उन्होंने उप जिलाधिकारी ताखा से की, जिस पर नाराज होकर नारायण सिंह पुत्र जहर सिंह आदमी कुतुबुद्दीन के साथ मारपीट की, जिस पर उन्होंने थाना पहुंचकर रिपोर्ट लिखने हेतु आवेदन दिया,जिस पर थाना अध्यक्ष भरथना द्वारा नाराज होकर कुतुबुद्दीन को गाली गलौज करते हुए भगा दिया गया। सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बब्लू ने उक्त प्रकरण को लेकर जिलाधिकारी इटावा से भेंटकर दर्ज कराने एवं थाना अध्यक्ष के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के लिए ज्ञापन सोपा, और कार्रवाई न होने पर आंदोलन और धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी। इस मौके पर एसआईआर प्रभारी उदयभान सिंह यादव, विधायक प्रतिनिधि ध्रुव यादव चीनी, जिला पंचायत सदस्य सत्यभान सिंह यादव, सपा प्रवक्ता विक्की गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत डुल्ले, संदीप कुमार लालू, आशू यादव, अध्यक्ष सहकारी समिति ताखा, रामजीवन किसान नेता, नवी आलम प्रधान आदि शामिल हुए।

## सेनानी की समाधि स्थल व सार्वजनिक जमीन पर कब्जा करने से रोका तो धमकाने लगे दबंग



इटावा। सेनानी के समाधिस्थल और सार्वजनिक जमीन पर अवैध निर्माण और कब्जा हटवाने की कार्रवाई हुई तो दबंगों ने सामाजिक कार्यकताओं को गाली गलौज देते हुए जानलेवा हमले की धमकी दी। जिसकी शिकायत डीएम और एसएसपी से की गई है। बुधवार को एक प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी देते हुए वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सुधींद्र भदौरिया, डा. जयचंद्र भदौरिया तथा पूर्व डीबीए अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह गौर ने बताया कि बसरेहर क्षेत्र के ग्राम लोहिया खुर्द में जनपद के ख्यातिलब्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व सांसद कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया का समाधिस्थल बना हुआ है और वहीं पर सार्वजनिक भूमि भी है, जिस पर गांव के ही दबंगों जयनेंद्र उर्फ बंटू पुत्र अश्वनी कुमार तथा चंद्रवीर पुत्र ब्रह्मेश सिंह चैहान आदि ने अवैध कब्जा करने की नीयत से निर्माण कराया जिसकी शिकायत जिला प्रशासन से की गई तो वह अवैध निर्माण हटाया गया। इससे नाखुश होकर उक्त दबंगों ने 31 जनवरी को 9368522457 फोन नम्बर से मुझे फोन पर धमकी जिसकी कि ऑडियो क्लिप भी है दी कि तू सुधींद्र भदौरिया की बहुत मदद कर रहा है, वह जमीन क्या तेरे बाप की है। तो मैंने कहा कि एक सेनानी की समाधि तथा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कोई कैसे कर सकता है। उसे रोकना हमारी जिम्मेदारी है। इस पर उक्त दोनों ने मुझे इटावा आकर देख लेने की धमकी दी और कहा कि तेरी नेतागीरी निकाल दूंगा। इसके बाद ये लोग हमारे महेरा चुंगी स्थित आवास पर असलहों से लैस होकर आए तथा गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जब मैं अपने गनर के साथ बाहर निकला तो भाग गए।

# खबर छपते ही प्रशासन ने किया मस्टर रोल निरस्त

## हाजिरी भरने वाले रोजगार सेवक को नोटिस

### खबर का असर...

गीडा,गोरखपुर। डिजिटल इंडिया की आड़ में भ्रष्टाचार का नया शॉर्टकट खोजने वालों पर प्रशासन ने हंटर चला दिया है। पाली ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुवाबार में मनरेगा कार्यों में चल रहे बड़े फजीवाड़े का वॉयस ऑफ लखनऊ राष्ट्रीय हिंदी दैनिक द्वारा भंडाफोड़ किए जाने के बाद विभाग पूरी तरह एक्शन मोड में है। एक ही फोटो को बार-बार अपलोड कर 9 मस्टर रोल सत्यापित करने की धूर्तता पकड़े जाने पर सहायक अभियंता ने सभी मस्टर रोल निरस्त कर दिए हैं।

सरयू नहर खण्ड प्रथम के अंतर्गत कुवाबार में माइनर मरम्मत का कार्य चल रहा था। मनरेगा के नियमों के अनुसार, हर कार्यस्थल पर श्रमिकों के अलग-अलग समूहों की रियल-टाइम फोटो डिजिटल हाजिरी के लिए अनिवार्य है। लेकिन यहाँ सिस्टम को ठेंगा दिखाते हुए जिम्मेदारों द्वारा एक ही फोटो को 9 अलग-अलग मस्टर रोल के लिए इस्तेमाल कर लिया। बुधवार को वॉयस ऑफ लखनऊ समाचार पत्र ने अपने अंक में एक ही फोटो से सत्यापित हो गए 9 मस्टर रोल शीर्षक नामक खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर छपते ही सिंचाई विभाग के गलियारों में खलबली मच गई। मामले को संज्ञान लेते हुए सरयू नहर खण्ड प्रथम के सहायक अभियंता शैलेश कुमार ने सख्त रुख अपनाते हुए जारी सभी 9 मस्टर रोल तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए संबंधित रोजगार सेवक को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिन में जवाब मांगा है। इस कार्रवाई के बाद से पूरे ब्लॉक क्षेत्र में हड़कंप मचा है। स्थानीय ग्रामीणों ने वॉयस ऑफ लखनऊ व संवाददाता की सराहना करते हुए कहा कि इस तकनीकी सेंधमारी को उजागर कर सरकारी बजट के लाखों रुपये कागजो में स्वाहा होने से बच गए।



एक ही फोटो से सत्यापित हो गये 9 मस्टर रोल

- मनरेगा: सिंचाई विभाग और ब्लॉक के बीच उलझा मामला
- पाली ब्लॉक के कुवाबार पंचायत का मामला

# डीजे को लेकर विवाद में युवक की मौत

## तीन नामजद समेत पांच पर मुकदमा, दो हिरासत में, फरार आरोपियों की तलाश तेज

गोरखपुर। सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम हरिजनपुर में शादी समारोह के दौरान डीजे बजाने को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी झड़प में बदल गया। मारपीट में गंभीर रूप से घायल मुनीब चौहान की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम के साथ तनाव का माहौल बना हुआ है। एहतियातन पुलिस बल तैनात कर शांति व्यवस्था कायम रखने की कोशिश की जा रही है।



मिली जानकारी के अनुसार 10 फरवरी की रात गांव में बालचंद के घर शादी समारोह चल रहा था। कार्यक्रम के दौरान डीजे बजाने और आवाज को लेकर कुछ लोगों के बीच कहासुनी शुरू हुई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मामूली विवाद ने अचानक उग्र रूप ले लिया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी। इसी दौरान मुनीब चौहान को गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही बेहोश हो गए।

परिजन और ग्रामीण आनन-फानन में उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए इलाज शुरू किया। काफी प्रयास के बावजूद मुनीब की जान नहीं बचाई जा सकी। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। शादी की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। घटना की सूचना मिलते ही सिकरीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। मृतक की बहन सरोज देवी की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद समेत कुल पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि अन्य की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि डीजे को लेकर पहले भी गांव में कई बार विवाद हो चुका है, लेकिन इस बार मामला जानलेवा साबित हुआ। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है और लोग स्तब्ध हैं कि मामूली कहासुनी ने एक परिवार से उसका सहारा छीन लिया। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी गोरखपुर दिनेश कुमार ने बताया कि प्रकरण में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।

उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस की मौजूदगी बढ़ा दी गई है ताकि किसी तरह की अफवाह या तनाव की स्थिति न उत्पन्न हो। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने और कानून व्यवस्था में सहयोग की अपील की है।

फिलहाल पूरे गांव की निगाहें पुलिस कार्रवाई पर टिकी हैं, वहीं परिजन आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग कर रहे हैं।

## घटयात्रा के साथ होगा कार्यक्रम का शुभारंभ : संजू जैन



इटावा। शहर के पारसनाथ दिंगबर जैन मंदिर लालपुरा मे तपस्वी सम्राट आचार्य सन्मति सागर महाराज के अतिंम शिष्य आचार्य सुबल सागर महाराज के सांनिध्य मे 12 से 19 फरवरी तक आयोजित होने वाले पच्चीस मंडलीय सिद्धचक्र महामंडल विधान के संबंध में बुधवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर आचार्य श्री ने विधान की विस्तृत जानकारी दी। आचार्य श्री ने बताया कि इस महामंडल विधान में सिद्ध परमेष्ठी भगवान की आराधना की जाएगी। उन्होंने कहा कि सिद्धों की भक्ति और आराधना से संचित अशुभ कर्मों का क्षय होता है तथा आत्मा की शुद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। जैन धर्म के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने पांच महाव्रतों अहिंसा, सत्य, अचैर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह को जीवन में धारण करने का संदेश दिया। जैन समाज अध्यक्ष संजू जैन ठेकेदार ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत कल सुबह भव्य घट यात्रा के साथ होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। प्रेस वार्ता में यह भी जानकारी दी गई कि बरासो में मुनि सुबल सागर महाराज के निर्देशन में 414 फुट ऊंचे सुमेरु पर्वत का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही 51 फुट ऊंची पद्मासन मुद्रा में भगवान की भव्य प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। पत्रिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर चक्रेश जैन महावीर जैन सोनू जैन पीयूष जैन सौरव जैन बंटी जैन वैभव जैन चिंटू जैन भोलू जैन सहित दिगंबर जैन साधु सेवा समिति के सदस्य एवं समाज के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## घर से भागने वाले चार छात्र बरामद

इटावा। इकदिल क्षेत्र से लापता हुए कक्षा नौ के चार स्कूली छात्रों को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। ये छात्र छमाही परीक्षा में कम नंबर आने और परिजनों की डांट से नाराज होकर घर से निकल गए थे। पुलिस ने इन्हें कानपुर देहात के रूरा के पास से खोज निकाला और उनके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार, ये चारों छात्र 9 फरवरी की शाम करीब चार बजे घर से निकले थे। इनमें विकास कॉलोनी पक्का बाग निवासी 15 वर्षीय हर्षवर्धन, मानिकपुर मोड़ थाना इकदिल निवासी 14 वर्षीय छात्र, साईं बिहार कॉलोनी थाना इकदिल निवासी 14 वर्षीय छात्र और फूलपुर अजीतमल औरैया निवासी 15 वर्षीय छात्र शामिल हैं। सभी छात्र इकदिल क्षेत्र के सेवन हिल्स स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ते हैं। परिजनों ने बताया कि बच्चों को शाम करीब पांच बजे इटावा रेलवे स्टेशन पर ई-रिक्शा से उतरते देखा गया था। इसके बाद रात साढ़े दस बजे तक उनकी अंतिम लोकेशन कानपुर सेंट्रल मिली, जिसके बाद सभी के मोबाइल फोन बंद हो गए। जानकारी के अनुसार, एक छात्र अपने घर से लगभग डेढ़ लाख रुपये लेकर गया था। छात्रों के लापता होने की सूचना मिलते ही इकदिल पुलिस सक्रिय हो गई। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने लगातार तलाश की और कानपुर देहात के रूरा के पास से चारों छात्रों को बरामद किया।

## फांसी के फंदे पर झूली अधेड़ महिला की मौत



भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम समसपुर में बुधवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब गांव की एक अधेड़ महिला रामकांती सविता 50 वर्ष पत्नी नारायन स्वरूप सविता घर के पास बगिया में एक आम के पेड़ पर साड़ी से फंसी लगाकर झूल गई। जिससे रामकांती की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्ट को मुख्यालय भेज दिया है। घटना स्थल पर ग्रामीणों ने बताया कि मृतका रामकांती का पति बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करता है,घटना के दौरान पति नारायन स्वरूप अपनी नौकरी पर बताया गया है। दबी जुवान ग्रामीणों की मानें तो पिछले कई दिनों से रमाकांती का इकलौता बेटा राहुल सविता और पुत्रवधु रिंकी झगड़ा कर रहे थे। रमाकांती अपने बेटा और पुत्रवधु के झगड़े से परेशान चल रही थी। घटना की सूचना पर एसपी ग्रामीण श्रीस चन्द,प्रभारी निरीक्षक,क्राइम इंस्पेक्टर अरिमर्दन सिंह ने पुलिस बल के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया है।

# डीआईजी व एसएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था परखी

## भीड़भाड़ वाले इलाकों व प्रमुख प्रतिष्ठानों का लिया जायजा

जिला संवाददाता



**गोरखपुर।** कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा का भरोसा कायम रखने के उद्देश्य से पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र गोरखपुर एस. चनप्पा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बुधवार को थाना कैण्ट क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने गणेश चौक, कचहरी चौराहा, शास्त्री चौक, अंबेडकर चौक, बस स्टेशन सहित अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और बाजारों का निरीक्षण किया।

पैदल गश्त के दौरान डीआईजी और एसएसपी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से बातचीत कर उनकी तैनाती, पिकेट व्यवस्था और संवेदनशील बिंदुओं के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि सार्वजनिक स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग की जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि बाजारों और चौराहों पर लगातार पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों से भी संवाद किया। लोगों से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फीडबैक लिया गया और उन्हें भरोसा दिलाया गया कि पुलिस हर समय उनकी मदद के लिए तत्पर है। अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि यदि कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। डीआईजी एस. चनप्पा ने कहा कि प्रमुख स्थानों पर पुलिस की नियमित गश्त और सतर्कता बेहद जरूरी है। त्योहारों, विशेष आयोजनों और भीड़भाड़ के मद्देनजर अतिरिक्त सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता शांति व्यवस्था बनाए रखना और नागरिकों को सुरक्षित माहौल देना है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी थानों की टीमें अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहें। होटल, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन और बाजारों जैसे संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी जनता से शालीन व्यवहार रखें और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी गीडा अरुण कुमार, प्रभारी निरीक्षक कैण्ट तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर सुरक्षा व्यवस्था का आकलन किया और जरूरी बिंदुओं पर चर्चा की। पैदल गश्त से आम नागरिकों और व्यापारियों में सुरक्षा का एहसास देखने को मिला। लोगों ने पुलिस की सक्रियता की सराहना की और उम्मीद जताई कि आगे भी इसी तरह सतर्कता बरती जाएगी, ताकि शहर में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।

## सेफर इंटरनेट डे पर विशेष कार्यशाला का आयोजन

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल के नेतृत्व में सेफर इंटरनेट डे के अवसर पर विशेष कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी बृजेन्द्र गोयल के निर्देशन में प्रभारी जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हिमांशु त्यागी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों एवं छात्रों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक किया। उन्होंने विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा करते हुए बताया कि जहाँ। शिक्षा और कार्यक्षमता बढ़ाने में सहायक है, वहीं इसके जरिए फैल रहे डीपफेक और डेटा प्राइवेसी जैसे खतरों से सावधान रहने की भी आवश्यकता है, उन्होंने जोर दिया कि किसी भी। टूल का उपयोग करते समय अपनी व्यक्तिगत और संवेदनशील जानकारी साझा न करें। वित्तीय सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करते समय हमेशा बैंक की आधिकारिक वेबसाइट और सुरक्षित नेटवर्क का ही प्रयोग करें।

## स्टेक होल्डर्स की कार्यशाला का आयोजन



इटावा। बाल श्रम मुक्त बनाने के संकल्प हेतु तैयार कार्ययोजना व बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन में विभिन्न स्टेक होल्डर्स की कार्यशाला का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित ऑडिटोरियम में किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया जाएगा साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चे नासमझ होते हैं उन्हें नहीं पता होता है कि वह क्या कर रहे हैं। उन्होंने सभी उपस्थित सभी लोगों से कहा कि सबसे पहले अपने-अपने परिवारों व आस-पास से बाल श्रम मुक्त कराने की शुरूआत करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा समय-समय पर दिये गये निदेर्शानुसार जनपद को वर्ष 2026 तक बाल श्रम मुक्त बनाया जाए। उन्होंने बताया कि 14 साल के बच्चों को बाल श्रम हेतु पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है एवं 14 से 18 साल के किशोर, किशोरियों द्वारा श्रम कराया जा सकता है परंतु उनके द्वारा खतरनाक व्यवसाय में श्रम कराना प्रतिबंधित है साथ ही उन्होंने कहा कि श्रम कराने की अधिकतम सीमा 6 घंटे व 1 घंटे का विश्राम देना चाहिए एवं सांय 7 बजे के बाद और प्रातः 8 बजे से पहले कोई कार्य न कराया जाए। उक्त कार्यशाला के दौरान नगर पालिका परिषद जसवन्तनगर श्यामबचन सरोज, सहायक श्रमायुक्त सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## त्योहारों को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

इटावा। त्योहारों को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट। शिवरात्रि और रमजान को लेकर सदर कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक। सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर ने कहा कि केवल परंपरागत जुलूस, शोभायात्राएं को दी जायेगी परमीशन। सीओ सिटी अभयनरायन राय ने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह न फैलाई जाए, धार्मिक आयोजन अनुमति के बाद कराएं।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत भण्डार मण्डल–लखनऊ।

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना:ESCL/11/2025-26 वि०आ०सं० टी–393
दिनांक 10.02.2026

कार्य: म०वि०वि०नि०लि० के अन्तर्गत आने वाले भंडार केन्द्रों/विद्युत उपकेन्द्रो के मध्य पावर परिवर्तकों की दुलाई/स्थापित करने का कार्य।

निविदा प्रपत्र शुल्क : रू0 3540.00 | धरोहर राशि रू0 58000.00

ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:–27 फरवरी, 2026, 14:00बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचानाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

संक्षेप

## अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में पसगवां हाईवे पर गांव भुंइहरा के पास खेत की रखवाली कर घर वापस जाते समय किसान को सड़क पार करते समय तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने रौंद दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मोहम्मदी सीएचसी पर भर्ती कराया डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया है। पुलिस के अनुसार गांव भुंइहरा निवासी वीरपाल पुत्र लल्लू सिंह 60 वर्षीय मंगलवार को शाम 8 बजे करीब अपने खेत की रखवाली कर घर वापस जा रहे थे सड़क पार करते समय तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया गया जांच के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है सूचना पर मृतक की पत्नी उमा देवी पुत्र अजीत और उदित ने अस्पताल पहुंचकर शव की शिनाख्त करने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर मौका पाकर आरोपी वाहन चालक भागने में सफल रहा है।

## सड़क हादसे में जख्मी महिला की इलाज के दौरान मौत

मोहम्मदी खीरी। बरवर क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी महिला अपने पुत्र के साथ कार से एक सप्ताह पूर्व लखनऊ से वापस घर लौट रही थी रास्ते में कार गन्ना लदे ट्रैक्टर ट्राली से टकरा जाने पर गंभीर रूप से घायल हो गई थी जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। गांव रसूलपुर निवासी अवनीश वर्मा ने बताया वह अपनी मां राजेश्वरी देवी 55 वर्षीय को लखनऊ में भर्ती मरीज को देखकर कार से घर वापस लौट रहे थे तभी अचानक गन्ना लदे ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे मां की हालत नाजुक होने पर लखनऊ प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था जिनकी मंगलवार की रात इलाज के दौरान मौत हो गई जानकारी होते ही घर में कोहराम मचा है।

## साधन सहकारी समिति परिसर में शिक्षा सम्मेलन आयोजित

सिंगाही-खीरी। कस्बे की खैरीगढ़ साधन सहकारी समिति परिसर में कृभको कंपनी के तत्वावधान में सहकारी शिक्षा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विनीत मनार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए चेयरमैन विनीत मनार ने किसानों से किसान रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से कराने की अपील की। साथ ही उन्होंने कृषि उत्पादन बढ़ाने और भूमि की उर्वरता सुधारने के लिए नैनो खाद के प्रयोग पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान कृभको के क्षेत्रीय प्रबंधक ज्ञानेंद्र यादव ने किसानों की मांग को ध्यान में रखते हुए ट्रैक्टर चालित एवं पेट्रोल से चलने वाली स्प्रे मशीनें उपलब्ध कराने की घोषणा की। इस अवसर पर इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक अरविंद यादव, सिंगाही सहकारी बैंक के प्रबंधक जगन्नाथ, समिति अध्यक्ष पंकज सिंह, उपाध्यक्ष राकेश जायसवाल, संचालक दिलीप रस्तोगी, मोनू त्रिवेदी, भाजपा के वरिष्ठ नेता त्रिलोकीनाथ देवड़िया, पूर्व प्रधान श्रीराम सिंह, सभासद आशीष भंडारी, पूर्व सभासद शिशिर गुप्ता, अनूप भंडारी, प्रदीप श्रीवास्तव, समिति सचिव रवी शुक्ला सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया ब्लॉक नकहा का निरीक्षण, मचा हड़कंप

जिला संवाददाता(vol)



लखीमपुर खीरी। बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने विकास खंड नकहा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने

- अलमारियों में कराएं प्रॉपर इंडेक्सिंग, व्यवस्थाओं पर कसा शिकंजा
- डीएम ने दस ग्राम पंचायतों को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली, अभिलेख व्यवस्था और योजना क्रियान्वयन की संपूर्ण समीक्षा की।

डीएम ने सर्वप्रथम पीएम आवास, स्थापना एवं आवास पटल का निरीक्षण किया। अलमारियाँ खुलवाईं, अभिलेखों का अवलोकन किया और प्रत्येक फाइल की प्रॉपर इंडेक्सिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रखरखाव और दस्तावेज प्रबंधन में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। साथ ही नियमित, संविदा और आउटसोर्सिंग कार्मिकों की उपस्थिति पंजिका भी जाँची गई। इसके बाद कार्यालय परिसर में शौचालय और आधार सेवा काउंटर की क्रियाशीलता भी जांची। गोढ़ी मजरा के नन्हें अर्नित (3) और विधि (5) का आधार नामांकन कराया जाता पाया गया। अभिभावकों से पूछताछ में पता चला कि कोई फीस नहीं ली गई। जिन आधार सेवाओं के लिए शुल्क नियत है, इसका डिस्प्ले भी मौके पर मिला।

निरीक्षण के दौरान एसआईआर फीडिंग काउंटर पर ऑपरेटर दिव्यांशु फीडिंग करते मिले।

डीएम ने नोटिस और अभिलेखों की बारीकी से जांच की और उपस्थित फीडिंग भी देखी। डीएम ने मौके पर अर्चना की नोटिस की फीडिंग संलग्न अभिलेखों की जांच की। नोटिस के दौरान उपस्थित की फीडिंग भी देखी। इसके बाद एनआरएलएम कक्ष में जाकर स्वयं सहायता समूह, रिवाल्विंग फंड और सी आई एफ सहित हर जरूरी जानकारी ली। समूहों की संख्या और उनकी सक्रियता पर भी निगाह रखी। डीएम ने ब्लॉक परिसर में मूलभूत सुविधाओं सहित वहां संचालित विभिन्न कार्यालय और पटलों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। इसके बाद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बीडीओ कक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान प्रमुख क्षेत्र पंचायत पवन गुप्ता, बीडीओ संगीता यादव सहित विकासखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने स्थापना, बजट, स्टोर, स्टाफ की स्थिति, पीएम और सीएम आवास योजनाओं की प्रगति और कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका भी देखी। पीडी डीआरडीए को निर्देशित किया कि विकास खंडों में तैनात जिन कार्मिकों की डीपीसी पेंडिंग या कोई अन्य देयक लंबित हैं उन्हें नियमानुसार कराया जाए।

### डीएम ने दस ग्राम पंचायतों को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

विकासखंड में बैठक के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बीडीओ संगीता यादव को निर्देशित किया कि विकास के लिए उपलब्ध धनराशि का उपयोग नहीं करने वाली दस ग्राम पंचायतों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाए। डीएम ने कहा कि सर्वोच्च प्राथमिकता विकास कार्यों की पूर्णता और पारदर्शिता है और कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## एकात्म मानववाद के प्रवर्तक दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर अलीगंज रोड स्थित दीनदयाल उपाध्याय मार्केट में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं के साथ उनके विचारों को स्मरण करते हुए एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों पर चर्चा की गई। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान विकास मॉडल इन्हीं विचारों से प्रेरित है, जिसमें अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, कुम्भी मंडल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता विश्वकर्मा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष विजय झा, ज्ञानू तिवारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सीडीओ ने सड़क निर्माण कार्य की करायी जांच

जिला संवाददाता(vol)



लखीमपुर खीरी। राजापुर से नहर पटरी फोरलेन सड़क निर्माण में मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने बुधवार को औचक निरीक्षण कर निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सीधा प्रहार किया।

सीडीओ ने मौके पर पहुंचते ही औपचारिकता छोड़ दी और सड़क की खुदाई कराकर निर्माण सामग्री का नमूना संग्रहित कराया। सैंपल को विधिवत सील कर प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजा गया है। सीडीओ ने रोड पर ही पीडब्लूडी के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई, निर्माण में हो रही लापरवाही को लेकर स्पष्ट किया कि सिर्फ कागज पर रिपोर्ट और औपचारिकताओं से काम नहीं चलेगा। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य को तत्काल रोक दिया और निर्देश दिया कि सिर्फ गुणवत्ता सुनिश्चित होने पर ही सड़क निर्माण जारी होगा। सीडीओ के सख्त रवैये ने अधिकारियों और ठेकेदारों में खलबली मचा दी। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड-1 के अधिशासी अभियंता केके झा को स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि जांच में गुणवत्ता मानकों से विचलन पाया जाता है तो अनुबंध की शर्तों के तहत ठेकेदार के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आर्थिक दंड (पेनल्टी) लगाने की प्रक्रिया भी तय मानते हुए तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने दो टूक कहा कि जनता के टैक्स के पैसे से बनने वाले कार्यों में लापरवाही अस्वीकार्य है। हर सड़क टिकाऊ, सुरक्षित और मानक अनुरूप होनी चाहिए।

# पीएम किसान निधि और गन्ना मुद्दे पर निराशा स्कूटी योजना और आयुष पर सराहना





गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर क्षेत्र में मिश्रित प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। किसान संगठनों ने इसे किसानों की अपेक्षाओं पर खरा न उतरने वाला बताया है, जबकि शिक्षाविदों ने महिलाओं की सुरक्षा, छात्राओं के सशक्तिकरण और स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए प्रावधानों को सकारात्मक कदम माना है। बजट के विभिन्न बिंदुओं को लेकर अलग-अलग वर्गों में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्री कृष्ण वर्मा ने कहा कि किसानों को उम्मीद थी कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में अपना अंशदान जोड़ते हुए वार्षिक सहायता राशि में वृद्धि करेगी, जिससे किसानों को सीधा आर्थिक लाभ मिलता। उन्होंने कहा कि बिहार की तर्ज पर प्रदेश में भी सहायता राशि बढ़ाने की अपेक्षा थी, लेकिन बजट में इस दिशा में कोई घोषणा नहीं की गई। गन्ना किसानों को भी उम्मीद थी कि पंजाब सरकार की तरह सब्सिडी का प्रावधान किया जाएगा, परंतु इस पर भी बजट में कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं दिखा। चुनावी घोषणा पत्र में 14 दिन के भीतर गन्ना भुगतान सुनिश्चित करने की बात कही गई थी, लेकिन बजट में इस पर ठोस व्यवस्था नजर नहीं आई। उन्होंने कहा कि डीजल पंप सेट को सोलर ऊर्जा से जोड़ने के लिए 673 करोड़ 84 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है, जो सराहनीय है, लेकिन इससे किसानों की तत्काल आर्थिक समस्याओं का समाधान नहीं होगा। वहीं सीजी एनपीजी कॉलेज गोला के प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सिंह ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह अब तक का बड़ा बजट है, जिसमें महिलाओं की सुरक्षा और छात्राओं के लिए स्कूटी योजना जैसे प्रावधान प्रमुख आकर्षण हैं। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग को विशेष महत्व देना स्वास्थ्य क्षेत्र में सकारात्मक संकेत है। शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में किए गए प्रावधानों से आमजन को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन तक पहुंचाने का लक्ष्य महत्वाकांक्षी है और इसके लिए विभिन्न योजनाओं को बजट में स्थान दिया गया है। बजट को लेकर क्षेत्र में किसानों, शिक्षाविदों और आम नागरिकों के बीच अलग-अलग दृष्टिकोण देखने को मिल रहे हैं। जहां एक ओर किसान वर्ग अपनी अपेक्षाओं के अनुरूप प्रावधान न होने से निराश है, वहीं दूसरी ओर शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण से जुड़े प्रावधानों को सकारात्मक पहल माना जा रहा है।

## ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

तिकुनियां-खीरी। निघासन विकास क्षेत्र में मंगलवार को 'हमारा आँगन हमारे बच्चे उत्सव के अंतर्गत एक दिवसीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया । इसका मुख्य उद्देशय जन समुदाय के समक्ष निपुण लक्ष्य एवं मूलभूत साक्षरता की आवश्यक्ता से अवगत कराना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी निघासन धर्मेश यादव रहे ।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदा के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।

उ.प्रा.वि. ढखेरवा खालसा की छात्राओं राजिया, नंदनी, राधा, साक्षी, नैना, तमन्ना, सुनैना द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित आँगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिकाओं , नोडल संकुल शिक्षकों एवं शिक्षकों, और अभिभावकों को बच्चों के भविष्य निर्माण में अपनी भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। एआरपी ऋषि गुप्ता ने बताया कि 'हमारा आँगन हमारे बच्चे उत्सव का लक्ष्य बच्चों को सुरक्षित, स्वस्थ एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है ।एआरपी शरद ने आँगनबाड़ी केन्द्रों को प्रभावी बनाने, बच्चों के पोषण, खेल-खेल में शिक्षा और अभिभावकों की भागीदारी जैसे विषयों पर चर्चा की। एआरपी सतीश कुमार ने नयी शिक्षा नीति पर चर्चा और प्रेरणादायक गीत के माध्यम से सभी में उत्साह भर दिया। इस अवसर पर आँगनबाड़ी एवं कक्षा 1व 2 के निपुण बच्चों को पुरस्कृत किया गया एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले नोडल शिक्षकों संकुल, नोडल शिक्षकों, एवं आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वैभव पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षक नीरज मौर्य, रूप सिंह यादव, निर्मल चतुर्वेदी, सुधांशु पंत, विजय श्रीवास्तव, कुशलपाल सिंह, जितेन्द्र कुमार, दुर्गेश दुबे, मोइनुद्दीन अंसारी, नेहा, गीता देवी, पवनदीप कौर आँगनबाड़ी अनीता, नीला देवी, रजनी, सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## श्रद्धा और उत्साह के साथ निकली श्री खाटू श्याम बाबा की विशाल निशान शोभा यात्रा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर में श्री श्याम दीवाने सेवा समिति के तत्वावधान में श्री खाटू श्याम बाबा की विशाल निशान शोभा यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। नीलकंठ मैदान स्थित पौराणिक शिव मंदिर से प्रारंभ हुई यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कंजा बाबा देवस्थान स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पर संपन्न हुई। यात्रा से पूर्व मंदिर के



पुजारी संतोष पाठक ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन व आरती कर बाबा का श्रृंगार किया। इसके बाद बाबा की छवि से सुसज्जित रथ शोभा यात्रा के अग्रभाग में चला। रथ के पीछे हजारों महिला, पुरुष व बच्चे निशान लेकर भक्ति भाव से शामिल हुए। पूरे मार्ग में हारे के सहारे, ह्यलखदाता की जय हो और ह्यखाटू श्याम बाबा की जय के जयकारे गूंजते रहे। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा और आतिशबाजी कर शोभा यात्रा का स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों की धुन पर श्याम भक्त झूमते नजर आए। यात्रा मिल डायवर्जन, विकास चौराहा और खुटार रोड सहित प्रमुख मार्गों से गुजरी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन तैनात रहा। यात्रा के समापन पर समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक अमन गिरि, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला, पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, धर्मेंद्र गिरी मोंटी, हिंदू युवा वाहिनी जिला प्रभारी विपिन मिश्रा, अध्यक्ष दीपक राजपूत, महामंत्री अजय गुप्ता, उपाध्यक्ष दिनेश गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता, राहुल गुप्ता, कोषाध्यक्ष मयंक महेश्वरी, युवा समिति अध्यक्ष प्रिंकल जलोटा, प्रमोद सोनी, संदीप राजपूत, शिवम गुप्ता, सुमित राठौर, प्रवीण रस्तोगी, सौरभ जायसवाल, बालगोविंद प्रजापति सहित समिति के सेवादार और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## इंडियन बैंक के मंडल प्रमुख ने दिखाई हरी झंडी

लखीमपुर खीरी। भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश पर 09 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक आयोजित वित्तीय साक्षरता सप्ताह के क्रम में अग्रणी बैंक कार्यालय,



इंडियन बैंक द्वारा संचालित वित्तीय साक्षरता केंद्र द्वारा शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर इंडियन बैंक के मंडल प्रमुख अभय कुमार, उप अंचल प्रमुख अप्रतिम अवस्थी, अग्रणी बैंक प्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता, डीडीएम नाबार्ड प्रसून सोनार तथा एफएलसी काउंसलर रतीश सिंह द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर वित्तीय साक्षरता शिविर हेतु वाहनो को रवाना किया। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया। अधिकारियों द्वारा के वाई सी सुरक्षित बैंकिंग की ओर आपका पहला कदम विषय पर विस्तार से जानकारी दी। तथा आमजन को सुरक्षित बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, साइबर सुरक्षा एवं वित्तीय जागरूकता के प्रति जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त शिविर 09 से 13 फरवरी 2026 तक जनपद के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों तक वित्तीय साक्षरता का संदेश पहुँचाया जा सके।

## कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

धौरहरा खीरी। शासन व जिला मुख्यालय के निर्देश पर क्षेत्र में आगामी होने वाले त्योहारों को लेकर कोतवाली पुलिस ने बुधवार को परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधान सहित विभिन्न धर्मों के लोगों की मौजूदगी रही। शासन व जिला मुख्यालय के निर्देश पर सक्रिय प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सोनकर ने आगामी होने वाले त्योहारों को लेकर काफी सतर्क दिख रही है इसी कडी.में बुधवार कोतवाली परिसर में शिव रात्रि, रमजान की शुरूआत व होली त्योहार को लेकर हुई बैठक में क्षेत्रीय ग्राम प्रधानो व दोनों धर्मों के गणमान्य नागरिको से हालातों के बारे में जानकारी ली ।इस दौरान चेयरमैन नफीस खान, पूर्व चेयरमैन राजीव जायसवाल, रामकुमार शर्मा, भगवती प्रसाद शुक्ल, सीताराम मिश्रा, धनीफ खां, जिया उल्ला खां सहित दर्जनों लोगों की मौजूदगी रही।

# राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य निलंबित


जिला संवाददाता(vol)

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य पर परिसर में खड़े कीमती पेड़ चोरी से काट लेने का मामले की जांच करने पहुंचे वन अधिकारियों से आइडेंटी

- जांच के दौरान प्राविधिक शिक्षा पूर्वी वाराणसी से संबंध किए गए

कार्ड दिखाने की मांग कर मुख्य गेट को अंदर से बंद कर दिया गया था। जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों को पहुंचने पर वन विभाग की टीम ने परिसर में दाखिल होकर प्राथमिक कार्रवाई शुरू हुई घटना प्रमुखता से प्रकाशित होने पर निदेशक प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश कानपुर के ज्वाइंट डायरेक्टर ने मामले में तमाम बिंदुओं पर जांच कर सही पाए जाने पर कार्रवाई की संस्कृत करते ही प्राचार्य को निलंबित कर पूर्वी क्षेत्र वाराणसी से संबंध कर दिया गया है।

जॉइंट डायरेक्टर ने बताया 6 फरवरी हो वॉइस ऑफ लखनऊ में प्रकाशित खबर पर मामले में संज्ञान लिया गया जिसके तहत 9 फरवरी को घटनास्थल पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण शुरू किया गया जिसमें प्राचार्य प्रवेश वर्मा पर कार्रवाई के दौरान पूछताछ करने पर उन्होंने बताया हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन की लाइन ऊपर से निकल रही थी जिसके नीचे पेड़ आ रहे थे सुरक्षा को लेकर उन्हें काटा गया है। वही डायरेक्टर द्वारा काटने के लिए




खबर का असर

विभाग से परमिशन, वन विभाग को प्रपत्र लिखना, कटे पेड़ों की लकड़ी संरक्षित करना, जैसे तमाम बिंदुओं पर कार्रवाई न होने से अपराध की पुष्टि होने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन को लेकर बताया 6 माह से बजट निर्गत नहीं हुआ है जिसके चलते कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पाया है बजट की मांग की गई है।

जांच के दौरान विद्यालय के बच्चे और कर्मचारियों से अलग-अलग पूछताछ कर उनके बयानों की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित की गई है। वन विभाग की कार्रवाई न होने पर लगे आरोप घटना में कीमती पेड़ कट जाने के मामले में वन विभाग द्वारा घटना के 5 दिन बाद भी आरोपी पर कार्रवाई न होने पर तमाम चचाओं का बाजार गर्म हो गया है। जिसको लेकर शिकायत उच्च अधिकारियों को करने की बात कही गई है। मामले में रेंजर निर्भय प्रताप सिंह और डी एफ ओ दूरभाष पर जवाब न देकर बचते नजर आ रहे हैं।

## वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्र हुए सम्मानित



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। क्षेत्र बिजुआ के ग्राम शिवपुरी स्थित अम्बे इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरएसएस प्रचारक अभिषेक तथा विशिष्ट अतिथि विधायक अमन गिरि रहे।

अतिथियों ने कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों की सुविधा हेतु नवीन वाटर कूलर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य और लघु नाटिकाओं की प्रस्तुतियां दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि अभिषेक ने शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों और संस्कारों के महत्व पर जोर दिया। विधायक अमन गिरि ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और विद्यालय परिवार को बेहतर शैक्षिक वातावरण के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधक विनोद सोनी उर्फ पालू, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण, प्रधान ओमकार सिंह, प्रधान कलेक्टर राज, प्रधान देवेंद्र सिंह, बीडीसी पवन राज, कश्मीर सिंह, अमृतपाल सिंह सहित अभिभावक, नागरिक और विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ**

**मैनुअल अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-43/अधि.अभि./2025-26**

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधोलिखित कार्य हेतु मोहर बन्द निविदायें दिनांक 19.02.2026 को 12.00 अपराह्न तक विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है, जो उसी तिथि को समय 04.45 बजे अपराहन निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अयोहस्ताक्षरी अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र तथा कार्य से सम्बन्धित समस्त विवरण मूल्य जमा करने के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अवधि में दिनांक 14.02.2026 से 19.02.2026 को समय 12.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। यदि निविदा प्रपत्र डाक द्वारा प्रेषित की जाती है तो निविदा विलम्ब से पहुँचने पर कोई उत्तरदायित्व इस कार्यालय का नहीं होगा। निविदा के साथ पंजीकरण प्रमाण/जिलाधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र (IDT-1), हैशियत प्रमाण पत्र (IDT-2), स्वघोषणा शपथ पत्र (IDT-3), के समस्त अभिलेखों को जमा करना होगा एवं निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि, एफ.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में, जो अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ के नाम बन्धक हो, लिफाफे बन्द करके निविदा के साथ जमा कराना आवश्यक होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ रू. 100 के जनरल स्टैम्प पेपर पर एक रुपए का राजस्व टिकट चिपका कर निविदादाता द्वारा हस्ताक्षर कर दरों की वैधता सम्बन्धी इकरारनामा संलग्न करना आवश्यक होगा। आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घटाई बढाई जा सकती है, निविदा के साथ सम्बन्धित समस्त प्रपत्र निविदादाता के हस्ताक्षर किये हुये होना चाहिये एवं अनुबन्ध के समय 10 प्रतिशत जमानत की धनराशि एफ.डी.आर. के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ के नाम बन्धक होगी तथा नियमानुसार देय दर के अनुसार स्टैम्प पेपर जमा करना अनिवार्य होगा। एक अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा दरें 03 माह के लिये वैध रहेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मात्रा | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रु. में) | धरोहर धनराशि (रु. में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा का मूल्य+ G.S.T+ स्टेशनरी चार्ज (रु. में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| .1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | Supply and carriage of pea gravel, size 2.00 mm to 3.35 mm size from Lalkuan Nainital quarry to District- Lakhimpur in Tubewell Division-II Sitapur including cost of royalty, loading, unloading and Stacking at Site under project "1750 R&R State tubewells Project" district- Sitapur." (G.S.T Extra 5% ) | 117 $M^3$ | 7.72 | 15444.00 | 40 दिवस | 225.00+ GST नियमानुसार +500.00 | ''ए'' श्रेणी (यांत्रिक) अथवा उच्च |

**नोट-** मैनुअल अल्पकालीन निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(गौरव सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
नलकूप निर्माण, खण्ड, लखनऊ

UPID-245837 Date:11.02.2026 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## मुठभेड़ में एक गौ तस्कर घायल, दूसरा फरार

जौनपुर। मीरगंज पुलिस टीम ने बुधवार की सुबह मुठभेड़ के दौरान गो. तस्करी करने वाले अंतर्जनपदीय एक गौतस्कर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़ा गया बदमाश फरार चल रहा था। बदमाश के फायर करने पर पुलिस ने जवाबी कार्यवाही में फायर कर दिया। पुलिस की गोली गौतस्कर बदमाश के पैर में लगने से वह घायल हो गया है। पुलिस ने कब्जे से एक मोटर साईकिल व अन्य समान बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार बीते मंगलवार 10 फरवरी को एक पिकअप पर सवार दो अपराधी जिसमें से एक अपराधी मो सलमान पुत्र मेराज निवासी ग्राम माहुल थाना अहरौला जिला आजमगढ़ को गोली लगी थी घायल अवस्था में मौके से मय पिकअप के गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के अनुसार उसमे शामिल दूसरा अपराधी मोनू उर्फ बलवन्त बघेल पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम रामनगर थाना अखण्डनगर जनपद सुल्तानपुर का फायदा उठाते हुए मौके फरार हो गया था जो उक्त मुकदमे में वांछित चल रहा था। उसे जल्द पकड़ लिया जायेगा।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो की मौत

लालगंज, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के बसही कला गांव में स्थित वाराणसी रीवा हाईवे पर बुधवार की सुबह अज्ञात वाहन के चपेट आने से युवक समेत दो लोगों की मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया। जहां मौजूद चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। लालगंज थाना क्षेत्र के परसिया गांव के निवासी 26 वर्षीय दिलीप कुमार मिश्र अपने रिश्तेदार 70 वर्षीय आनंद प्रसाद तिवारी कोरांव थाना के नथ ऊपुर, प्रयागराज के निवासी के साथ लगभग सुबह नौ बजे मीरजापुर के भुईली गांव में स्थित रिश्तेदारी में शादी से घर वापस लौट रहे थे। थाना क्षेत्र के बसही कला गांव में किसी अज्ञात वाहन के टक्कर के बाद बाइक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी। जिससे दोनों की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। परसिया गांव के चंद्रमणि मिश्रा के तीन पुत्रों में सबसे छोटा दिलीप कुमार अविवाहित था और लखनऊ से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। प्रयागराज जनपद के कोरांव थाना क्षेत्र के नथऊपुर गांव के आनंद तिवारी को एक पुत्र और पांच पुत्रियां सभी की शादी विवाह कर चुके हैं। मृतक आनंद तिवारी के जीजा नंदौली पटेहरा गांव निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता विजय नारायण मिश्र ने बताया की दोनों लोग मीरजापुर के भुईली गांव में स्थित रिश्तेदारी में शादी मे शामिल होकर लौट रहे थे। प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## दुष्कर्म के दोषी मुमताज को बीस वर्ष का कारावास

सोनभद्र। करीब साढ़े 6 वर्ष पूर्व 16 वर्ष की नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी मुमताज अंसारी को 20 बर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर 80 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 65 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी।

# यूजीसी बिल के समर्थन में वकीलों का प्रदर्शन



सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के वकीलों द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट पर यूजीसी बिल कानून के समर्थन में प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी सोनभद्र को सौंपा गया।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट ने कहा कि उच्च शिक्षा में समान अवसर और सामाजिक न्याय की मांग को लेकर जिलाधिकारी सोनभद्र कार्यालय परिसर में डीबीए कार्यकताओं के साथ प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई और राष्ट्रपति के नाम चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी सोनभद्र को सौंपा गया। उन्होंने यूजीसी बिल कानून को उच्च शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और समावेशी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कहा कि लंबे समय से अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा संस्थानों में समान अवसर नहीं मिल पा रहा है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव एड ने आरोप लगाया कि कुछ संगठन यूजीसी बिल को लेकर भ्रम फैलाकर छात्रों को गुमराह कर रहे हैं, जिससे सामाजिक समरसता को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने जोर दिया कि यह कानून शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय करने, अवसरों की समानता सुनिश्चित करने और छात्रों के अधिकारों की रक्षा करने में सहायक होगा।वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने प्रशासन से मांग की कि यूजीसी बिल कानून को बिना किसी देरी के प्रभावी किया जाए। साथ ही, यदि किसी स्तर पर विरोध या अड़चन उत्पन्न हो रही है, तो सरकार छात्रों के हित में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करे।

प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने वालों में पवन कुमार सिंह, प्रदीप कुमार मौर्य, हीरालाल पटेल, सत्यप्रकाश कुशवाहा, राजेश यादव, राजेश कुमार मौर्य, महेंद्र कुशवाहा, कमलेश सिंह, चतुर्भुज शर्मा, कामता यादव, सुरेश कुशवाहा, रामगुल्ली यादव, राजेंद्र यादव, रविंद्र पटेल संतोष कुमार, संतोष पटेल, शाहनवाज आलम खान, प्रदीप सिंह, शैलेन्द्र कुमार आदि लोग शामिल रहे।

## दुद्धी बार एसो. चुनाव-अध्यक्ष सचिव व अन्य पदों के लिए 10 नामांकन दाखिल

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी बार एसोसिएशन वर्ष 2026 की नई कार्यकारिणी चुनाव के लिए कुल 10 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया हैं। बुधवार को नामांकन की आखिरी तिथि निश्चित थी।

चुनाव कार्यक्रम जारी करते हुए इल्डर कमेटी के चेयरमैन ध्मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रेमचंद जायसवाल एड. ने बताया कि अध्यक्ष के एक पद हेतु दो नामांकन दाखिल हुए हैं जिसमें कुलभूषण पाण्डेय और रामपाल जौहरी शामिल हैं ।वरिष्ठ उपाध्यक्ष के एक पद हेतु एक नामांकन रविंद्र कुमार ने दाखिल किया हैं ।उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर के 2 पद हेतु 2 नामांकन दाखिल हुआ हैं जिसमें महेंद्र कुमार कन्नौजिया और कृष्णदेव शामिल हैं, उपाध्यक्ष 2 वर्ष से ऊपर के 2 पद के लिए 2 नामांकन दाखिल हुए जिसमें आलोक कुमार सिंह और एम जे अहमद हैं ।सचिव के एक पद के लिए 2 नामांकन दाखिल हुए हैं जिसमें पवन कुमार दूबे और दिनेश कुमार शामिल हैं। कोषाध्यक्ष के एक पद के लिए एक नामांकन विष्णु कुमार सिंह ने दाखिल किया हैं ।सह सचिव प्रशासन के लिए रामसागर ने नामांकन पत्र दाखिल किया हैं। नामांक पत्रों की जाँच तथा नाम वापसी और वैध नामांकन की घोषणा 13 फरवरी को 4 बजे तक कर दी जाएगी। विभिन्न पदों के लिए 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से सांय 3रू30 बजे तक मतदान की प्रक्रिया चलेगी, इसके बाद उसी दिन 4 बजे से मतगणना ततपश्चात परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी ।उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 के चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई हैं, 10 फरवरी दिन मंगलवार से नामांकन पत्रों की बिक्री एवं दाखिला होगी। चुनाव प्रक्रिया कार्यक्रम में सहायक चुनाव अधिकारी कृष्ण कुमार एड, बिहारी लाल एड, जय प्रकाश तिवारी एड तथा देवी शरण एड मौजूद रहें। दुद्धी बार एसोसिएशन चुनाव के लिए नामांकन की प्रकिया पूर्ण होने के बाद अध्यक्ष व सचिव पद के लिए चुनाव होने की संभावना जतायी जा रही हैं जबकि अन्य पदों पर लगभग निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा हैं। दुद्धी बार एसोसिएशन अध्यक्ष पद के लिए कुलभूषण पाण्डेय और रामपाल जौहरी आमने-सामने हैं तथा सचिव पद के लिए पवन कुमार दूबे और दिनेश कुमार आमने-सामने हैं जिनके बीच मुकाबला होने की प्रबल संभावना जतायी जा रही हैं। चुनाव को लेकर उमीदवारों में सरगर्मी बढ़ गई और एक दूसरे से सम्पर्क अभियान तेज कर दिए हैं। 19 फरवरी को अध्यक्ष और सचिव पद के लिए चुनाव होने की संभावना हैं।

## एंबुलेंस में गूंजी किलकारी, 102 टीम की तत्परता से सुरक्षित हुआ प्रसव

मीरजापुर। समय पर मिली 102 एंबुलेंस सेवा की तत्परता से ब्लॉक 96 के नदनी गांव निवासी 26 वर्षीय सविता पत्नी सुरेश कुमार को प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजनों ने तत्काल 102 एंबुलेंस सेवा को सूचना दिया। सूचना मिलते ही एंबुलेंस टीम मौके पर पहुंची और प्रसूता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर सरोईं के लिए रवाना हुई। रास्ते में नीवी गहरवार के पास पहुंचते ही सविता की प्रसव पीड़ा तेज हो गई। स्थिति को गंभीर देखते हुए ईएमटी कविता प्रभाकर ने पायलट विनोद यादव के सहयोग से सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया। एंबुलेंस में नवजात की किलकारी गूंजी और सविता ने एक स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया। प्राथमिक देखभाल के बाद जच्चा बच्चा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर सरोईं में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को स्वस्थ बताया है। पति सुरेश कुमार ने बताया कि उनके पहले से दो बेटे हैं और इस बार बेटी की उम्मीद थी, लेकिन तीसरा भी बेटा हुआ है। फिर भी उन्होंने कहा कि मां और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं, यही सबसे बड़ी खुशी है। उन्होंने पूरी एंबुलेंस टीम का धन्यवाद दिया। आपातकालीन एंबुलेंस सेवा की यह तत्परता एक बार फिर साबित करती है कि 102 एंबुलेंस सेवा ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंदों के लिए जीवन रक्षक साबित हो रही है।

## दो तस्कर गिरफ्तार, एक क्विंटल 40 किलो गांजा बरामद

जौनपुर। जिले के थाना खुटहन पुलिस ने अन्तर्जनपदीय गाँजा तस्कर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक क्विंटल 40 किलोग्राम अवैध गांजा अपाची मोटरसाइकिल बरामद करने का दावा किया है। आयुष श्रीवास्तव, अपर पुलिस नगर ने बताया कि खुटहन पुलिस द्वारा सराय मोहिद्दीनपुर रोड पर चेकिंग की जा रही थी कि खुटहन की तरफ से विशुनपुर की तरफ आ रहे मोटर साइकिल सवार दो व्यक्तियों को रोका गया तो दोनों भागने लगे, जिनको पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही पकड़ लिया गया। दोनों व्यक्तियों से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम पिन्टू निषाद पुत्र केशव निषाद निवासी रामनगर थाना खुटहन जनपद व प्रमोद नाविक पुत्र कालूराम निवासी रामनगर थाना खुटहन बताएं। दोनों की तलाशी ली गई तो मौके से प्लास्टिक की बोरी में 08 पैकेट गांजा, 03 मोबाइल, अपाचे मोटरसाइकिल व 3500 नकदी बरामद हुई। बरामद गांजा का वजन तौलने कुल वजन 08 किलोग्राम पाया गया। पिंटू निषाद से कड़ाई से पूछताछ की गई तो बताया गया कि अपने घर के बाहर करकट में भूंसे के अन्दर 04 बड़े बोरे में और गांजा रखा हूं। मौके पर पुलिस बल पहुंच कर पिंटू निषाद के घर से गांजे की 04 बोरी व 01 खुले हुए बोरे से 07 पैकेट गांजा बरामद किया गया। बताया कि बरामद गांजा जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग पैंतीस लाख रुपए है।

## अनमैप्ड मतदाताओं के साक्ष्य मिलान में तेजी लायें

जौनपुर। जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ० दिनेश चंद्र द्वारा कार्यालय खंड विकास अधिकारी रामनगर के सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसआईआर कार्यक्रम के द्वितीय चरण के अंतर्गत बीएलओ और सुपरवाइजर को लॉजिकल डिस्क्रिपेंसीज सहित अन्य बिंदुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ और सुपरवाइजर से अब तक निर्गत नोटिसों की संख्या, नोटिस वितरण की स्थिति, डाटा फीडिंग, जनसुनवाई, साक्ष्य मिलान, लॉजिकल डिस्क्रिपेंसीज सहित अन्य बिंदुओं पर अद्यतन प्रगति की जानकारी प्राप्त की।

# स्वाधीन सिंह हत्याकांड में पुलिस पर गंभीर आरोप, सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब




जौनपुर। बदलापुर के बहुचर्चित स्वाधीन सिंह हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर बुधवार को सड़कों पर भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। जनता की अदालत के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद करने निकले पीड़ित परिवारों को जब प्रशासन ने रोकने की कोशिश की, तो मामला और भी गर्मा गया।

विद्यावती रिसॉर्ट से लेकर तहसील मुख्यालय तक घंटों चले इस हाई-वोल्टेज ड्रामे ने पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। भारतीय हिंदू मित्र परिषद के अध्यक्ष और सोशल एक्टिविस्ट अरविंद कुमार पांडेय के नेतृत्व में बुधवार को विद्यावती रिसॉर्ट में जनता की अदालतः का भव्य आयोजन होना था। इसकी तैयारी पिछले कई दिनों से चल रही थी। पुलिस प्रशासन ने कार्यक्रम शुरू होने से ऐन पहले रिसॉर्ट के लॉन में ताला जड़ दिया और आयोजन पर रोक लगा दी। पुलिस का तर्क था कि इस आयोजन के लिए प्रशासन से अग्रिम वैधानिक अनुमति नहीं ली गई थी। भारी पुलिस बल की तैनाती के कारण रिसॉर्ट परिसर किसी छावनी जैसा नजर आने लगा।कार्यक्रम रुकने से आक्रोशित पीड़ित पक्ष ने पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। परिजनों ने सीधे तौर पर बदलापुर कोतवाल शेषनाथ शुक्ला, एसओजी प्रभारी त्रिवेणी सिंह और सीओ बदलापुर पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस के इन अधिकारियों ने विपक्षी पक्ष से मोटी रकम लेकर मामले की जांच को प्रभावित किया है और निर्दोष बच्चों को गलत तरीके से केस में फंसाया है। प्रशासन न्याय देने के बजाय हमारी आवाज दबाने में जुटा है।

### तीन माताओं की चीख से गूंजी तहसील

जौनपुर। रिसॉर्ट पर पाबंदी के बाद सैकड़ों की संख्या में लोग पैदल मार्च करते हुए बदलापुर तहसील पहुंचे। इस प्रदर्शन का नेतृत्व हत्याकांड में फर्जी फसाए गए युवकों की माताएं कर रही थीं। सीमा सिंह (माता- स्वाधीन सिंह उर्फ कृष्णा सिंह)रेखा मिश्रा (माता- आलोक मिश्रा)अनीता (माता- रत्नेश गौतम)इन तीनों माताओं ने रोते हुए प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनके बेटों की हत्या न्यायिक हत्या की जा रही है और अब उन्हें न्याय मांगने से भी रोका जा रहा है।

# खड़े ट्रक से भिड़ी बाइक दो युवकों की मौत

जौनपुर। नेवढ़िया थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात में खड़े ट्रक से बाइक पर सवार तीन युवक टकरा गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की आवाज सुनकर पहुंचे स्थानीय लोगों ने पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जबकि घायल को एम्बुलेंस की मदद से रामपुर पीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया परिजन उसको आनन-फानन में लेकर भदोही जिले के निजी अस्पताल पहुंचे, जहां उसको आईसीयू में रखा गया है। तीनों बाइक सवार वाराणसी में बारात से वापस आ रहे थे। पुलिस ने ट्रक और क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर दिया है। घटना नेवढ़िया थाना क्षेत्र के नोनारी गांव स्थित बाबतपुर-जमालापुर मार्ग का है। मृतकों की पहचान 39 वर्षीय कैलाश पटेल पुत्र कमला पटेल और 29 वर्षीय अरुण पटेल पुत्र लालबहादुर पटेल के रूप में हुई है। जबकि घायल की पहचान 30 वर्षीय विनोद पटेल पुत्र अमरनाथ के रूप में हुई है। यह तीनों रसुलहा गांव के निवासी हैं ।यह तीनों गांव के ही युवक के बारात में मंगलवार को वाराणसी जिले के फूलपुर थाना क्षेत्र के तड़सड़ा गए थे। वहां से रात में खाना खाने के बाद तीनों एक ही बाइक पर 11 बजे घर को निकले थे। लेकिन बाबतपुर-जमालापुर मार्ग पर नोनारी तिराहे के पास खड़े ट्रक में उनकी बाइक जा टकराई। हादसे में कैलाश और अरुण की मौत हो गई ज्ञात हो कि मृतक अरुण अपने पिता का अकेला लड़का था। उसकी तीन महीने पहले शादी हुई थी। पिता होमगॉर्ड के रूप में नेवढ़िया थाने में तैनात हैं। इसके अलावा मृतक कैलाश घर पर रहकर खेती-बाड़ी करते थे। उनके तीन बच्चे हैं। बड़ा बेटा सुनील मुंबई में रहता है। जबकि उनके दो अन्य बच्चे गांव के ही स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं। मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## 108 व 102 एम्बुलेंस के पीएम ने किया निरीक्षण कर्मियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

हलिया, मीरजापुर। ग्रीन हेल्थ सर्विस के प्रोग्राम मैनेजर चन्द्रप्रकाश पाण्डेय ने 108 एवं 112 एम्बुलेंस सेवाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रोग्राम मैनेजर ने 108 व 112 एम्बुलेंसों में उपलब्ध पीसीआर, डीवीआर, लॉगबुक, रजिस्टर सहित अन्य आवश्यक अभिलेखों की गहन जांच पड़ताल की। इस दौरान एम्बुलेंस कर्मियों को एप्रन ड्रेस अनिवार्य रूप से पहनने तथा एम्बुलेंस की नियमित साफ सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी रजिस्टरों को अद्यतन रखने, कॉल रिस्पॉन्स समय में सुधार लाने तथा मरीजों को त्वरित, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराने के लिए कड़े दिशा-निर्देश दिए। प्रोग्राम मैनेजर ने एम्बुलेंस में उपलब्ध जीवन रक्षक उपकरणों, दवाओं एवं ऑक्सीजन की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि ड्यूटी के दौरान सभी एम्बुलेंस पूर्ण रूप से कार्यशील अवस्था में रहें। चन्द्रप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि 108 एवं 112 एम्बुलेंस सेवाएं आपात परिस्थितियों में आमजन के लिए जीवन रेखा हैं, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने एम्बुलेंस चालकों, ईएमटी एवं अन्य कर्मियों को समय पर घटनास्थल पर पहुंचने, मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने तथा विभागीय मानकों का पूरी तरह पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर संबंधित एम्बुलेंस कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जिले के तीन खिलाड़ियों का खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के लिए चयन

## कुश्ती, तिरंदाजी और गोला फेंक में दिखायेंगे दम

सोनभद्र। मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स एकेडमी दुद्धी (एमडीसीएसए) ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के माध्यम से आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाली नई उपलब्धि हासिल की है। अकेडमी के तीन होनहार खिलाड़ी कुश्ती, तीरंदाजी और गोला फेंक में राज्य का दमखम दिखाएंगे।

इस प्रतियोगिता में अनिरुद्ध 65 किलोग्राम भार वर्ग इंदिरा गांधी स्टेडियम दिल्ली में कुश्ती में उतरेंगे। उनके सगे भाई आदित्य जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में तीरंदाजी में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं न्यूनता कुमारी बिरसा मुंडा स्टेडियम मोराबादी रांची (झारखंड) में गोला फेंक में चुनौती पेश करेंगी।

मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष एवं ओलम्पिक जिला संघ के जिला उपाध्यक्ष शिवशंकर प्रसाद एड. ने बताया कि 13 जनवरी 2026 को आयोजित स्टेट ट्रायल में इन तीनों ने शानदार प्रदर्शन कर चयन अर्जित किया। अनिरुद्ध और आदित्य ग्राम धूमा के निवासी हैं, जबकि न्यूनता कुमारी बभनडीहा म्योरपुर की रहने वाली हैं। एमडीसीएसए परिवार ने खेलों के प्रति अपनी समर्पण की मिसाल पेश की है।

# स्पेशल मॉनिटर ने परखी विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता



ड्रमंडगंज, मीरजापुर। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्पेशल मानिटर डॉ पूनम मलकोंडिया ने बुधवार को क्षेत्र के महुगढ़ गांव स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। स्पेशल मानिटर ने विद्यालय में पढ़ रही छात्राओं की शैक्षिक गुणवत्ता की परख की।

कक्षा सात की छात्रा निशा से अंग्रेजी विषय की किताब पढ़ने के लिए कहा तो छात्रा ने पढ़कर सुनाया सही उच्चारण करने पर स्पेशल मानिटर ने छात्रा की पीठ थपथपाई। कक्षा की आठ की छात्राओं से कृषि आधारित चार उद्योगों का नाम पूछा तो छात्राएं सही जवाब नही दे सकी। जिसपर स्पेशल मानिटर ने छात्राओं को सही जवाब बताया। स्पेशल मानिटर ने, कंप्यूटर कक्ष, रसोई कक्ष व आवासीय परिसर का निरीक्षण किया और प्रधानाध्यापिका विभा सिंह को छात्राओं की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाने का निर्देश दिया। स्पेशल मानिटर ने प्राथमिक विद्यालय छतरिहा का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया। कंपोजिट विद्यालय ड्रमंडगंज का निरीक्षण कर बच्चों से गणित के सवालों को हल करवाया। कक्षा तीन के बच्चों द्वारा प्रश्नों का सही उत्तर देने पर प्रसन्नता जताई। कक्षा छह में अधिकतर बच्चों के नीचे बैठने पर बीएसए अनिल कुमार को बेंच की व्यवस्था करवाए जाने का निर्देश दिया। बच्चों ने स्पेशल मानिटर से बेंच, अतिरिक्त कक्ष और खेल मैदान की मांग की। स्पेशल मानिटर ने बच्चों को टाफी का वितरण करवाया। बच्चों को एक शिक्षक की तरह उत्साह वर्धन किया। वहीं विद्यालय में पहुंचे स्थानीय निवासियों ने देवता प्रसाद जूनियर हाईस्कूल ड्रमंडगंज को कागज पर चलने का आरोप लगाया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए स्पेशल मानिटर ने बीएसए अनिल कुमार वर्मा को विद्यालय की जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया।

## लालगंज में चला टीबी उन्मूलन कार्यक्रम लोगों को किया जागरूक

लालगंज, मीरजापुर। टी बी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत किसान कल्याण केन्द्र लालगंज में कैंप लगाकर 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को टीबी रोग के प्रति



जागरूक किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज के क्षय विभाग के वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक शमीम अहमद ने टीबी के समस्त लक्षणों से परिचित कराते हुए उन्हें सरकारी स्तर से प्रदान की जाने वाली समस्त निः शुल्क सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। शमीम अहमद ने बताया कि टीबी प्रभावित मरीजों को सरकारी स्तर से भारत सरकार की तरफ से 1000 रुपये प्रति माह पोषण योजना के तहत खान पान और भरण पोषण के लिए दिया जाता है, जब तक टी बी की दवा चलेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी को टी बी के लक्षण दिखाई देते हैं तो वे अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं और इस मानवीय कार्य में सहयोग करें। इस अवसर पर डॉक्टर पंकज, डॉक्टर मनोज, शमीम अहमद, धनंजय श्रीवास्तव (वर्ड हेल्थ पार्टनर), नीरज सिंह एल टी आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में तीन संदिग्ध रोगियों की स्क्रीनिंग की गई और उन्हें इस्पुटम कंटेनर दिया गया।

# जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का उद्घाटन

जिला संवाददाता(vol)



आजमगढ़। विज्ञान एवं प्रौद्यागिकी विभाग, उप्र के तत्वाधान में पीएम श्री राजकीय बालिका विद्यालय आजमगढ़ में आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वारा उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा-9 से 12 तक के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए मॉडलों का बारीकी से निरीक्षण कर बच्चों से उनके मॉडल के बारे में जानकारी ली गयी तथा बच्चों को प्रोत्साहित भी किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आज की विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में प्रैक्टिकल लाइफ के डिफिकल्टी को कैसे दूर किया जाए, उस पर बेस्ड कई सारे मॉडल्स देखे गये हैं। इसके साथ ही उन्होने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाये गये विज्ञान मॉडलों की दिनचर्या में उपयोग के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए उनकी प्रशंसा भी किया। उन्होने कहा कि यहां पर चयनित विज्ञान मॉडल के छात्रों को जनपद स्तर पर आयोजित होने वाली उद्योग बन्धु की बैठक में आमंत्रित किया जाए और ये बच्चे अपने-अपने जो यूजफुल मॉडल है, उसके बारे में बताएंगे। हो सकता है कोई उद्यमी इनके मॉडल को प्रैक्टिकल लाइफ में कन्वर्ट करना चाहे। उन्होने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में डिग्री कालेज के छात्र-छात्राओं को भी आमंत्रित कर विज्ञान मॉडल के बारे में जानकारी दी जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में शामिल समस्त विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी ने बहुत ही अच्छे-अच्छे विज्ञान मॉडल बनाये हैं, आगे और भी अच्छा मॉडल बनाने का प्रयास करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा प्रथम स्थान अखण्ड प्रताप सिंह, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय जीयनपुर (मॉडल-आर्टिफिशिलय इन्टेलिजेन्स ऐप न्याय सेतु), द्वितीय स्थान आदर्श यादव, पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय आजमगढ़ (मॉडल-स्मार्ट डस्टबिन), तृतीय स्थान हिमांशु, वैष्णव दास हरिहर इण्टर कालेज (मॉडल-स्मार्ट सिक्योरिटी सिस्टम) तथा सांत्वना पुरस्कार अंकित यादव एवं मो0 यूनुस, रफी मेमोरियल इंग्लिश स्कूल (मॉडल-स्मार्ट व्हीलचेयर) तथा शेषनाथ शर्मा एवं लवकुश कुमार, श्री शंकर जी इण्टर कालेज गहजी (मॉडल-स्मार्ट सेन्सर युक्त पंखा, जिसमें लटकने पर सायरन बजने लगेगा एवं पंखा स्वतः बन्द हो जायेगा) को मोमेण्टो देकर सम्मानित किया गया।

विज्ञान मॉडलों का मूल्यांकन तकनीकी मूल्यांकन समिति राजकीय पालिटेक्निक, आजमगढ़ के प्रवक्तागण प्रीतकमल सिंह, डॉ0 प्रशान्त मौर्य, शिवम सिंह एवं इं० कुलभूषण सिंह द्वारा किया गया। जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय जीयनपुर, श्री वैष्णव हरिहरपुर इण्टर कालेज शेरपुर कुटी, पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय आजमगढ़, रफी मेमोरियल इंग्लिश स्कूल, अग्रसेन कन्या इण्टर कालेज आजमगढ़, अशरफिया इण्टर कालेज, डीएवी इंटर कॉलेज, श्री शंकर जी इण्टर कालेज गहजी, जनता इण्टर कालेज खुटौली, निस्वा गर्ल्स इंटर कॉलेज, रामकृष्ण विद्या मंदिर इण्टर कालेज पटवध, राजकीय बालिका इण्टर कालेज आजमगढ़ आदि विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त शिक्षा निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक विरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य जीजीआईसी आजमगढ़ रूबी खातून, भूपेश सिंह प्रवक्ता इण्टर कालेज खरिहानी आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने महर्षि चन्द्रमा आश्रम का किया भ्रमण

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने तमसा नदी के किनारे स्थित महर्षि चन्द्रमा आश्रम का भ्रमण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा नदी के किनारे एवं आश्रम परिसर की आम जनमानस के साथ मिलकर श्रमदान किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में तमसा नदी 89 किमी0 में 111 ग्राम पंचायतों से होकर बहती है। जिलाधिकारी ने कहा कि आम जनजीवन में नदी का बहुत ही महत्व है, लेकिन तमसा नदी का आम जन जीवन में महत्व के साथ-साथ पौराणिक महत्व भी है। स्थानीय लोगों का मानना है की मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम जी जब 14 साल के वनवास के लिए निकले थे, तब पहली रात उन्होंने इसी तमसा नदी के किनारे गुजारी थी। उन्होने बताया कि तमसा नदी के किनारे महर्षि दुवार्सा, महर्षि दत्तात्रेय एवं महर्षि चंद्रमा का आश्रम है।

महर्षि चंद्रमा के आश्रम में सालों भर टूरिस्ट एवं श्रद्धालु आते हैं, भ्रमण करते हैं एवं बड़ी संख्या में लोग पूजा-पाठ और तर्पण भी करते हैं। उन्होने बताया कि आगे आने वाली महाशिवरात्रि, सावन, छठ पर्व और अन्य कई मौके पर यहां मेला लगता है और उसी मेले में लाखों की संख्या में लोग प्रतिभाग करते हैं। महाशिवरात्रि और सावन में इस नदी का जल लेकर लोग मंदिरों में चढ़ाते हैं, कार्तिक पूर्णिमा के दिन बड़ी संख्या में लोग यहां स्नान करते है। जिलाधिकारी ने बताया कि रोजमर्रा की जिंदगी में भी लोग स्नान करते हैं, कपड़े भी धोते हैं, पशु को स्नान करवाते हैं, पशु इसका पानी पीते हैं, सिंचाई में इसका उपयोग होता है। उन्होने बताया कि यह नदी आम जीवन में बहुत महत्व रखती है, क्योंकि आम जनमानस इसके पानी का उपयोग करते हैं और साथ ही साथ इसका धार्मिक महत्व भी है, इसलिए जिला प्रशासन द्वारा इसमें आम लोगों का भी ध्यान आकर्षित किया गया कि जब आप जल से इतना जुड़े हैं तो इसके जल को गंदा न करें। इसी बिंदु को फोकस करके इस नदी के किनारे बसे 111 ग्रामों के ग्राम प्रधानों और अन्य कर्मचारियों को बुलाकर गत वर्ष आजमगढ़ के हरिऔध कला केंद्र में एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया था, जहां लोगों से यह अपील की गई कि नदी आपके घर के बगल से गुजरती है, आप इसके जल का उपयोग करते हैं, अगर जल साफ रहेंगी, तो आपको अच्छा भी लगेगा, आपके स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा होगा। इसी को लेकर एक मुहीम चलाई गई और जिसके फलस्वरूप इस नदी की साफ-सफाई के साथ ही नदी के किनारे जो इससे जुड़े हुए सरकारी जमीन थे, उसकी पैमाइश कराके अतिक्रमण को हटाया गया एवं जन सहयोग से वृक्षारोपण भी किया गया।

## नाबालिक को बहला कर भगाने, मारपीट व धमकी देने में एक गिरफ्तार

मड़िहान, मीरजापुर। जिले की संतनगर थाना पुलिस ने नाबालिक को बहला कर भगाने, मारपीट व धमकी देने की आरोपिता को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि थाना (तब पुलिस चौकी) सन्तनगर पर विगत वर्ष 1 अगस्त 2023 को एक महिला द्वारा नामजद लोगों के विरूद्ध नाबालिक पुत्री को बहला फुसला के भगाने व सामुहिक दुष्कर्म के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। पुलिस विभिन्न धाराओं सहित पाक्सों एक्ट का मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की थी। मामले में नवागत पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए महिला सम्बन्धित अपराध में कार्यवाही के लिए क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में घटना से सम्बन्धित लोगों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने के लिए थाना प्रभारी सन्तनगर को निर्देश दिये गये। जिसमें बुधवार को प्रभारी निरीक्षक थाना सन्तनगर मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर उपरोक्त मामले से सम्बन्धित वांछित अरोपिता पूजा पुत्री भारत लाल निवासिनी सराय ममरेज भदारी थाना सराज ममरेज, जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

संक्षेप

## प्रदेश सरकार के बजट पर भाजपाइयों ने की चर्चा

देवरिया।भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश सरकार के पेश बजट पर जिला पंचायत परिसर में चाय पर चर्चा किया।इस दौरान पूर्व जिलाउपाध्यक्ष अजय उपाध्याय ने कहा कि बजट में 43 हजार 565 करोड़ से अधिक की धनराशि केवल नई योजनाओं के लिए प्रस्तावित की गई है।

2 लाख करोड़ से अधिक की राशि पूंजीगत व्यय के लिए है, अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ीकरण करने में इसकी बड़ी भूमिका होती है, यहीं से रोजगार सृजन भी होता है।ये भाजपा सरकार का 10वां बजट है और पहली बार हुआ है जब किसी मुख्यमंत्री को उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में 10वां बजट पेश करने का अवसर प्राप्त हुआ हैजिला उपाध्यक्ष गंगा कुशवाहा ने कहा कि पिछले 9 साल में उत्तर प्रदेश ने अपनी धारणा बदलने के प्रयास किए हैं,ये बजट उन्हीं भावों का प्रतिनिधित्व करता है।9 साल में 3 गुना से अधिक उत्तर प्रदेश का बजट बढ़ा है।

# राष्ट्रवाद के विकास में मार्गदर्शक सिद्ध हो रहा दीनदयाल का एकात्म मानववाद: संतराज

**देवरिया।** भाजपा की जिला इकाई ने बुधवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में समर्पण दिवस का आयोजन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कार्यकताओं के साथ पंडित दीनदयाल

- पुण्यतिथि पर किया गया फल वितरण

उपाध्याय पार्क में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा परिसर में साफ सफाई भी की। इसके पश्चात पुरवा स्थित कुष्ठश्रम में गरीबों को फल भी वितरित किया।पार्टी कार्यालय पर आयोजित समर्पण दिवस कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए जिला प्रभारी व उत्तर प्रदेश भूमी विकास बैंक के अध्यक्ष संतराज यादव ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद राजनीतिक परिदृश्य में पूंजीवाद, साम्यवाद और समाजवाद तेजी से उभर रहे थे।ऐसे समय में पं. दीनदयाल जी ने एकात्म मानववाद का सिद्धांत प्रस्तुत किया, जो आज भी भारत के राष्ट्र निर्माण में मार्गदर्शक सिद्ध हो रहा है।उन्होंने बताया कि पं. दीनदयाल ने अंत्योदय और एकात्म मानववाद के विचार को 1965 में विजयवाड़ा अधिवेशन के दौरान पार्टी की नीति और विचारधारा का हिस्सा बनाया। उनके नेतृत्व और पुरुषार्थ से ही1964 तक कांग्रेस के विकल्प के रूप में भारतीय जनसंघ की स्थापना संभव हुई, और दिल्ली नगर निगम के चुनाव जीतकर पहली बार सत्ता में आई।

जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि एकात्म मानववाद के प्रणेता और प्रखर राष्ट्रवादी विचारधारा के पोषक पंडित दीनदयाल उपाध्याय का विचार यह था कि समाज, राजनीति और



अर्थव्यवस्था को अलग-अलग खांचों में नहीं देखा जा सकता।मानव जीवन की भौतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं का संतुलित विकास ही वास्तविक प्रगति है।उन्होंने अंत्योदय की अवधारणा प्रस्तुत की, जिसके अनुसार राष्ट्र की उन्नति का पैमाना वही होगा, जहां समाज के अंतिम व्यक्ति को भी सम्मानजनक जीवन मिल सके। पूर्व विधायक डा सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि आज पार्टी के पास विश्व के सबसे बड़े कार्यकर्ता संगठन का गौरव है, और इसके पीछे पं. दीनदयाल उपाध्याय जैसे कई विभूतियों का अथक प्रयास है।

उन्होंने बताया कि पं. दीनदयाल ने राजनीति को सत्ता और पद की साधना नहीं बल्कि राष्ट्र सेवा का माध्यम माना।कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, अंतयार्मी सिंह, ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रमोद शाही ने किया तथा कार्यक्रम के संयोजक वीरेंद्र सिंह ने सभी का आभार प्रकट किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, अजय शाही, नीरज शाही, सज्जन मणि त्रिपाठी, अभय नाथ तिवारी, नरेंद्र मिश्रा पप्पू, जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, रविंद्र किशोर कौशल, अरविंद पांडे बबुना, कृष्णनाथ राय, गंगा सिंह कुशवाहा, अजय उपाध्याय, रमेश सिंह, अजय कुमार दुबे, ऊषा पासवान, त्रिपुनायक विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, निर्मला गौतम, अंकुर राय, प्रभाकर तिवारी, भारती शर्मा, सचिंद्र शाही दीपू, सुधीर श्रीवास्तव, बजरंगी मणि, संजय पांडे, सतेंद्र मणि त्रिपाठी, डा विनय राव, शमसुद्दीन अंसारी, राजेश निषाद, जितेंद्र सिंह दिलीप जायसवाल, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## युवा कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ




**देवरिया।** आत्मा सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्टेशन योजनांतर्गत 25 दिवसीय युवा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को कृषि ज्ञान केंद्र देवरिया में किया गया।कार्यक्रम का आयोजन ज्ञान गंगा सेवा संस्थान, गोबराई के तत्वाधान में हुआ।मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री नीरज शाही और ब्लॉक प्रमुख पवन कुमार जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया। कार्यक्रम में युवा प्रशिक्षणार्थियों को कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और आधुनिक कृषि तकनीक के बारे में जानकारी दी जाएगी।डॉ एस. पी. चतुवेर्दी ने पशुपालन और रख-रखाव के उपाय बताए। जबकि अधिराज राय ने रासायनिक खादों के उचित प्रयोग पर जोर दिया।किसान और युवा प्रशिक्षणार्थियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई, और उन्हें 25 दिन में नवीनतम वैज्ञानिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।कार्यक्रम में संयुक्त कृषि निदेशक (पशुपालन) ने पशुओं के रख-रखाव और बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी।वहीं अधिराज राय, क्षेत्रीय प्रबंधक ने रासायनिक खादों के अंधाधुंध प्रयोग को रोकने के लिए वैज्ञानिक तथ्यों पर प्रकाश डाला।कृषि ज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ संतोष चतुवेर्दी तथा संस्था के सचिव डॉ गंगा शरण पांडेय और अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसान अरविंद चौहान, नंदू गाँड, चंदन गाँड, अवधेश गुप्ता, रमेश मणि, संतोष श्रीवास्तव, गोविंद शर्मा, राजन सोनकर, विवेक श्रीवास्तव, पप्पू श्रीवास्तव, उग्रसेन सिंह, आयुष मिश्र (शोध छात्र), रंजीत और भगत सिंह उपस्थित रहे।

## कुशल संगठनकर्ता दीनदयाल उपाध्याय की मनी पुण्यतिथि

**देवरिया।** भाजपा कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि पर न्यू कालोनी पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।इस दौरान व्यक्ताओ ने उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि वे प्रखर राष्ट्रवादी और कुशल संगठनकर्ता थे।उनका दिया अंत्योदय और एकात्म मानववाद का विचार आज भी प्रासंगिक है।वे हमारे प्रेरणास्त्रोत व पथ-प्रदर्शक युगों-युगों तक बने रहेंगे।उनके दिये विचारों को आज भाजपा के कार्यकर्ता और भाजपा की सरकारें जन-जन तक पहुचाने का काम कर रही है।उनके विचारों पर चलकर भाजपा सरकार अपने प्रभावी कार्यशैली का परिणाम दे रही है,जिससे देश नीति, निवेश और नवाचार के साथ आगे बढ़ रहा हैं। इस दौरान गोविन्द मणि,अम्बिकेश पाण्डेय,प्रभाकर तिवारी,रत्नेश्वर गर्ग,सुधीर श्रीवास्तव,सूरज पटेल,टमाटर लाल आदि रहें।

# टीईटी अनिवार्यता पर सरकार के दोहरे मापदंड पर विरोध प्रदर्शन

देवरिया।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ देवरिया के बैनर तले शिक्षकों ने शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी के2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के टीईटी अनिवार्यता के बयान का विरोध करते हुए सैकड़ों कि संख्या में शिक्षक भवन, ब्लॉक संसाधन कार्यालय देवरिया सदर पर शिक्षा राज्य मंत्री का पुतला फूंका एवं उनके बयान की प्रतियां जलाते हुए कड़ा विरोध जताया।

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सिंह जि ने बताया कि वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की टीईटी अनिवार्यता के मामले में सरकार द्वारा शिक्षक संघ से हुई वार्ता और संसद में दिए गए उत्तर में विरोधाभास है।इसे लेकर शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है।

इसी क्रम में संघ के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर सरकार के दोहरे मापदंड के विरोध में सांकेतिक पुतला दहन कर विरोध ज्ञापन सौंपा गया।

जिला मंत्री आनंद प्रकाश यादव ने कहा कि संघ 4की मांग है कि आर टी ई एक्ट में जो प्राविधान था कि 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रहेंगे।शिक्षकों के 20 से 25 साल के सेवा के बाद टीईटी थोपना न्याय संगत नहीं है।

इसके लिए तो सरकार को खुद आगे आकर समाज के निमार्ता शिक्षकों भविष्य की सुरक्षा करनी चाहिए।संगठन से वातार्मे शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी कहते है हम शिक्षकों के साथ है और सांसद लाल जी वर्मा द्वारा पूछे गए प्रश्न पर ठीक उल्टा बयान देते है।इससे शिक्षक आहत है।1 लाख 86 हजार शिक्षक और उनके परिवार सरकार की रवैया को माफ नहीं करेंगे।

वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डॉ सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि माननीय न्यायाधीश भी 20 वर्ष की सेवा के बाद को योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण करेंगे या पुलिस विभाग के अधिकारी को दौड़ एवं योग्यता परीक्षा पास करने की स्थिति आ जाए तो सारी व्यवस्था चरमरा जाएगी।

जिला संयुक्त मंत्री ऋषिकेश जायसवाल आवश्यकता पड़ी तो यह लड़ाई जिले से लेकर दिल्ली तक लड़ी जाएगी और शिक्षकों के अधिकारों के लिए संघ हर स्तर पर संघर्ष करेगा।

उक्त अवसर पर उपाध्यक्ष शफीक अहमद खान, विनोद कुमार मिश्रा, बैजनाथ पति त्रिपाठी, जयप्रकाश सिंह, संदीप कुमार द्विवेदी, गोविंद मिश्रा, जीतू कन्नौजिया, राष्ट्रपति शुक्ला, सूरज कुमार वर्मा, संजय सिंह और नित्यानंद यादव, विक्रम प्रताप राव, निर्भय राय, रमेश कुमार यादव, संजय पांडेय, रमेश प्रताप यादव, रवींद्र यादव, रामसिंगार यादव, दुगार्नंद दीक्षित, राजेश उपाध्याय, शाकिर अली, पुरुषोत्तम, संजय पांडेय, सत्येंद्र सिंह, राजकपूर, कृष्ण कुमार सिंह, आशुतोष शाह, राजकपूर उपस्थित रहे।

## मुकेश महेरोत्रा की मनायी गयी प्रथम पुण्यतिथि

अयोध्या। जालपा मंदिर स्थित शारदा निकेतन एस.एन. एकेडमी में विद्यालय के प्रबंधक स्व. मुकेश महेरोत्रा की प्रथम पुण्यतिथि पर स्मृति दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रह्माकुमारी बीके शशि एवं उनके साथ आए अन्य भाई-बहनों ने स्व. मुकेश महेरोत्रा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने आध्यात्मिक विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका जीवन शिक्षा, सेवा और संस्कारों के प्रसार के लिए समर्पित रहा।विद्यालय परिवार ने उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने संस्थान को नई दिशा दी और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए। बच्चों ने भजन, एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्हें याद किया।कार्यक्रम के अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम 13 फरवरी को 15 किमी पैदल यात्रा

देवरिया।मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से टाउन हॉल स्थित पार्टी कार्यालय में एक तैयारी बैठक आयोजित की गई। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिले के वरिष्ठ कांग्रेस जन, फ्रंटल संगठनों, विभागों और विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों सहित उपस्थिति रही।

बैठक में 13 फरवरी दिन शुक्रवार को प्रस्तावित 15 किलोमीटर लंबी पदयात्रा की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। यह पदयात्रा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र में आयोजित की जायेगी। जिसका मुख्य उद्देश्य गांव-गांव जाकर मनरेगा के मुद्दे पर जन जागरुकता फैलाना है।पदयात्रा के दौरान ग्राम पंचायतों में चौपालें, बाजार हाट में नुक्कड़ सभाएं तथा जिला मुख्यालय पर नगर पालिका परिषद स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के पास समापन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। पदयात्रा का रुट चार्ट तैयार कर लिया गया है।

रुट चार्ट इस प्रकार निम्नवत है।

रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोरेया घाट के अम्बेडकर प्रतिमा के पास चौपाल सुबह 10:00 बजें, ग्राम पंचायत विशुनपुर कलां में चौपाल 11:30 बजें,ग्राम पंचायत लाहिलपार दुर्गा मंदिर परिसर में चौपाल अपराह्न 1:00 बजें,महुआनी चौराहा जन संवाद 2:00 बजें,बड़हरा चौराहा पर नुक्कड़ सभा 3:00 बजें होगा। पदयात्रा का समापन नगर पालिका परिषद स्थित महात्मा गांधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सांय 4:30 बजें समापन किया जायेगा।कांग्रेस पार्टी इसके खिलाफ जन जन की आवाज बनकर सड़क से सदन तक संघर्ष कर रही है। सभी कांग्रेस जनों से एकजुट होकर इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष राधवेंद्र सिंह 'राकेश' नागेंद्र शुक्ला,वरुण राय, जयप्रकाश धनगर, भरत मणि त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी, सीएमओ को देंगे ज्ञापन एनएचएम संविदा कर्मी

**कुशीनगर।** एनएचएम के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारी जिसमें विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत डॉक्टर, पैरामेडिकल, फार्मासिस्ट, नर्स स्टाफ, एल टी, सी.एच.ओ., सुपरवाइजर, चांसलर, व मैनेजमेंट आदि के कर्मचारियों की सेलरी विगत छः माह से नहीं मिलने की वजह से कर्मचारियों को परिवार के खर्चे चलाने मुश्किल हो गए हैं।संविदा कर्मी सबसे कम वेतन भोगी हैं इसके बाद भी सेलरी समय से नहीं मिलती है।इसको लेकर प्रदेश के संगठन पदाधिकारी के आह्वान पर प्रदेश के प्रत्येक जिलों में जिलाधिकारी और सीएमओ को बृहस्पतिवार को ज्ञापन दिया जाना है।इसकी जानकारी कुशीनगर के संविदा एनएचएम अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पांडे ने दिया है।

## डीएम ने किया कलेक्ट्रेट का निरीक्षण, दिया सख्त निर्देश



**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय का निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं–अभिलेखागार, आपदा, नजारत सहित अन्य कार्यालयों–का विस्तृत अवलोकन किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण और लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिया। संयुक्त कार्यालय भवन में आवश्यक मरम्मत शीघ्र कराने, कुशीनगर जनपद के अभिलेखों को संबंधित स्थान पर प्रेषित करने और अभिलेखागार में 185 गांवों के नक्शों के संकलन का आदेश भी दिया।जलापूर्ति अधिकारी कार्यालय के सामने अव्यवस्थित विद्युत व इंटरनेट तारों को दो दिनों में व्यवस्थित करने के निर्देश अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयों में स्वच्छता, अभिलेख व्यवस्था और जनहित से जुड़े प्रकरणों के त्वरित निस्तारण को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

## कसया क्षेत्र पंचायत की बैठक में नये प्रस्तावों का अनुमोदन




जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** कसया विकास खंड के सभागार में क्षेत्र पंचायत कसया में कार्यकाल की अंतिम बैठक संपन्न हुई। जिसमें पिछली कार्यवाहियों की पुष्टि की गई और ग्राम पंचायतों से आए नए प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया।

बुधवार को क्षेत्र पंचायत की हुई में केंद्रीय वित्त/राज्य वित्त, मनरेगा और कार्य योजनाओं के प्रस्ताव पारित किए गए।

ग्राम सभाओं से आए प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। खंड विकास अधिकारी हरी शंकर मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमरजीत यादव ने ग्राम विकास पर चर्चा करते हुए गांवों के उन्नति और विकास पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख रीना यादव और संचालन एडीओ पंचायत नीरज चतुवेर्दी ने किया। इस दौरान जिपंस अलाउद्दीन अंसारी, जिपंस नीतीश कुमार यादव, ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष अकबर अंसारी, अध्यक्ष प्रधान संघ विजय बहादुर यादव, उपाध्यक्ष मोहन लाल गुप्ता, राजेश शर्मा, संजय यादव, संजीव सिंह, रामशंकर कुशवाहा, मंजू देवी, सरोज राय, सितारा देवी, दुर्वागती देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य मिठाई लाल, मिंटू देवी, हरिकेश, सुरेन्द्र यादव, निर्भय सिंह, ब्यास यादव, अनीता देवी, गोरख ठाकुर, शबनम जहां, जितेन्द्र कुशवाहा, परशुराम, रोहित सिंह, रामकेवल सिंह, जनार्दन पाल, अनीता गौड़, एडीओ कोऑपरेटिव देव कांत मणि पाठक, एडीओ एजी राम नगीना कुशवाहा, सचिव पवन कुमार, सचिव डॉ सरिता गुप्ता, लिपिक व्यास प्रसाद, कंप्यूटर ऑपरेटर अविनाश कुमार शुक्ला सहित प्रधान, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पट्टा निरस्त करने की मांग, मुसहर समाज ने किया कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जनपद के दुदही विकासखंड के ग्राम पंचायत लोहारपट्टी टोला चिरकुटहां में सामुदायिक बंजर भूमि के कथित अवैध पट्टे को लेकर मुसहर समाज का गुस्सा बुधवार को सड़कों पर दिखाई दिया। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं-पुरुष कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर विवादित पट्टे को तत्काल निरस्त करने की मांग की।ग्रामीणों का आरोप है कि मुसहर बस्ती के बीच स्थित आराजी संख्या 358 की नवीन परती एवं बंजर भूमि का वर्षों से समाज द्वारा शादी-विवाह, सामाजिक बैठक और अन्य सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए उपयोग किया जाता रहा है।समाज के लोगों ने अपने संसाधनों से इस भूमि की चारदीवारी भी कराई थी, ताकि यह सामूहिक उपयोग के लिए सुरक्षित रह सके।ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि ग्राम प्रधान ने कथित रूप से लगभग छह लाख रुपये लेकर उक्त भूमि का कृषि पट्टा ग्राम पंचायत निवासी कन्हई



कुशवाहा के नाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यह भूमि किसी एक व्यक्ति को देने योग्य नहीं थी, क्योंकि यह पूरे मुसहर समाज की सामाजिक गतिविधियों का केंद्र रही है।ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाया कि जिनके नाम पट्टा किया गया है, उनके परिवार के सदस्य विदेश में रहकर अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं, ऐसे में समाज की साझा जमीन का व्यक्तिगत लाभ के लिए हस्तांतरण न्याय और नियमों के खिलाफ है। मुसहर समाज ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, विवादित पट्टा निरस्त किया जाए और भूमि को ग्राम पंचायत के नाम सुरक्षित रखा जाए, ताकि भविष्य में भी यह जमीन समाज के सार्वजनिक उपयोग में आती रहे।कलेक्ट्रेट परिसर में जुटे ग्रामीणों ने साफ कहा कि यदि समय रहते न्याय नहीं मिला तो वे व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

## उत्तर प्रदेश के बजट के कोई राहत नहीं- सिर्फ खानापूर्तिः कांग्रेस जिलाध्यक्ष



**कुशीनगर।** जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी कुशीनगर रविंद्र विश्वकर्मा 'राधे' ने प्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा लखनऊ में बजट सत्र के दौरान पेश किए गए बजट को लेकर तीखी आलोचना करते हुए कहा है कि बजट खाना पूर्ति तक सिमट कर रह गई है और आम जनता को कोई फायदा नहीं हुआ है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री विश्वकर्मा ने कहा कि। आज उत्तर प्रदेश सरकार के बजट ने जनता की सारी उम्मीदें तोड़ दीं।किसान, युवा और गृहिणियों के लिए कोई राहत नहीं - सिर्फ खानापूर्ति हुई। भाषण लंबा था, लेकिन जनता की आवाज अनसुनी रह गई।

# शरद कुमारी देवी समेत डेढ़ दर्जन पर धोखाधड़ी का मुकदमा

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** पडरौना का बड़ा दरबार आनंद भवन इन दिनों कानूनी जंग में तब्दील हो गया है।न्यायालय के निर्देश पर कोतवाली पडरौना पुलिस ने राज परिवार की सदस्य शरद कुमारी देवी सहित करीब डेढ़ दर्जन लोगों के

- पुश्तैनी जमीन पर राजदरबार से टकराव, हाई-प्रोफाइल नामों पर एफआईआर दर्ज, बना चर्चा का विषय
- कोर्ट के आदेश पर बड़ा दरबार से जुड़े लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, कूटरचना और आपराधिक साजिश की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। हाई-प्रोफाइल नामों के शामिल होने से राजनीतिक और सामाजिक हलकों में हलचल बढा दी है।

बतादे कि पडरौना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जंगल बेलवा टोला चौरसिया स्थित आराजी संख्या 604, रकबा 1.2830 हेक्टेयर भूमि को लेकर विवाद खड़ा हुआ है।

वादी सुरेन्द्र यादव का कहना है कि उक्त जमीन उनके पूर्वजों की पुश्तैनी संपत्ति है और आजादी से पहले से उनके परिवार का कब्जा रहा है।पिता की मृत्यु के बाद विधिवत वरासत के जरिए जमीन उनके नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है।कई फसली वर्षों के इंतखाप भी उनके पास मौजूद हैं। सुरेन्द्र यादव का आरोप है कि शरद कुमारी देवी, पुत्री राजा अनिरुद्ध प्रताप नारायण सिंह, निवासी राजदरबार पडरौना, ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर साजिश रची और धोखाधड़ी के जरिये जमीन का बैनामा करा लिया। आरोप है कि गिरिजेश कुमार जायसवाल, सज्जाद अली, अखिलेश तिवारी, मनीष जायसवाल, संजीव जायसवाल, सूर्यप्रकाश शुक्ला, सतीशचन्द्र कुशवाहा समेत अन्य लोगों के नाम पर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराई गई।

वादी का यह भी कहना है कि बैनामों में कूटरचना कर दस्तावेज तैयार किए गए और गवाहों ने यह जानते हुए हस्ताक्षर किए कि जमीन विवादित है।मामले में कई गवाहों को भी आरोपी बनाया गया है।

### पलटवार से तेज हुई जंग

कहना ना होगा कि बीते माह इसी प्रकरण में शरद कुमारी देवी की तहरीर पर सुरेन्द्र यादव समेत नौ लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ था।अब न्यायालय के आदेश पर दर्ज इस नए मुकदमे ने मामले को सीधी टक्कर में बदल दिया है। शहर में इसे ह्लपलटवार की एफआईआरह्व के तौर पर देखा जा रहा है।

### जांच की कसौटी पर राजस्व रिकॉर्ड

पुलिस का कहना है कि मुकदमा न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ है और विवेचना में राजस्व अभिलेख, बैनामा दस्तावेज, इंतखाप, गवाहों के बयान और कब्जे की स्थिति की बारीकी से जांच की जाएगी।

### सवालों के घेरे में

### हाई-प्रोफाइल जमीन

बड़ा दरबार से जुड़ी जमीन पर उठे इस विवाद ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं क्या यह पुरानी रंजिश का परिणाम है? क्या बैनामों में सचमुच कूटरचना हुई? या फिर यह स्वामित्व के दावों की जटिल कानूनी लड़ाई है? फिलहाल जिले मे इस बात को लेकर चर्चा जोरो पर है कि यह मामला आने वाले दिनों में और बड़े खुलासों का कारण बन सकता है. अब देखना दिलचस्प होगा कि दोनो मुकदमे को लेकर क्या गुल खिलाती है?

## महाशिवरात्रि पर भजन व झांकी का होगा आयोजन

गोसाईंगंज अयोध्या। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गोसाईंगंज कस्बे के कटरा मुहल्ले के पोस्टआफिस गली में स्थित रामेश्वर शिव मंदिर के शिव वाटिका में शिव भजन एवं झांकी का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी पूर्व सभासद शशिकुमार अँगियार,अनूप गुप्ता व अरुण मोदनवाभोलेनाथ के इस महापर्व पर रविवार को दिन के तीन बजे से कार्यक्रम शुरू होगा।

## कुशीनगर में 15 दिवसीय संस्कृत संगीत कार्यशाला 16 फरवरी से प्रारंभ

कसया, कुशीनगर।उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ एवं मीरा सुरेश सेवा न्यास, कसया के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय प्रस्तुति आधारित संस्कृत संगीत कार्यशाला का आयोजन दिनांक 16 फरवरी 2026 से राहुल शिशु शिक्षा निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कुशीनगर में किया जाएगा।संस्था के चीफ ट्रस्टी राजू कुमार मद्धेशिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को संस्कृत संगीत का सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।साथ ही संस्कृत भाषा एवं साहित्य से संबंधित विशेष कक्षाओं का संचालन कर विद्यार्थियों में संस्कृत के प्रति रुचि, अनुराग एवं सांस्कृतिक चेतना विकसित की जाएगी।उन्होंने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा के अनुरूपीकरण, संस्कृत संगीत एवं साहित्य में वर्णित सिद्धांतों का व्यवहारिक प्रशिक्षण तथा भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति प्रेरित करना है।कार्यशाला के समापन अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा संगीत मंचन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसकी संभावित तिथि 07 मार्च 2026 निर्धारित की गई है।साथ ही कार्यशाला पूर्ण करने वाले सभी प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।संस्था ने क्षेत्र के इच्छुक छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है।

## डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन में लापरवाही पर नगर निगम ने दी सख्त चेतावनी

अयोध्या।नगर निगम ने शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के ठेकों से जुड़ी लापरवाहियों पर कड़ी चेतावनी दी है।महापौर ने कूड़ा कलेक्शन से जुड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों को तलब कर 10 दिन के अंदर सुधार न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।नगर निगम ने शहर को तीन जोन में विभाजित कर डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के ठेके पृथ्वी, ग्रीनटेक और ओम स्वच्छता को दे रखे हैं।उन्होंने ठेकेदारों को निर्देश दिया है कि वे रोज समय-बद्ध रूप से घर-घर कूड़ा उठाएं।

## परिवार परामर्श केंद्र ने परिवार को टूटने से बचाया



**बहराइच।** आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया।परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्वों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

## महापंचायत 16 को

**देवरिया।** यूजीसी रेगुलेशन 2026 एवं अन्य अन्यायपूर्ण कानूनो को समाप्त करने हेतु समान न्याय संघर्ष समिति ने सम्पूर्ण जनपद में चलाए जा रहे ₹मांगपत्र अभियान₹ हेतु आज दसवें दिवस में सुभाष चौक पर कैंप लगाया जहां लगभग सैकड़ों लोगो ने अपनी बात महामहिम तक पहुंचाने के लिए मांगपत्र भरा। यह मांगपत्र आगामी 16 फरवरी को देवरिया के चंडिका छात्रावास के मैदान में होने वाले महापंचायत के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया को जिला प्रशासन द्वारा भेजा जाएगा।इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने बताया कि आगामी 16 फरवरी को शहर के महारानी चंडिका छात्रावास के प्रांगण में होने वाला महापंचायत ऐतिहासिक होगा।

संक्षेप

## क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

पाटन उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र के ग्राम लालपुर में जय मां आनंदी समिति द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी सूरज सिंह चैहान व शिव वीर सिंह वीरू द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सुंदर और प्रतिस्पर्धा युक्त खेल खेलने की बात कही तथा कहा कि खेल से खिलाड़ियों का मानसिक, शारीरिक व बौद्धिक विकास होने के साथ आपसी भाईचारा भी स्थापित होता है। उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए ईर्ष्या की भावना से नहीं तथा खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच नरापतिखेड़ा व मोहकमपुर के बीच खेला गया। मोहकमपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में चार विकेट खोकर 107 रन का स्कोर बनाया। के डी ने 27 व सचिन सिंह ने 26 रनों का योगदान दिया वहीं अनुराग ने 11वें ओवर में हैट्रिक लगाकर मैन ऑफ द मैच बने। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी नरापति खेड़ा की क्रिकेट टीम ने 11 ओवर की समाप्ति पर अपने सभी खिलाड़ी खोकर मात्र 73 रन ही बना सकी। इस प्रकार मोहकमपुर ने 35 रनों से विजय हासिल की। इस मौके पर क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजक एवं संरक्षक कमल किशोर भइया जी ने आए हुए अतिथियों को बैच लगाकर माल्यार्पण अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर बच्चा सिंह, बबलू सिंह, शिवम तिवारी, संतोष बाजपेई, नीरज द्विवेदी, उमंग तिवारी, बच्चा दीक्षित, राजा बाजपेई व सम्मानित ग्राम वासी मौजूद रहे।

## सामाजिक समरसता ही विकास का आधार

सीतापुर। तीर्थ नगरी नैमिषारण्य स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में एक्शन पार्टी (ऐजा) के राष्ट्रीय महासचिव एवं चीफ को-ऑर्डिनेटर अनुराग सारथी ने वर्तमान राजनीति पर तीखा प्रहार करते हुए सामाजिक समरसता और विकास को पार्टी का मुख्य एजेंडा बताया। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर की राजनीति में सांप्रदायिक भेदभाव, हिंदू/मुस्लिम मुद्दे तथा सवर्ण, पिछड़ा और दलित वर्गों के बीच दरार पैदा कर सामाजिक एकता को कमजोर किया जा रहा है। इसके चलते शिक्षा, सुरक्षा और विकास जैसे मूलभूत मुद्दे चर्चा से बाहर होते जा रहे हैं। पार्टी समाज के सभी वर्गों को जोड़कर सर्वसद्भाव और विकास के पथ पर आगे बढ़ने का अभियान चलाएगी। सारथी ने आरोप लगाया कि कई राजनीतिक दल अपनी जिम्मेदारियों से दूर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि कुछ नीतियों और कानूनों के कारण सामाजिक ताना-बाना प्रभावित हुआ है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा के नेतृत्व में सामाजिक समरसता और सांप्रदायिक सद्भाव को मजबूत करने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने घोषणा की कि आगामी जिला पंचायत चुनाव में जनपद की सभी सीटों पर पार्टी जिताऊ प्रत्याशी उतारेगी। इसके लिए 27 मार्च से विभिन्न जिलों में सात दिवसीय एक्शन रैली निकाली जाएगी, जिसका नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद मिश्रा करेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने दावा किया कि संगठन जमीनी स्तर पर विस्तार कर रहा है और जनता के बीच शिक्षा, सुरक्षा व विकास को लेकर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।

## आईजीआरएस निस्तारण में सीतापुर प्रदेश में अव्वल

सीतापुर। जनपद सीतापुर ने एक बार फिर प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट कार्य का परचम लहराया है। जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के आधार पर सीतापुर को पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही जिले के 26 थानों ने भी अपने-अपने स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद के सभी थानों को जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए थे। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री दुर्गेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में सभी सर्किल एवं थानों ने प्रभावी ढंग से कार्य करते हुए शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर फीडबैक भी लिया, जिसमें पुलिस कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त किया गया।

# सरकारी पैथोलॉजी में सुबह से इंतजार करते रहे मरीज



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में बुधवार को मरीजों की भीड़ रही। सुबह 10 से बजे से सैंपल देने के लिए लाइन में लगे मरीजों को डेढ़ बजे तक सर्वर न आने से जांच नहीं हो पाई। यह सुनकर मरीजों ने हंगामा किया।

सैंपल न होने से 150 मरीजों को मायूस होकर लौटना पड़ा। पैथोलॉजी में सर्वर की समस्या सुबह से रही। इसी कारण सैंपल लेने में भी देरी हुई। इंतजार में मौजूद मरीजों व तीमारदार

### नहीं आया सर्वर

नाराज हो गए। करीब आधे घंटे तक हंगामा शोर-शराबा होता रहा। मरीजों ने बताया कि ओपीडी में डॉक्टर को दिखाया तो उन्होंने खून की जांच कराने की सलाह दी। सैंपल देने के लिए कई घंटे इंतजार कर रहे थे लेकिन कर्मचारियों द्वारा सर्वर की दिक्कत बताई जा रही थी। मरीजों का कहना था कि स्वास्थ्य कर्मियों ने सर्वर न आने को कहकर अगले दिन आने की बात कही। जांच जरूरी होने के कारण कुछ मरीजों को निजी पैथोलॉजी से जांच करानी पड़ी, जबकि जिला अस्पताल में 25 मरीजों के खून का सैंपल जांच के लिए लिया गया।

### बोले मरीज

शहर के तालिफसराय की बानो निशा ने बताया कि उन्हें एक सप्ताह से बुखार आ रहा था। डॉक्टर ने जांच कराने की बात कही। पैथोलॉजी में सुबह नौ बजे लाइन में लग गई थी लेकिन सर्वर न आने पर स्वास्थ्य कर्मियों ने अगले दिन आने की बात कहकर चलता कर दिया।

हड़हा निवासी आशीष मिश्रा ने बताया कि जिला अस्पताल में अस्थि रोग विशेषज्ञ को दिखाया तो उन्होंने खून की जांच लिखी 11 बजे पैथोलॉजी में सैंपल देने के लिए लाइन में लग गए लेकिन सर्वर न आने से बिना जांच कराए लौटना पड़ा।

### क्या बोले सीएमएस

इसकी जानकारी के लिए सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने बताया सर्वर नहीं आ रहा था, उसमें क्या किया जा सकता है।

## कमलापुर में सड़क हादसाः घर लौट रहे पिता-पुत्र समेत तीन की मौत



सीतापुर। बुधवार की शाम कमलापुर क्षेत्र में एक ऐसा दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने दो परिवारों की खुशियां पलभर में छीन लीं। बैकुंठपुर गांव के पास कमलापुरझमास्टरबाग मार्ग पर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार तीन लोगों को कुचल दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों की मौके पर ही सांसें थम गईं। भिठौली निवासी हरिकेश (45) अपने बेटे अंकुल (22) और ससुर गया प्रसाद (59) के साथ हरिहरपुर जमरखा से वापस घर लौट रहे थे। किसी को अंदाजा भी नहीं था कि यह उनका आखिरी सफर साबित होगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पीछे से आ रहे डंपर चालक ने तेजी में ओवरटेक करने की कोशिश की और नियंत्रण खो बैठा। बाइक को टक्कर मारते ही तीनों सड़क पर जा गिरे और भारी वाहन उन्हें रौंदता हुआ निकल गया। हादसे के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों की आंखों के सामने तीनों ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और फरार डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।उधर, जैसे ही यह खबर गांव पहुंची, परिजनों में चीख-पुकार मच गई। एक ही परिवार के तीन लोगों की असमय मौत से पूरे इलाके में मातम पसरा है। गांव की गलियों में सन्नाटा और हर आंख नम दिखाई दे रही है।

# खागा से शुरू होगी मनरेगा बचाओ संग्राम यात्रा



फतेहपुर। प्रदेशव्यापी 'मनरेगा बचाओ संग्राम ग्रामीण मजदूर संवाद यात्रा' को सफल बनाने के लिए जिला कांग्रेस ने कमर कस ली है।

बुधवार को ज्वालागंज स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में जिला और शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों ने यात्रा की रूपरेखा तय की तथा विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। यह यात्रा खास तौर पर ग्रामीण मजदूरों को मनरेगा योजना के महत्व और उनके अधिकारों की रक्षा के प्रति जागरूक करने का उद्देश्य रखती है।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने बताया कि यात्रा खागा तहसील के ग्राम त्रिलोचन पुर से प्रारंभ होगी। यह मार्ग में पड़ने वाले गांवों कूरा, एलई आदि से गुजरते हुए खागा कस्बे में समापन होगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पूरी यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न की जाए। यात्रा के दौरान ग्रामीण मजदूरों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें मनरेगा जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं पर हो रहे कथित हमलों से अवगत कराया जाएगा। द्विवेदी ने कहा, ₹कांग्रेस पार्टी का मूल मंत्र ही ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा है। यह यात्रा उसी संकल्प को मजबूत करेगी।₹शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने भी पदाधिकारियों को यात्रा को शांतिपूर्ण और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी घटना यात्रा के उद्देश्य को प्रभावित न करे। गुड्डा ने कार्यकताओं से अपील की कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को एकजुट करें ताकि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ ग्रामीणों की एक मजबूत आवाज बने। बैठक में प्रमुख उपस्थित पदाधिकारीबैठक में निम्नलिखित प्रमुख पदाधिकारियों ने भाग लिया और यात्रा की सफलता के लिए उत्साह दिखायाःउपाध्यक्ष कलीम उल्ला सिद्दीकीपार्टी प्रवक्ता ई. देवी प्रकाश दुबेपूर्व अध्यक्ष पप्पू पालकोऑर्डिनेटर आरिफ खानराजीव लोचन निषाद पंडित राम नरेश महराज ओम प्रकाश कोरीसुधीश पांडेयमोहित मिश्रा सैयद सहाब अलीनिजामुद्दीन कौशल कुमार शुक्ला अजय बच्चा यह यात्रा प्रदेश के अन्य जिलों में भी एक साथ आयोजित हो रही है, जो कांग्रेस की मनरेगा बचाओ मुहिम का हिस्सा है।

## आचार्य कुलम में सामूहिक उपनयन संस्कार संपन्न

फतेहपुर। आचार्य कुलम में धूमधाम से संपन्न हुआ सामूहिक उपनयन संस्कार, बटुकों को मिली वर्ण सामग्रीफतेहपुर। आचार्य कुलम द्वारा आयोजित भव्य सामूहिक उपनयन संस्कार कार्यक्रम गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।

आचार्य विनोद शुक्ला की अध्यक्षता में वैदिक परंपराओं के अनुरूप यह संस्कार संपन्न हुआ, जिसमें आचार्य कुलम के सभी आचार्यों ने वैदिक मंत्रों के जाप के साथ बटुकों को दीक्षा प्रदान की। विशेष अतिथि के रूप में अशोक तपस्वी की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और गरिमामय बना दिया। यह आयोजन वैदिक संस्कृति को जीवंत रखने और नई पीढ़ी को संस्कारित करने का प्रतीक साबित हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ क्षौरकर्म से हुआ, उसके बाद आचार्यों ने मंत्रोच्चारण के बीच सभी बटुकों का उपनयन संस्कार पूर्ण किया। संस्थान की ओर से प्रत्येक बटुक को वर्ण सामग्री सहित संपूर्ण सामग्री उपलब्ध कराई गई। सभी माताओं ने बटुकों को भिक्षा प्रदान कर आशीर्वाद दिया, जो वैदिक रीति का अभिन्न अंग है। इस दौरान काशी गण के सदस्यों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।प्रमुख उपस्थित अतिथि और आचार्यकार्यक्रम में निम्नलिखित प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लियाःकाशी गण से मनोज शुक्ला, डॉ. शिवप्रसाद त्रिपाठी, पंकज त्रिवेदी, बच्चा तिवारी, अनिल अग्निहोत्री, सुनील अग्निहोत्री, अंकित शुक्ला, चंद्रधर मिश्रा, एडवोकेट गोरेलालआचार्यगणः आचार्य सत्यानंद, आचार्य जुगल किशोर, आचार्य अशोक बाजपेई, रमन द्विवेदी, संतोष तिवारी, राज किशोर द्विवेदी, संतोष सिंह, चंद्रिका शुक्ला, राजेंद्र त्रिपाठीमातृशक्ति का प्रतिनिधित्वः मंजू शुक्ला, गायत्री सिंह, अंजू त्रिपाठी, सुनीता अवस्थीइन सभी ने बटुकों को मंत्र दीक्षा प्रदान कर संस्कार को पूर्णता दी। आचार्य प्रदीप तिवारी ने अंत में पधारे समस्त बटुकों, माताओं-बहनों और अतिथियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन वैदिक परंपराओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## नाबालिग लड़की को भगाने का आरोपी गिरफ्तार



पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। कोतवाली पुलिस से नाबालिग युवती को भगा ले जाने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर युवती को बरामद किया। कस्बे के एक मुहल्ला निवासी 17 वर्षीय किशोरी को कुछ दिन पूर्व भगा कर अपने साथ ले जाने के मामले में वांछित चल रहे कस्बे के मुहल्ला शीतलगंज निवासी आरोपित पवन सोनकर को पुलिस ने मंगलवार रात बस स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही किशोरी को भी सकुशल बरामद कर लिया।

कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि किशोरी को वन स्टाप सेंटर भेजा गया है। वही आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया, जहा से जेल भेजा गया है।

# एएनएम और प्रधानाचार्य पर गिरी गाज

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने मंगलवार को ब्लॉक कसमण्डा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय ऊंचाखेरा कला (कम्पोजिट) में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र पर वीएचएसएनडी सत्र का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्थाओं की पोल खोल दी।



निरीक्षण के दौरान मिली गंभीर खामियों पर डीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित महिलाओं से बातचीत के दौरान जिलाधिकारी ने उनके वैक्सीनेशन कार्ड और रजिस्टर की जांच की। रजिस्टर में अनियमितताएं और कमियां पाए जाने पर उन्होंने एएनएम चित्रांशी श्रीवास्तव को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए। डीएम ने स्पष्ट कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और मरीजों को समुचित सुविधाएं हर हाल में उपलब्ध कराई जाएं।इसके बाद जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया, जहां बच्चों की उपस्थिति कम मिलने और परिसर में गंदगी पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। रजिस्टरों में भी खामियां मिलने पर प्रधानाचार्य के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने साफ शब्दों में कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में अनुशासन और स्वच्छता से कोई समझौता नहीं होगा।निरीक्षण के दौरान डीएम ने रसोईघर में मिड-डे-मील की गुणवत्ता भी परखी और संबंधित जिम्मेदारों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने की हिदायत दी। औचक निरीक्षण से विभागीय कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा और प्रशासन की सख्ती साफ नजर दिख रही थी।

# मासूम की चिता के साथ सुलगा आक्रोश नम आंखों ने दी गयी अंतिम विदाई



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। पांच वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत के बाद सकरन क्षेत्र का माहौल गमगीन हो गया। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार शाम करीब छह बजे पुलिस की मौजूदगी में मासूम का अंतिम संस्कार किया गया। जैसे ही नन्ही बच्ची की अर्थी उठी, वहां मौजूद हर आंख नम हो गई।

परिजनों की चीख-पुकार और ग्रामीणों की सिसकियों ने माहौल को और भी भारी कर दिया।बताया गया कि सोमवार शाम खेल रही मासूम को पंचापुरवा निवासी सुरेन्द्र यादव चॉकलेट का लालच देकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि उसने एक बंद पड़े घर में दुष्कर्म कर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गया। देर रात ग्रामीणों ने बच्ची का शव चारपाई पर पड़ा पाया। सूचना मिलते ही एसपी अंकुर अग्रवाल, एएसपी व सीओ मौके पर पहुंचे और खुलासे के लिए पांच टीमें गठित की गईं।रात करीब नौ बजे बिसवां-सकरन मार्ग पर घेराबंदी के दौरान आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से अवैध असलहा, कारतूस व नकदी बरामद हुई। एसपी ने खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

ग्रामीणों में घटना को लेकर भारी आक्रोश है और लोग आरोपी को कड़ी सजा दिलाने की मांग कर रहे हैं। पंचापुरवा निवासी सुरेन्द्र यादव का आपराधिक इतिहास भी सिहराने वाला है। ग्रामीणों के मुताबिक वह शराब के नशे में हैवान बन जाता था। दो वर्ष पहले उसने अपने सगे भाई कनौजी (30) की फावड़े से वार कर हत्या कर दी थी। वहीं दो माह पूर्व जमीनी विवाद में चाचा रामनाथ को बेरहमी से पीटा, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।खौफ इतना था कि परिजनों ने किसी भी मामले में तहरीर नहीं दी। नतीजतन वह कानून की पकड़ से बचता रहा और उसका दुस्साहस बढ़ता गया। ग्रामीण बताते हैं कि उसके डर से महिलाएं सूर्यास्त के बाद घरों से निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पाती थीं। अब मासूम की हत्या के बाद गांव में गुस्सा और पछतावा दोनों साफ नजर आ रहे।

## पीस कमेटी की बैठक में त्योहार शान्ति से मनाने की अपील



सफीपुर, उन्नाव (वीओएल)। आगामी त्योहारों के मद्देनजर एसडीएम को अध्यक्षता में कोतवाली परिसर में पीस कमेटी बैठक आयोजित की गई।

कोतवाली सफीपुर परिसर में उपजिलाधिकारी शिवेंद्र कुमार वर्मा ने पुलिस उपाधीक्षक सोनम सिंह की मौजूदगी में आगामी पर्व महाशिवरात्रि एवं रमजान को शांति पूर्वक संपन्न कराए जाने को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। एसडीएम शिवेंद्र वर्मा ने कहा त्योहार हमारी सांस्कृतिक विरासत है। जिसे शांति पूर्वक मनाए जाने की अपील की। उपाधीक्षक सोनम सिंह ने कहा किसी भी पर्व में कोई जुलूस आदि कार्यक्रम हो तो उसकी अनुमति अवश्य ले ले। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दे शांति पूर्ण त्योहार मनाने जाने की अपील की। थानाध्यक्ष सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने कहा कि यदि त्योहारों में अराजक तत्वों द्वारा किसी भी प्रकार से खलल डालने का कुत्सित प्रयास किया गया तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की हिदायत भी दी है आप सभी लोग अराजक तत्वों पर निगाह बनाए रखे और उन तक सूचना अवश्य कर दे। इस मौके पर राजू चौहान, गणेश शंकर सिंह, रणजीत यादव, लिपिक होरीलाल, नीरज कुशवाहा आदि समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक तालाब में मिला, उपचार के दौरान मौत

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव (वीओएल)। क्षेत्र के गांव कोलवा में मंगलवार को गांव का एक व्यक्ति गांव के बाहर तालाब के किनारे अचेत अवस्था में पड़ा मिला। जानकारी होने पर पहुंचे परिजन उसे लेकर सी एच सी गए जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां देर शाम जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। गांव कोलवा निवासी 45 वर्षीय राजेश मंगलवार की दोपहर घर से निकला था। ग्रामीणों में चर्चा है कि शायद पारिवारिक कलह से ऊबकर उसने घर से बाहर तालाब के किनारे जहरीला पदार्थ खा लिया। स्वजन उसे अचेत अवस्था में सीएचसी लाए, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया देर शाम उपचार के दौरान राजेश की जिला अस्पताल में मौत हो गई। दिवंगत के भाई शिवकुमार ने बताया कि राजेश दिल्ली में ठेलिया लगाता था, दीपावली में वह घर आया था तब से यहीं था। पति की मौत से पत्नी व तीन बच्चों सहित अन्य स्वजन रो रो कर बेहाल है।

## कल होगा एकादशी व्रत, 14 को प्रदोष व 15 फरवरी को महाशिवरात्रि व्रत

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। आचार्य ऋषि कांत मिश्र ने बताया फाल्गुन कृष्ण विजया एकादशी व्रत का मान सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्त 13 फरवरी शुक्रवार को सर्व मान्य काशी विश्व पंचांग शास्त्रीय मान्यता अनुसार किया जायेगा। एवं संतान पुत्र प्राप्ति की कामना से किया जानें वाला शनि प्रदोष व्रत 14 फरवरी को किया जायेगा। तथा अखिल ब्रह्माण्ड के नियामक भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के रुप में प्रकटीकरण का अति महत्वपूर्ण पर्व महाशिवरात्रि व्रत 15 फरवरी रविवार को सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्त श्रृद्धा और विश्वास से युक्त होकर मनायें आज यह पर्व निराकार (ऊं कार) स्वरूप को साकार रुप में प्रकट होने की महारात्रि है। आज के दिन विश्व भर में फैले सनातन धर्मी शिवानुरागी भक्त जन अत्यंत श्रद्धा और विश्वास के साथ दर्शन पूजन जलाभिषेक दुग्धाभिषेक कर मनाते हैं वर्ष भर का सबसे महत्वपूर्ण व्रत की मान्यता है आज देश भर के शिव मंदिरों में विशेष मनोकामना पूर्ण अनुष्ठान पूरे देश में किये जाते हैं विशेष कर काशी नगरी का कण कण और कोना शिव मय हो जाता है औघड़ दानी बाबा भोलेनाथ के भक्त शिवभक्ति में सराबोर जगह जगह शिव बारात शोभा यात्रा निकालकर मस्ती में आकर इस महाशिवरात्रि पर्व को अति उत्साह के साथ मनाया जाता है। शास्त्रीय मान्यता एवं परम्परागत सम्मिलित स्वरूप को मानते हुए आज के दिन बाबा भोलेनाथ का और माता पार्वती के साथ विवाह हुआ था काशी एक देश भर की एक अकेली नगरी है जहां चतुर्दश शिव लिंगो का दर्शन-पूजन किया जाता है महाशिवरात्रि व्रत का पारण 16 फरवरी सोमवार को प्रातः काल किया जायेगा। स्नान दान जप एवं श्राद्ध की भौमवती अमावस्या 17 फरवरी को मनाई जाएगी।आज के दिन गंगा स्नान करने से करोड़ों सूर्यग्रहण के स्नान करने के बराबर फल की प्राप्ति होती है तथा भौमवती अमावस्या भारी पड़ेगी जिससे मंहगाई के और बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं।

## एसआईआर कार्यक्रम का किया अवलोकन

पाटन उन्नाव। एस आई आर की तारीख बढ़ जाने के बाद चल रहे कार्यक्रम का निरीक्षण करने एसडीएम रणवीर सिंह ओसियां प्राथमिक विद्यालय पहुंचे वहां मौजूद बी एल ओ से जानकारी ली।बीत पर नोटिस लेकर आए लोगों की समस्याओं



के बारे में भी पूछताछ की। एसडीम ने बीएलओ से कहा कि मतदाताओं की समस्या का निस्तारण अपने स्तर से करें मतदाताओं को अनावश्यक उलझाए न।

## सात रन से जीती मूसेपुर की टीम फाइनल

सीतापुर। कस्बा जलालपुर में आयोजित नॉकआउट जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बुधवार को उत्साह और रोमांच के बीच संपन्न हुआ। फाइनल में मूसेपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले बल्लेबाजी कर 158 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। जवाब में जलालपुर की टीम ने संघर्षपूर्ण खेल दिखाया, लेकिन 151 रन पर ही सिमट गई और मूसेपुर ने सात रन से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। मैदान पर खिलाड़ियों का जोश और दर्शकों का उत्साह देखने लायक था। अंतिम ओवरों तक मुकाबला रोमांचक बना रहा, जिससे दर्शक सीटियों और तालियों से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते रहे। समारोह के मुख्य अतिथि अभिषेक ठाकुर ने विजेता टीम मूसेपुर को ट्रॉफी एवं 5100 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया, जबकि उपविजेता जलालपुर टीम को 2100 रुपये की नकद राशि देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन असली जीत खेल भावना और अनुशासन की होती है। अभिषेक ठाकुर ने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करने और बड़े स्तर पर जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। आयोजकों और दर्शकों ने भी दोनों टीमों को बधाई दी और आयोजन की सराहना की।

## लहरपुर के भवानीपुर में गैस रिसाव से लगी आग, मजदूर की जलकर मौत

सीतापुर लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर में मंगलवार देर रात एक हृदयविदारक हादसा हो गया, जिसमें 51 वर्षीय रामनाथ पासी की जलकर मौत हो गई। रामनाथ पासी पुत्र स्वर्गीय ठाकुर प्रसाद मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते थे और घर में अकेले रहते थे। बताया जा रहा है कि रात में खाना बनाने के बाद उन्होंने पांच लीटर के छोटे गैस सिलेंडर को बंद कर दिया था और सोने चले गए थे। इसी दौरान अचानक सिलेंडर से गैस रिसाव हुआ और कुछ ही क्षणों में कमरे में भीषण आग भड़क उठी। आग इतनी तेजी से फैली कि रामनाथ को संभलने या बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिल सका। स्थानीय लोगों ने धुआं और आग की लपटें देख पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली लहरपुर के प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को बुलाया गया। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक रामनाथ गंभीर रूप से झुलस चुके थे और उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। प्रथम दृष्टया घटना गैस रिसाव के कारण हुई प्रतीत हो रही है। फील्ड यूनिट ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं और मामले की जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

## रिखौना प्रधान कमरजहां को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, डीएम का आदेश रद्द

झरेखापुर/सीतापुर। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने परसेंडी विकास खंड की ग्राम पंचायत रिखौना की प्रधान स्स्ट. कमरजहां को बड़ी कानूनी राहत देते हुए जिलाधिकारी, सीतापुर द्वारा 26 सितंबर 2025 को पारित उनके पद से हटाने के आदेश को निरस्त कर दिया है। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकलपीठ ने स्पष्ट कहा कि जांच प्रक्रिया उत्तर प्रदेश पंचायत राज (प्रधान, उपप्रधान एवं सदस्यों को हटाने की जांच) नियमावली, 1997 के नियम 6 और 7 के विपरीत की गई, जिससे पूरी कार्रवाई विधि-विरुद्ध हो गई।रिटझसी संख्या 878/2026 में दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने पाया कि याची को न तो आरोप पत्र की प्रति दी गई, न आरोपों का विस्तृत विवरण (इम्प्यूटेशन स्टेटमेंट), और न ही प्रस्तावित दस्तावेजों व गवाहों की सूची उपलब्ध कराई गई। जबकि नियमों के अनुसार जांच अधिकारी का यह दायित्व है कि आरोपित को लिखित नोटिस देकर बचाव का पूरा अवसर प्रदान करे और व्यक्तिगत सुनवाई का विकल्प दे।याची की ओर से अधिवक्ता रवि कुमार यादव ने दलील दी कि बिना विधिवत आरोप बताए हटाने की कार्रवाई प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है। राज्य की ओर से मुख्य स्थायी अधिवक्ता ने भी स्वीकार किया कि केवल प्रारंभिक जांच रिपोर्ट दी गई थी, पूर्ण आरोप पत्र नहीं। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जब जांच ही दोषपूर्ण हो, तो उस पर आधारित हटाने का आदेश टिक नहीं सकता। हालांकि, न्यायालय ने प्रशासन को नियमों का पालन करते हुए नई जांच कराने की छूट दी है इस फैसले को पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों की सुरक्षा और प्रशासनिक प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाला महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है।

संक्षेप

## बागेश्वर धाम सामूहिक विवाह में बांदा की भागीदारी

**बांदा।** बागेश्वरधाम में सामूहिक विवाह के आयोजन में जिले की महिला कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगी। वीरांगना रानी दुर्गावती समिति की अध्यक्ष रश्मि गुप्ता, निशा नृत्यगुरु ने बताया कि बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर आचार्य पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री प्रतिवर्ष निर्धन, अनाथ बेटियों का विवाह बागेश्वरधाम में आयोजित करते हैं।

सातवें सामूहिक विवाह आयोजन में इस वर्ष बेटियों का हल्दी, मेंहदी, संगीत, विवाह और विदाई का कार्यक्रम तीन दिवसीय महोत्सव के रूप में आयोजित किया जा रहा है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान संगीतकार शंकर महादेवन, जुबिन नौटियाल के अलावा छह राज्यों के मुख्यमंत्री, देश-विदेश के अभिनेता एवं कलाकार, संत, महागुरु इस आयोजन का हिस्सा बनने के लिए बागेश्वर धाम पहुंच रहे हैं। सामूहिक विवाह आयोजन में वीरांगना रानी दुर्गावती समिति की बेटियों को हल्दी कार्यक्रम की आयोजन समिति में बांदा की टीम को भी आमंत्रित किया गया है। बताते चलें कि बागेश्वर धाम में धीरेन्द्र शास्त्री हर वर्ष सैकड़ों गरीब कन्याओं का विवाह कराते हैं।

## नकली खाद से तबाह हुईं फसलें

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में नकली खाद के उपयोग से किसानों की फसलें पूरी तरह नष्ट होने का गंभीर मामला सामने आया है। इसको लेकर प्रभावित किसानों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए उच्चस्तरीय जांच, दोषियों पर सख्त कार्रवाई तथा पीड़ित किसानों को तत्काल मुआवजा और राहत प्रदान किए जाने की मांग की है। शिकायत में किसानों ने बताया कि खरीफ/रबी सीजन के दौरान उन्होंने स्थानीय बाजार से खाद क्रय की थी, जिसे खेतों में निर्धारित मात्रा में प्रयोग किया गया। प्रारंभ में फसल की बढ़वार सामान्य प्रतीत हुई, किंतु कुछ ही दिनों बाद खेतों में हरियाली की जगह फसल पीली पड ? लगी, पौधे सूखने लगे और अंततः पूरी फसल नष्ट हो गई। किसानों का आरोप है कि प्रयोग में लाई गई खाद नकली अथवा अमानक थी, जिसके कारण उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया।

किसानों के अनुसार, जिन परिवारों की आजीविका पूरी तरह खेती पर निर्भर है, उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। फसल खराब होने से न केवल उनकी आमदनी समाप्त हो गई, बल्कि कर्ज चुकाने की क्षमता भी प्रभावित हुई है। कई किसानों ने केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) व निजी स्रोतों से ऋण लेकर खेती की थी, जो अब भारी बोझ बन गया है। स्थिति यह है कि बच्चों की पढ़ाई, घर-परिवार का खर्च और आगामी खेती की तैयारी तक संकट में पड़ गई है। शिकायत पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि फसल नष्ट होने के बावजूद अभी तक न तो बीमा कंपनियों से कोई क्षतिपूर्ति मिली है और न ही किसी सरकारी योजना के तहत राहत। किसानों ने आशंका जताई है कि यदि शीघ्र सहायता नहीं मिली तो अनेक किसान गंभीर मानसिक तनाव में आ सकते हैं, जिसका असर पूरे परिवार और समाज पर पड़ेगा। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक विशेष टीम गठित कर प्रभावित खेतों का तत्काल स्थलीय निरीक्षण कराया जाए तथा प्रयोग में लाई गई खाद के नमूनों को प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा जाए।

- फसल क्षति का वास्तविक आकलन कर उन्हें शीघ्र व सम्मानजनक मुआवजा दिया जाए
- प्रशासन से जांच व राहत की मांग

यदि खाद अमानक अथवा नकली पाई जाती है तो उर्वरक नियंत्रण आदेश के अंतर्गत संबंधित विक्रेताओं और आपूर्तिकताओं के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। किसानों ने यह भी मांग की है कि फसल क्षति का वास्तविक आकलन कर उन्हें शीघ्र व सम्मानजनक मुआवजा दिया जाए। साथ ही, फसल नष्ट होने के कारण किसानों पर चढ़े ऋण की किश्तों पर तत्काल रोक (मोराटोरियम) लगाई जाए तथा ब्याज में छूट प्रदान की जाए, जिससे वह कुछ राहत महसूस कर सकें। वहीं, किसानों ने भी इस मुद्दे पर आंदोलन की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि यदि दोषियों पर कार्रवाई और किसानों को राहत नहीं मिली तो वे मजबूरन सड़कों पर उतरेंगे। कुल मिलाकर, नकली खाद का यह मामला न केवल किसानों की आर्थिक तबाही का कारण बना है, बल्कि कृषि व्यवस्था और निगरानी तंत्र पर भी सवाल खड़े कर रहा है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कितनी तेजी और संवेदनशीलता से कार्रवाई करता है। ज्ञापन देते समय तहसील महरौनी के ग्राम पठा निवासी किसानों में रामलखन, बारेलाल, खलक सिंह यादव, हरीशंकर, मिथलेश, पप्पू, डमरू, हरिश्चंद्र, गजेन्द्र यादव, छन्नूलाल, रूपलाल, मानसिंह, मिथलेश, राधे, धनीराम, शिवसहाय, दीपक, किशोरीलाल, कनई के अलावा अनेकों किसान मौजूद रहे।

## जमीन विवाद में महिलाओं सहित चार लोगों से मारपीट

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुर्रा में जमीन विवाद को लेकर मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम तुर्रा निवासी मुकेश पुत्र रामसेवक लोधी ने थाना बार में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि 9 फरवरी 2026 को सुबह करीब 9 बजे उनकी मां कस्तूरी पत्नी रामसेवक घर के पास बनी बाड़ी में गई थीं। उसी दौरान गांव के ही त्रिलोक पुत्र मंगल लोधी, गोविंद पुत्र त्रिलोक लोधी, रविंद्र पुत्र लखनराज तथा नरेंद्र पुत्र रामसेवक, निवासी ग्राम किलवास, थाना जखौरा, वहां पहुंचे और जमीन को अपनी बताते हुए दीवार निर्माण करने लगे। आरोप है कि जब कस्तूरी देवी ने दीवार बनाने से रोका तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। शोर सुनकर मुकेश अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे और विरोध किया, जिस पर आरोपियों ने लाठी-डंडों व लात-घूंसों से हमला कर दिया। मारपीट में मुकेश, राजेंद्र व अखिलेश घायल हो गए। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 352 व 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## इंटरनेट दिवस के अवसर पर डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में कार्यशाला आयोजित




जिला संवाददाता (vol)

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में इंटरनेट एक बहुउपयोगी और बहुउद्देशीय उपकरण है, जो इंसानी जीवन के हर क्षेत्र में आवश्यक जरूरत बन चुका है।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि इंटरनेट का उपयोग यदि सुरक्षित और जिम्मेदारी से न किया जाए तो उससे जान-माल दोनों असुरक्षित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज एक ओर जहां इंटरनेट ने मानव जीवन की हर क्षेत्र में एक क्रांति पैदा कर दी है, वहीं इसके भयानक दुष्परिणाम भी सामने आ रहे हैं। साइबर फ्रॉड आज वैश्विक समस्या बन चुकी है। इससे बचने का एकमात्र तरीका यही है कि बहुत सावधानी और सजगता के साथ इसका प्रयोग करें और किसी भी लालच या जिज्ञासिया से वशीभूत होकर किसी भी अनजाने लिंक पर क्लिक न करें, क्योंकि यह साइबर फ्रॉड हो सकता है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा साइबर फ्रॉड एवं साइबर क्राइम से आम नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए साइबर सेल स्थापित किया है, जिसकी ब्रांचेस हर पुलिस थाने में स्थापित हैं। पुलिस साइबर सेल द्वारा न सिर्फ आम नागरिकों को साइबर फ्रॉड के प्रति जागृत किया जाता है बल्कि साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों की कथा संभव मदद भी की जाती है। उन्होंने जन सामान्य का आह्वान किया कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखें और किसी अंजाने व्यक्ति से शेयर न करें, ऑनलाइन व्यवहार में सावधानी बरतें और यदि किसी दुर्भाग्यवश साइबर फ्रॉड के शिकार होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क कर साइबर अपराध की रिपोर्ट दर्ज कराएं। कार्यक्रम में एनआईसी एवं पुलिस साइबर सेल के विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा, डेटा प्रोटेक्शन तथा ऑनलाइन जोखिमों से बचाव के तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, पुलिस साइबर सेल के विशेषज्ञ एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## एटीएम में बुजुर्ग महिला से 40 हजार की ठगी

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र में एटीएम के भीतर बुजुर्ग महिला से ठगी का मामला सामने आया है। पिसनारी बाग निवासी 75 वर्षीय महिला के खाते से अज्ञात महिला द्वारा 40 हजार रुपये निकाल लिए गए। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता पुष्पलता ठाकुर पत्नी महेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 6 फरवरी 2026 को वह एसबीआई बैंक स्टेशन रोड स्थित एटीएम पर पासबुक की एंट्री कराने गई थीं। इसी दौरान वहां मौजूद एक अज्ञात महिला ने चालाकी से उनके बैंक खाते से 40 हजार रुपये निकाल लिए और मौके से फरार हो गई। पीड़िता को घटना की जानकारी बाद में हुई।

पीड़िता के अनुसार पूरी घटना एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है, जिसमें संदिग्ध महिला स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। घटना के बाद पीड़िता ने बैंक व पुलिस से शिकायत की।

कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## मंत्री के बयान पर शिक्षक संघ का प्रदर्शन, फूंका पुतला



**बांदा।** शहर के जीआईसी मैदान में सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी के नेतृत्व में लोकसभा में मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री जयंत चैधरी के बयान पर विरोध प्रदर्शन कर पुतला फूंका। जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि एक तरफ तो जयंत चैधरी से जब संगठन के पदाधिकारी और शिक्षक मिलने जाते हैं तो वह कहते हैं कि इस मुद्दे पर शिक्षकों के साथ हैं, अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। लेकिन जब लोकसभा में उनसे पच्चीस साल से सेवाएं दे रहे शिक्षकों से ऐसी परीक्षाएं थोपने के बारे में प्रश्न किया गया तो उन्होंने वही पुराना उत्तर दिया जिसमें वर्ष 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को भी टेट की परीक्षा उत्तीर्ण किए जाने और पदोन्नति के लिए भी टेट की अनिवार्यता की बात कही। लोकसभा में उनके इस जवाब से शिक्षकों में सरकार के कदम को लेकर निराशा है और एक बार फिर सरकार के प्रति विरोध के स्वर तेज हो गये है। हालांकि इस मुद्दे का समाधान उच्चतम न्यायालय अथवा केंद्र सरकार द्वारा किए जाने वाले संशोधन से ही होगा। लोकसभा में ऐसे जवाब न केवल मानवीय संवेदनाओं से परे हैं बल्कि शिक्षकों के मन में असहजता उत्पन्न करने वाला है। जिला मंत्री प्रजीत सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की कथनी और करनी में अंतर है। संयुक्त मंत्री जयकिशोर दीक्षित ने कहा कि शिक्षक संघ ने पूर्व से ही उच्चतम न्यायालय से लेकर सरकार से जमीनी संघर्ष का ऐलान कर दिया था। इस दौरान उपाध्यक्ष रमाशंकर यादव, कोषाध्यक्ष रामसुफल कश्यप, विकासखंडों के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## साइबर अपराध से बचाव को लेकर जखौरा पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

जिला संवाददाता




**ललितपुर।** जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और आमजन को सतर्क करने के उद्देश्य से थाना जखौरा की साइबर क्राइम सेल द्वारा बुधवार को साइबर क्राइम जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन में संचालित किया गया, जिसमें थाना क्षेत्र के नागरिकों को साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने साइबर बुलिंग, ऑनलाइन स्टॉकिंग, फिशिंग, ऑनलाइन ठगी, आइडेंटिटी थेफ्ट सहित अन्य साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही लोगों को डीप फेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दुरुपयोग, डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर फ्रॉड के तरीकों से भी अवगत कराया गया। पुलिस ने आमजन से अपील की कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और केवल प्ले स्टोर या आईओएस जैसे आधिकारिक प्लेटफॉर्म से ही ऐप डाउनलोड करें। बैंकिंग से जुड़ी कोई भी जानकारी, ओटीपी या पासवर्ड किसी अनजान व्यक्ति से साझा न करने की सलाह दी गई। सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर जोर देते हुए कहा गया कि बिना सत्यापन किसी भी पोस्ट को साझा न करें, अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें और सभी सुरक्षा फीचर सक्रिय रखें। इसके अलावा, कॉल के माध्यम से मिलने वाले किसी भी तरह के लालच, ऑफर या धमकी से सावधान रहने तथा सभी डिजिटल अकाउंट और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में मजबूत पासवर्ड और टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन अनिवार्य रूप से ऑन रखने की बात कही गई। पुलिस ने बताया कि यदि किसी प्रकार का साइबर फ्रॉड होता है तो पीड़ित तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, पोर्टल या बेवसाइड पर शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही नजदीकी थाना या डायल-112 पर सूचना देकर समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित कराएं, ताकि साइबर अपराध के गोल्डन ऑवर में वित्तीय नुकसान को रोका जा सके।

## परिवहन विभाग ने किए 3 वाहन सीज, 10 का चालान



**बांदा।** सड़क दुर्घटनाओं में लगाम लगाए जाने के लिए शासन के निदेर्शों के चलते सड़क सुरक्षा माह का दूसरा चरण 1 फरवरी से चलाया जा रहा है। 28 फरवरी तक चलने वाले सड़क सुरक्षा माह में बुधवार को संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन उदयवीर सिंह के नेतृत्व में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी श्यामलाल और यात्री मालकर अधिकारी वीरेन्द्र नाथ राजभर के साथ प्रवर्तन स्टॉफ ने सघन रूप से वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन अभियान चलाया तथा बकाया में संचालित 3 वाहनों को सीज कर 10 वाहनों के विरूद्ध चालान की कार्रवाई की। परिवहन विभाग ने जिले के सभी व्यवसायिक वाहन स्वामियों से अपील की है कि वह अपने वाहन का बकाया कर तत्काल जमा करें, अन्यथा बकाया की स्थिति में वाहन संचालित मिलने पर चालान एवं निरूद्ध करने की कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग का कहना है कि कर बकाया वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## बार संघ पदाधिकारियों को दिए प्रमाण पत्र

**बांदा।** जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में विजयी हुए पदाधिकारियों को बुधवार को बार संघ भवन में प्रमाण पत्र दिए गये। जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए विमल कुमार सिंह, महासचिव पद पर राजेश कुमार त्रिपाठी सोनू, कोषाध्यक्ष सुशील सिंह और अन्य पदाधिकारियों को वरिष्ठ समिति के अध्यक्ष और सदस्यों ने जीत का प्रमाण पत्र दिया। इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष रामकृष्ण त्रिपाठी, रामस्वरूप सिंह, द्वारिकेश यादव मण्डेला, मनोज निगम लाला, जयराज सिंह, बृजेश द्विवेदी, रामेन्द्र सिंह, गंगा प्रसाद चतुवेर्दी, विनोद सिंह, प्रशांत तिवारी, नंद किशोर अवस्थी अंकित मिश्रा के अलावा अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे। बताते चलें कि मंगलवार को हुए मतदान के बाद देर शाम हुई मतगणना में विमल कुमार सिंह अध्यक्ष, महासचिव राजेश कुमार त्रिपाठी सोनू, तथा कोषाध्यक्ष पद पर सुशील सिंह विजयी हुए थे।

## एडीजी जोन ने की अपराध समीक्षा बैठक, अधिकारियों को निर्देश



**बांदा।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ज्योति नारायण ने पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के साथ पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रशिक्षण ले रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ बातचीत के दौरान संवेदनशीलता, धैर्य और मधुर व्यवहार का पालन करने के साथ ही प्रशिक्षकों को प्रभावी प्रशिक्षण देने के दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद अपर पुलिस महानिदेशक ने जिले के राजपत्रित अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। उन्होने जिले में अपराधों की रोकथाम, शांति व कानून व्यवस्था को मजबूत करने और महाशिवरात्रि, होली, रमजान, ईद-उल-फितर, राम नवमी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिले के अपराधों की विस्तृत समीक्षा हुई। गंभीर अपराधों, लंबित विवेचनाओं, वांछित, ईनामी अपराधियों की गिरफ्तारी, महिला अपराधों, साइबर अपराध में प्रभावी कार्रवाई करने और विवेचनाओं को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के साफ निर्देश दिए। त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में पैनी दृष्टि रखने, संवेदनशील स्थानों की पहचान कर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, निरंतर पैदल गश्त, प्रभावी चेकिंग और सोशल मीडिया की लगातार निगरानी के निर्देश दिए। चोरी, लूट, नकबजनी, टप्पेबाजी की घटनाओं की रोकथाम में पैदल गश्त की भूमिका पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि भीड़-भाड़ व संवेदनशील स्थानों पर नियमित पैदल गश्त करने के साथ ही रात्रि गश्त को भी प्रभावी तरीके से क्रियाशील करें।

## चावल कारोबार में 9 लाख की धोखाधड़ी का आरोप

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र में चावल कारोबार से जुड़ी एक बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। तालाबपुरा निवासी एवं भारती ट्रेडर्स प्राइवेट्स की प्रोपराइटर भारती जैन ने फर्म यश ट्रेडर्स प्राइवेट्स के प्रोपराइटर यश वर्मा तथा ब्रोकर सौरभ जैन के खिलाफ धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार, उनकी फर्म द्वारा चावल मंगाने के लिए ब्रोकर सौरभ जैन के माध्यम से यश ट्रेडर्स को ऑर्डर दिया गया था। आरोप है कि माल भेजने के नाम पर यश वर्मा ने एडवांस राशि की मांग की, जिस पर विश्वास कर 15 सितंबर 2025 को ऑनलाइन माध्यम से 9 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए गए। इसके बावजूद न तो तय शर्तों के अनुसार चावल की आपूर्ति की गई और न ही पूरी रकम वापस की गई। शिकायत में बताया गया कि लगातार मांग के बाद 2 जनवरी 2026 को आरोपियों की ओर से मात्र 50 हजार रुपये वापस किए गए, जबकि शेष 8.50 लाख रुपये हड़प लिए गए।

## समर्पण दिवस के रूप में मनी पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि




**बांदा।** जनसंघ के प्रमुख विचारक पं दीनदयाल उपाध्याय की 58वीं पुण्यतिथि को भाजपा ने समर्पण दिवस के रूप में मनाया। शहर के अवस्थी पार्क में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि प्रमोद द्विवेदी ने कहा कि दीनदयाल एक महान चिंतक, दार्शनिक, समाज सुधारक थे। उन्होंने एकात्म मानववाद और अंत्योदय का सिद्धांत दिया जो भारतीय संस्कृति व मूल्यों पर आधारित है। भाजपा के क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा कि दीनदयाल का अंत्योदय के पवित्र सिद्धांत, समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान का चिंतन एवं राष्ट्र जीवन के लिए मार्गदर्शक हैं। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि उनका समरस आत्मनिर्भर और स्वशक्त भारत के निर्माण का संकल्प सभी को जनसेवा के लिए लगातार प्रेरित करता है। इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष राजकुमार राज, विनोद जैन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, राजेश गुप्ता रज्जन, उत्तम सक्सेना, संतू गुप्ता, पंकज रैकवार, अमित सेठ भोलू, रामपाल प्रजापति, सौरभ गुप्ता, सुमन तिवारी, संतोष राजपूत, राकेश गुप्ता, लखन सिंह राजपूत, मछन्दर सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री अखिलेशनाथ दीक्षित ने किया।

## महोबा जनपद सृजन दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित




**महोबा।** मुकुंद फाउंडेशन एवं वीणापाणी संगीत विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में महोबा जनपद सृजन दिवस के अवसर पर पुराने रामलीला मैदान स्थित रामालय में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर राजेश भट्ट तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा की प्रधानाचार्या सरगम खरे मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुकुंद फाउंडेशन के अध्यक्ष मनोज तिवारी, डॉक्टर राजेश भट्ट, राम दत्त तिवारी, मुकेश गुप्ता एवं बाबा पुरवार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर वीणापाणी संगीत विद्यालय के छात्र व छात्राओं द्वारा बुंदेलखंड की विविध लोक कलाओं की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें आल्हा गायन, राई, फाग एवं अन्य लोक विधाओं ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में आल्हा गायन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम का सम्मान करने के साथ रोटी बैंक के संस्थापक मुट्टन चचा को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनपदवासी उपस्थित रहे तथा आयोजन की सराहना करते हुए इसे महोबा की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन बहुमुखी प्रतिभा के धनी अंचल सोनी द्वारा किया गया।

## बिजनौर की शिक्षिकाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यशाला में परचम लहराया




**नगीना, बिजनौर।** सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी), संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा ह्लप्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में विद्यालयों की भूमिकाह्व विषय पर एक राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला का आयोजन 02 से 11 फरवरी, 2026 तक सीसीआरटी मुख्यालय, नई दिल्ली में किया गया। जिसमें कोतवाली ब्लॉक बिजनौर की शिक्षिका कमलनी अग्रवाल समेत कई शिक्षिकाओं ने बिजनौर का परचम दिल्ली तक फहराया। देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से कार्यशाला में आए लगभग 53 सेवारत शिक्षक प्रतिभागी सहभागिता की जिन्होंने विद्यालय स्तर पर विरासत संरक्षण के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता विकसित करने की दिशा में अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला का शुभारंभ दिनांक 02 फरवरी, 2026 को सीसीआरटी के अध्यक्ष डॉ. विनोद नारायण इंदुरकर, प्रशिक्षण अनुभाग के उपनिदेशक डॉ. संदीप शर्मा तथा कार्यशाला अनुभाग के उपनिदेशक आशुतोष के कर-कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ विधिवत रूप से संपन्न हुआ। कार्यशाला का समापन 11 फरवरी 2026 को कार्यशाला अनुभाग के उपनिदेशक आशुतोष, कार्यक्रम समन्वयक शजुलैशा सिद्धार्थ व देवाराम मेघवाल जी के द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया। कार्यशाला अनुभाग के उपनिदेशक आशुतोष अपने प्रेरणादायक संबोधन में अध्यक्ष ने शिक्षक प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालयों की भूमिका को रेखांकित किया तथा प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण से जुड़े विविध आयामों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज में जागरूक नागरिक तैयार करने की आधारशिला होते हैं और उनके प्रयासों से ही भावी पीढ़ी में विरासत संरक्षण की भावना सुदृढ़ हो सकती है। कार्यशाला में कोतवाली ब्लाक क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल मलकपुर अब्दुल्ला की शिक्षिका कमलनी अग्रवाल व कंपोजिट स्कूल राजपुर सादात की शिक्षिका प्रेमलता के अलावा अंजलि राणा, कंचन व प्रतिभा ने अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया। जिससे जनपद बिजनौर व कोतवाली ब्लाक की शिक्षिकाओं ने दिल्ली तक अपना परचम लहरा दिया। उनकी इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ब्लाक कोतवाली कै ब्लॉक अध्यक्ष यशपाल सिंह, गर्वित चैधरी, परवेज आदिल माही, कामिनी दिवाकर, गजाला रूही, संकुल प्रभारी नगर नगीना मनीष राणा आदि ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

## ट्रक ऑपरेटर यूनियन की बैठक संपन्न



**ललितपुर।** ट्रक ऑपरेटर यूनियन की बैठक गल्ला मंडी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शिखरचंद जैन ने व संचालन आनंद मोहन दुबे ने किया। बैठक में तय किया गया कि हाल्टिंग चार्ज प्रत्येक दशा में लिया जाएगा। ताकि ट्रक ऑपरेटर को नुकसान न हो। बैठक में ट्रक संचालकों ने वर्तमान ट्रक भाड़े को लेकर चिंता जाहिर की। सर्वसम्मति से विभिन्न स्थानों के लिए ट्रकों के भाड़े तय किए गए, यह सूची गल्ला व्यापारियों को दिए जाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान मनमोहन चैबे, अनिल कुमार, गजेंद्र सिंह, इरफान अली, अफसर, मोहसिन, अब्दुल हसन, विन्द्रावन, धर्मेंद्र कुशवाहा, दीपचंद, जयपाल आदि भारी संख्या में ट्रक ऑपरेटर मौजूद रहे।

## महिला से मारपीट व रंगदारी मांगने का आरोप

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा क्षेत्र अंतर्गत एक महिला ने दबंगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, रंगदारी मांगने और शिकायत करने पर धमकाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस पर भी प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। मड़ावरा कस्बा निवासी पूजा सोनी पत्नी रोहित सोनी ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 25 जनवरी 2026 को वह अपने दो बच्चों के साथ घर पर मौजूद थीं। इसी दौरान पड़ोस के कुछ लोग व एक अज्ञात व्यक्ति उनके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके व पति के साथ मारपीट की कर दरवाजा भी तोड़ दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने 5 हजार रुपये की रंगदारी की मांग की। रकम देने से मना करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने डायल 112 पर कॉल किया, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद थाना मड़ावरा में शिकायत देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। मजबूर होकर पीड़िता ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई, लेकिन उस पर भी सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि 4 फरवरी 2026 को जब पीड़िता ने उत्तर प्रदेश महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई तो दबाव में आकर स्थानीय पुलिस ने उन्हें थाने बुलाया और शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया। पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद से पूरा परिवार भय के माहौल में जी रहा है और उनके पति घर से बाहर जाने को मजबूर हैं। महिला ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।

# यह कैसा लोकतंत्र

इस माह के आखिर तक बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हो जायेगी और अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी जायेगी। इसके बाद बंगाल में जल्द ही चुनाव की तिथियों का एलान कर दिया जायेगा और संभवतः मार्च और अप्रैल में चुनाव कराये जायेंगे। बंगाल चुनाव की सरगर्मी कोलकाता से दिल्ली तक महसूस की जा रही है। कार्यकर्ता मोर्चा संभाल चुके हैं, नेताओं की रैलियां शुरू हो गयी हैं और चुनाव का एक हिस्सा कानूनी तौर-तरीकों से अदालतों में भी लड़ा जा रहा है। लेकिन इन सबके बीच सबसे चिंता की बात बंगाल की सियासत का रक्त चरित्र है। बंगाल में चुनावी हिंसा आम बात है और चुनाव के दौरान बड़ी संख्या में हिंसा और राजनीतिक हत्या की घटनाएं होती हैं। दरअसल रक्तरंजित सियासत बंगाल के सियासी कल्चर में पूरी तरह बैठ गया है? चुनावों के समय छिटपुट हिंसा की बात समझ में आती है लेकिन बंगाल में जिस तरह रक्तरंजित चुनाव होते हैं और चुनावों के बाद भी सियासी दुश्मनी निकालने का क्रम जारी रहता है, उससे तो यही लगता है कि बंगाल में बड़े सियासी सुधार की जरूरत है। चिंता की बात यह है कि जो दल सत्ता में आता है सबका बर्ताव एक जैसा होता है। साठ-सत्तर के दशक में जब कांग्रेस की सरकार होती थी, तो उस समय विपक्षी पार्टियों के साथ जमकर हिंसा होती थी। जब विपक्षी कम्युनिस्ट सत्ता में थी तो उन्होंने अपने कार्यकाल में विपक्षी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ वही किया। कांग्रेस से निकलकर ममता बनर्जी ने अपनी पार्टी बनायी तो उन को भी व्यापक सियासी हिंसा का सामना करना पड़ा। अब बीते 15 साल से ममता बनर्जी खुद मुख्यमंत्री हैं




लेकिन सियासी हिंसा रोकने का कोई प्रयास उन्होंने नहीं किया। उल्टे ममता के राज में विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ हिंसा बढ़ गयी है। आखिर यह लोकतंत्र है या जंग का मैदान। यह कैसा लोकतंत्र है? यह कैसी कानून-व्यवस्था है? फिर केंद्र क्या कर रहा है? क्या उसने पश्चिम बंगाल की ओर आंखें मूंद रखी हैं? केंद्र सरकार महज रिपोर्ट तलब कर चुप हो जाता है। क्या पुलिस कमिश्नर का तबादला कर उसे दंडित नहीं किया जा सकता? प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और उनकी सरकार 2014 से ही देख रही है कि बंगाल की फाइल लहूलुहान हो रही है, पंचायत चुनाव हों अथवा विधानसभा, लोकसभा चुनाव हों या सामान्य दिन हों, बंगाल में एक तबका लगातार हिंसा करता रहता है। जांच एजेंसियों के अफसरों पर हमले किए जाते रहे हैं। हिंदूवादी समर्थकों की हत्याओं के साथ-साथ उनके घर जलाये जा रहे हैं। पीट-पीट कर घायल किया जा रहा है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बार-बार राज्य सरकार और पुलिस को फटकार लगाई है। केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात करने पड़े हैं। अदालत ने सरकार के खिलाफ फैसले भी सुनाए हैं, लेकिन केंद्र सरकार सिर्फ बयान देकर चुप रहती है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, क्योंकि उससे ममता और उनकी पार्टी-तृणमूल कांग्रेस-को राजनीतिक लाभ हो सकता था। अब तो सांसद और विधायक तक को नहीं छोड़ा जा रहा। सियासी हिंसा में भाजपा के सांसदों, विधायकों, ईडी और आईटी अफसरों को भी निशाना बनाया जा चुका है। बंगाल में सियासी हिंसा की जो घटनाएं पूर्व में होती रही हैं, वह लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। आखिर ऐसा लोकतंत्र किस काम का जिसकी प्रक्रिया में लोगों की जानें जायें। बंगाल में जो रक्तरंजित फाइल सामने आई है, उससे लगता है कि बंगाल में हिंसा सियासत का एक तरीका बन गयी है। हिंसा करने वाले तृणमूल के नेता, कार्यकर्ता हो सकते हैं अथवा घुसपैठिए बांग्लादेशी या रोहिंग्या हो सकते हैं। या फिर अन्य दलों के कार्यकर्ता-नेता। लेकिन कानून तो सबके लिए बराबर होना चाहिए। क्या बंगाल के लिए अलग कानून और संविधान है? बंगाल की चुनावी हिंसा लोकतंत्र पर दाग है। चुनाव आयोग को यह बात ध्यान में रखते हुए सख्त सुरक्षा निगरानी में चुनाव कराना चाहिए और किसी भी पक्ष की धमकी या दबाव में आने के बजाय सांविधानिक व्यवस्था के आलोक में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराना चाहिए।

## विचार

तुच्छ विचार वालों की संगति से मनुष्य की बुद्धि तुच्छ हो जाती है। समान श्रेणी के लोगों से ज्यों की त्यों बनी रहती है और उच्च विचार वालों की संगति से उत्कर्ष प्राप्त करती है।

–महाभारत.

जब तक लाखों लोग भूखे और अज्ञानी हैं, तब तक मैं उस प्रत्येक व्यक्ति को कृतघ्न समझता हूं जो उनके बल पर शिक्षित बना और उनकी ओर ध्यान तक नहीं देता।

–स्वामी विवेकानन्द.

अधिक जनसंख्या होने से या दूसरे देशों को हड़पकर कोई भी राष्ट्र शक्तिशाली नहीं हो सकता।

–रस्किन.

युवा अवस्था आवेशमय होती है। यदि वह क्रोध से आग हो जाती है, तो करुणा से पानी भी हो जाती है।

–प्रेमचंद.

जो विवेकी, विरक्त, शमी, दयी और मुमुक्षु हो, उसी में ब्रह्म विचार की योग्यता मानी जाती है।

–शंकराचार्य.

# फिल्म को हिट कराने का कामयाब नुस्खा


अरविन्द जयतिलक

**आखिर फिल्म का नाम ‘घुसखोर पंडत’ कैसे रख दिया गया। इस अनुचित, अविवेकपूर्ण टाइटल पर कैंची क्यों नहीं चलायी गई? उचित होगा कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड अथवा भारतीय सेंसर बोर्ड फिल्मों के अनुचित टाइटल, दृश्यों और अनर्गल संवादों पर तत्काल कैंची चलाये ताकि देश-समाज का माहौल विषाक्त न बने और न ही किसी की भावना को ठेस पहुंचे।**

फिल्मों का एक सुनियोजित रणनीति के तहत विवादों में परोसना और फिर उस पर वितंडा खड़ा करके प्रचार पाना अब कोई नयी बात नहीं रह गई है। दरअसल फिल्मकारों ने आस्था, भावना और मूल्यों के खिलाफ फिल्में बनाकर बेशुमार धन इकठ्ठा करने का एक चलन बना लिया है। भले ही इससे किसी जाति, धर्म आस्था और भावना को चोट क्यों न पहुंचती हो। ऐसी ही एक फिल्म ‘घुसखोर पंडत’ भी रुपहले पर्दे पर चढ़ने को तैयार है जिसके टाईटल को लेकर वितंडा उठ खड़ा हुआ है। देश के विभिन्न हिस्सों में इस फिल्म के टाइटल को लेकर विरोध-प्रदर्शन जारी है। खुद फिल्म निर्माता संघ ने इस फिल्म को लेकर निर्माता नीरज पांडेय को नोटिस जारी किया है और कहा है कि फिल्म निर्माता ने नियमों के अनुसार शीर्षक के लिए अनिवार्य अनुमति प्राप्त नहीं की है। इसका सीधा मतलब यह हुआ कि फिल्म निर्माता ने जानबुझकर फिल्म को विवादों की परिधि में लाकर प्रचार पाने के लिए यह सारा उपक्रम किया था।

अब जब विवाद चरम पर पहुंच गया है और फिल्म भी खूब प्रचार पा ली है तो फिल्म निर्माता नीरज पांडेय और अभिनेता मनोज बाजपेयी द्वारा सफाई दी जा रही है कि उनका मकसद किसी की भावना को ठेस पहुंचाना नहीं था। वे अब विवादित प्रचार सामग्री को हटाने की भी दुहाई दे रहे हैं। लेकिन सच तो यह है कि फिल्म निर्माता ने अपनी फिल्म को विवादों के जरिए जितना प्रचार पाना चाहा था उतना पा लिया। उसका मकसद पूरा हुआ। अब सवाल यह है कि क्या ऐसे फिल्म निर्माताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी जो धन कमाने के निमित्त इस किस्म के हथकंडे अपनाते हैं। कहना मुश्किल है। इसलिए कि इस तरह के हथकंडे बार-बार अपनाए जा रहे हैं। याद होगा गत वर्ष पहले ओम राउत निर्देशित फिल्म आदिपुरुष भी आई थी जिसमें अमर्यादित और फूहड़ संवादों और बेतुकी कल्पनाओं के जरिए भगवान श्रीराम और उनके भक्त हनुमान के अपमान के साथ-साथ महाकाव्य रामायण की प्रमाणिकता, ऐतिहासिकता, संदर्भ, गरिमा और आस्था से जमकर खिलवाड़ किया गया था। इसी तरह तमिल फिल्म निर्माता लीना मणिमेकलाई ने अपनी फिल्म काली के पोस्टर में



हिंदू देवी का रुप धरे महिला किरदार को सिगरेट पीते दिखाया था। इस किरदार के एक हाथ में एलजीबीटीक्यू समुदाय के 6 रंगे झंडे को भी दिखाया गया था। तब भी विरोध हुआ था लेकिन लीना मणिमेकलाई हिंदू संवेदनाओं को समझने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं दिखी। तब उन्होंने कहा था कि वह जीवित रहने तक निडर होकर अपनी आवाज का इस्तेमाल करती रहेंगी। विडंबना यह है कि तब भी कुछ सेलिब्रेटी राजनीतिक हस्तियां लीना मणिमेकलाई के समर्थन में आवाज बुलंद करती दिखी थी जैसा कि आज ‘घुसखोर पंडत’ टाईटल के समर्थन में खड़े दिख रहे हैं। मौंजू सवाल यह कि क्या नीरज पांडेय, ओम राउत और लीना मणिमेकलाई सरीखे फिल्म मेकर्स हिंदू जातियों, हिंदू धर्म, हिंदू आस्था की तरह अन्य धर्मों की जातियों, उनके आराध्यों और उन्हें असहज करने वाली भावनाओं को अपनी फिल्मों में अमर्यादित तरीके से दिखाने का साहस कर सकते हैं? शायद नहीं। तब फतवा जारी हो जाएगा और उन्हें जान बचाने के लाले पड़ जाएंगे। याद होगा गत वर्ष पहले देश के जाने-माने फिल्मकार संजय लीला भंसाली ने फिल्म ‘पद्मावती’ के जरिए रानी पद्मावती और अलाउद्दीन खिलजी के बीच प्रेम संबंधों का निरुपण कर वितंडा खड़ा किया था। इसे लेकर देश में भारी बवाल हुआ था।

### विवादित फिल्में

मार्च 2015 में फिल्म ‘डर्टी पॉलिटिक्स’ भी विवादों से घिरी जब फिल्म का फर्स्टलुक जारी हुआ। इस पोस्टर में अभिनेत्री मल्लिका तीन रंगों वाले राष्ट्रीय ध्वजों में लिपटी नजर आयीं। हैदराबाद उच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका पर मल्लिका और सरकार को नोटिस भी जारी किया। जनवरी 2016 में हंसल मेहता की फिल्म ‘अलीगढ़’ में समलैंगिक शब्द के इस्तेमाल पर सेंसर बोर्ड ने ऐतराज जताया। उल्लेखनीय है कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रोफेसर श्रीनिवास रामचंद्र सीरस के जीवन से जुड़ी सत्य घटना पर आधारित इस फिल्म में मनोज बाजपेयी और राजकुमार राव ने प्रमुख भूमिका निभायी थी। अभी गत वर्ष पहले अनुराग कश्यप निर्देशित फिल्म ‘उड़ता पंजाब’ विवादों के केंद्र में रहा। इस फिल्म का कथानक पंजाब में नशाखोरी के इर्द-गिर्द गढ़ा-बुना गया था। इसके कुछ दृश्यों और डॉयलाग को लेकर बवाल मचा। बेशक एक फिल्मकार को अधिकार है कि वह फिल्मों का निर्माण करे। लेकिन उसका उत्तरदायित्व भी है कि वह धर्म, संस्कृति और इतिहास को पढ़े-समझे और उसकी वास्तविकताओं एवं भावनाओं का ख्याल रखकर फिल्मों का निर्माण करे। उसे ध्यान रखना चाहिए कि फिल्मों के जरिए समाज के नैसर्गिक स्वभाव और आस्था पर बुरा असर न पड़े।

यह उचित नहीं कि चंद पैसों के लालच में या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ लेकर हिंदू धर्म, संस्कृति और इतिहास पर हमला किया जाए। देखा जा रहा है कि विगत कई दशकों से भारत में हिंदू देवी-देवताओं और सनातन संस्कृति को टारगेट कर फिल्में बनायी जा रही हैं। यह सोच न सिर्फ विघटनकारी और नफरतपूर्ण है बल्कि भारतीय संस्कृति, सभ्यता, धर्म, संस्कृति और इतिहास पर प्रहार भी है। दरअसल इसके दो मकसद हैं। एक, हिंदू धर्म को बदनाम करना और दूसरा विवादों के जरिए अकूत संपदा इकठ्ठा करना। विश्वरुपम, हैदर, एमएसजी, पीके, मद्रास कैफे, सिंघम, आरक्षण, माई नेम इज खान, जोधा-अकबर, वाटर, जो बोले सो निहाल और फायर इत्यादि फिल्में इसी तरह का उदाहरण हैं। फिल्मकारों ने यह धारणा पाल रखी है कि फिल्मों पर जितना अधिक बवाल होगा उनकी कमाई में उतना ही इजाफा होगा। बेशक एक स्वस्थ लोकतांत्रिक समाज में कहने-सुनने, लिखने-पढ़ने और दिखने-दिखाने की आजादी होनी चाहिए। विशेष रुप से कला के क्षेत्र में तो और भी अधिक। क्योंकि समाज में जो कुछ भी घटित होता है, उसे कला के जरिए पर्दे पर उकेरा जाता है। लेकिन कला और अभिव्यक्ति की आड़ लेकर अरबों कमाने की लालच में किसी धर्म और आस्था पर प्रहार कहां तक उचित है? एक वक्त था जब फिल्मों का कथानक समाज और राष्ट्र के जीवन में चेतना का संचार करता था। युवाओं को प्रेरणा देता था।

आजादी की लड़ाई को धार देने से लेकर समाज के गुणसूत्र को बदलने-रचने में फिल्मों की अहम भूमिका रही है। आज भी कुछ फिल्में सामाजिक व राष्ट्रीय सरोकारों को उकेरती दिख जाती हैं। लेकिन अधिकांश फिल्में वास्तविकताओं से दूर अतिरंजित और फूहड़पन से लैस होती हैं। नतीजा उन्हें विवादों का विषय बनते देर नहीं लगती। इसमें किसी को आपत्ति नहीं कि फिल्मों का शीर्षक क्या हो अथवा उसका कथानक कैसा हो यह तय करने का अधिकार फिल्म के प्रोड्यूसर और निर्देशक का है। एक फिल्मकार को अधिकार और आजादी है कि वह ऐतिहासिक और धार्मिक कथानकों को फिल्मों के जरिए दुनिया के सामने लाए। लेकिन इसका तात्पर्य यह नहीं कि वह धार्मिकता, ऐतिहासिकता और प्रमाणिकता के साथ छेड़छाड़ कर आस्था लहूलुहान करे। अगर किसी फिल्म के शीर्षक, कथानक या डॉयलाग से समाज का कोई वर्ग आहत होता है तो इसकी जिम्मेदारी सेंसर बोर्ड की है कि वह इसे पास न करे। पूर्व में कई फिल्मों पर इस तरह की कैंची चलायी गयी है।

## सोशल मीडिया

भारत फिस्कल मजबूती के रास्ते पर आगे बढ़ने के साथ कर्ज में कटौती के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, अर्थव्यवस्था की जरूरतों के लिए पूर्व में सरकार को अधिक कर्ज लेना पड़ा। निर्मला सीतारमण.



एकात्म मानव वाद के प्रणेता, भारतीय जन संघ के संस्थापक सदस्य और हमारे पथ प्रदर्शक श्रद्धेय पं. दीन दयाल उपाध्याय जी की पुण्य स्मृति पर कोटिशः नमन। जेपी नड्डा.



चोरी करने वाले यूपी पुलिस कर्मी पर कोई कार्रवाई होगी या फिर भाजपा सरकार इस मामले को भी अपना हिस्सा बांटकर खाते में डालकर रफ दफा कर देगी। अखिलेश यादव



# आनन्द की अनुभूति

ईश्वर की सत्ता असीमित है। अध्यात्म साधन, मानव जीवन का परम लक्ष्य अपने दृष्टिकोण खण्ड खण्डता, विभिन्नता, संकीर्णता से हटाकर सर्वत्र उस विश्वात्मा, परमात्मा की विराट सत्ता का दर्शन और उसकी अनुभूति प्राप्त करना मनुष्य के लिए यही सत्य और सनातन राजमार्ग है। अब जाति, गुण, कर्म, स्वभाव संस्कार आदि समाप्त हो जाते हैं। मानव मात्र में आत्मदृष्टि से देखने पर सर्वत्र उस विश्वात्मा की प्रतिष्ठापना के दर्शन होते हैं। इतना ही नहीं प्राणी मात्र वृक्ष, वनस्पतियां, जड़, चैतन्य में उसी परम शक्ति का क्रिया कलाप दिखाई देता है और तभी निर्वाचनीय आनन्द की प्राप्ति होती है। जिस क्षण उस विश्वात्मा की अनुभूति प्राप्त होगी उसी क्षण समस्त पाप, ताप, अभ्यास जनित संस्कार आचरणों का अंत हो जायेगा और अमृत यद्धि भाति अमृत रूप में जो सब में प्रकाशित है उसी अमृत में आत्मा का प्रवेश होगा। फिर सर्वत्र अनन्त आनन्द रूपी अमृत के ही दर्शन होंगे। हमारी आत्मा में भूमा स्थिति दिव्य प्रकाश मुखिरत हो उठेगा। साधना का तात्पर्य ही है साथ लेना, सधा लेना, पशु प्रशिक्षक यही करते रहते हैं। अनगढ़ और उच्छृंखल प्राणी को उपयोगी समझा जा सके। उसके बढ़े हुए स्तर का मूल्यांकन हो सके। पालने वाला अपने को लाभान्वित हुआ देख सके। सिखाने वाला भी अपने प्रयास की सार्थकता देखते हुए प्रसन्न हो सके। समझा यह जाता है कि भक्त भगवान को साधता है। उसको मूर्ख समझते हुए उसकी गलतियां निकालता रहता है। तरह-तरह के उलाहने देता है। साथ ही गिड़गिड़ाकर नाक रगड़कर, खींसे निपोर कर अपना उचित अनुचित उल्लू सीधा करने के लिए जाल जंजाल बुनता है। प्रशंसा के पुल बांधता है। छिटपुट भेंट चढ़ाकर उसे फुसलाने का प्रयत्न करता है। समझा जाता है कि सामान्य लोगों से व्यवहारिक जगत में अदान-प्रदान के आधार पर ही लेन-देन चलता है पर ईश्वर या देवता ऐसे हैं जिन्हें वाणी की वाचालता तथा शारीरिक मानसिक उचक-मचक करने भर से वशवर्ती किया जा सकता है। यह दार्शनिक भूल मनुष्य को प्रकारान्तर से प्रच्छन्न नास्तिक बना देती है। एक नास्तिक वह है जो प्रत्यक्षवाद के आधार पर ईश्वर की सत्ता स्पष्ट दृष्टिगोचर न होने से उसकी सत्ता से इनकार करते हैं। दूसरे प्रच्छन्न नास्तिक वे हैं जो उससे पक्षपात की, मुफ्त में लंबी चौड़ी मनोकामनाओं की पूर्ति चाहते रहते हैं। मनुष्य विधि व्यवस्थाओं को तोड़ता छोड़ता रहता है। पर ईश्वर के लिए यह संभव नहीं है कि अपनी बनाई कर्म फल व्यवस्था का स्वयं उल्लंघन करे या दूसरों को ऐसा करने के लिए उत्साहित करे तथाकथित भक्त लोग ऐसी ही आशाएं किया करते हैं। अंततः उन्हें निराश होना पड़ता है।

अंतर्दृष्टि

# राजनीतिक रेवड़ियां

व्यंग्यलोक

पास में पानी रखा हुआ है और मैं उसे पी भी सकता हूं। लेकिन इस इंतजार में बैठा हूं कि कोई भी दल-दल पार्टी का नेता आएगा और चुनावों की इस बेला पे यह घोषणा पत्र जारी कर देगा कि आपको मुफ्त में पानी पिलाने की हमारी जिम्मेदारी है। आप जब भी इशारा करेंगे, तब हम उठकर आएंगे। आप स्वयं को पानी पिला देंगे। अगर ऐसी कोई मुफ्त की घोषणा कोई दल-दल पार्टी कर दे, तो मेरी इच्छा है कि मैं उसका इंतजार करूं। कितनी ही तेज प्यास लग जाए लेकिन जो मजा मुफ्त के पानी में है, वह और कहां? वैसे फिजाओं में चुनावी लहरें ज्वार-भाटा मचा रही है। वहां मुफ्त-मुफ्त की आंधियां चलाई जा रही हैं। एक दल-दल पार्टी कह रही है कि हमें वोट दोगे, तो हमारी पार्टी आपके घर वालों के सारे कपड़े मुफ्त में धोने का काम करेगी। यही नहीं कपड़ों को धोकर सुखाने का काम भी करेगी। आपके पड़ोस में जो चक्की लगी हुई है, वहां से चना-चबीना पीसाकर आपके घर पहुंचा देगी। ये हमारा दावा है। हमारी पार्टी की मुफ्तगीरी का मुफ्तस्य, मुफ्तायाः, मुफ्ताणां मंत्र वाला यह हमारा सदाबहार संकल्प है। दल-दल पार्टी का यह संकल्प गीत सुनकर दल-बदल पार्टी भी बांग दे रही है। हम आपके कपड़े सुखाएंगे भी सही और उन्हें प्रेस करके आपको पहनाएंगे भी सही! आप हमारे नेताजी को वोट देकर तो देखिए! हम पुराने पीपल वाली सेकुलर चक्की से चना-मक्का पिसवाकर आपके घर तक पहुंचाएंगे। फिर घर के पड़ोस में खड़े होकर खुद जनता छाप रोटियां बेलकर उन्हें सकेंगे। फिर अपनी वाली पार्टी के हाथों से आपको मुफ्त में खाना भी खिलाएंगे। ये हमारा दावा है। यही नहीं इन रोटियों को पचाने के लिए हम आपके बदले एक्सरसाइज भी करेंगे। हम जिम जाएंगे, लेकिन आपके स्वास्थ्य के साथ कभी खिलवाड़ नहीं करेंगे। यह हमारी पार्टी का संकल्प पत्र है। चुनावी फिजां में इस प्रकार के संकल्प को देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। ये जो मेरे मुंह के आगे मक्खी भिन-भिना रही है और वह मुंह में घुसने की तमाम तिकड़में लगा रही है, तो भी मैं उसे कुछ नहीं कह रहा हूं। इंतजार कर रहा हूं कि कोई पार्टी आएगी और इसे अपना चुनावी मुद्दा बनाएगी। वह संकल्प पत्र जारी करेगी। भौंपू में घुसकर कहेगी कि आप अपने सामने घूमती हुई मक्खी को हरगिज न उड़ाएं। सिर्फ हमारी पार्टी को वोट देकर देखें। फिर आपके सामने किसी भी मक्खी को उड़ने की हरगिज इजाजत नहीं दी जाएगी। मक्खी उड़ाने की ये सब सेवाएं मुफ्त में कर दी जाएंगी। वातावरण में इस तरह के चुनावी संकल्प गूंज रहे हैं। वादे इठला रहे हैं। मैं सामने पड़ा हुआ पानी अभी तक नहीं पी रहा हूं, कि कोई भी दल-खोर पार्टी आएगी और वह मुझे मुफ्त का पानी पिला जाएगी।


रामविलास जॉगिड़

# बच्चे को डांटने से पहले उनकी परेशानी भी जानें


पैरेंटिंग

नीलम अरोड़ा

इसमें कोई दो राय नहीं है कि आजकल के छोटे बच्चे भी बहुत स्मार्ट हैं और ऐसे-ऐसे बिल्कुल सच लगने वाले बहाने बनाते हैं कि आप दंग रह जाएं। लेकिन जब कोई बच्चा बार बार स्कूल न जाने पर अड़ा हो और इसके लिए एक ही तर्क बार बार दे रहा हो, तो इसे उसका सिर्फ बहाना न समझें, इसे गंभीरता से लें। स्कूल न जाने की उसकी वजह वाजिब और गंभीर हो सकती है, कैसे? आइये इन तथ्यों से जानें।

**बच्चे भी हैं तनावग्रस्त**

सुनने में अटपटा लगता है, लेकिन सच्चाई यही है कि आज की लाइफ स्टाइल सिर्फ वयस्कों को ही तनावग्रस्त नहीं कर रही, छोटे बच्चे भी इस तेज रफ्तार जिंदगी से तनावग्रस्त हैं। एक पांच साल का बच्चा जब लगातार अपने पैरेंट्स से स्कूल न जाने की जिद कर रहा था, तो उसके पैरेंट्स उसे डॉक्टर के पास ले गए और पता चला कि इतनी कम उम्र का वह बच्चा, बेहद तनावग्रस्त था। आजकल छोटे बच्चे मानसिक तनाव के चलते न सिर्फ बेचैन रहते हैं बल्कि बीमार भी पड़ रहे हैं। उनके तनाव की कई वजहें हो सकती हैं, पर सबसे अहम वजह है उन्हें लेकर माता-पिता की अति महत्वाकांक्षा। आजकल माता-पिता अपने बच्चे को तभी कामयाब समझते हैं, जब वह 90$ नंबरों से पास होते हैं। अच्छे नंबर लाने के लिए बच्चे लगातार तनाव में रहते हैं। अगर बच्चा नंबर नहीं ला पाता तो मां-बाप की डांट फटकार से वह हीन भावना का शिकार हो जाता है और उसका खेलने-कूदने में कतई मन नहीं लगता। यही नहीं इससे ऐसे बच्चे इस कदर तनावग्रस्त हो जाते हैं कि घर से भागने और आत्महत्या करने तक की सोचने लगते हैं। अतः अच्छे नंबरों का बच्चों पर दबाव डालने से पहले मां-बाप कई बार सोचें।

**एडमिशन फोबिया**

आजकल जिस तरह अच्छे स्कूलों में एडमिशन मिलना मुश्किल हो गया है, उसके चलते छोटे बच्चों के मां-बाप तो तनाव में रहते ही हैं, खुद छोटे बच्चे भी अच्छे स्कूल में एडमिशन को लेकर तनावग्रस्त रहते हैं। यह अलग बात है कि उनके छोटे होने के कारण मां-बाप को एहसास ही नहीं होता कि उनकी तरह उनका छोटा बच्चा भी एडमिशन फोबिया से डरा हुआ है। दरअसल छोटे बच्चे को भी अस्वीकृत होने का बोध गहरे तनाव में डाल देता है। छोटे बच्चे इस वजह से इस प्रक्रिया में तनाव का शिकार हो जाते हैं, क्योंकि मां-बाप एडमिशन के काफी पहले से ही कहने लगते हैं, अच्छे से तैयारी करो वर्ना एडमिशन नहीं होगा। एक बात यह भी है कि एडमिशन के पहले दिन रात घर में एडमिशन की कठिनाईयों की जो चर्चा होती है, वह भी छोटे बच्चों को भयग्रस्त और तनावग्रस्त बनाती है।

**चिंतित करती है हकीकत**

कुछ साल पहले किये गये एक शोध में मुंबई के एक अस्पताल में साढ़े चार सौ बच्चे तनाव के कारण बीमार पाए गए थे। इसके लिए माता-पिता और स्कूल-कॉलेजों में उनके एडमिशन की डरावनी प्रक्रिया जिम्मेदार थी। साथ ही कक्षा में बच्चों की जरूरत से ज्यादा संख्या होना भी, उन्हें तनावग्रस्त बनाती थी। टीचर सभी बच्चों की ओर ध्यान नहीं दे पाती है, न ही ठीक से पढ़ा पाती हैं। यह स्थिति भी बच्चों को तनावग्रस्त करती है, क्योंकि उसे समझ में नहीं आता कि इस समस्या का निदान कैसे हो? कई बार बच्चे को स्कूल में छेड़ा जाता है या मारपीट हो जाती है, तो वह किसे बताए यह भी समस्या रहती है?

इसलिए स्कूल जाने से कतराने पर बच्चे को डांटने से पहले यह जानें-

- कि आखिर बच्चा स्कूल जाने से कतरा क्यों रहा है? अगर पूरी तरह से बात समझ में न आए तो एक बार उसके स्कूल की विजिट करके जानें की वजह क्या है?
- कि बच्चे की कहीं सचमुच तबीयत तो नहीं खराब। यह सोचकर उसे डॉक्टर को दिखाएं और स्कूल जाकर वहां उसकी गतिविधियों को जानें।
- कि कहीं आप उसे इग्नोर तो नहीं कर रहे। कामकाजी माता-पिता बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाते हैं। तब भी कई बार बच्चे बीमारी का बहाना बनाकर, उनका ध्यान अपनी ओर खींचते हैं, लेकिन इसे उनकी चालाकी न समझें बल्कि आपका साथ पाने की चाहत समझें।

## आपकी बात

### वाहनों की गति सीमा जरूरी

देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, आगरा से दिल्ली जाने वाली यमुना एक्सप्रेस पर आये दिन भीषण हादसे होते हैं। यहीं अभी नया-नया बनकर तैयार हुआ देश का पहला स्मार्ट एक्सप्रेस वे ईस्टर्न फेरीफेरल एक्सप्रेस वे भीषण दुर्घटनओं के मार्ग बन गये हैं। हाइवे दरअसल त्वरित और सुरक्षित परिवहन के लिए होते है लेकिन जब ये खतरों के पर्याय बन जायें तो फिर सोचना पड़ता है कि रफ्तार की इतनी भी क्या जरूरत जो जिंदगी सांसे थम दें। हाइवे और एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार के कारण बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होती हैं और यह इतनी भीषण होती हैं कि तेज रफ्तार के चक्कर में प्रायः जिंदगी की रफ्तार ही थम जाती है। आगरा एक्सप्रेस वे, ताज एक्सप्रसे वे, शहीद पथ, जैसे हाइवे दुर्घटनाओं का पर्याय बन गये हैं। अगले कुछ सालों में प्रदेश में चार-पांच और एक्सप्रेव शुरू होंगे। जाहिर है यहां भी रफ्तार का कहर हो सकता है। देश एवं प्रदेश में भी तेजी के साथ हाईवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, आगरा से दिल्ली जाने वाली यमुना एक्सप्रेस पर आये दिन भीषण हादसे होते हैं। यहीं अभी नया-नया बनकर तैयार हुआ देश का पहला स्मार्ट एक्सप्रेस वे ईस्टर्न मेरीफेरल एक्सप्रे वे भीषण दुर्घटनओं के मार्ग बन गये हैं। हाइवे दरअसल त्वरित और सुरक्षित परिवहन के लिए होते लेकिन जब ये खतरों के पर्याय बन जायें तो फिर सोचना पड़ता है कि रफ्तार की इतनी भी क्या जरूरत जो जिंदगी सांसे थम दें। दरअसल देश में फर्राटा भरने वाली सड़कें तो तेजी के साथ बन एवं बढ़ रही हैं लेकिन लोगों को ट्रैफि क सेंस की कमी के कारण दुर्घटनाएं बढ़ गयी हैं। ये दुर्घटनाएं सिर्फ और सिर्फ तेज स्पीड के कारण होती हैं। हाइवे का मतलब यह नहीं होता कि उस पर हवाई जहाज की रफ्तार से फर्राटा भरने लगें। प्रायः यह देखा जाता है जाता है कि तेज रफ्तार के कारण गाड़िया आगे बढ़ने के चक्कर में बगल वाली गाड़ी टक्कर मार देती हैं और इस तरह खुद के और दूसरों के जान के लिए खतरा बनी रहती हैं। हाईवे निर्माण के साथ अब यह भी जरूरी है कि लोग ट्रैफिक नियमों पालन करें।

**संजीव कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### बढ़ता जलदोहन

जल संरक्षण के तमाम प्रयासों के बावजूद हकीकत यह है कि लोगों को पानी बचाने को लेकर कोई खास जागरुकता नहीं है। लोग बहुत पानी बर्बाद करते हैं। इसलिए जलदोहन पर लगाम लगाने के साथ ही यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोगों को अपनी जरूरत से अधिक पानी न मिले।

बढ़ती आबादी के साथ कृषि व उद्योग जगत की जरूरतों के लिए जल संरक्षण की बहुत जरूरत है। नदियों का संकट कोई नया नहीं है। तमाम छोटी-छोटी नदियां खत्म हो गयीं। जबकि गंगा यमुना जैसी बड़ी नदियों भी प्रदूषण के कारण संकटग्रस्त हैं। जब हम नदियों के संकट की बात करते हैं तो बड़ी नदियों पर तो चर्चा होती है। गंगा, यमुना, गोमती जैसी नदियों के बारे में योजना भी बनती है और जैसे-तैसे सफाई अभियान भी शुरू किया जाता है लेकिन छोटी-छोटी नदियों का कोई पुरसाहाल नहीं।

**शिवेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## पांच दिन बाद नहर से बरामद हुआ लापता युवती का शव

गोसाईंगंज-अयोध्या। पारिवारिक विवाद के कारण नहर में कूद कर लापता हुई युवती का शव पांच दिन बाद दतौली के पास नहर से बरामद हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। एसएचओ राजेश सिंह के मुताबिक बीते छह फरवरी को थाना महराजगंज इलाके के गोविंदपुर मजरे खानपुर निवासिनी सविता गौड़ उर्फ चुलबुली पुत्री स्व. बजरंगी पारिवारिक विवाद के कारण नाराज होकर घर से निकली थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवती ने नहर के किनारे अपनी चप्पल व मोबाइल रखकर नहर में छलांग लगा दिया था।

मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने का काफी प्रयास किया लेकिन वह गहरे पानी मे डूब गई। घटना के बाद से रेस्क्यू टीम लगातार शव की तलाश में जुटी हुई थी। बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने दतौली के पास नहर में एक शव को बहते हुए देखा, जिसकी सूचना पुलिस को दी गयी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को निकलवाया। शव की पहचान भाई उमेश गौड़ ने सविता गौड़ के रूप में किया।

# योगी सरकार ने रामनगरी पर की धनवर्षा



- अपने दसवें बजट में खोला खजाना, 250 करोड़ का ऐलान
- अयोध्या के पर्यटन को लगेंगे पंख, 100 करोड़ का बजट प्रस्तावित
- अयोध्या तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के लिए भी 150 करोड़ की व्यवस्था

अयोध्या। योगी आदित्यनाथ सरकार ने बजट में रामनगरी अयोध्या के सर्वांगीण विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कुल 250 करोड़ रुपये की विशेष व्यवस्था की है। यह घोषणा अयोध्या को वैश्विक पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को भी दशार्ती है। बजट भाषण में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि श्री अयोध्या तीर्थ विकास परिषद द्वारा अयोध्या क्षेत्र में पर्यटन अवस्थापना (इंफ्रास्ट्रक्चर) के विकास के लिए 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

इस राशि से राम मंदिर परिसर के आसपास बेहतर सड़कें, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, पेयजल सुविधाएं, गेस्ट हाउस और अन्य पर्यटक सुविधाओं का विस्तार होगा। परिषद के माध्यम से अयोध्या को स्मार्ट और आधुनिक तीर्थ नगरी के रूप में विकसित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि लाखों श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित दर्शन का अनुभव मिल सके। इसके अतिरिक्त अयोध्या के सर्वांगीण विकास के लिए अलग से 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। इस धनराशि से शहर के अन्य हिस्सों में बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता अभियान, हरित क्षेत्रों का विस्तार, निर्माण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाली योजनाएं चलाई जाएंगी। अयोध्या को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की पहल में भी इसे शामिल किया गया है। सरकार के इस फैसले से अयोध्या में पर्यटन उद्योग को नई गति मिलने की उम्मीद है। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी जयेंद्र कुमार ने बताया कि बजट मिलने के बाद कार्यों को गति मिलेगी। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहां श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। रोजाना लाखों लोग दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे स्थानीय व्यापार, होटल, परिवहन और रोजगार के अवसर बढ़े हैं। बजट में दिए गए इस अतिरिक्त फंड से अयोध्या न केवल आध्यात्मिक केंद्र बनेगा, बल्कि आर्थिक रूप से भी मजबूत होगा।

### जन सामान्य ही नहीं संतों में भी उत्साहः महंत राकेश तिवारी

स्थानीय लोग और संत समाज इस घोषणा से बेहद उत्साहित हैं। अयोध्या के निवासियों का कहना है कि योगी सरकार के नेतृत्व में रामनगरी अब वैश्विक स्तर पर चमकेगी। पर्यटन विशेषज्ञों का मानना है कि 250 करोड़ का यह फंड अयोध्या को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर और मजबूती से स्थापित करेगा। ज्योतिष पीठाधीश्वर महंत राकेश तिवारी ने कहा कि योगी सरकार ने एक बार फिर साबित किया कि राम भक्ति सिर्फ भावनाओं तक सीमित नहीं, बल्कि विकास की ठोस योजना भी है।

250 करोड़ का यह फंड अयोध्या को और सुंदर, सुगम और आधुनिक बनाएगा। राम मंदिर आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को अब बेहतर सड़कें, पार्किंग, प्रकाश और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। यह बजट भगवान राम की नगरी को सच्चे अर्थों में ह्लराम राज्यह्व का प्रतीक बनाने की दिशा में है। हम संत समाज और स्थानीय लोग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हैं। अब अयोध्या न सिर्फ आस्था का केंद्र बनेगी, बल्कि रोजगार और व्यापार का भी बड़ा हब बनेगी।

### बजट में अयोध्या के लिए यह बड़ी सौगातः अंजनी गर्ग

स्थानीय व्यापारी अंजनी गर्ग ने कहा कि बजट में अयोध्या के लिए यह बड़ी सौगात है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहां पर्यटकों की संख्या कई गुना बढ़ गई है, लेकिन इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी महसूस हो रही थी। 150 करोड़ से तीर्थ विकास परिषद के जरिए नए गेस्ट हाउस, बेहतर सड़कें और पर्यटक सुविधाएं आएंगी, जबकि 100 करोड़ से शहर के अन्य हिस्सों का भी कायाकल्प होगा। इससे हमारा व्यवसाय बढ़ेगा, नए रोजगार पैदा होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। योगी सरकार ने चुनाव से पहले अयोध्या को प्राथमिकता देकर सही फैसला लिया है। उम्मीद है कि यह राशि जल्द जमीन पर उतरेगी और अयोध्या को अंतरराष्ट्रीय स्तर का पर्यटन स्थल बनाएगी।

### धार्मिक पर्यटन से आर्थिक समृद्धि और वैश्विक पहचान का मार्गः लल्लू सिंह

पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि रामनगरी अयोध्या को जो विशेष प्राथमिकता दी गई है, वह प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन के विकास से स्थानीय व्यापार, होटल उद्योग, हस्तशिल्प और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

यह बजट ह्यसांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और विकास के संतुलनह्व का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो अयोध्या को वैश्विक पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होगा।

## विजय उद्यान पार्क स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन



बाराबंकी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचार धारा समाज की अनमोल धरोहर है। पंडित जी के चिंतन के मूल में लोकमंगल एवं राष्ट्र का कल्याण समाहित रहा। उन्होंने एक ऐसे सिद्धांत का प्रतिपादन किया जो भारत की प्रकृति, संस्कृति एवं धर्म तथा राष्ट्र का सर्वांगीण विकास हो जिसका नाम एकात्म मानव वाद दिया। उक्त उद्गार पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर विजय उद्यान पार्क स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये पंडित दीनदयाल उपाध्याय समाज सेवा न्यास अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता राम लखन शुक्ला ने कही। कार्यक्रम का संचालन अनूप कुमार यादव एवं सचिन प्रताप सिंह ने किया। श्रद्धाजंलि अर्पित करने वालो मे दुर्गेश प्रताप मिहिर, रमेश चंद्र शुक्ला, सुशील कुमार जायसवाल, विनोद कुमार श्रीवास्तव, रोहिताश दीक्षित, अंकुल कुमार प्रजापति, मुकेश दीक्षित, वेद प्रकाश गुप्ता, दयाशंकर श्रीवास्तव, सुनील कुमार मौर्य, अमित शुक्ला, सुभाष मौर्य, अश्विनी शुक्ला, नरेंद्र वर्मा, अभिषेक मिश्रा, अमनदीप सिंह मौजूद रहे।

## साइबर सेल टीम ने पीड़ित को 73,201 रुपये कराये वापस



बाराबंकी। पीड़ित के खाते पर लोन निकाल लेने की शिकायत पर साइबर सेल ने त्वरित कार्यवाही कर रुपयो को वापस करवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार साइबर ठगो द्वारा धोखाधड़ी कर आवेदक संजीव खरे पुत्र स्व0 हरीश बहादुर खरे, निवासी ग्राम पायनियर चैराहा, लखपेड़ाबाग, थाना कोतवाली नगर के खाते पर लोन निकाल लेने के नाम पर 73,201 रुपये ठगी किये जाने को लेकर शिकायती प्रार्थना पत्र सौपा। जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक निरीक्षक बृजेश कुमार यादव, निरीक्षक संजीव कुमार यादव, उ0नि0 इफलाक अहमद, का0 सुधाकर भदौरिया, का0 राजन यादव, का0 अभिषेक चपराणा, पंकज यादव, अंकित कुमार, कपिल कुमार की टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुये पीड़ित की सम्पूर्ण धनराशि को खाते मे वापस करवाया। तो वही साइबर सेल टीम ने किसी भी अज्ञात कॉल, लिंक या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करने, साइबर ठगी की आशंका होने पर तुरंत संबंधित थाने या साइबर हेल्पलाइन पर सूचना देने की अपील की।

## डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि के कुलपति नियुक्त

अयोध्या। देश के प्रतिष्ठित कृषि वैज्ञानिक और गेहूं के अभिजनक डॉ ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन ने आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या का कुलपति नियुक्त किया है।

डॉ ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह वर्तमान में राष्ट्रीय पादप अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो के निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। डॉ सिंह 28 अक्तूबर 2022 को इस पद पर आए थे जबकि इससे पूर्व डॉ ज्ञानेंद्र सिंह वर्ष 2016 से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत भारतीय गेहूं और जौ अनुसंधान संस्थान करनाल की कमान सम्हाल रहे थे। डॉ सिंह ने गेहूं फसल पर कार्य करते हुए 27 गेहूं किस्मों का विकास किया है। डॉ ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को उनकी कृषि क्षेत्र की विशिष्ट सेवाओं के लिए दर्जनों राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। वर्ष 2025 में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कृषि विज्ञान में उनके अति विशिष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार के अंतर्गत विज्ञान श्री पुरस्कार से सम्मानित किया है। इसके इतर नवनियुक्त कुलपति डॉ ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को वर्ष 2016 का पाल स्वर्ण पदक , इसी वर्ष राव बहादुर विश्वनाथ स्मारक पुरस्कार, वर्ष 2014 का वी एस माथुर स्मारक पुरस्कार, भारतीय आनुवांशिकी और पादप प्रजनन सोसायटी नई दिल्ली द्वारा कृषि में उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए ए आई एस ए राष्ट्रीय पुरस्कार 2019 तथा इसी वर्ष में युवा किसान संघ द्वारा सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक पुरुस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। नवनियुक्त कुलपति डॉक्टर ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह अभी भारत सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए इंग्लैंड के दौरे पर हैं।

# जमीनी विवाद में बुजुर्ग की पीट-पीट कर हत्या



- दरवाजा लगाने को लेकर हुआ विवाद

मिल्कीपुर-अयोध्या। थाना कुमारगंज क्षेत्र के चैधरीपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुए विवाद में एक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना से गांव में सनसनी फैल गई और परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार चैधरीपुर गांव निवासी जमुना प्रसाद यादव 65 वर्ष अपने घर पर दरवाजा लगा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही विपक्षी पक्ष के लोगों से कहासुनी हो गई।

देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि विपक्षी मारपीट पर उतारू हो गए। मृतक के पुत्र राम अवतार ने बताया कि देवनारायण तथा गीता, राम विशाल समेत अन्य लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने जमुना प्रसाद के सिर पर लाठी से वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। मारपीट में अन्य लोग भी शामिल बताए जा रहे हैं। वही बीच बचाव में वही बीच बचाव के दौरान मृतक की पत्नी प्रेमा देवी उम्र 60 वर्ष बेटा रामवतार एवं आशाराम तथा बहूं कुसुम तथा अंजलि भी घायल हो गए। घटना के बाद परिजन आनन-फानन में जमुना प्रसाद को उपचार के लिए संयुक्त सौ शैय्या चिकित्सालय कुमारगंज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची कुमारगंज पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना अध्यक्ष कुमारगंज संतोष कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला जमीनी विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है तथा जिन पर आरोप है उनको हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

वहीं मृतक जमुना प्रसाद नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी थे और सेवानिवृत्ति थे ,महीनों से चल रहा था दोनों पक्षों में विवाद पुलिस ने पाबंद भी किया था।

## बिना टिकट ट्रेन मे सवार मिले 87 यात्री, 306 केस दर्ज



बाराबंकी। बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियो के खिलाफ वरिष्ठ मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक के नेतृत्व मे टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य रेल राजस्व क्षति को रोकना है। जिसके क्रम मे आज रसौली रेलवे स्टेशन पर यात्री टेज्न संख्या 64215 मे चेकिंग की गई। जिसमे बिना टिकट यात्रा कर रहे 87 यात्रियो को पकड़ा गया। और विधिक कार्यवाही करते हुये अपर मुख्य न्यायिक मजिस्टेज्ट उत्तर रेलवे लखनऊ के समस्त कार्यवाही हेतु भेजा गया। इसके साथ ही आदर्श बाराबंकी जंक्शन पर भी चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमे 306 केस दर्ज करते हुये किराया 79963 रुपये, जुमार्ना 83650 रुपये कुल 163613 रुपये जुमार्ना वसूला गया। चेकिंग अभियान मे मुख्य रुप से वरिष्ठ मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक कुलदीप तिवारी, सहायक वाणिज्य प्रबन्धक के0के यादव, वाणिज्य निरीक्षक रोहित वर्मा, खण्डीय निरीक्षक प्रशांत कुमार, मुख्य टिकट निरीक्षक मो0 लुकमान, 34 टिकट चेकिंग स्टाफ सहित भारी संख्या मे आरपीएफ व जीआरपी पुलिस मौजूद रहे।

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा और विचार गोष्ठी का आयोजन



बाराबंकी। विकास पुरुष, बेसहारा, गरीबों, मजलूमों की बुलंद आवाज, पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वः बेनी प्रसाद वर्मा की 86वी जंयती पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता मे श्रद्धाजंलि सभा एंव विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे स्वः बाबू जी के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर कार्यकर्ताओ ने नमन किया। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने कहा कि बाबूजी सभी धर्म संप्रदाय जाति बिरादरी के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए काम करते थे। सामाजिक एकता के लिए उन्होंने तमाम प्रयास किये। पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा ने कहा कि बाबूजी ने सदैव समाज के हर वर्ग की दुख तकलीफों को कम करने के लिए कार्य किया। इसके लिए चाहे जो संघर्ष करना पड़े उन्होंने उससे कभी कदम पीछे नहीं हटाये। उनके कार्य, विचार सदैव मुझे जन सेवा के लिए प्रेरणा देते हैं। बाबूजी की कमी तो कभी जीवन में पूरी नहीं हो सकती। लेकिन उनके विचार और कार्य मुझे निरंतर ऊर्जा प्रदान करते हैं। जिलाध्यक्ष श्री अहमद ने कहा कि बाबूजी ने अपना पूरा जीवन गरीबों मजदूरों की सेवा में समर्पित कर दिया। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री एवं केंद्र में दूरसंचार मंत्री रहते हुए विकास की जो गौरव गाथा लिखी है। वह हमेशा हम सभी को गौरवान्वित करने के साथ उनकी याद दिलाती रहती है। गोष्ठी का संचालन जिला महासचिव हिमांशु यादव ने किया। इस मौके पर रामगोपाल रावत, अरविंद यादव, पूर्व विधायक राम मगन रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ0कुलदीप सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, हुमायूं नईम खान, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, कार्यालय सचिव राजकुमार वर्मा आदि कार्यकताओं ने बाबूजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

## महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत तैनात किये गये मजिस्ट्रेट

जिला संवाददाता

बहराइच। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर 15 फरवरी 2026 को नगर क्षेत्र में निकाले जाने वाले जुलूसों/शोभायात्रा/शिव बारात को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला मजिस्ट्रेट अक्षय त्रिपाठी द्वारा विभिन्न अधिकारियों की ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में लगायी गयी है। उल्लेखनीय है कि महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं द्वारा प्रातः 04:00 बजे से ही कॉवर यात्रा निकाल कर विभिन्न स्थानों पर स्थित शिवालयों/मन्दिरों में जलाभिषेक किया जाता है जो सिलसिला देर सॉयकाल तक चलता रहता है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार उप कृषि निदेशक विनय वर्मा, डीसी मनरेगा रविषंकर पाण्डेय व तहसीलदार सदर अनिरूद्ध यादव को सिद्ध नाथ मन्दिर के अन्दर व अगल-बगल एवं सड़क मार्ग पर व सड़क मार्ग से मन्दिर की ओर प्रवेश मार्ग एवं बाहर जाने वाले मार्ग पर श्रद्धालुओं की भीड़ को नियन्त्रित रखते हुए कानून एवं शान्ति व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

उपायुक्त उद्योग केषवराम वर्मा, नायब तहसीलदार सदर सुरेन्द्र प्रसाद यादव, जिला उद्यान अधिकारी दिनेष चौधरी को श्री मरी माता मन्दिर, सरयू तट से लेकर गोलवाघाट पुल, केडीसी तिराहा, डीएम आवास तिराहा, पानी टंकी चौराहा, डिगिहा तिराहा से छावनी चौराहा होते हुए कॉवरिया दल के साथ-साथ भ्रमणशील रहकर कानून एवं शान्ति व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जिला कृषि अधिकारी सबूदार यादव व श्रम प्रवर्तन अधिकारी असद खान को श्री मरी माता मन्दिर, सरयू तट से लेकर किसान डिग्री कालेज, बस स्टेशन, पीपल तिराहा होते हुए घंटाघर चौक निकट सिद्ध नाथ मन्दिर तक भमणशील रहकर कानून एवं शान्ति व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जिला गन्नाधिकारी ए.के. षुक्ला व बीडीओ चित्तौरा विजय कुमार सिंह को मनकामेश्वर मन्दिर धनकुट्टीपुरा से सॉय 07:00 बजे निकलने वाली शिव बारात के साथ गणेश पूजा स्थल ब्राहम्णीपुरा घंटाघर चौक छावनी चौराहा होते हुए स्टेशन रोड धनकुट्टीपुरा से वापसी स्थल तक भ्रमणशील रहकर कानून एवं शान्ति व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय व खण्ड षिक्षा अधिकारी रणजीत कुमार को थाना दरगाह शरीफ मोहल्ला गुलामअलीपुरा स्थित राम घाट मन्दिर से सॉय 07:00 बजे निकलने वाली शिव बारात के साथ निर्धारित मार्ग राम जानकी मन्दिर गुलामअलीपुरा तक भ्रमणशील रहकर कानून एवं शान्ति व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। उपरोक्त अधिकारी शोभा यात्रा/जुलूस/शिव बारात के साथ कार्यक्रम की समाप्ति तक उपस्थित रहकर अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करेंगे। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी ।गर क्षेत्र की कानून व्यवस्था हेतु ओवर आल प्रभारी होंगी।

## बीएससी एग्रिकल्चर के छात्रों की कार में लगी आग फायर ब्रिगेड ने पाया आग पर काबू



बाराबंकी। परीक्षा देने जा रहे बीएससी एग्रीकल्चर के 4 छात्रों की कार में अचानक आग लग जाने से छात्रों की सूझबूझ व तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। नगर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत बीएससी एग्रीकल्चर द्वितीय वर्ष की परीक्षा देने पल्हरी स्थित मोहनलाल वर्मा एजुकेशनल इंस्टीट्यूट परीक्षा केन्द्र जा रहे 4 छात्र देवा निवासी दीपक यादव, महेन्द्र, संचित, सत्यम की चलती कार मे शहर के व्यस्ततम देवा रोड़ ओवरब्रिज पर अचानक आग लग गई। लेकिन छात्रों की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया और सभी सुरक्षित बाहर निकल आए। तो वही जहां कुछ ही मिनटों में कार धू-धू कर जलने लगी। ओवरब्रिज पर जलती कार को देखकर राहगीरों और वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। लोगो ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंच कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी।

## जोन, सेक्टर मजिस्ट्रेटों को ब्रीफिंग कर डीएम व एसपी ने दिये दिशा-निर्देश



बाराबंकी। फाल्गुनी मेला लोधेश्वर महादेवा के सकुशल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर महादेवा ऑडिटोरियम में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने जोन एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों, कॉउंटर पार्ट्स पुलिस अधिकारियों को ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

**सतत भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर सेवा भाव से निभाएं दायित्वः डीएम**

जिलाधिकारी ने आवंटित क्षेत्र में समय से उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए सतत भ्रमणशील रहने, प्रत्येक अधिकारी अपने सेक्टर में भीड़ प्रबंधन, बैरिकेडिंग, यातायात डायवर्जन, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं के साथ मित्रवत, संयमित एवं संवेदनशील व्यवहार रखे जाने, किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित कार्यवाही करते हुए उच्चाधिकारियों को तत्काल अवगत कराये जाने को लेकर निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारियो को निर्धारित ड्यूटी प्वाइंट्स पर पूर्ण सतर्कता के साथ तैनात रहने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ समन्वय बनाकर कानून-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने को लेकर निर्देशित किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल, एएसपी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# चयनित 38 ग्रामों की ग्राम विकास योजना स्वीकृत



बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय अभिसरण समिति की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत जनपद में चयनित 38 ग्रामों में अवसंरचनात्मक कार्य कराए जाने हेतु ग्राम विकास योजना को अनुमोदन प्रदान करते हुए अनुमोदित किये गये प्रस्तावों को अग्रिम कार्यवाही हेतु भारत सरकार द्वारा विकसित किये गये पीएम-अजय पोर्टल के माध्यम से मुख्यालय प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये।

डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों तथा सम्बन्धित ग्राम पंचायतों जिन्हें प्रस्तावित कार्यों हेतु कार्यदायी संस्था नामित किया गया है को निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना का टर्मिनल वर्ष है। इसलिए चयनित कार्यों को इसी वित्तीय वर्ष में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें।

डीएम ने कहा कि प्रत्येक चयनित ग्रामों में रू. 20-20 लाख की धनराशि से नाली निर्माण, सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर हाई मास्ट लाइट, सोंक पिट, कम्पोस्ट पिट, इंडिया मार्का हैंडपंप, आंगनबाड़ी निर्माण, आरसीसी निर्मित छोटी पुलिया इत्यादि का निर्माण कार्य शासन द्वारा निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के साथ कराया जाय। डीएम श्री त्रिपाठी ने एडीओ समाज कल्याण को निर्देश दिया कि प्रस्तावित कार्यों का प्रभावी पर्यवेक्षण करते रहें। डीएम ने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य से अनुसूचित जातियों की 40 प्रतिशत से अधिक आबादी वाले गांवों का सर्वांगीण विकास करना, जिससे सभी मूलभूत सुविधाओं का विकास कर लक्षित वर्ग के जीवन स्तर में परिवर्तन लाया जा सके। डीएम ने पंचायती राज, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, समाज कल्याण, आईसीडीएस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, महिला कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, विद्युत, खाद्य एवं रसद, लघु सिंचाई, कौशल विकास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग इत्यादि विभागों को निर्देश दिया कि लक्षित पात्र असंतृप्त 19295 व्यक्तियों को शीघ्र से शीघ्र विभागीय योजनाओं से आच्छादित कराना सुनिश्चित करें।

बैठक का संचालन करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय ने बताया कि केन्द्र प्रायोजित अनुसूचित जाति सब-प्लान हेतु विशेष केन्द्रीय सहायता से प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के घटक आदर्श ग्राम के अन्तर्गत जनपद में अनुसूचित जाति बाहुल्य ऐसे 38 ग्रामों जहां पर अनुसूचित जाति की आबादी 40 प्रतिशत अधिक है, का चयन भारत सरकार द्वारा किया गया है। चयनित ग्रामों में जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्र असंतृप्त निवासरत परिवार के सदस्यों को आच्छादित किया जाना है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित किये गये मापदण्डों के अनुसार चयनित ग्रामो में विभाग द्वारा कराये गये लाभार्थीपरक सर्वे में कुल 19295 व्यक्तियों को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से आच्छादित कराये जाने की तैयारी है। इसके अतिरिक्त चयनित ग्रामों में खुली बैठक के माध्यम से तैयार करायी गयी विस्तृत कार्ययोजना (डीपीआर) के अनुसार वीडीपी का अनुमोदन ग्राम स्तरीय अभिसरण समिति से अनुमोदनोपरान्त फीडिंग का कार्य पीएमएजीवाई पोर्टल पर पूर्ण कर लिया गया है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द, जिला कार्याक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र मंसद सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी तथा एडीओ समाज कल्याण मौजूद रहे।

## 12 फरवरी की आम हड़ताल को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने दिया समर्थन



बाराबंकी। मोदी सरकार अब अमरीका से जानवरों के लिए घास भी मंगाएगी। मेहनत कश जनता की मेहनत को लूटने के लिए श्रम कानूनों को बदला गया है। प्रधानमंत्री द्वारा देश की बहुसंख्यक जनता, मजदूरों के कानूनों में किए गए परिवर्तन के विरोध में आगामी 12 फरवरी को केंद्रीय ट्रेड यूनियन, बैंक, बीमा सहित विभिन्न यूनियनो द्वारा की जा रही आम हड़ताल को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अपना समर्थन देते हुए आम हड़ताल में शामिल होने का ऐलान करती है। उक्त उद्गार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपने के पश्चात व्यक्त किये। पार्टी के राज्य परिषद सदस्य श्री सुमन ने कहा है कि आम हड़ताल की प्रमुख मांगे निजीकरण का विरोध, ठेका प्रथा का विरोध, चार श्रम कानूनों को रद्द करना, बिजली संशोधन बिल सहित मनरेगा और प्रस्तावित बीज बिल को रद्द कराना है। सरकार ने अमरीका के दबाव में अमरीकी ट्रेड व्यापार पर समझौता किया है। जिससे देश में निर्यात होने वाली वस्तुओं पर 18 प्रतिशत टैरिफ है और अमरीका से आने वाली वस्तुओं पर कोई टैरिफ नहीं लगाया गया है। पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति से माँगो को पूरा करने व जनता की समस्याओं को दूर करने की माँग की है।

संक्षेप

## भाजपाइयों ने पं.दीनदयाल उपाध्याय को किया नमन

**लालगंज, रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पुण्य तिथि पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को नमन किया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 57वीं पुण्यतिथि पर देशभर में लोगों के द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। लालगंज में भाजपा नेता अनूप पांडे ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके विचार देश की नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक हैं। भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने उन्हें अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता बताया। उपाध्याय जी का जीवन राष्ट्र सेवा और समर्पण का प्रतीक था। भाजपा सभासद कैलाश वाजपेई ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी ने भारतीय संस्कृति और विरासत को केंद्र में रखकर देश को आगे ले जाने का मार्ग दिखाया। वही मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, रविनंदन सिंह चैहान,सुरेंद्र गुप्ता, शिवम गुप्ता, मंटू बाजपेई, अर्पित गुप्ता ,कौशलेंद्र कंचन, अखिलेश बाजपेई, दल बहादुर सिंह एडवोकेट, सत्येंद्र बहादुर सिंह, सानू बाजपेई, राजेश निर्मल ने भी पंडित दीनदयाल जी को श्रद्धांजलि दी है। इसके अलावा सुरेश कुमार पाठक, संजय सिंह, जगदेव प्रसाद वर्मा, राम नारायण सिंह ,सुरेश वर्मा, अशोक यादव, दिवाकर, रामशरण अग्निहोत्री , शिवांकरी ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की ।

## मेधावी परीक्षा में अव्वल

**भेंटुआ, अमेठी ।** जन शिक्षा समिति काशी प्रदेश द्वारा आयोजित सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा 2025 में सरस्वती शिक्षा मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्रामभारती यूपी बोर्ड परतोष अमेठी की बहन प्रज्ञा त्रिपाठी ने काशी प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करके अपने माता-पिता, आचार्यों एवं विद्यालय का सम्मान बढ़ाया ।बहन प्रज्ञा इस समय कक्षा नवम में शिक्षा प्राप्त कर रही है। प्रथम स्थान का चेक डा राम मनोहर सह संगठन मंत्री विद्या भारती उत्तर प्रदेश पूर्व एवं संगठन मंत्री काशी प्रांत द्वारा बहन को प्रदान किया गया। संगठन मंत्री ने बहन को अगले वर्ष हाईस्कूल में उत्कृष्ट अंक लाने का आशीर्वाद भी दिया। प्रधानाचार्य संतोष कुमार मिश्र, समस्त आचार्य वन्धु, भगिनी व भैया ,बहनों ने करतल ध्वनि से बहन प्रज्ञा का स्वागत किया।

## जानलेवा हमले में दारोगा की गवाही दर्ज

**सुलतानपुर।** जानलेवा हमले के मामले में बुधवार को कुशीनगर जिले की पुलिस लाइन में तैनात दारोगा सुनील कुमार की गवाही दर्ज की गई। दारोगा से बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने जिरह की। एडीजे प्रथम संध्या चैधरी ने शेष साक्ष्य के लिए 16 मार्च की तिथि तय की है। गोसाईगंज थाने के ग्राम तुरकहिया मौजा मूंगर निवासी इदरीश के भाई किन्नन व पुत्र मेनी पर एक अगस्त 2024 को आरोपितों ने तमंचे व बंदूक से गोली मारकर जानलेवा किया था। मामले में गांव के काई, किच्ची, गुड्डू उर्फ जाहिद हुसैन व जियालाल के विरुद्ध केस चल रहा है।

## डॉ. गिरजेश मल्ल का किया गया सम्मान

**बछरावां, रायबरेली।** बछरावां नगर के जीपीसीएल इंटर कॉलेज में आज राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज के आंग्ल भाषा के प्रवक्ता डॉ. गिरजेश मल्ल को कॉलेज के संस्थापक प्रबंधक रमेश कुमार वर्मा व विद्यालय परिवार द्वारा अंग वस्त्र व पुष्प अर्पण करके सम्मानित किया गया। वहीं प्रबंधक रमेश कुमार वर्मा ने बताया कि यह पुरस्कार बछरावां नगर ही नहीं वरन पूरे जनपद के लिए गौरव का विषय है।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने किया प्रदर्शन



**सुलतानपुर (वीओएल)।** टीईटी अनिवार्यता के मुद्दे पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का विरोध प्रदर्शन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। स्थानीय तिकोनिया पार्क में बड़ी संख्या में एकत्रित शिक्षकों ने सरकार के कथित दोहरे मापदंड के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। इस दौरान पुलिस और शिक्षक नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली, वहीं कुछ समय के लिए धक्का-मुक्की की स्थिति भी उत्पन्न हो गई।

● पुतला दहन के दौरान पुलिस से हुई तीखी नोकझोंक

प्रदर्शन के दौरान नगर कोतवाल संदीप राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पुतला दहन रोकने का प्रयास किया। पुलिस द्वारा पुतला छीने जाने की कोशिश पर शिक्षक और अधिक आक्रोशित हो गए और केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री जयंत चैधरी का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। बाद में पुलिस ने जलते पुतले को बुझाकर अपने कब्जे में ले लिया। इस दौरान टीईटी वापस लो और मुंह पर इज्जत, पीठ पर वार-यह कैसा दोहरा व्यवहार जैसे नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। संघ के जिला प्रवक्ता निजाम खान ने कहा कि वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता थोपना अन्यायपूर्ण है। उन्होंने बताया कि नियुक्ति के समय सभी अर्हताएं पूरी करने वाले शिक्षकों से 20-30 वर्ष बाद नई शर्तें लागू करना लाखों परिवारों की रोजी-रोटी पर संकट खड़ा करता है। जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार पाण्डेय ने कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो यह आंदोलन जिले से लेकर दिल्ली तक चलाया जाएगा। जिला संयुक्त मंत्री प्रशांत पाण्डेय ने टीईटी/सीटीईटी की अनिवार्यता को शिक्षकों के साथ धोखा बताया, जबकि जिला उपाध्यक्ष विनोद यादव ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम व एनसीटीई की अधिसूचनाओं का हवाला देते हुए निर्णय को अव्यावहारिक करार दिया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शिक्षक पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे और संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया गया।

## एम्स रायबरेली का प्रथम दीक्षांत समारोह व नयी चिकित्सीय सुविधाओं का उद्घाटन

**रायबरेली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में आयोजित प्रथम दीक्षांत समारोह में 2019-20 में एमबीबीएस में प्रवेश लेने वाले प्रथम बैच के छात्रों को उपाधि एवं पदक प्रदान किए गए। साथ ही जनवरी 2023 बैच के पीजी रेजीडेंट डॉक्टरों को भी उपाधि एवं पदक प्रदान किए गए। इसके साथ संस्थान ने चिकित्सा के क्षेत्र में गुववत्तापूर्ण मानव संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में पहला कदम रखा। एमबीबीएएस में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र डॉ. हर्ष कुशवाहा को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। इस अवसर पर एमबीबीएस के कुल 48 और पीजी के कुल 25 छात्रों ने उपाधियां प्राप्त की।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि एवं संयुक्त सचिव अंकिता मिश्रा बुंदेला ने मानद अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष पद्म डॉ. आरवी रमणी, डीन (अकादमिक) प्रो. नीरज कुमारी, डीन (परीक्षा) प्रो. प्रगति गर्ग, डीन (अनुसंधान) प्रो. अर्चना वर्मा, उप-निदेशक (प्रशासन) कर्नल अखिलेश सिंह, वित्तीय सलाहकार कर्नल उपेन्द्र नाथ राय, अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज कु. श्रीवास्तव सहित सभी संकाय सदस्य, अधिकारी एवं जिला प्रशासन की ओर से डीएम हर्षिता माथुर, एसपी रवि कुमार, एएसपीसंजीव कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

दीक्षांत समारोह से पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने अस्पताल में तीन नई सुविधाओं का भी उद्घाटन किया। इनमें पैक्स एवं फॉरेंसिक रेडियोलॉजी सुविधा, वीडियो-यूरोडायनामिक्स सुविधा और इंडोस्कोपी की सुविधा शामिल है। पैक्स एवं फॉरेंसिक रेडियोलॉजी सुविधा के शुरू होने से एक्स-रे, सीटी-स्कैन और एमआरआई की रिपोर्ट प्राप्त करने में तेजी आएगी, डिजीटल रिकॉर्ड तैयार करना व उसे सभी विभागों को सुलभ कराना आसान होगा तथा मेडिको-लीगल केसों में उन्नत फडरेंसिक रिपोर्ट तैयार करना संभव होगा। बाल-रोग सर्जरी विभाग में वीडियो-यूरोडायनामिक्स सुविधा शुरू होने से बच्चों के पेशाब संबंधी समस्याओं का सटीक निदान करने में, खतरनाक गॉल-ब्लाडर दबाव का पता लगाने और स्पाइनल बीफिडा व तंत्रिका संबंधी समस्या से ग्रस्त बच्चों के इलाज में सुविधा होगी। इंडोस्कोपी की सुविधा अस्पताल के प्रथम तल पर इंस्टॉल की गई है। इससे नैदानिक जाँच त्वरित व सटीक तौर पर उपलब्ध हो सकेगी, इलाज के खर्च कम करने में मदद मिलेगी, वृद्ध एवं उच्च जोखिम वाले रोगियों हेतु यह एक सुरक्षित विकल्प होगा और रोगियों के शीघ्र रिकवरी में मदद मिलेगी।

## पं.दीनदयाल उपाध्याय को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**गौरीगंज, अमेठी।** भाजपा कार्यालय, गौरीगंज में भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता प. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा ज़िलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा पं.दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, सादगी, त्याग और समर्पण का प्रतीक रहा है। उनका एकात्म मानववाद का सिद्धांत समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि पंडित जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होते हैं। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पार्टी प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, संतोष द्विवेदी, चंद्रकेश यादव, मंडल अध्यक्ष संग्रामपुर राजेश शुक्ला, माधव द्विवेदी, आनंद यादव सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने पंडित जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## नारायनपुर शिवभोले के मंदिर पर भव्य भंडारे का आयोजन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**अमेठी ।** तहसील तिलोई अंतर्गत कूरा नारायनपुर गांव में स्थित भगवान शिव भोले शंकर जी के मंदिर परिसर में श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ भंडारे का आयोजन किया गया अगर देखा जाये तो एक वर्ष पूर होने पर वर्ष गाठ के रूप मे ये कार्यक्रम रखा गया है। आयोजक श्री सहदेव प्रसाद पाण्डेय व पत्नी प्रतिभा पाण्डेय जेष्ठ पुत्र दुर्गेश कुमार पाण्डेय एंव छोटे अनुज रहे योगेश कुमार पाण्डेय के मुताबिक शिवभोले का प्रसाद हर वर्ष प्रभु इच्छा के अनुसार वितरण होता रहेगा वही सरल स्वभाव के रहे सहदेव पाण्डेय जी व व्यवहार कुशल पुत्र दुर्गेश पाण्डेय जी आने वाले सभी भक्तो को भाव दिल से स्वागत के साथ प्रसाद ग्रहण करने के लिये अग्रह करते रहे। इस धार्मिक आयोजन में गांव के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया इस आयोजन को लेकर सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की आवाजाही बनी रही। श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर जी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन समिति द्वारा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से भंडारे का संचालन देर रात्रि तक चलता आयोजकों ने बताया कि विगत वर्ष मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर यहां भव्य शोभायात्रा का भी आयोजन किया गया था। हालांकि इस वर्ष शोभायात्रा नहीं निकाली गई। इसी तरह ईश्वर की कृपा बनी रही तो भविष्य में प्रत्येक वर्ष इसी तरह भंडारे का आयोजन किया जाता रहेगा। आयोजन के दौरान पूरे गांव में धार्मिक व भक्तिमय माहौल बना रहा। सभी भक्तो ने प्रसाद ग्रहण कर शिव भोले का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## जयंत चौधरी के बयान से आक्रोशित शिक्षकों ने पुतला फूंका

**रायबरेली।** संसद द्वारा वर्ष 1993 में पारित एनसीटीई अधिनियम के अंतर्गत देशभर में भर्ती एवं कार्यरत लगभग 20 लाख शिक्षकों की सेवाओं पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से उत्पन्न संकट तथा सरकार की उदासीनता के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, शाखाद्दरायबरेली के पदाधिकारियों ने केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चैधरी का पुतला जलाकर गहरी नाराजगी व्यक्त की है।

जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि छह माह बीत जाने के बाद भी भारत सरकार द्वारा कोई ठोस समाधान न निकालना शिक्षकों के साथ अन्याय है। 20 लाख शिक्षक और उनके परिवार असुरक्षा में जी रहे हैं, लेकिन सरकार मौन है। यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो शिक्षक समाज बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। जिला मंत्री मुकेश द्विवेदी ने कहा कि संसद में केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चैधरी द्वारा दिया गया जवाब शिक्षकों की भावनाओं को आहत करने वाला है।

# मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन

● क्रीड़ा प्रतियोगिता में पहले दिन सुलतानपुर का रहा दबदबा



**सुलतानपुर (वीओएल)।** पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो दिवसीय मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि एसपी पीटीएस माया राम वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक कौस्तुभ कुमार सिंह, क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने किया स सरस्वती पूजा, ध्वजारोहण, कबूतर उड़ा कर एवं मार्चपास्ट को सलामी देकर प्रतियोगिता शुभारंभ की गई।

बेसिक शिक्षा विभाग अयोध्या मंडल द्वारा आयोजित प्रतियोगिता की मेजबानी बेसिक शिक्षा विभाग सुल्तानपुर ने की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। खेलकूद से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि मानसिक दृढ़ता और स्थिरता भी आती है। आज की डिजिटल जीवनशैली का जिक्र करते हुए बीएसए ने कहा कि बच्चों के लिए मोबाइल की दुनिया से बाहर निकलकर मैदान पर पसीना बहाना बेहद जरूरी है। यह उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में सहायक होगा। मण्डल व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता 11 और 12 फरवरी को आयोजित की जा रही है। इसमें अयोध्या मंडल के अंबेडकर नगर, बाराबंकी, अयोध्या, सुलतानपुर और अमेठी जनपदों से आए प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में सभी खो-खो, कबड्डी, दौड़, जूडो, कुश्ती, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस जैसी प्रमुख खेल स्पधाएं शामिल हैं। इन आयोजनों के माध्यम से बच्चों को अपनी शारीरिक क्षमताओं का प्रदर्शन करने का अवसर है। इस अवसर पर सभी ब्लॉक व्यायाम शिक्षक, शिक्षक संघ के पदाधिकारी, खेल प्रभारी, शिक्षक, प्रशिक्षक व विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

## 600 मीटर दौड़ में अनुश्री रही प्रथम

**सुलतानपुर।** उच्च प्राथमिक व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा बालिका संवर्ग में 600 मीटर में सुलतानपुर की अनुश्री प्रथम व अमेठी की आरती दूसरे स्थान पर रही। 200 मीटर दौड़ में अंबेडकरनगर की अंजली प्रथम सुलतानपुर की मुस्कान दूसरे स्थान पर रही।

प्राथमिक बालिका में 50 मी दौड़ में अमेठी की गौती प्रथम बाराबंकी की तृप्ति दूसरे स्थान पर रही। 100 मीटर में अयोध्या की वैष्णवी ने बाजी मारी वही अमेठी की गौरी दूसरे स्थान पर रही। प्राथमिक बालक संवर्ग 100मी दौड़ में सुल्तानपुर के शाहबाज प्रथम, अंबेडकरनगर के राजबाबू दूसरे स्थान पर, 200 मीटर दौड़ में सुल्तानपुर के जावेद प्रथम व अमेठी के असद दूसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर में सुलतानपुर के जोहिद प्रथम, अमेठी के सुशील दौरे साथ पर रहे। पीटी में सुलतानपुर विजेता अमेठी उपविजेता, प्राथमिक बालक कब्बड्डी में अमेठी विजेता सुल्तानपुर उपविजेता, बालक वर्ग शतरंज में सुल्तानपुर विजेता अमेठी उपविजेता, बालिका वर्ग में बाराबंकी विजेता अमेठी उपविजेता, सुलेख में सुलतानपुर विजेता अमेठी उपविजेता रहा।

## सरकारी निदेशों का पालन करना पड़ा भारी, एएनएम से गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी

**शुक्ल बाजार (अमेठी)।** जनपद के फुंदनपुर उपकेंद्र में तैनात एएनएम अनीता के साथ अभद्रता और धमकी का मामला सामने आया है। घर पर प्रसव कराने से इनकार करना एएनएम के लिए मुसीबत बन गया, जब एक युवक ने न केवल गाली-गलौज की बल्कि जान से मारने की धमकी तक दे डाली। एएनएम अनीता के अनुसार उनके मोबाइल फोन पर कॉल कर एक व्यक्ति ने अपना नाम ताज मोहम्मद निवासी ग्राम जौदिलमऊ बताया और अपने घर पर प्रसव कराने की मांग की। एएनएम ने स्पष्ट किया कि सरकारी दिशा-निदेशों के तहत प्रसव अस्पताल में ही कराया जाता है और महिला को अस्पताल लाने की सलाह दी। आरोप है कि इस बात से नाराज होकर आरोपी ने घर पर आने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। मना करने पर उसने गाली-गलौज की और धमकी देते हुए कहा कि वह मौके पर आ रहा है और जान से मार देगा। घटना के बाद एएनएम ने अपनी सुरक्षा को लेकर शुक्ल बाजार थाने में लिखित तहरीर दी ।मामले ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

# डीएम ने नवनिर्मित शिक्षण कक्ष का लोकार्पण किया



**सलोन,रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय मोहम्मदाबाद में नवनिर्मित शिक्षण कक्ष का लोकार्पण उदघाटन किया गया। एक वर्ष पूर्व डीएम द्वारा भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया था। डीएम हर्षिता माथुर सलोन विकास क्षेत्र के मोहम्मदाबाद गांव स्थित आश्रम पद्दित विद्यालय पहुची और उन्होंने लगभग 50लाख रुपये की लागत से बने शिक्षण कक्ष का उद्घाटन किया ।जिलाधिकारी ने कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय का तीन अगस्त 2024 को निरीक्षण किया गया था ।जिसमें कक्षा-06 से कक्षा-08 की संचालित कक्षाओं के भवन का निरीक्षण किया गया था ।जो अत्यन्त जर्जर अवस्था में पाए गए थे। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य को कॉरपोरेट सोशल रेस्पान्सिबिलिटी (सी०एस०आर०) के अन्तर्गत इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि० के सहयोग से आवासीय विद्यालय में छात्रों के लिए नवीन 03 कमरों एवं शौचालयो के निर्माण हेतु धनराशि रू0 49.74 लाख के प्रोजेक्ट को स्वीकृत कराकर 11 फरवरी 2025 को भूमि पूजन कर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया गया था ।उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि तय समय पर कार्य पूरा है ।जिसका उनके द्वारा लोकार्पण/उदघाटन किया गया ।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सलोन चन्द्र प्रकाश गौतम, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रृष्टि अवस्थी, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के प्रतिनिधि बीएल पाल, संजीव राय सहित विद्यालय के कार्मिक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## डॉ. शक्ति सिंह बने केएनआई के प्राचार्य

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज एंड सोशल साइंसेज (केएनआईपीएसएस) में डॉ. शक्ति सिंह ने प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह के इस्तीफे के बाद कमला नेहरू मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रोफेसर राधेश्याम सिंह ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर प्रोफेसर राधेश्याम सिंह ने कहा कि संस्थान की गरिमा बनाए रखना और विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए प्रबंधन हर आवश्यक सहयोग प्रदान करेगा।

## प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट : विधायक अदिति सिंह



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष के बजट में महिला सामर्थ योजना के अंतर्गत महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को नई गति दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पाँच मिल्क प्रोड्यूसर कंपनियों के गठन की पहल के साथ रायबरेली में दुग्ध संकलन एवं विपणन कार्य का शुभारंभ होना महिला स्वावलंबन, ग्रामीण आजीविका और सहकारिता आधारित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है । प्रदेश सरकार द्वारा बहु आयामी बजट के माध्यम से उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बताते हुए उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश विधान सभा में प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट सुरक्षित नारी, सक्षम युवा, खुशहाल किसान, हर हाथ को काम और तकनीकी निवेश से समृद्ध उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने वाला दूरदर्शी बजट है। सदर विधायक ने कहा कि यह बजट विगत 9 वर्षों के नवनिर्माण, सुशासन और सर्वांगीण विकास की एक नई गाथा देशवासियों के समक्ष प्रस्तुत करता है, जो आत्मनिर्भर और विकसित उत्तर प्रदेश की मजबूत नींव को और सुदृढ़ करता है । प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने वाले बजट पर उन्होने प्रदेश के मुखिया के प्रति आभार व्यक्त किया।

## हीरापुर में गूंजा हरि नामः श्रीमद्भागवत कथा की भव्य कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब



**अमेठी।** जनपद के भेंटुआ ब्लॉक अंतर्गत हीरापुर गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर निकाली गई भव्य कलश यात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरे गांव में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंची। सिर पर कलश धारण किए महिलाएं भक्ति गीतों पर झूमती रहीं, वहीं पुरुष श्रद्धालु हरि नाम के जयघोष से वातावरण गुंजायमान करते रहे। गाजे-बाजे और पुष्पवर्षा के बीच यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कथा के मुख्य आयोजक जगदंबा शुक्ला, उर्मिला शुक्ला, शिव शंकर शुक्ला एवं शिवकुमार शुक्ला ने श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन को सफल बनाने का संकल्प दोहराया। कथा वाचक पं.राजीव कृष्ण शास्त्री भी कलश यात्रा में शामिल होकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर जगन्नाथ पांडे जिपं सदस्य वार्ड 33, अमरनाथ तिवारी, रमाकांत तिवारी, इंद्रभान पांडे, संजय मिश्रा संतराम तिवारी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों एवं आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर दिखाई पड़ा। आयोजन समिति के अनुसार कथा का क्रम आगामी दिनों तक जारी रहेगा।

## उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ ने जताया विरोध

**अमेठी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिलाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्र के नेतृत्व में केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री द्वारा टेट प्रकरण पर दिये गये बयान के विरोध में शिक्षकों ने जामो तिराहा गौरीगंज पर एकत्र होकर बयान की प्रति एवं पुतला दहन कर जोरदार विरोध जताया। प्रा०शि० संघ जिलाध्यक्ष एवं जिलामंत्री अरुण कुमार सिंह ) ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर टीईटी अनिवार्य के सम्बन्ध में केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री के अन्यायपूर्ण बयान के विरोध में आज सायं 3:30 बजे जनपद के सैकड़ों शिक्षक जामों तिराहे पर एकत्र होकर इस अप्राकृतिक आदेश के विरोध में प्रदर्शन दर्ज कराते हुए पुतला दहन किया एवं पत्र की प्रतियां फूंकी गई। शशांक शुक्ल वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने बताया कि टेट अनिवार्यता के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सर्वोच्च न्यायालय के अव्यवहारिक आदेश के कारण देश के लगभग 20 लाख शिक्षकों की नौकरी खत्म हो रही है जोकि अन्यायपूर्ण है। इसके पूर्व संगठन ने अपने सांसद के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया था जिसमें पूर्व आश्वासन मिला था कि आगामी सत्र में इस अव्यवहारिक आदेश को निरस्त कराकर शिक्षक हित में सकारात्मक आदेश पारित कराया जायेगा। परन्तु 09-02- 2026 को शिक्षा राज्य मंत्री द्वारा दिये गये दुर्भाग्यपूर्ण बयान से देश का शिक्षक आहत एवं ठगा महसूस कर रहा है।

## कक्षा 11 के छात्रों ने सीनियर छात्रों का तिलक लगा कर किया स्वागत

**सलोन, रायबरेली ।** एसजेएस सलोन में विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रबंधक अनुज सिंह एवं प्रबंधिका प्रियंका सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। वही इस अवसर पर कक्षा 11 के छात्रों ने अपने सीनियर छात्रों को तिलक लगा कर उनका स्वागत किया ।कक्षा 11 की मैत्री, बरीरा, हमजा एवं ओवैस ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया ।वही मैत्री, प्रियांशी, आफिया वैष्णवी,श्रेया नेहा, बरीरा, तान्या, प्रज्ञा, नाज का मधुबाला गीत पर समूह नृत्य भी सराहनीय रहा। कक्षा 11 के छात्र वैभव, तन्मय, आभास, आकर्ष, शिवांश, प्रांजल,तेजस, अल्तमश, आलोक, बालगोविंद, कार्तिक, अली, निर्मित ने धुरंधर गाने पर समूह नृत्य कर सभी को आकर्षित किया। वही हमजा और ओवैस की कॉमेडी ने सभी को खूब हंसाया। कक्षा 11 के छात्रों द्वारा बैलून पॉप चैलेंज, कप स्टैक चैलेंज जैसे खेलो का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता किया और दिए गए मजेदार टास्क को पूरा किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अनुज सिंह एवं प्रबंधिका प्रियंका सिंह ने कक्षा 12 के छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विदाई का यह क्षण अंत नहीं, बल्कि आपके उज्जवल भविष्य की एक नई और रोमांचक शुरुआत है। आप जहां भी जाएं, अपनी मेहनत, ईमानदारी और शिष्टाचार से इस संस्थान का नाम रोशन करें, और साथ ही साथ बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक भी अर्जित करें। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम सिंह ने कक्षा 11 के छात्रों द्वारा आयोजित कार्यक्रम की प्रसंशा की और कक्षा 12 के छात्रों को शुभकामनाये देते हुए कहा कि ये क्षण ऐसा है कि जहां एक ओर विदाई का दुख है वही दूसरी ओर खुशी इस बात की है कि छात्र एक नवीन भविष्य में कदम रखने जा रहे है जहाँ उन्हें अपार सफलताएं अर्जित हो, साथ ही बोर्ड परीक्षा के लिए कुछ टिप्स भी दिए।

# नवप्रवर्तक प्रदर्शनी में अमित सिंह रहे प्रथम

● ग्रामीण नवाचारों ने बटोरी सराहना



**सुलतानपुर (वीओएल)।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश शासन के तत्वावधान में जिला विज्ञान क्लब सुलतानपुर द्वारा जिलास्तरीय नवप्रवर्तक प्रदर्शनी का आयोजन 11 फरवरी बुधवार को कमला नेहरू कृषि विज्ञान केंद्र, सुलतानपुर में किया गया। यह आयोजन जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की सहमति एवं आदेश के अनुपालन में नवप्रवर्तकों को प्रोत्साहित और सबल बनाने के उद्देश्य से संपन्न हुआ।

प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक सुलतानपुर सूर्य प्रकाश सिंह एवं विशिष्ट अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटा शंकर यादव द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। कार्यक्रम में सुलतानपुर के ग्रामीण अंचलों से आए असंगठित क्षेत्र के 200 से अधिक कृषकों, मजदूरों एवं श्रमिकों ने अपने-अपने नवप्रवर्तन प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश सिंह ने नवप्रवर्तकों को संबोधित करते हुए कहा कि असंगठित क्षेत्रों में नवाचार से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और कृषक व श्रमिक आत्मनिर्भर बनेंगे। विशिष्ट अतिथि जटा शंकर यादव ने प्राकृतिक खेती एवं स्वदेशी तकनीकों को अपनाने पर बल दिया। तकनीकी विशेषज्ञ डॉ. ए.के. सिंह ने नवप्रवर्तन की आवश्यकता और महत्व को रेखांकित करते हुए प्रतिभागियों की सराहना की। प्रतियोगिता में धरौली निवासी अमित सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आनंद सिंह (जजरही) द्वितीय और केवला देवी (कूरेभार) तृतीय स्थान पर रहीं। जमील अहमद, हनुमान सिंह, पूर्णमासी, मोनू कुमार और निर्मला देवी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। प्राकृतिक मोती उत्पादन, घरेलू गुढ़ाई मशीन, स्वचालित बुवाई मशीन, मूंगफली छीलने की मशीन तथा सोलर आधारित फसल एवं नीलगाय सुरक्षा उपकरणों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। प्रथम पुरस्कार 8000, द्वितीय 5000, तृतीय 3000 तथा पांच सांत्वना पुरस्कारों हेतु 2000-2000 रुपये प्रदान किए गए। साथ ही पेटेंट के लिए चयनित नवप्रवर्तनों को 15000 रुपये के सहयोग का प्रस्ताव किया गया। जिला समन्वयक शैलेन्द्र चतुवेर्दी ने कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवर्तन के प्रति आमजन को जागरूक करना बताया। अंत में जिला समन्वयक अखिलेश पांडेय ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

संक्षेप

## सब्जी लेने गयी किशोरी गायब, गुमशुदगी दर्ज

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के एक मोहल्ले में किराए के मकान में रहने वाली एक किशोरी सब्जी लेने गई। उसके बाद से किशोरी गुम हो गई। पीड़ित पिता ने थाने में किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कराई है। अमर सिंह पुत्र हल्लाल निवासी नगला जाट थाना जसराना की 16 वर्षीय बेटी शिकोहाबाद में एक मकान में किराए पर रहती थी। 9 फरवरी को दोपहर वह सब्जी लेने के लिए बाजार गई थी, लेकिन देर शाम तक वह वापस नहीं लौटी तो परिजनों को उसकी चिंता हुई। उसे सभी संभावित स्थान पर तलाश किया लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। उसका मोबाइल फोन भी बंद हो गया। पीड़ित पिता ने बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई है।

## शिविर में 438 मरीजों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**फिरोजाबाद।** मेजर रामवीर सिंह पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट बलीपुर द्वारा ग्राम विकास बाजार, नगला खंगर में एक स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें आसपास के इलाके के गरीब किसानों, उनके परिवार के लोगों का चेकअप किया गया। साथ ही मरीजों को निशुल्क दवा का वितरण किया गया। मंगलवार को नगला खंगर में मेजर रामवीर सिंह पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के तत्वाधान में एक चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें डॉ मानवेंद्र सिंह, डॉ नीतू यादव, डॉ अंजलि, डॉ शोभा ने शिविर में आए 438 मरीजो का चेकअप किया गया। इस दौरान उनके बीपी, शुगर सहित कई बीमारियों की जांच की गई।

## बाइक की टक्कर से बच्चे की मौत

**मथुरा।** थाना जैंत के नगला रामताल में भात देने के लिए आए परिवार के एक बालक को बुधवार सुबह एक बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में बालक की मौत होगी। दुर्घटना के बाद बाइक सवार बाइक को छोड़ कर मौके से भाग गया। थाना जैंत के गांव नगला रामताल निवासी श्याम सुंदर की लड़की की शादी थी। शादी में भात देने के लिए गोपाल निवासी नगला छत्ती थाना फरह अपने परिवार के साथ नगला रामताल मंगलवार को आया था। बताया गया कि बुधवार को भात का कार्यक्रम होने से पहले गोपाल का आठ साल का बेटा अंकुश दूसरे बच्चों के साथ सड़क किनारे कच्चे में खेल रहा था। इसी बीच देवी आटस की ओर से तेज गति से आते बाइक सवार बुधवार सुबह बच्चों को बाइक की जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में अंकुश की मौत हो गई और एक बच्चा चुटैल हो गया। दुर्घटना के बाद बाइक सवार बाइक को छोड़कर भाग गया। दुर्घटना का पता लगने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## रेलवे ट्रैक पर मिला पीलीभीत के युवक का शव

मथुरा। आगरा रेल खंड के अंतर्गत कोसीकलां होडल रेलवे स्टेशन के मध्य एक 20 वर्षीय युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ है। बुधवार सुबह करीब 07:45 बजे कंट्रोल रूम जीआरपी से सूचना मिली कि कोसीकलां होडल के बीच अप मेन लाइन के पास एक शव पड़ा है। सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल के उप निरीक्षक अनुज कुमार मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर खंभा नंबर 1442/3-5 के पास ट्रैकमैन टेकचंद ने शव के बारे में जानकारी दी। मौके पर पहुंची कोटवन चौकी पुलिस के उप निरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने घटनास्थल का मुआयना किया।

# वृंदावन के होटल में लगी आग महिला और दो बच्चे झुलसे

### बांके बिहारी की असीम कृपा रही कि कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई : डीएम



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** वृंदावन के रुक्मिणी विहार कॉलोनी में नवनिर्मित चार मंजिला सिद्धि विनायक होटल का बुधवार को उद्घाटन कार्यक्रम चल रहा था। होटल में सैंकड़ों लोग मौजूद थे। दोपहर साढ़े तीन अचानक होटल में आग लग गई। घटना में महिला व दो बच्चे झुलस गए हैं। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वृंदावन के रुक्मणी विहार कालोनी स्थित नवनिर्मित चार मंजिला सिद्धि विनायक होटल का बुधवार को उद्घाटन कार्यक्रम चल रहा था। दोपहर साढ़े तीन बजे अचानक होटल के द्वितीय तल के कमरे में अचानक आग लग गई। आग लगते ही होटल में मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। महिला-पुरुष होटल से बाहर भागने लगे। कुछ लोग छत पर चढ़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस एवं दमकल ने लोगों को बाहर निकालने के साथ छत पर खड़े लोगों को क्रेन की मदद से नीचे उतारा। आग से होटल का सारा सामान जलकर राख हो गया। हादसे में एक महिला और दो बच्चे झुलस गए हैं। उनको 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्निशमन की टीमें होटल के अंदर छानबीन करके देख रही हैं कि कोई और अंदर न रह गया हो। तीन मंजिला सिद्धि विनायक होटल सुभाष अग्रवाल निवासी राया करीब 6 महीने से होटल बनवा रहे थे। अभी तक होटल बनवाने में करीब 6 करोड रुपए खर्च किए गए हैं। होटल मालिक सुभाष अग्रवाल के भतीजे सोनू ने बताया आज ही चाचा ने इस नए होटल का उद्घाटन किया था। हम पूरे परिवार के साथ यहां आए हैं। ऊपर शार्ट सर्किट से आग लगी थी। देखते ही देखते आग ने पूरे होटल को अपनी चपेट में ले लिया। होटल के स्वामी राया निवासी विनीत अग्रवाल एवं अलीगढ़ के गोराई निवासी हरि अग्रवाल ने आग लगने की घटना शार्ट सर्किट बताया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे डीएम सीपी सिंह ने मामले की जानकारी ली और टीम ने अंदर फंसी लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए क्रेन की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और प्रशासन ने आसपास के क्षेत्र को खाली करा दिया गया है। पूरे होटल को सुरक्षा घेरे में लिया गया है। मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी सीपी सिंह ने बताया कि एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहाँ एक नवनिर्मित 24 कमरों के होटल के उद्घाटन समारोह के दौरान अचानक भीषण आग लग गई। यह होटल सुभाष अग्रवाल का बताया जा रहा है, जहाँ शुभ उद्घाटन के लिए पूजा-पाठ चल रहा था। उन्होंने बताया ?एक छोटा बच्चा मामूली रूप से झुलस गया है, लेकिन वह खतरे से बाहर है। एक महिला को भी मामूली चोटें आई हैं।

## बोर्ड परीक्षा को लेकर डीएम ने जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापकों संग की बैठक

**मथुरा।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की हाईस्कूल व इण्टर की परीक्षाओं के संबंध में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बी0एस0ए0 इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में समस्त जोनल, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेटों तथा केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक ली। जिलाधिकारी ने परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्षता एवं सुचितापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ससमय सेंटर/ केंद्रों में समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करे। उक्त परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च26 तक जनपद के 119 केंद्रों पर आयोजित होंगी। परीक्षा प्रातः 8:30 बजे से 11:45 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित होगी। उक्त परीक्षा हेतु 5 जोनल मजिस्ट्रेट, 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 119 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 119 केन्द्र व्यवस्थापकों की ड्यूटी लगाई गई है। हाईस्कूल की परीक्षा हेतु बालक 19161 तथा बालिका 16027, कुल 35188 है। इंटर परीक्षा हेतु बालक 20768 तथा बालिका 14213, कुल 34981 है। परीक्षा हेतु 11 राजकीय, 73 सहायता प्राप्त तथा 35 वित्त विहीन केंद्र है। जनपद में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका संपर्क नंबर 9454457564 है। वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन, सुचारूपूर्ण एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पादित कराने हेतु जिलाधिकारी ने सभी जोनल, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को सख्त निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक करे। परीक्षा से पूर्व परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर परीक्षा की सभी आवश्यक तैयारियों की समीक्षा करे। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा अवधि में प्रत्येक दिन दोनों पालियों में नियमित अन्तराल पर परीक्षा केन्द्रों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण/पर्यवेक्षण करे। परीक्षा केन्द्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों तथा वायस रिकार्डर के सही ढंग से कार्य करने की प्रतिदिन जांच करना तथा सही ढंग से कार्य व करने की दशा में जिला विद्यालय निरीक्षक कन्ट्रोल रूम के नोडल अधिकारी को सूचित करे। प्रश्नपत्रों एवं उत्तर-पुस्तिकाओं के सुरक्षित रखरखाव की व्यवस्था देखें। प्रत्येक सेक्टर जोन में नियुक्त सचल दलों से नियमित सम्पर्क में रहे तथा फीडबैक ले। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों का विशेष रूप से निरन्तर सघन निरीक्षण करे। यह भी सुनिश्चित करे कि संवेदनशील व अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर सशस्त्र पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था कर दी गयी है।

## महाराजा सूरजमल शोभायात्रा के पदाधिकारियों ने किया घर घर जाकर जनसम्पर्क



**टूंडला।** नगर में महाराजा सूरजमल की शोभायात्रा धूमधाम से 13 फरवरी को निकलेगी जिसको लेकर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ओ ने घर-घर जाकर लोगों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के जिलाध्यक्ष शरद पौनिया ने बताया कि 13 फरवरी को प्रातः दस बजे से महाराजा सूरजमल शोभायात्रा दीपा चौराहे टूंडला से ठाकुर बीरी सिंह कॉलेज टूंडला तक निकाली जायेगी। इसको लेकर घर घर जाकर पदाधिकारियों ने समाज के लोगों से पहुंचने की अपील की गई। इस मौके पर शोभायात्रा के अध्यक्ष भवर सिंह चेयरमैन महेन्द्र सिंह जुरेल राहोल जिलाध्यक्ष देशराज सिंह, सुशील पौनिया हमवीर सिंह जगवीर सिंह पौनिया चौधरी सत्यपाल सिंह उदयवीर पौनिया, किशोर चौधरी पंकज चौधरी, डॉ. गौतम नौहवार, दिनेश पाल सिंह, दीपक ठेनुआ, ओमप्रकाश, चन्द्रवीर सिंह इंद्रपाल सिंह, अतर सिंह, सतेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, उत्तम सिंह, देव चौधरी, मुकेश सिंह, प्रवीण चौधरी अंकुर सोलंकी, वरुण सोलंकी, लवदीप सिंह भूपेंद्र चौधरी रवि प्रधान, दिनेश पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने सीएम डैशबोर्ड पर खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों की समीक्षा की



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी ने बुधवार को अपने कक्ष में सी0एम0 डैशबोर्ड पर खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों के प्रति कड़ा रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और कार्य प्रणाली में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए, समीक्षा में पाया गया कि जी0एम0डी0आई0सी0, पी0ओ0 डूड़ा और जिला आबकारी अधिकारी की रैंकिंग के ग्रेड सी है, जिलाधिकारी ने इसे अत्यंत असंतोष जनक मानते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि इन सभी अधिकारियों को नोटिस जारी किया जाए, इसमें से कोई भी अधिकारी बिना अनुमति मुख्यालय न छोड़े, जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की ये सभी अधिकारी अपनी रैंकिंग में अनिवार्य रूप से सुधार लाएं। नगर निगम और स्टांप विभाग के लक्ष्य की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पाया की वसूली निर्धारित लक्ष्य से काफी पीछे है, नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स और वॉटर टैक्स की कम वसूली पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की, उन्होंने नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह व्यक्तिगत रूप से मॉनिटरिंग कर राजस्व संग्रह में तेजी लाएं, स्टाम्प विभाग द्वारा लक्ष्य से कम प्राप्ति पर जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए, उन्होंने संबंधित रजिस्ट्रार को फील्ड विजिट करने के आदेश दिए, ताकि स्टांप की कमी को दूर कर राजस्व बढ़ाया जा सके, जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, सभी विभाग अपनी प्रगति रिपोर्ट में सुधार करें, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट, अपर जिलाधिकारी न्यायिक आदि उपस्थित रहें।

## अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार 753 पेटी शराब से भरा ट्रक पकड़ा

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम एवं एसओजी सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही में अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर गिरोह के 01 शराब तस्कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 ट्रक, 753 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जिसकी अनुमानित कीमत 92 लाख रुपये बरामद की गई। थाना टूण्डला पुलिस टीम एवं एसओजी सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही में मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त मदनलाल पुत्र जगदीश निवासी मौहल्ला मेघवालों का वास रामसर थाना रामसर जनपद बाढ़मेर राजस्थान को गुरु गोरखनाथ ढाबा से पहले एनएच-19 सर्विस रोड ग्राम नगला महादेव थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 ट्रक जिसमें 753 पेटी भिन्न-भिन्न ब्राण्ड की अवैध अंग्रेजी शराब 95 पेटी रॉयल चैलेन्ज प्रत्येक में पेटी में 12 बोतल 78 पेटी रॉयल स्टैग व 310 पेटी मैगडॉबल प्रत्येक पेटी में 24 पौव्वा व 270 पेटी मैगडॉबल प्रत्येक पेटी में 48 पौआ जिन पर फोर सेल इन पंजाब ओनली लिखा हुआ है, कुल 9036 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गयी है। क्षेत्राधिकारी टूंडला ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार शराब तस्कर मदन लाल पंजाब के संगरुर जिले से ट्रक के सही नंबर की जगह अधूरे नंबरों की फर्जी प्लेट लगाकर अंग्रेजी शराब लेकर आ रहा था। जिसे बिहार में ले जाकर सप्लाई करता था। बिहार में शराब बंदी होने के कारण इससे भारी मुनाफा कमाता था। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त मदनलाल के विरुद्ध थाना टूण्डला पर आबकारी अधिनियम व अभियोग पंजीकृत किया गया और गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। गिरफ्तारी बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्रानि0 अनिल कुमार सिंह थाना टूण्डला प्र0नि0 प्रेम शंकर पाण्डेय एसओजी सर्विलांस टीम फिरोजाबादउ0नि0 आदेश कुमार, उ0नि0 विजय कुमार है0कां0 नेत्रपाल, कां0 दीपक रोहित कुण्डु, सुनील कुमार ललित शर्मा हरबीर, सन्दीप कुमार जय प्रकाश, अरुण चालक धर्मेन्द्र कुमार एसओजी हे.कां, गोपाल सर्विलांस टीम, है0कां0 अनिल सर्विलांस भूपेन्द्र, चालक प्रेम सर्विलांस टीम शामिल रहे।

# नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने वाले बीएसएफ जवान को तीन साल की सजा, 12 हजार का अर्थदंड

**मथुरा।** थाना कोसीकलां क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग लड़की से अश्लील छेड़छाड़ करने वाले बीएसएफ के आरोपी जवान को विशेष न्यायालय पॉक्सो कोर्ट ने तीन साल की सजा और 10 हजार रूपए का अर्थदंड लगाया है। पीड़ित किशोरी की ओर से स्पेशल डीजीसी पॉक्सो कोर्ट श्रीमती अलका उपमन्यु और वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार सिंह गुर्जर ने अदालत में बहस की तो दूसरी ओर आरोपी के लिए बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव गोपाल गौतम (आई) अपने मुव्वकिल को निर्दोष ठहराने में असफल हो गए। जानकारी के अनुसार थाना कोसीकलां क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी को पड़ोस में रहने वाला बीएसएफ का जवान करण सिंह पुत्र घीसा, लगातार अश्लील इशारे करके और फोन करके परेशान करता था। बताया कि वर्ष 2021 में 10 दिसंबर की सुबह 14 वर्षीय पीड़ित किशोरी अपने भाई के साथ स्कूल जाने के लिए कोकिलावन गेट, नन्दगांव रोड़ पर टैम्पू का इंतजार कर रही थी। उसी दौरान बाइक लेकर अभियुक्त करण सिंह वहां पहुंचा और पीड़ित किशोरी को जबरन गलत नीयत से पकड़ कर अश्लील हरकतें करने लगा था। पीड़ित किशोरी और उसके 11 वर्षीय छोटे भाई ने बीएसएफ के आरोपी जवान करण सिंह का विरोध किया तो अभियुक्त ने पीड़िता के छोटे भाई के साथ मारपीट कर दी थी। उस समय पीड़ित किशोरी और उसके छोटे भाई ने शोर मचाया तो अभियुक्त करण सिंह, जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गया था। पीड़ित किशोरी और उसके भाई ने घर पहुंच कर घटना की जानकारी परिजनों को दी तो उन्होंने थाना कोसीकलां में बीएसएफ के आरोपी जवान करण सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। घटना की विवेचना उपनिरीक्षक ललित कुमार ने पूरी करने के बाद विशेष न्यायधीश, पॉक्सो न्यायालय में अभियुक्त करण सिंह के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। इसके बाद पीड़ित किशोरी की ओर से स्पेशल डीजीसी पॉक्सो कोर्ट श्रीमती अलका उपमन्यु और वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार सिंह गुर्जर तथा अभियुक्त की ओर से पूर्व सचिव बार एसोसिएशन गोपाल गौतम (आई) न्यायालय में पैरोकार कर रहे थे। न्यायालय में स्पेशल डीजीसी पॉक्सो कोर्ट श्रीमती अलका उपमन्यु और वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार सिंह गुर्जर ने पीड़िता के साथ ही मुकदमें से संबंधित गवाहों के अदालत में बयान दर्ज कराए तो वहीं अभियुक्त के अधिवक्ता गोपाल गौतम (आई) ने जिरह करते हुए गवाहों के बयानों को इधर-उधर घुमाने के लिए जोर लगाते रहे लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद विशेष न्यायधीश पॉक्सो कोर्ट संतोष कुमार त्रिपाठी के समक्ष पीड़ित किशोरी की ओर से स्पेशल डीजीसी पॉक्सो कोर्ट श्रीमती अलका उपमन्यु और वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार सिंह गुर्जर ने अभियुक्त करण सिंह के अधिवक्ता गोपाल गौतम (आई) से बहस करते हुए न्यायालय को घटना से संबंधित गवाहों के बयान समेत अन्य साक्ष्यों का हवाला दिया तो अभियुक्त के अधिवक्ता निरूत्तर हो गए।

## गल्ला बेचकर लौट रहे किसान से बाइक सवार दो बदमाशों ने 89 हजार रुपये लूटे, केस दर्ज

**फिरोजाबाद।** थाना नसीरपुर क्षेत्र में गल्ला बेचकर लौट रहे एक किसान से बाइक सवार बदमाशों ने 89 हजार रुपये की लूट कर फरार हो गए। लूट की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने बदमाशों के खिलाफ थाने में शिकायती पत्र दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लूट की घटना की जांच शुरू कर दी है। हरिओम पुत्र गीता सिंह निवासी रूपवास थाना मटसेना 9 फरवरी को जसवंतनगर इटावा गल्ला बेचने गए थे। वह गल्ला बेचकर पिकअप से नेशनल हाईवे के सर्विस रोड होते हुए अपने गांव लौट रहा था। किसान नसीरपुर कट से आगे करनपुर की पुलिया के पास पहुंचा ही था कि तभी पीछे से आए दो बाइक सवार बदमाशों ने किसान को रोककर जमकर मारपीट कर जेब से 89 हजार रुपये लूट लिए। जब किसान ने विरोध किया तो किसान का मोबाइल भी लूटकर भाग गए। लूट की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लूट की घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की। पुलिस ने किसान की तहरीर पर बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने लूटकांड को अंजाम देने वाले दोनों बदमाशों की तलाश में सीसीटीवी कैमरे की जांच शुरू कर दी है।

# जिला जेल ने प्रादेशिक फल, शाकभाजी औरपुष्प प्रदर्शनी में जीते 5 पुरस्कार



**रायबरेली।** उप्रकी प्रतिष्ठित 57वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2026 में रायबरेली जिला कारागार ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता साबित की है। जन भवन प्रांगण, लखनऊ में 6, 7 और 8 फरवरी 2026 को आयोजित इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में जिला कारागार रायबरेली को कुल 5 पुरस्कार प्राप्त हुए हैं, जिसमें शाकभाजी की विभिन्न श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शनी के दौरान कारागार ने शाकभाजी डाली और सलाद श्रेणी में प्रथम पुरस्कार हासिल किया, जबकि मिश्रित सलाद, शलजम और बैंगन में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। यह उपलब्धि कारागार प्रशासन की मेहनत, कैदियों की भागीदारी और बागवानी गतिविधियों की निरंतरता का प्रमाण है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी जिला कारागार रायबरेली ने अपनी गौरवशाली परंपरा को बरकरार रखा। कारागार में कैदियों द्वारा की जाने वाली बागवानी और सब्जी उत्पादन की गतिविधियां न केवल आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती हैं, बल्कि गुणवत्ता और नवाचार के मामले में भी अन्य प्रतिभागियों से आगे साबित होती हैं।

इस सफलता पर जेल अधीक्षक प्रभात सिंह ने समस्त अधिकारी, कर्मचारी और कैदियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, यह पुरस्कार हमारी टीम वर्क, समर्पण और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। मैं सभी को सादर बधाई देता हूं और आगामी वर्षों में भी इसी तरह की उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करता हूं। उल्लेखनीय है कि यह प्रदर्शनी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित की जाती है, जिसमें विभिन्न विभाग, संस्थान, किसान और संगठन भाग लेते हैं।

## सहायक लेखाकार ने डेढ़ करोड़ से अधिक धनराशि का किया गवन

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** जनपद के कोषागार विभाग में एक बड़े वित्तीय घोटाले का मामला सामने आया है। यहाँ एक सहायक लेखाकार ने कथित तौर पर 6 मृतक पेंशनरों की धनराशि को अपने निजी बैंक खाते में ट्रांसफर कर एक करोड़ 60 लाख से अधिक का गबन किया है। घटना का खुलासा तब हुआ जब कोषागार स्तर पर गठित तीन सदस्यीय आंतरिक जाँच समिति ने पेंशन अभिलेखों की पड़ताल की। जाँच में पाया गया कि वर्ष 2020 से ही सॉफ्टवेयर में हेरफेर कर मृतक पेंशनरों को ह्लजीवितह्ल दिखाया जा रहा था। प्रभारी सहायक कोषाधिकारी जगवीर सिंह की तहरीर पर थाना सदर बाजार में आरोपी अभिषेक श्रीवास्तव के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी है और विभागीय स्तर पर भी अन्य संलिप्तताओं की तलाश की जा रही है। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने बताया अभिषेक श्रीवास्तव सहायक लेखाकार ने सिस्टम में हेरफेर किया।उन्होंने ऐसे 6 व्यक्तियों को चिन्हित किया जिनकी मृत्यु हो चुकी थी और जिनकी पेंशन बंद हो जानी चाहिए थी।उन मृत व्यक्तियों के खातों के बजाय, उन्होंने खाता नंबर बदलकर पेंशन की राशि सीधे अपने निजी खाते में ट्रांसफर करना शुरू कर दिया।इस मामले की पिछले एक महीने से विस्तृत जांच चल रही थी। जांच में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने के बाद, उनके खिलाफ गंभीर धाराओं (गबन आदि) में मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा और नियमसंगत सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने इस घटना को ह्लआंख खोलने वालीह्ल बताया है। अब इस बात की भी जांच की जा रही है कि क्या किसी अन्य विभाग में भी इस तरह की अनियमितता हो रही है। समाज कल्याण विभाग द्वारा दी जाने वाली अन्य पेंशन योजनाओं (वृद्धावस्था, निराश्रित महिला, और दिव्यांग पेंशन) की भी सघनता से निगरानी की जाएगी।

## पुलिस ने दो गुमशुदा बच्चों को सकुशल किया बरामद



**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा घर से स्कूल को गए 02 गुमशुदा हुए बच्चों को दिल्ली से सकुशल बरामद किया है। दिनाँक 09.02.2026 को थाना रसूलपुर पर दिनेश व विमल कुमार निवासीगण नींबू वाला बाग थाना रसूलपुर द्वारा अवगत कराया कि उनके बच्चे कृष पुत्र दिनेश कुमार उम्र करीब 14 वर्ष व शौर्य पुत्र विमल कुमार उम्र करीब 11 वर्ष सुबह 09 बजे घर से स्कूल के लिये गये थे लेकिन अभी तक वापस नहीं आये हैं। थाना रसूलपुर पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के अन्तर्गत सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण करते हुए प्रमुख स्थानों जैसे बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन पर व्यापक सर्च अभियान चलाकर गुमशुदा बच्चो की बरामदगी हेतु प्रसाय किये, सीसीटीवी कैमरों के निरीक्षण से ज्ञात हुआ कि उक्त दोनों गुमशुदा बच्चे रेलवे स्टेशन की तरफ गये हैं। पुलिस टीम द्वारा रेलवे स्टेशन पर जीआरपी व आरपीएफ पुलिस टीमों से समन्वय कर सर्च ऑपरेशन में गुमशुदा बच्चों के ट्रेन में बैठकर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुचने की जानकारी प्राप्त हुई, दिनांक 10.02.2026 को थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा फोटो व व्यापक सर्च अभियान से गुमशुदा बच्चों को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर नई दिल्ली सी डब्लू सी के समक्ष पेश कर परिवारीजन के सुपुर्द किया गया।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा महानगर ने मनाया समर्पण दिवस

**मथुरा।** भाजपा जिला महानगर मथुरा नेडैंपियर नगर स्थित पं. दीनदयाल पार्क में महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रसेवा के संकल्प को दोहराया। इसके उपरांत विकास बाजार स्थित भाजपा कार्यालय पर समर्पण दिवस पर एक विस्तृत गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रमुख वक्ताओं ने विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। ब्रज क्षेत्र कोषाध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद भारतीय चिंतन की आत्मा है। महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि पंडित जी का जीवन सादगी सिद्धांत और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय राजनीति को वैचारिक दिशा दी। उनका विचार था कि विकास केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों पर आधारित होना चाहिए। भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा कि पंडित जी का जीवन प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा स्रोत है। पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया। हिंदूवादी नेता गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने कहा पंडित जी का चिंतन भारतीय संस्कृति और राष्ट्रवाद की मूल भावना से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को उनके विचारों का अध्ययन कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर विनीत शर्मा कुंज बिहारी चतुर्वेदी चंद्रपाल कुंतल अंकुर अग्रवाल संजय शर्मा हरिओम शर्मा एड.हेमंत अग्रवाल पवन हिंडोल विजय शर्मा सुरेंद्र प्रधान पार्षद ललित अग्रवाल राजेश पिंटू नितिन चतुर्वेदी ललित गौतम नितिन कौशिक लोकेश निषाद सुनील तरकर अजय राजावत प्रमोद बंसल अभिषेक चतुर्वेदी राजेश पिंटू टीटू राघव आदि मौजूद थे।

# संस्कृति विवि में विद्वानों ने बताये वित्तीय व डिजिटल साक्षरता के लाभ



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय ने सामुदायिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सेमिनार हॉल में वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का आयोजन संस्कृति विश्वविद्यालय, एनआईआई फाउंडेशन, महिंद्रा फाइनेंस और सिस्को के द्वारा मिलकर किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, प्रशासनिक कर्मचारियों, प्रशिक्षकों और सामुदायिक प्रतिनिधियों कोआधुनिक वित्तीय प्रणाली और डिजिटल परिदृश्य की जटिलताओं को समझने और उनका प्रभावी उपयोग करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान किए गए।

आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. पंकज कुमार गोस्वामी ने अपने स्वागत भाषण में कार्यशाला के उद्देश्य को स्पष्ट किया और इसे संस्कृति विश्वविद्यालय के समग्र छात्र विकास और सामाजिक कल्याण के दृष्टिकोण से जोड़ा। उन्होंने कहा कि डिजिटल साक्षरता लोगों को सूचना तक पहुंचने, प्रभावी संचार करने, ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग करने और साइबर खतरों से बचने में सक्षम बनाती है, जिससे सीखने, रोजगार और उत्पादकता में वृद्धि होती है। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो.वाइस चांसलर, प्रो. रघुरामा भट्ट ने वित्तीय और डिजिटल साक्षरता को भारत के ह्लअमृतकालह्ल के लिए अनिवार्य बताया और इन पहलों के लिए संस्थागत समर्थन का आश्वासन दिया। एनआईटी फाउंडेशन (दिल्ली) के राष्ट्रीय प्रमुख अखिलेश शर्मा ने डिजिटल स्किलिंग के राष्ट्रीय रुझानों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराध के बढ़ते खतरे जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी, पहचान चोरी, फिशिंग, हैकिंग, डेटा उल्लंघन और सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर प्रकाश डाला। राजेश गोस्वामी (लोकेशन लीड एवं मास्टर ट्रेनर) ने व्यावहारिक सत्रों का संचालन किया, जिसमें लाइव प्रदर्शन के माध्यम से तकनीकी अवधारणाओं को समझाया गया। कार्यशाला में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी ने सक्रिय रूप से चर्चा, प्रश्नोत्तर और व्यावहारिक सत्रों में भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ट्रेनिंग आफ ट्रेनर था, जिसके तहत प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर अन्य लोगों को प्रशिक्षण देने के लिए तैयार किए गए। इसके साथ ही संचार सार्थी पोर्टल की जानकारी दी गई, जो मोबाइल नंबर धोखाधड़ी से बचाव में मदद करता है। कार्यशाला के दौरान साइबर अपराध जागरूकता सत्र में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 (संशोधित 2008) के तहत अपराधों परचर्चा की गई। प्रतिभागियों को सुरक्षित पासवर्ड, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन और साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के उपयोग के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में संस्कृति विश्वविद्यालय के इंक्युबेशन सेंटर के सीईओ डॉ. गजेन्द्र सिंह, प्रो. रेनू गुप्ता, प्रो. गंगाधर, प्रो. कंचन सिंह, डॉ. रजनी भट्ट सहित कई लोग उपस्थित थे।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष के बयान से समाज में बढ़ा तनाव

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष दिनेश फलाहारी महाराज ने एक सार्वजनिक बयान में कहा है कि जो व्यक्ति हुमायूं कबीर की नाक काटेगा, उसे 21 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। उनके इस बयान के बाद क्षेत्र में चर्चा और विवाद शुरू हो गया है। कई लोगों ने इस बयान को भड़काऊ बताया है, जबकि कुछ समर्थकों ने इसे धार्मिक आस्था से जुड़ा मामला बताया। फलाहारी महाराज ने एक सभा के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि उनकी भावनाएं धार्मिक मुद्दों से जुड़ी हैं और वे अपने संगठन की ओर से यह बात रख रहे हैं। सभा में मौजूद लोगों ने इस पर अलग-अलग प्रतिक्रिया दी। कुछ लोगों ने नारे लगाए, जबकि कई लोगों ने इस तरह की घोषणा पर चिंता भी जताई। सामाजिक संगठनों का कहना है कि इस तरह के बयान समाज में तनाव बढ़ा सकते हैं और शांति व्यवस्था पर असर डाल सकते हैं। कानूनी जानकारों का कहना है कि किसी के खिलाफ हिंसा के लिए उकसाना कानूनन अपराध की श्रेणी में आ सकता है।

संक्षेप

## ट्रूकॉलर ने रोकी 1200 करोड़ अनचाही कॉल्स

बंगलुरु। ट्रूकॉलर की 2025 इंडिया इनसाइट्स रिपोर्ट के अनुसार, भारत में वर्ष 2025 के दौरान 4,168 करोड़ से अधिक स्पैम कॉल की पहचान की गई, जिनमें से 1,189 करोड़ अनचाही कॉल उपयोगकताओं तक पहुँचने से पहले ही ब्लॉक कर दी गईं। इससे लाखों लोगों को ठगी, मानसिक तनाव और समय की बबार्दी से बचाया जा सका। रिपोर्ट बताती है कि 770 करोड़ से अधिक फर्जी कॉल ऐसे थे जो बैंक, सरकारी विभागों और प्रसिद्ध ब्रांड्स की नकल कर किए गए। स्पैम संदेश भी एक गंभीर चुनौती बने रहे। वर्ष 2025 में 12,903 करोड़ से अधिक स्पैम एसएमएस की पहचान की गई, जिनकी संख्या वर्ष की दूसरी छमाही में तेजी से बढ़ी। जब असली और फर्जी संदेश एक ही डिजिटल माध्यम में मौजूद होते हैं, तो उपयोगकताओं को अधिक सतर्क और समझदारी से निर्णय लेना पड़ता है।

## ओएमसी पावर ने शुरू किया नया यूपीएस समाधान

बंगलुरु। ओएमसी पावर ने आज भारत में नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित एक नया यूपीएस समाधान शुरू किया है। इसमें इलेक्ट्रिक वाहन की पुरानी बैटरियों का दोबारा इस्तेमाल किया गया है, ताकि बिजली को सुरक्षित रूप से संग्रहित किया जा सके। यह पहल स्वच्छ ऊर्जा, भरोसेमंद बिजली आपूर्ति और संसाधनों के बेहतर उपयोग की दिशा में एक अहम कदम है। ओएमसी पावर ने आज भारत के पहले 'डिस्ट्रीब्यूटेड रिन्यूएबल एनर्जी-आधारित यूपीएस' समाधानों में से एक को सफलतापूर्वक शुरू किया। इस प्रोजेक्ट में पुरानी इलेक्ट्रिक वाहन बैटरियों को स्टेशनरी स्टोरेज के लिए दोबारा इस्तेमाल किया गया है, जो देश की स्वच्छ ऊर्जा, बिजली स्थिरता और 'सर्कुलर इकोनॉमी' के सफर में एक बड़ा मील का पत्थर है। यह परियोजना वितरित ऊर्जा समाधान क्षेत्र में होंडा के निवेश को जमीन पर उतारने का पहला उदाहरण भी है।

## कॉम्प्लान के ब्रांड अंबेसडर बने वैभव सूर्यवंशी

बंगलुरु। जाइडस वेलनेस के पोषण पेय ब्रांड कॉम्प्लान ने भारतीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को अपने नए ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करने की घोषणा की है। इसके साथ ही, ब्रांड ने अपने नए राष्ट्रीय अभियान, 'थोडा प्लान, थोड़ा कॉम्प्लान' का अनावरण किया है, जो इस विश्वास पर आधारित है कि रोजमर्रा की योजना, माताओं के निरंतर समर्थन और सही पोषण भागीदार के माध्यम से बड़े सपने साकार होते हैं। कॉम्प्लान का मानना है कि बच्चों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए सशक्त बनाना चाहिए। वैभव सूर्यवंशी की कहानी इस सोच से पूरी तरह मेल खाती है। उनका शुरूआती अनुशासन, कड़ी तैयारी और लगातार मेहनत दिखाती है कि सही दिनचर्या, लगातार प्रयास और माताओं का मार्गदर्शन, साथ ही संपूर्ण पोषण, बच्चों की महत्वाकांक्षा को आकार देने में कितने महत्वपूर्ण हैं।

## बिहार विधानसभा में 12,165 करोड़ का तृतीय अनुपूरक बजट पारित

पटना। बिहार विधानसभा ने बुधवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 12,165 करोड़ रुपये से अधिक के तृतीय अनुपूरक बजट से संबंधित विनियोग विधेयक को विपक्ष के बहिर्गमन के बीच ध्वनि-मत से पारित कर दिया। बिहार के वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने सोमवार को चालू वित्त वर्ष के लिए 12,165 करोड़ रुपये से अधिक का तृतीय अनुपूरक बजट विधानसभा में पेश किया था। वित्त वर्ष 2025-26 के इस तृतीय अनुपूरक बजट में वार्षिक योजना मद के तहत 9,586.39 करोड़ रुपये और स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद के तहत 2,579.04 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अनुपूरक बजट में समग्र शिक्षा अभियान के लिए केंद्रीय अंश के रूप में 41.82 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए।,013 करोड़ रुपये और सक्षम आंगनवाड़ी पोषण-2.0 के लिए 633.63 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सक्षम आंगनवाड़ी पोषण-2.0 कुपोषण से संबंधित चुनौतियों से निपटने के लिए एकीकृत पोषण सहायता कार्यक्रम है। इस योजना में बच्चों, किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण सामग्री और सेवाओं की बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए समन्वित तंत्र विकसित किया जाता है। इसके अलावा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के लिए केंद्रीय अंश के रूप में।,184 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

# सेंसेक्स में 40 अंकों की गिरावट




मुंबई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को लगभग स्थिर बंद हुए। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वाहन शेयरों में हुआ फायदा आईटी शेयरों में मिले नुकसान से जाता रहा।

बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 40.28 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 84,233.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 84,487.24 अंक के ऊपरी और 84,081.25 अंक के निचले स्तर तक गया। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 18.70 अंक यानी 0.07 प्रतिशत बढ़कर 25,953.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इटर्नल, आईटीसी, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व और टाटा स्टील में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, मारुति सुजुकी इंडिया, इंडिगो, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मास्यूटिकल्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि. शामिल हैं। भारत- अमेरिका व्यापार समझौते के कारण इस सप्ताह अबतक रही तेजी के बाद घरेलू शेयर बाजार में कुछ समय के लिए स्थिरता आ सकती है। बाजार का ध्यान अब तीसरी तिमाही के मिले-जुले नतीजों, आगामी मुद्रास्फीति आंकड़ों और व्यापार समझौते के विवरणों पर है। विवरण को अंतिम रूप दिए जाने की खबर आ रही है। वाहन और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में मजबूती उम्मीद से बेहतर नतीजों को बताती है, जबकि कृत्रिम मेधा (एआई) से संबंधित अस्थिरता के चलते वैश्विक स्तर पर आई बिकवाली के कारण आईटी क्षेत्र का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। मझोली कंपनियों से जुड़े बीएसई मिडकैप और छोटी कंपनियों के बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में मामूली गिरावट आई। वैश्विक स्तर पर, अमेरिका में खुदरा बिक्री के कमजोर आंकड़े और एआई से संबंधित लगातार व्यवधानों के कारण बाजार में सतर्कता का माहौल बना रहा। इससे अमेरिकी रोजगार आंकड़ों से पहले निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। इस बीच, घरेलू बाजारों को विदेशी संस्थागत निवेशक के पूंजी प्रवाह में सुधार से लाभ मिलना शुरू हो गया है...। यूरोप के अधिकांश प्रमुख बाजार दोपहर में गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।

# अमेरिका-ईरान में तनाव से चांदी और सोने के वायदा भाव में तेज़ी

नयी दिल्ली। मज़बूत वैश्विक रुख के कारण बुधवार को वायदा कारोबार में सोने और चांदी की कीमतों में तेज उछाल आया। चांदी की कीमत लगभग चार प्रतिशत या 9,665 रुपये बढ़कर 2.62 लाख रुपये प्रति किग्रा हो गई और सोने की कीमत बढ़कर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।



बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कमजोर डॉलर तथा अमेरिका और ईरान के बीच नए भू-राजनीतिक तनाव ने सुरक्षित निवेश मानी जानी वाली परिसंपत्तियों की मांग बढ़ा दी है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में, मार्च डिलिवरी वाली चांदी अनुबंध की कीमत 9,665 रुपये या 3.83 प्रतिशत बढ़कर 2,62,213 रुपये प्रति किग्रा हो गई। मंगलवार को चांदी की कीमत 10,072 रुपये या लगभग चार प्रतिशत घटकर 2,52,548 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी। सोना वायदा में भी लिवाली देखी गई, जिसमें अप्रैल माह में डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत।,397 रुपये या 0.89 प्रतिशत बढ़कर।,58,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। पिछले सत्र में, सोने की कीमत।,56,803 रुपये प्रति 10 ग्राम पर नीचे बंद हुई थी। एमसीएक्स में सोना लगभग एक प्रतिशत बढ़ा, और 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर के स्तर पर वापस आ गया, जबकि चांदी ने लगभग तीन प्रतिशत की बढ़त के साथ सोने से बेहतर प्रदर्शन किया, और 2.60 लाख रुपये प्रति किग्रा को पार कर गई। अमेरिका के कमजोर आर्थिक आंकड़े से ब्याज दर कटौती की उम्मीद बढ़ने और धीमी वृद्धि दर रहने के संकेत मिलने के बाद कारोबारी धारणा मजबूत हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, मार्च माह में डिलिवरी वाले कॉमेक्स चांदी वायदा 3.11 डॉलर या चार प्रतिशत बढ़कर 83.50 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि अप्रैल डिलिवरी वाला सोना लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 5,071.86 डॉलर प्रति औंस हो गया। डॉलर इंडेक्स 0.23 प्रतिशत गिरकर 96.59 पर कारोबार कर रहा था, जिससे वैश्विक बाजार में सर्राफा कीमतों को और समर्थन मिला। अमेरिका-ईरान के बीच नए तनाव ने भी सुरक्षित निवेश मानी जाने वाली परिसंपत्तियों की मांग बढ़ा दी है।

# कैग ने एनएलसी इंडिया को लगायी फटकार

नयी दिल्ली। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने वैध पर्यावरणीय मंजूरी के बिना अपनी एक खदान का संचालन करने के लिए एनएलसी इंडिया को फटकार लगाई है।

कैग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि पर्यावरणीय मंजूरी (ईसी) के पुनः सत्यापन के लिए कंपनी द्वारा समय पर आवेदन नहीं करने के कारण एनएलसी इंडिया ने अपनी माइन-क्क का संचालन वैध ईसी के बिना किया। ऑडिट में यह भी सामने आया कि अगस्त, 2017 में उच्चतम न्यायालय के आदेश और अप्रैल, 2018 में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) की अधिसूचना के बाद ईसी पुनः सत्यापन के लिए आवेदन में देरी के कारण खदान में अनधिकृत संचालन हुआ। एनएलसी इंडिया लिमिटेड के परिचालन प्रदर्शन पर 2017-18 से 2022-23 की अवधि को शामिल करने वाली प्रदर्शन ऑडिट रिपोर्ट सोमवार को राज्यसभा और बुधवार को लोकसभा के पटल पर रखी गई। कैग रिपोर्ट के अनुसार, कॉरपोरेट एनवायरनमेंट सेल और माइन-क्क योजना विभाग के बीच समन्वय की कमी के कारण यह चूक हुई जिससे एनएलसी इंडिया को गौण खनिजों के उत्पादन एवं बिक्री से वंचित होना पड़ा।

# ट्रेड यूनियनों की हड़ताल आज सेवाएं हो सकती हैं प्रभावित

नयी दिल्ली। केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के साझा मंच द्वारा आहूत देशव्यापी हड़ताल की वजह से बृहस्पतिवार को पूरे देश में बिजली, बैंकिंग, बीमा, परिवहन, स्वास्थ्य के साथ-साथ गैस और पानी आपूर्ति से जुड़ी सेवाओं पर असर पड़ सकता है।

12 फरवरी को होने वाली आम हड़ताल में अलग-अलग क्षेत्र के 30 करोड़ कामगारों के शामिल होने की उम्मीद है। ट्रेड यूनियनों के एक समूह ने नौ जनवरी को देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया था ताकि केंद्र सरकार की मज़दूर-विरोधी, किसान-विरोधी और देश-विरोधी, कॉरपोरेट-समर्थक नीतियों का विरोध दिखाया जा सके। ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस की महासचिव अमरजीत कौर ने पीटीआई भाषा को बताया, 12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल की वजह से बिजली, बैंकिंग, बीमा, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा, गैस और जलापूर्ति की सेवाओं पर असर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि सभी बैंक यूनियन हड़ताल में हिस्सा नहीं लेंगे क्योंकि उनका यूनाइटेड फ्रंट 27 जनवरी को पहले ही हड़ताल कर चुका है। हालांकि, एआईबीईए, एआईबीओए और बीईएफआई जैसी बैंक कामगार यूनियनें विरोध में हिस्सा लेंगी। इसके अलावा, कौर ने कहा कि खनन और गैस पाइपलाइन क्षेत्र पर भी इस आंदोलन का असर दिखने की उम्मीद है। बीमा क्षेत्र के कर्मचारी इस क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) की इजाज़त देने और नए श्रम कानून लागू करने के सरकार के फैसले का विरोध करेंगे। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि निजी और सरकारी ट्रांसपोर्ट कंपनियों के बड़ी संख्या में कर्मचारी विरोध में हिस्सा लेंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि इस बार, कम से कम 30 करोड़ करोड़ कामगार हड़ताल में हिस्सा लेंगे, और करीब 600 जिलों पर इसका असर पड़ने की उम्मीद है। पिछले साल नौ जुलाई को हुई इसी तरह की हड़ताल में, करीब 25 करोड़ कामगारों ने आंदोलन में हिस्सा लिया था, जिसका असर करीब 550 से ज़्यादा जिलों पर पड़ा था।

# वित्त मंत्री दिया कुमारी ने वित्त वर्ष 2026-27 का बजट किया पेश

जयपुर। राजस्थान की वित्त मंत्री दिया कुमारी ने वित्त वर्ष 2026-27 का बजट (आय-व्ययक अनुमान) राज्य विधानसभा में बुधवार को पेश किया। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार 2026-27 में 21 लाख 52,100 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

सदन की बैठक शुरू होते ही वित्त मंत्री ने राज्य के वित्त वर्ष 2025-26 के संशोधित अनुमान और वित्त वर्ष 2026-27 के बजट अनुमान विधानसभा में पेश किए। अपने बजट भाषण में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास व सबका प्रयास के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए प्रदेश को आर्थिक समृद्धि, सतत व समावेशी विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। विकसित राजस्थानए2047 को साकार करने के लिए इस विकास यात्रा में गरीब, युवा, अन्नदाता व नारी शक्ति की अहम भूमिका को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नीत हमारी सरकार ने सेवा, समर्पण एवं सुशासन को प्राथमिकता दी है। मुझे सदन को अवगत कराते हुए हर्ष हो रहा है कि हमारे द्वारा किए गए ढांचागत सुधार व कुशल वित्तीय प्रबंधन से पिछली सरकार के अंतिम वर्ष की तुलना में प्रदेश की अर्थव्यवस्था का आकार 41.39 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2026-27 में 21 लाख 52,100 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

# सरकार वाहन उद्योग की वृद्धि के लिए स्थिर नीतिगत माहौल देने को प्रतिबद्धः कुमारस्वामी

नयी दिल्ली। भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार का स्थिर नीतिगत माहौल बनाए रखने पर ध्यान है ताकि घरेलू वाहन कलपुर्जा उद्योग वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं को आकार देने में अहम भूमिका निभा सके। कुमारस्वामी ने वाहन कलपुर्जा विनिर्माताओं के संगठन एक्मा के एक कार्यक्रम में कहा कि विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में बढ़ रहे भारत के लिए अगली पीढ़ी की आपूर्ति शृंखलाओं में वाहन कलपुर्जा उद्योग केंद्रीय भूमिका निभाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, हल्की एवं हल्के वजन वाली सामग्री और बुद्धिमत्ता प्रणाली जैसे क्षेत्रों में नवाचार वैश्विक प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण होंगे।



सरकार स्थिर नीतिगत माहौल देने, प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए प्रोत्साहन देने और उद्योग के साथ मिलकर पैमाना, गुणवत्ता और निर्यात बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य भारतीय विनिर्माताओं को केवल वैश्विक मूल्य शृंखलाओं में भागीदार बनाना ही नहीं, बल्कि उनमें नेतृत्व की भूमिका निभाने के लायक बनाना है।

कुमारस्वामी ने व्यापार के मोर्चे पर कहा कि भारत ने प्रमुख वैश्विक साझेदारों के साथ संतुलित और रणनीतिक जुड़ाव अपनाया है। यूरोपीय संघ के साथ समझौता गैर-शुल्क बाधाओं, नियामकीय सहयोग और विशेषकर उत्सर्जन टिकाऊपन और उन्नत वाहन प्रौद्योगिकियों में मानक समन्वय पर केंद्रित है। उन्होंने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के तहत चुनिंदा वाहन कलपुर्जों को तरजीही बाजार पहुंच देने संबंधी प्रतिबद्धताओं का भी उल्लेख किया। केंद्रीय मंत्री ने भारतीय वाहन उद्योग को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते उद्योगों में से एक बताते हुए कहा कि वाहन उत्पादन 2023-24 के 2.84 करोड़ इकाइयों से बढ़कर 2024-25 में करीब 3.1 करोड़ इकाइयों तक पहुंच गया है। इस दौरान वाहन निर्यात भी 45 लाख से बढ़कर 53 लाख इकाई से अधिक हो गया।

# दिल्ली-एनसीआर में प्रौद्योगिकी क्षेत्र में वित्तपोषण बढ़कर 2.9 अरब डॉलर पर

नयी दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कुल वित्तपोषण 2025 में नौ प्रतिशत बढ़कर 2.9 अरब डॉलर रहा। इसका मुख्य कारण अंतिम चरण के निवेश में भारी उछाल और वाहन प्रौद्योगिकी क्षेत्र का अच्छा प्रदर्शन है। स्टार्टअप, वित्तपोषण आदि के बारे में जानकारी देने वाला मंच ट्रैक्सन की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। हालांकि, कुल जुटाई गई पूंजी 2024 के 2.7 अरब डॉलर से बढ़कर 2025 में 2.9 अरब डॉलर हो गई।

लेकिन सौदों की संख्या में 34 प्रतिशत की उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। इससे वित्तपोषण दौर की संख्या पिछले वर्ष के 630 से घटकर 415 रह गई। कुल वित्तपोषण में वृद्धि का मुख्य कारण अंतिम चरण के निवेश में तीव्र वृद्धि थी, जबकि काम शुरू करने के लिए वित्तपोषण और उसके बाद के चरण के वित्तपोषण पिछले वर्षों की तुलना में कम रहा। अंतिम चरण के वित्तपोषण में 47 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो 2025 में 1.8 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इसके उलट, काम शुरू करने के चरण के वित्तपोषण (सीड फंडिंग) में 38 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 26 करोड़ डॉलर रहा, जबकि काम शुरू होने के बाद शुरुआती चरण के वित्तपोषण में 18 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 83.9 करोड़ डॉलर रहा। वाहन प्रौद्योगिकी क्षेत्र इस मामले में अग्रणी रहा और इसने 1.4 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित किया जो 2024 की तुलना में 456 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है। अन्य शीर्ष प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों में खुदरा (65.1 करोड़ डॉलर) और एंटरप्राइज एप्लिकेशन (43 करोड़ डॉलर) शामिल हैं। लगातार तीसरे वर्ष (2023-2025) दिल्ली-एनसीआर में कोई नया यूनिकॉर्न (एक अरब से अधिक मूल्यांकन वाला स्टार्टअप) नहीं बना। हालांकि, आईपीओ गतिविधियों में 36 प्रतिशत की वृद्धि के साथ नकदी की स्थिति बेहतर होने का संकेत है। 2025 में कुल 19 कंपनियों ने आईपीओ जारी किए, जिनमें लेंसकार्ट, फिजिक्सवाला और पाइन लैब्स जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान रणनीतिक विलय और अधिग्रहण को गति मिली और 27 अधिग्रहण पूरे हुए।

## पेज एक का शेष

### प्रदेश सरकार

है। वित्त मंत्री ने बताया कि बजट में 19.5 प्रतिशत पूंजीगत परिव्यय का प्रावधान किया गया है, जो आधारभूत ढांचे, औद्योगिक विकास, सड़क, ऊर्जा और शहरी-ग्रामीण अधोसंरचना को नई गति देगा। पूंजीगत निवेश से रोजगार सृजन होगा और आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। योगी सरकार ने सामाजिक क्षेत्रों को बजट में प्रमुख स्थान दिया है। इसके अंतर्गत शिक्षा के लिए कुल बजट का 12.4 प्रतिशत, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के लिए 6 प्रतिशत और कृषि एवं सम्बद्ध सेवाओं के लिए 9 प्रतिशत का आवंटन किया गया है। उन्होंने बताया कि 16वें केन्द्रीय वित्त आयोग की संस्तुतियों के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2026-27 में राजकोषीय घाटे की सीमा 3 प्रतिशत निर्धारित की गई है, जो वर्ष 2030-31 तक लागू रहेगी। सरकार ने स्पष्ट किया कि वह राजकोषीय अनुशासन से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं करेगी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटा 1,18,480.59 करोड़ रुपये अनुमानित है, जो राज्य के अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 2.98 प्रतिशत है। यह 3 प्रतिशत की निर्धारित सीमा के भीतर है और वित्तीय अनुशासन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। समग्र परिप्रेक्ष्य में, बजट 2026-27 में एक ओर जहां विकासोन्मुख नई योजनाओं का विस्तार है, वहीं दूसरी ओर राजस्व बचत और नियंत्रित राजकोषीय घाटे के माध्यम से वित्तीय स्थिरता बनाए रखने का स्पष्ट प्रयास किया गया है। बजट में विशेष रूप से कृषि विभाग के अंतर्गत डीजल पंप सेट को सोलर पंप में परिवर्तित करने की महत्वाकांक्षी योजना के लिए 637.84 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इससे किसानों की डीजल पर निर्भरता कम होगी, लागत घटेगी और स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। यह कदम कृषि क्षेत्र में हरित ऊर्जा संक्रमण की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### पर्यटन क्षेत्र में

हासिल हुई उपलब्धियों के लिए आभार भी व्यक्त किया। वित्त मंत्री ने पर्यटन क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने उद्देश्य से बजट भाषण में महिला गाइडों के लिए 10 हजार रुपये के गाइड लाइसेंस शुल्क को माफ करने की घोषणा की है। साथ ही वित्त मंत्री ने यूपी पर्यटन नीति 2022 के प्रावधानों और लाभों को वर्ष 2032 तक बढ़ाने की घोषणा की है। साथ ही पर्यटकों के लिए आवासीय सुविधा में वृद्धि के लिए 50 हजार नये होम स्टे कमरे बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिन्हें हैरीटेज, शहरी व ग्रामीण के साथ-साथ सुविधाओं के आधार पर सिल्वर तथा गोल्ड के दो स्तरों में वर्गीकरण किया जाएगा। वहीं ब्रान्डेड संचालकों को होम स्टे आवास पट्टे पर लेने की अनुमति भी प्रदान की गई है। इनके 100 प्रतिशत डिजिटल पंजीकरण, सिंगल विन्डों क्लीरियन्स सिस्टम की सुविधा दी भी जाएगी। पर्यटन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की प्रगति को उल्लेख करते हुए वित्त मंत्री ने बजट भाषण में बताया कि वर्ष 2025 के पहले छह महीनों में प्रदेश में सर्वाधिक में लगभग 122 करोड़ पर्यटक आए। प्रदेश में पर्यटकों के इस बढ़ते हुए प्रवाह को देखते हुए मुख्यमंत्री पर्यटन स्थल विकास योजना के तहत बजट में 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं अयोध्याधाम में पर्यटन अवस्थापना के लिए श्री अयोध्या तीर्थ विकास परिषद को 150 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। वहीं नैमिषारण्य तीर्थक्षेत्र, विंध्यवासिनी धाम और वाराणसी में पर्यटक सुविधाओं के विस्तार के लिए 100-100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही धर्मार्थ कार्य विभाग की ओर से जनपद मिजार्पुर के त्रिकोणीय क्षेत्र, माँ विन्ध्यवासिनी मंदिर, माँ अष्टभुजा मंदिर, माँ काली खोह मंदिर के परिक्रमा पथ एवं जनसुविधा स्थलों को विकासित किये जाने के लिए 200 करोड़ रुपए की राशि प्रस्तावित की गई है। इसके अलावा, प्रदेश के संरक्षित मंदिरों के जीर्णोद्धार और पुनर्निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये का प्राविधान है, जो पवित्र स्थलों की गरिमा बढ़ाने के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधा में भी बढ़ोतरी करेगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पर्यटन, संस्कृति और धर्मार्थ कार्य विभाग की उपलब्धियां बताते हुए कहा अयोध्या में रामपथ का निर्माण कार्य अब पूर्ण होने की ओर अग्रसर है, जिससे लाखों श्रद्धालुओं को सुगम यात्रा का अनुभव मिलेगा।

### वीबी जीरामजी

पूर्ण किए जा चुके हैं। शेष आवासों का निर्माण तेजी से पूरा कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 822 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है, जिससे गांवों की कनेक्टिविटी और मजबूत होगी।

### 9 वर्षों में तीन

में सफलता प्राप्त की है। वर्ष 2017 के पहले यह लगभग 17 से 19 फीसदी तक था। बजट में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एमएसएमई, स्टार्टअप, ओडीओपी और स्थानीय उद्यमों को विकसित करते हुए वृहद निवेश की नई योजनाओं को शुरू करने का प्रावधान किया गया है। बजट में इमर्जिंग टेक्नोलॉजी की कई बड़ी घोषणाएं हुई हैं। पहले प्रदेश में अलग-अलग विभाग अलग-अलग समय में अलग-अलग डेटा प्रस्तुत करते थे। हमारी सरकार ने तय किया है कि हम एक स्टेट डेटा अथॉरिटी का गठन करेंगे। यह स्टेट डेटा अथॉरिटी प्रदेश में रियल टाइम डेटा और इसकी मॉनिटरिंग के साथ भविष्य की योजनाओं को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाएगी। वहीं बजट में इमर्जिंग टेक्नोलॉजी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए डेटा सेंटर क्लस्टर की स्थापना का प्रावधान किया गया है। मेडटेक और डीपटेक के लिए एआई मिशन की घोषणा की गई है, ताकि युवाओं को अधिक से अधिक जॉब उपलब्ध कराए जा सकें। इसके लिए उनकी स्किल डेवलपमेंट की प्लानिंग भी बजट में की गई है। इसके अलावा स्वयं सहायता समूहों के जरिये महिलाओं की उद्यमिता को प्रोत्साहन देने और उनके उत्पादों के लिए शी-मार्ट विपणन केंद्र विकसित करने की बात भी बजट में कही गई है। इस योजना से स्थानीय महिलाओं को काफी मदद मिलेगी, जो एसएचजी के माध्यम से लोकल गांवों और शहरी क्षेत्र में अपना प्रोडक्ट बनाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में सिटी इकॉनमिक जोन, एससीआर, काशी-मीरजापुर इकॉनमिक जोन, प्रयागराज-चित्रकूट इकॉनमिक जोन, कानपुर-झांसी इकॉनमिक जोन को विकसित करने का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2017 में यूपी की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में रैंकिंग 13-14 पर थी। आज नंबर दो पर है। इसके बाद यूपी ने चीफ अचीवर स्टेट के रूप में खुद को स्थापित किया। प्रदेश में डिजिटल आन्त्रोप्रेन्योरशिप योजना को आगे बढ़ाने के लिए बजट में व्यवस्था की गयी है। इन सभी सफलता को प्राप्त करने में रूल ऑफ लॉ की बड़ी भूमिका है, यही रियल ग्रोथ है। हर व्यक्ति सुरक्षा की गारंटी चाहता है और वह गारंटी आज यूपी दे रहा है।

### ट्रंप के तेल

जयशंकर ने नई दिल्ली में शेरपाओं की पहली बैठक में कहा था कि ऊर्जा सुरक्षा ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के प्रमुख मुद्दों में से एक होगी, जिसमें रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के शामिल होने की उम्मीद है। भारत 2026 में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करेगा। लावरोव ने कहा कि दिसंबर 2025 में राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा ने मॉस्को और नई दिल्ली के बीच संबंधों को समृद्ध किया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, विशेष रूप से पिछले साल दिसंबर में राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के दौरान संयुक्त दस्तावेजों के एक महत्वपूर्ण पैकेज पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस यात्रा ने रूसी-भारतीय संबंधों को समृद्ध किया और एक विशेष रणनीतिक साझेदारी का निर्माण किया। लावरोव ने कहा कि दोनों देशों के नेताओं के बीच एक नई बैठक ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि रूस, भारत के साथ संबंधों को लेकर नयी दिल्ली की इच्छा के अनुरूप हरसंभव प्रयास करने को तैयार है।

### उत्तराखण्ड कैबिनेट

सेवाएं (संशोधन) अधिनियम, 2026 के मसौदे को स्वीकृति दी गई। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप आदतन अपराधी की परिभाषा में संशोधन किया जाएगा। प्रस्तावित संशोधन को आगामी विधानसभा सत्र में पेश किया जाएगा। कोविड-19 अवधि में उद्योगों को राहत देने के लिए लाए गए बोनस संदाय (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2020 को भी कैबिनेट ने वापस लेने का निर्णय किया है। केंद्र सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की असहमति और वर्तमान हालात को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया। इसके अतिरिक्त, वन विभाग में कार्यरत 589 दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों के लिए न्यूनतम 18 हजार रुपये मासिक वेतन स्वीकृत किया गया है।

### आम बजट

के विभाज्य पूल में से किसी राज्य का हिस्सा नहीं घटाया है। वित्त मंत्री ने कहा कि 16वें वित्त आयोग ने 2018-19 से 2022-23 तक राज्यों की कर हिस्सेदारी का विश्लेषण किया और निष्कर्ष निकाला कि केंद्र से राज्यों को मिलने वाला यह धन आयोग की सिफारिश से पूरी तरह मेल खाता है और इसमें कोई कमी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अगले वित्त वर्ष में राज्यों को कुल कर हस्तांतरण 25.44 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है जो चालू वित्त वर्ष की तुलना में 2.07 लाख करोड़ रुपये अधिक होगा। सीतारमण ने कहा कि संविधान ने केंद्र को उपकर और अधिशेष लगाने का अधिकार दिया है और विभाज्य पूल में वह शामिल नहीं होता है, इसलिए राज्यों की कुल कर हिस्सेदारी की बात करते समय उपकर और अधिशेष संबंधी आरोप अनुचित हैं।

### रामपुर

जंग बहादुर खान को हत्या एवं अन्य गंभीर आरोपों से यह कहकर बरी कर दिया था कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ मुख्य अपराध के मामले को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा। हालांकि, इसने जंग बहादुर खान समेत पांचों को शस्त्र अधिनियम की धारा 25 (1-ए) के तहत दोषी पाया और उन्हें 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। जंग बहादुर खान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

### यूपी को

प्रतिशत अधिक है। एक्वाब्रिज द्वारा प्रस्तावित यूपीएग्रीज परियोजना में एक्वा कल्चर आधारभूत संरचना के लिए 155 करोड़ रुपए का प्रावधान है। साथ ही यूपीएग्रीज परियोजना के अन्तर्गत एग्रीएक्सपोर्ट हब की स्थापना के लिये 245 करोड़ रुपए की व्यवस्था भी की गई है। इसके अलावा किसानों के डीजल पम्प सेट को सोलर पम्प में परिवर्तित करने की योजना के लिए लगभग 638 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

### आर्थिक सुधार

से आगे बढ़ रहा है।

योगी सरकार के दसवें बजट में महिला विकास के साथ-साथ युवाओं के लिए नई संभावनाओं को रेखांकित किया गया है। यह बजट अर्थव्यवस्था को तीव्र गति प्रदान करने के लिए कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास पर फोकस करता दिखाई पड़ता है, तो वहीं नए क्षेत्रों को सृजित और पोषित करने का काम किया गया है। कृषि क्षेत्र के बजट में 20 प्रतिशत की वृद्धि, पंचायती राज में 67 प्रतिशत तथा सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण के लिए बजट में 30 प्रतिशत की वृद्धि की गई है इससे कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संबल प्राप्त होगा।

उत्तर प्रदेश में अवस्थापना सुविधा, औधोगिक क्षेत्र, पर्यटन विकास, डेटा सेंटर तथा एआई पर भी व्यापक ध्यान केन्द्रित किया गया है। केन्द्र सरकार, टेक्सटाइल क्षेत्र के तीव्र विकास के लिए प्रधानमंत्री मित्र टेक्सटाइल पार्क उत्तर प्रदेश में भी स्थापित कर रही है।




# द. अफ्रीका की अफगानिस्तान पर रोमांचक जीत

## पहला सुपर ओवर भी टाई रहा और दूसरे सुपर ओवर में हार का सामना करना पड़ा



अहमदाबाद। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज के साहसिक खेल के बावजूद अफगानिस्तान को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को यहां रोमांच की पराकाष्ठा तक पहुंचे मैच में दूसरे सुपर ओवर में हार का सामना करना पड़ा जिससे उसकी सुपर आठ में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका लगा।

दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद छह विकेट पर 187 रन बनाए। इसके जवाब में अफगानिस्तान की टीम 19.4 ओवर में 187 रन पर आउट हो गई।

फिर पहला सुपर ओवर भी टाई रहा। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से लुंगी एनगिडी ने सुपर ओवर किया जिसमें अफगानिस्तान ने 17 रन बनाए। इसमें अजमतुल्लाह उमरजई का एक छक्का और दो चौके शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका ने फजलहक फारुकी के ओवर में एक विकेट पर 17 रन बनाए। ट्रस्टिन स्टब्स ने आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर स्कोर बराबर किया। उमरजई दूसरा सुपर ओवर करने के लिए आए जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने डेविड मिलर के दो छक्कों की मदद से 23 रन बनाए। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने पहली दो गेंद पर कोई रन नहीं दिया और मोहम्मद नबी को आउट किया। गुरबाज ने इसके बाद लगातार तीन छक्के लगाए लेकिन आखिरी गेंद पर वह आउट हो गए। इस जीत से दक्षिण अफ्रीका के दो मैच में चार अंक हो गए हैं जबकि अफगानिस्तान की यह लगातार दूसरी हार है। उसे अगले चरण में जाने के लिए न सिर्फ अपने बाकी बचे दोनों मैच जीतने होंगे बल्कि अन्य मैच के परिणाम भी अनुकूल रहने के लिए दुआ करनी होगी। अफगानिस्तान इससे पहला लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में था लेकिन लगातार विकेट गंवाने के कारण उसे नुकसान हुआ। उसकी तरफ से गुरबाज ने 42 गेंद पर 84 रन बनाए जिसमें चार चौके और सात छक्के शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए एनगिडी ने 26 रन देकर तीन विकेट लिए। इससे पहले रयान रिकेल्टन ने 28 गेंद पर 61 रन की तूफानी पारी खेली जिसमें पांच चौके और चार छक्के शामिल हैं। क्विंटन डीकॉक ने 41 गेंद पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 59 रन बनाए। कप्तान एडन मारक्रम (05) के जल्दी आउट होने के बाद इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी की। रिकेल्टन और डीकॉक के अलावा डेवाल्ड ब्रेविस ने 23, मिलर ने नाबाद 20 और मार्को यानसन ने 16 रन का योगदार दिया। अफगानिस्तान की तरफ से उमरजई ने 41 रन देकर तीन और कप्तान राशिद खान ने 28 रन देकर दो विकेट लिए। अफगानिस्तान ने अच्छी शुरुआत की तथा गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने पहले विकेट के लिए 51 रन जोड़े। इसके बाद हालांकि उसने दो रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए। एनगिडी ने जादरान को बोल्ड करने के बाद गुलबदीन नैब को अपनी ही गेंद पर कैच किया। कैगिसो रबाडा ने सदिकुल्लाह अटल को शून्य पर आउट किया जिससे अफगानिस्तान का स्कोर बिना किसी नुकसान के 51 रन से तीन विकेट पर 52 रन हो गया। गुरबाज ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया तथा रबाडा और यानसन पर छक्के लगाए। उन्होंने जॉर्ज लिंडे का स्वागत भी छक्के से किया और फिर इसी गेंदबाज के अगले ओवर में दो छक्के जड़कर 26 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। मारक्रम ने इसके बाद खुद गेंद संभाली लेकिन इससे कोई फायदा नहीं मिला क्योंकि गुरबाज ने उन पर भी छक्का और चौका लगाया। महाराज ने 13वें ओवर में गुरबाज की पारी का अंत किया। उन्होंने ढीला शॉट खेला जिसे थर्ड मैन पर जॉर्ज लिंडे ने दौड़ लगाकर कैच में बदल दिया। दारविश रसूली (15) भी इसी ओवर में रन आउट हो गए। इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 69 रन जोड़े। लिंडे ने नबी (05) को आउट करके अफगानिस्तान को एक और झटका दिया।

# सूर्य कुमार संग जरुरत पड़ी तो सूत्रधार की भूमिका निभा सकता हूं: तिलक वर्मा



नयी दिल्ली। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर तिलक वर्मा ने बुधवार को यहां कहा कि मौजूदा टी20 विश्व कप में जरूरत पड़ने पर वह भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ पारी के सूत्रधार की भूमिका निभा सकते हैं।

चोट से उबरने के बाद तिलक वर्मा ने आईसीसी टूर्नामेंट से पहले भारतीय टीम में सफल वापसी की है। भारत ने सात फरवरी को अमेरिका के खिलाफ टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में छह विकेट जल्दी गंवा दिए थे लेकिन बाद में वापसी करते हुए आराम से जीत दर्ज की। नामीबिया के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर तिलक ने कहा, मुख्य कोच (गौतम गंभीर) ने हमसे कहा है कि अगर अमेरिका के खिलाफ हुए मैच की तरह विकेट जल्दी-जल्दी गिरें तो हमें सावधानी से खेलना चाहिए। जरूरत पड़ने पर सूर्यकुमार भाई और मैं सूत्रधार की भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बृहस्पतिवार को होने वाले मुकाबले के लिए फिट हैं जो पहला मैच नहीं खेल पाए थे। उन्होंने कहा, जसप्रीत बुमराह फिट हैं और नामीबिया के खिलाफ कल के मैच के लिए उपलब्ध हैं। कोलंबो में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले मुकाबले पर तिलक ने कहा, हम एक समय में एक मैच पर ही ध्यान दे रहे हैं। हम श्रीलंका की परिस्थितियों और मैच के लिए तैयार हैं। तिलक ने अभ्यास मुकाबलों में शानदार वापसी की जिसमें उन्होंने अमेरिका के खिलाफ 24 गेंद में 38 रन और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 19 गेंद में 48 रन बनाकर अपनी फॉर्म और तैयारी दिखाई। उन्होंने कहा, विश्व कप टीम में वापसी कर खुश हूं। मेरा एकमात्र लक्ष्य टीम को विश्व कप जीतने में मदद करना है। यहां तक कि जब मैं खेल नहीं रहा था, तब भी मैं भारत के मैच जीतने का ही सोच रहा था।

**संक्षेप**

## मार्श ग्रोइन चोट के कारण मैच से बाहर, स्मिथ शामिल

कोलंबो। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श को इस हफ्ते के शुरू में ट्रेनिंग के दौरान लगी ग्रोइन की चोट के कारण आयरलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के शुरूआती मैच से बाहर होना पड़ा जिससे टीम ने अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को कवर के तौर पर शामिल किया। आयरलैंड के खिलाफ मार्श की अनुपस्थिति में ट्रेविस हेड टीम की अगुआई कर रहे हैं और मैट रेनशॉ को विश्व कप में पदार्पण कराया गया है। 29 साल के रेनशॉ ने पिछले महीने लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ अपना टी20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के एक बयान में कहा गया, इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रेनिंग के दौरान ग्रोइन चोट लगने के कारण मिचेल मार्श टी20 विश्व कप के पहले मैच से बाहर रहेंगे। उन्हें लगातार दर्द और बेचैनी हो रही है। चोट की वजह से उन्हें टेस्टिकुलर रक्तस्राव हुआ है। बयान में कहा गया, स्कैन से टेस्टिकुलर ब्लीडिंग की पुष्टि हुई है। उन्हें आराम और रिहैबिलिटेशन की जरूरत होगी। खेलने के लिए उनकी वापसी चोट ठीक होने और मेडिकल सलाह से तय होगी। स्टैंडबाय खिलाड़ी स्टीव स्मिथ ने पिछले साल फरवरी से कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय नहीं खेला है, लेकिन इस प्रारूप में अच्छी फॉर्म में हैं। वह श्रीलंका में माहौल से तालमेल बिठाने के लिए तैयारी करेंगे। मार्श को रविवार को एक ट्रेनिंग सत्र के दौरान चोट लग गई थी। उनकी चोट टीम के लिए नया झटका है जिसमें पहले से ही मुख्य तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड और पैट कमिंस मौजूद नहीं हैं।

## बस खुशी है कि हम जीत गये: रिकेल्टन

अहमदाबाद। दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन को दो सुपर ओवर के बाद अफगानिस्तान पर रोमांचक टी20 विश्व कप मैच में मिली जीत को बयां के लिये शब्द नहीं मिल रहे थे और उन्होंने कहा कि आखिर में जीत हासिल करके खुश हैं। दक्षिण अफ्रीका एक यादगार मैच में दो उतार-चढ़ाव वाले सुपर ओवर के बाद अफगानिस्तान को हराने में कामयाब रहा। रिकेल्टन (28 गेंद में 61 रन) और क्विंटन डिकॉक (41 गेंद में 59 रन) ने अर्धशतक बनाने के साथ शानदार शतकीय साझेदारी की जिससे दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी मैच में छह विकेट पर 187 रन बनाने में कामयाब रहा। अफगानिस्तान ने इस स्कोर की बराबरी की। फिर पहले सुपर में भी बराबर रही लेकिन दूसरे ओवर में दक्षिण अफ्रीका जीत गया। पहला ख्याल आता है कि क्रिकेट खराब खेल है। निश्चित रूप से यह एक रोमांचक मैच था। मेरे पास इसे बताने के लिए ज्यादा शब्द नहीं हैं।

# टीम को आखिरी दम तक लड़ेन के लिए किया था प्रेरित: मारक्रम

अहमदाबाद। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मारक्रम ने टीम के साथी खिलाड़ियों से कहा था कि उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ चुनौती के लिए तैयार रहना होगा और बुधवार को यहां खेला गया यह मैच टी20 विश्व कप के इतिहास के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक साबित हुआ।

ग्रुप डी के इस रोमाचंक मैच में दक्षिण अफ्रीका ने छह विकेट पर 187 रन बनाए और दो सुपर ओवर के बाद अफगानिस्तान को मामूली अंतर से हराया। अफगानिस्तान ने 187 रन बनाकर स्कोर बराबर किया जिसके बाद पहले सुपर के बराबर रहने के बाद दूसरा सुपर ओवर खेला गया तो वह जीत के लिए जरूरी 24 रन नहीं बना सका। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में मारक्रम ने कहा, इसे शब्दों में बयां करना काफी मुश्किल है। कड़ा मुकाबला था। टीमें आपको जबरदस्त दबाव में लाती हैं। और जब आप खुद पर दबाव डालने लगते हैं तो हालात मुश्किल हो जाते हैं। जीत और अंक मिलने के लिए शुक्रगुजार हूं। तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता, लेकिन वह पहले सुपर ओवर में 17 रन दे बैठे थे। लेकिन दूसरी बार स्पिनर केशव महाराज ने दक्षिण अफ्रीका के लिए कमाल की गेंदबाजी की और दो विकेट लेकर मुकाबला अपनी टीम के पक्ष में कर दिया। मारक्रम ने कहा, आखिरकार सुपर ओवर में आप अपने बेहतर, सबसे आत्मविश्वास से भरे खिलाड़ी को चुनते हैं। पहले ओवर में लुंगी से ज्यादा गलती नहीं हुई, लेकिन फिर उन्होंने अच्छा स्कोर बना लिया। केशव के साथ भी यही कहानी रही। स्पिनर के लिए यह मुश्किल होता है, फिर भी हमने उन पर भरोसा किया।

उन्होंने कहा, मैंने लड़कों से कहा था कि लक्ष्य ठीक है, लेकिन हमें चुनौती का सामना करना होगा। मैं इससे पूरी तरह सहज नहीं था और मुझे लगा कि हमने कुछ मौके गंवा दिए। मारक्रम के अनुसार कुछ विभागों में सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा, कुछ चीजें हैं जिनमें हम सुधार कर सकते हैं। छोटे-छोटे चरण में जो इस प्रारूप में बहुत मायने रखते हैं। इस तरह के मैच से आप यही सकारात्मक चीज सीख सकते हैं कि आपको इस तरह के मैच जीतने चाहिए। उन्होंने कहा, इस प्रारूप में अच्छी शुरुआत करना जरूरी है और उन्होंने यही किया। उनमें से दो ने सच में अच्छी बल्लेबाजी की। अफ़गानिस्तान के कप्तान राशिद खान अच्छे प्रतिस्पर्धी हैं और वे इस करीबी मैच में मिली हार के बाद अपनी निराशा नहीं छिपा सके क्योंकि उनकी टीम अपने जोशीले प्रदर्शन और हर टूर्नामेंट के साथ बेहतर करने की चाहत के लिए मशहूर है। राशिद ने कहा, लड़कों ने कमाल का काम किया, विशेषकर बल्ले से शुरुआत में। उन्हें 190 रन से कम पर रोकना कमाल का था। हारने वाली टीम बनना दुर्भाग्यशाली है। हमने मैदान पर सब कुछ दिया। यह विकेट अच्छा है, आईपीएल में इस विकेट पर बहुत मैच खेले थे। उन्होंने कहा, टीम के साथ बातचीत हुई थी कि उनकी शुरुआत अच्छी थी लेकिन आखिरी 10 ओवर में उन्हें रोकने की कोशिश करेंगे। इस स्टार लेग-स्पिनर ने सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज के प्रयासों की खूब तारीफ की जिन्होंने 42 गेंद में 84 रन बनाए। फिर दूसरे सुपर ओवर में चार गेंद में 18 रन बनाए। बेहतरीन पारी, वह इसी के लिए मशहूर हैं। पावरप्ले के आखिरी कुछ ओवरों में जब हमने जल्दी विकेट गंवाए, उससे वह बैकफुट पर आ गया। कुल मिलाकर उसने कमाल का खेल दिखाया। हमारे पास मौके थे। दूसरे सुपर ओवर में भी हम एक गेंद में पांच रन बन सकते थे।

# ऑस्ट्रेलिया ने आयरलैंड को 67 रन से हराया





कोलंबो। ऑस्ट्रेलिया ने तेज गेंदबाज नाथन एलिस (12 रन देकर चार विकेट) और लेग स्पिनर एडम जम्पा (23 रन देकर चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन से बुधवार को यहां ग्रुप बी मैच में आयरलैंड पर 67 रन की जीत के साथ आईसीसी टी20 विश्व कप में अपना अभियान शुरू किया।

एलिस ने अपने शुरूआती स्पैल में तीन विकेट झटककर जीत की लय तय की। उन्होंने शीर्ष क्रम को पवेलियन भेजा तो वहीं जम्पा ने मध्य और निचले क्रम पर कहर बरपाया जिससे आयरलैंड की पारी 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 16.5 ओवर में नौ विकेट 115 रन पर खत्म हुई। आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग एक गेंद खेलने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए और फिर बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। आयरलैंड के लिए जॉर्ज डॉकरेल ने सर्वाधिक 41 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने धीमी पिच पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए हरफनमौला मार्कस स्टोइनिस (45 रन) और मैथ्यू रेनशॉ (37 रन) के बीच पांचवें विकेट के लिए 61 रन की अहम साझेदारी की मदद से छह विकेट पर 182 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। आयरलैंड की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए पावरप्ले में चार विकेट गंवा दिए थे। कोई भी बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का सामना नहीं कर सका और इसमें से तीन विकेट एलिस के नाम रहे। मिचेल मार्श ग्रोइन चोट के कारण टूर्नामेंट से लगभग बाहर हो गए हैं। पैट कमिंस और जोश हेजलवुड भी चोट के कारण बाहर हैं जबकि मिचेल स्टार्क संन्यास ले चुके हैं तो एलिस ने मुख्य तेज गेंदबाज के तौर पर जिम्मेदारी बखूबी निभाई। एलिस ने इस तरह तीन ओवर के शुरूआती स्पैल में नौ रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने रोस एडेयर (12), कर्टिस कैम्फर (04), बेन कालिट्ज (02) को आउट किया। फिर जम्पा ने गेरेथ डेलानी (11), लोरकान टकर (24), डॉकरेल और मार्क एडेयर (12) के विकेट झटके। आयरलैंड हालांकि 100 रन का स्कोर पार करने में कामयाब रहा। आखिर में एलिस अपना अंतिम ओवर करने के लिए आए और बैरी मैकार्थी (02) को आउट करके मैच खत्म किया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश इंग्लिस (37) और कैमरन ग्रीन (21) ने शुरू में रन जोड़े। इसे बाद रेनशॉ और स्टोइनिस ने बीच के ओवरों में अहम साझेदारी की। आयरलैंड के स्पिनरों ने अनुशासित गेंदबाजी की लेकिन कुछ कैच छूटने से उन्हें निराशा हुई। पहले ओवर में कार्यवाहक कप्तान ट्रेविस हेड का कैच छोड़ने के बाद आयरलैंड ने उन्हें दूसरे ओवर में को रन आउट कर दिया। इंग्लिस और ग्रीन ने जिम्मेदारी से खेलते हुए कई शॉट लगाए। इंग्लिस ने कवर की तरफ बाउंड्री से शुरुआत की। एक और चौका लगाने के बाद उन्होंने तीसरे ओवर में तीसरा चौका लगाया। ग्रीन ने भी अपने साथी की तरह शॉट्स लगाते हुए बैरी मैकार्थी पर चौका लगाने के बाद एक लंबा छक्का मारा। उन्होंने एक और बड़ा छक्का जड़ा लेकिन मिडविकेट पर गलत टाइमिंग से लपके गए। आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने इंग्लिस का शानदार कैच लेकर ऑस्ट्रेलिया की रन गति रोक दी। फिर हैरी टेक्टर ने खतरनाक ग्लेन मैक्सवेल को आउट किया जिसके बाद स्टोइनिस क्रीज पर उतरे। फिर दोनों ने पारी को संभाला और स्ट्राइक को अच्छे से रोटेट करके स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाते रहे। आयरलैंड ने बीच के ओवरों में दबाव बनाए रखा।

# टी20 विश्व कप: हसरंगा की जगह हेमंथा श्रीलंका की टीम में शामिल

कोलंबो। स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर दुशान हेमंथा को मौजूदा टी20 विश्व कप के लिए चोटिल वानिंदु हसरंगा की जगह श्रीलंका की टीम में शामिल किया गया है।

श्रीलंका के स्पिन गेंदबाज हसरंगा आयरलैंड के खिलाफ पहले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे जिसके कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। पांच वनडे और तीन टी20 मैच खेल चुके 31 वर्षीय हेमंथा उनकी जगह लेंगे। टीम का अगला मैच गुरुवार को ओमान के खिलाफ होगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक विज्ञप्ति में कहा, आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 की प्रतियोगिता तकनीकी समिति ने ने वानिंदु हसरंगा के स्थान पर दुशान हेमंथा को श्रीलंका की टीम में शामिल करने की मंजूरी दे दी है। आईसीसी ने न्यूजीलैंड के चोटिल माइकल ब्रैसवेल की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में शामिल करने की अनुमति दे दी है। न्यूजीलैंड ने अभी तक इस खिलाड़ी का नाम उजागर नहीं किया है। टी20 विश्व कप की प्रतियोगिता तकनीकी समिति में आईसीसी के महाप्रबंधक वसीम खान, गौरव सक्सेना, हेमांग अमीन और शॉन पोलॉक शामिल हैं।

## बेखौफ होकर खेलना जारी रखे भारत : बांगड़

नयी दिल्ली। पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ ने कहा कि भारत को टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में अमेरिका के खिलाफ बल्लेबाजों की नाकामी का ज्यादा विश्लेषण करने की जरूरत नहीं है और उसे अपना बेखौफ रवैया जारी रखना चाहिए जिसके कारण उसने काफी सफलता हासिल की हैं। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए अपने पहले मैच में भारत 13वें ओवर में 77 रन पर छह विकेट खो बैठा था, लेकिन फिर भी उसने अमेरिका पर 29 रन से जीत हासिल की। बांगड़ ने जिओ हॉटस्टार के एक कार्यक्रम में कहा, मुझे नहीं लगता कि भारतीय बल्लेबाजों को वानखेड़े में अमेरिका के खिलाफ जो हुआ उसका बहुत अधिक विश्लेषण करना चाहिए, क्योंकि टी20 क्रिकेट में आजकल जिस तरह से भारतीय बल्लेबाज खेल रहे हैं उसमें निश्चित तौर पर जोखिम भरा हुआ है। किसी दिन जब दो-तीन विकेट गिर जाते हैं और आप फिर भी आक्रामक खेलना चाहते हैं, तो एक साथ कई विकेट गिर सकते हैं। अगर इससे कुछ सीख मिलती है तो वह यह है कि शायद थोड़ा धीमा खेलें, लेकिन अपने दृष्टिकोण को लेकर ज्यादा संशय न रखें, क्योंकि बेखौफ होकर खेलने के कारण ही आपको इतनी सफलता मिली है। बांगड़ ने कहा, अपनी क्षमताओं पर भरोसा बनाए रखें और उसी तरह खेलते रहें।

# भारत बनाम नामीबिया: अभिषेक की तबीयत खराब होने से मेजबान चिंतित



नयी दिल्ली। मौजूदा चैंपियन भारत को गुरुवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप मैच में नामीबिया से किसी तरह का खतरा नहीं है लेकिन सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के पेट के संक्रमण के कारण मुख्य कोच गौतम गंभीर सहित टीम प्रबंधन चिंतित होगा क्योंकि इससे उसकी योजनाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में वानखेड़े की चिपचिपी पिच पर बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। अब उन्हें फिरोज शाह कोटला की पिच पर आक्रामक खेल दिखाना चाहेगा, जिसे बल्लेबाजी के लिए बेहतरीन पिच कहा जा सकता है। नामीबिया के खिलाफ भारत का पलड़ा बहुत भारी है जिसकी टीम इसी मैदान पर नीदरलैंड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। इस तरह से देखा जाए तो भारत के लिए पाकिस्तान के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले महत्वपूर्ण मैच से पहले यह मैच अभ्यास मैच की तरह है। भारत अगर टॉस जीतता है तो वह पहले बल्लेबाजी करना चाहेगा ताकि उसके बल्लेबाजों को पर्याप्त अवसर मिल सके। नामीबिया का गेंदबाजी आक्रमण खास नहीं है और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेल रही कोई भी टीम उसको छठी का दूध याद दिला सकती है। भारत के लिए अभिषेक का पेट का संक्रमण और वायरल बुखार चिंताजनक है। उन्हें दो दिन भर्ती रहने के बाद बुधवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई लेकिन रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले बड़े मैच से पहले उन्हें पूरी तरह से ठीक होने का मौका देने के लिए मैदान पर उतारना उचित नहीं होगा, क्योंकि उस मैच में अभिषेक की मौजूदगी विपक्षी टीम के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती साबित होगी। नामीबिया के खिलाफ मैच खराब फॉर्म से जूझ रहे संजू सैमसन के लिए लय में लौटने का एक सुनहरा मौका साबित हो सकता है, क्योंकि लगातार असफलताओं के चलते उन्हें अपनी जगह ईशान किशन के हाथों गंवानी पड़ी, जो इस समय शानदार फॉर्म में हैं। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में सहायक कोच रयान टेन डोएशे ने कहा, संजू अच्छा महसूस कर रहे हैं और चोटिल खिलाड़ी के स्थान पर टीम में अपनी भूमिका को समझ रहे हैं। वह एक नेक इंसान हैं, टीम के साथ उनका व्यवहार अच्छा है, वह अच्छी तरह से अभ्यास कर रहे हैं और टीम में हम सभी से यही उम्मीद करते हैं। भारत की मजबूत बल्लेबाजी को रोकना नामीबिया के लिए कड़ी चुनौती होगी। उनके बल्लेबाजों के लिए जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती और हार्दिक पंड्या की गेंदों का सामना करना और भी चुनौतीपूर्ण होगा। नामीबिया के शीर्ष छह बल्लेबाजों में से केवल ऑलराउंडर जेजे स्मिट का स्ट्राइक रेट 140 से अधिक है। चक्रवर्ती का सामना करना नामीबिया की टीम के लिए बहुत बड़ी चुनौती हो सकती है क्योंकि वे आमतौर पर इतने उच्च स्तर के गेंदबाजों का सामना नहीं करते हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की कार्यक्रम बनाने वाली टीम ने यह सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान के खिलाफ व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण मैच को छोड़कर भारत के लीग चरण के बाकी मैच ऐसी टीमों के खिलाफ हों जो इस प्रारूप में भारत की ए, बी या सी टीम से भी हार जाएंगी। टूर्नामेंट से पहले एक अभ्यास मैच में भारत ए ने नामीबिया को 100 से कम रन पर आउट कर दिया था। अगर पाकिस्तान के खिलाफ मैच में कुछ गड़बड़ भी हो जाए तब भी भारत सुपर आठ में पहुंच जाएगा, जहां असली परीक्षा शुरू होगी। वहां भी ग्रुप इस तरह से तैयार किए गए हैं कि अगर भारत सेमीफाइनल में पहुंचता है तो उसे न तो ऑस्ट्रेलिया और न ही दक्षिण अफ्रीका का सामना करना पड़ेगा।

**टीम इस प्रकार हैं:**

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह। **नामीबिया:** गेरहार्ड इरास्मस (कप्तान), जान बाल्ट, ज़ेन ग्रीन (विकेटकीपर), मालन क्रूगर, डायलन लीचर, लॉरेन स्टीनकैंप, जान फ्राइलिनक, जान निकोल लोफ्टी-ईटन, विलियम मायबर्ग, जे जे स्मिट, जैक ब्रासेल, मैक्स हेंगो, बर्नार्ड शोल्ट्ज़, बेन शिकोंगो, रूबेन ट्रम्पेलमैन।

मैच शुरू होने का समय: शाम सात बजे।

# राहुल गांधी को नोटिस देगी भाजपा : रीजीजू



नयी दिल्ली। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को आरोप लगाया कि राहुल गांधी का भाषण झूठ से भरा था और सत्तारूढ़ गठबंधन लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा किये गए झूठे दावों को सदन की कार्यवाही से हटाये जाने का अनुरोध करेगा।

केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान राहुल के भाषण के तुरंत बाद, रीजीजू ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्य आसन को एक नोटिस देंगे, जिसमें नेता प्रतिपक्ष द्वारा बोले गए किसी कथन के प्रमाणीकरण की मांग की जाएगी। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, राहुल गांधी ने जो भी झूठ बोला है, हम उसे रिकॉर्ड से हटाये जाने की मांग करेंगे। हालांकि, राहुल गांधी ने अपने बयानों को प्रमाणित करने का वादा किया है, लेकिन मंत्री ने कहा, मुझे पता है कि वह उन्हें प्रमाणित नहीं कर सकते क्योंकि उन्होंने झूठ बोला है। उन्होंने सदन में झूठ बोला है। रीजीजू ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता अक्सर जानबूझकर झूठ बोलते हैं और फिर संबंधित मंत्री का जवाब सुनने के बजाय सदन छोड़कर चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश के पास लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष पद के योग्य गंभीर स्वभाव वाला कोई व्यक्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी का रुख यह है कि हम राहुल गांधी के झूठ का जवाब सदन के बाहर देंगे, लेकिन सदन के अंदर नोटिस जारी किया जाएगा। रीजीजू ने कहा कि राहुल गांधी ने बिना नोटिस दिये पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी पर एक गंभीर आरोप लगाया है, जो विशेषाधिकार हनन है। उन्होंने कहा कि हम आसन को आवश्यक सूचना देंगे। नेता प्रतिपक्ष ने बजट पर चर्चा में कोई उपयोगी और ठोस योगदान नहीं दिया, बल्कि केवल कुछ बेबुनियाद आरोप लगाए। संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि उन्होंने नेता प्रतिपक्ष को उस समय सदन में उपस्थित रहने के लिए कहा है, जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पर चर्चा का जवाब देंगी। उन्होंने कहा, भाषण देने के बाद वह (राहुल) तुरंत सदन से बाहर चले गए। जबकि नियम यह है कि एक बार कोई सदस्य अपना भाषण दे दे, तो वह तुरंत सदन नहीं छोड़ सकता। रीजीजू ने यह भी दावा किया कि 20 से 25 कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को उनके कक्ष में अपशब्द कहे, लेकिन वहां मौजूद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रियंका गांधी वाद्रा और के.सी. वेणुगोपाल ने उन्हें नहीं रोका। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि बिरला बहुत आहत हुए हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष बहुत नरम स्वभाव के हैं, अन्यथा वह कड़ी कार्रवाई करते। उन्होंने कहा, कुछ सदस्य बिरला के कक्ष में गए और उन्हें अपशब्द कहे। जब 20 से 25 कांग्रेस सांसद अध्यक्ष के कक्ष में गए, तो मैं भी वहां गया। उन्होंने अध्यक्ष को जिस तरह के अपशब्द कहे, उन्हें मैं शब्दों में बयान नहीं कर सकता। उन्होंने दावा किया कि घटना के समय प्रियंका गांधी, वेणुगोपाल और अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता कक्ष में मौजूद थे। उन्होंने यह भी दावा किया, वे (कांग्रेस सांसदों को) उकसा रहे थे। उनके नेता सांसदों को झगड़ा करने के लिए उकसा रहे थे।

# विवादित वीडियो को लेकर कांग्रेस की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया : मुख्यमंत्री हिमंत



गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि पुलिस ने कांग्रेस नेताओं की शिकायत के आधार पर एक विवादित वीडियो के संबंध में मामला दर्ज किया है। यह वीडियो प्रदेश भाजपा द्वारा अपलोड किया गया था और बाद में इसको हटा दिया गया था।

शर्मा ने कहा कि एक भाजपा कार्यकर्ता ने भी इसी मुद्दे पर अलग से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। अब हटाए जा चुके वीडियो में शर्मा कथित तौर पर राइफल से दो लोगों पर निशाना साधते और गोली चलाते हुए दिखाई दिए थे, जिनमें से एक व्यक्ति ने टोपी पहन रखी थी और दूसरा व्यक्ति दाढ़ी वाला था। वीडियो के कैप्शन में लिखा था, बिल्कुल करीब से चलाई गई गोली। कृत्रिम मेधा (एआई) द्वारा निर्मित यह वीडियो शनिवार शाम प्रदेश भाजपा के आधिकारिक एक्स हैंडल पर अपलोड किया गया था, लेकिन राजनीतिक विरोध के बाद इसे हटा दिया गया। शर्मा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, कांग्रेस ने मामला दर्ज कराया था और इसे दर्ज कर लिया गया है। कांग्रेस विधायक सिबामोनी बोरा और दिगंता बर्मन ने मंगलवार को यहां दिसपुर थाने में प्रदेश भाजपा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शर्मा ने दावा किया कि भाजपा के एक सदस्य ने भी इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा एक पार्टी के रूप में और वह स्वयं एक इंसान के रूप में, असमिया मुस्लिम समुदाय के विरुद्ध किसी भी बात का समर्थन नहीं करते।

शर्मा ने कहा कि हम असमिया मुसलमानों के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि बांग्लादेशी मुसलमानों, मिया मुसलमानों के खिलाफ हैं। उस तस्वीर (वीडियो में) से बांग्लादेशी और भारतीय मुसलमानों के बीच का अंतर स्पष्ट हो जाना चाहिए था।

## संक्षेप

### विपक्ष ने किया वॉकआउट

नयी दिल्ली। लोकसभा में कई दिन के गतिरोध के बाद बुधवार को प्रश्नकाल पूरी तरह चला। हालांकि, आठ सदस्यों के निलंबन की वापसी की मांग को लेकर विपक्ष के सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया। सदन की बैठक शुरू हुई तो पीठासीन सभापति पी सी मोहन ने प्रश्नकाल शुरू कराया। इस दौरान विपक्ष के सांसद अपने साथी आठ सदस्यों का निलंबन समाप्त करने की मांग करने लगे और नारे लगाने लगे जिन्हें पिछले सप्ताह आसन की अवमानना के मामले में निलंबित किया गया था। मोहन ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच ही प्रश्नकाल शुरू कराया। आधे घंटे तक विपक्ष के सांसदों के निलंबन वापस लो के नारों के बीच कार्यवाही चली, जिसके बाद विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया। सामान्य तौर पर सदन की बैठक शुरू होने पर आसन पर अध्यक्ष होते हैं और वही प्रश्नकाल की कार्यवाही संचालित करते हैं। हालांकि, लोकसभा सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें पद से हटाने के लिए विपक्ष द्वारा नोटिस दिए जाने के बाद प्रस्ताव के निपटारे तक अध्यक्षीय आसन पर नहीं बैठने का फैसला किया है। बिरला ने मंगलवार से सदन की कार्यवाही के संचालन में हिस्सा नहीं लिया है और कल भी मोहन ही प्रश्नकाल के समय आसन पर थे।

# ईरान के राष्ट्रपति ने प्रदर्शनों और उस पर की कार्रवाई के पीड़ितों से माफी मांगी

दुबई। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने देशव्यापी प्रदर्शनों और उसके बाद हुई खूनी कार्वाई से पीड़ित सभी लोगों से बुधवार को माफी मांगी।

राष्ट्रपति ने प्रदर्शनों को लेकर फैलाए कथित पश्चिमी दुष्प्रचार की भी निंदा की। पेजेश्कियान ने कहा कि वह प्रदर्शनों और उनके खिलाफ कार्वाई के दौरान हुए लोगों के गहरे दुख को समझते हैं लेकिन उन्होंने सीधे तौर पर यह स्वीकार नहीं किया कि इस रक्तपात में ईरानी सुरक्षा बलों की भूमिका थी। उन्होंने कहा कि हम जनता के सामने शर्मिंदा हैं और इन घटनाओं में जिन लोगों को नुकसान पहुंचा है, उनकी सहायता करना हमारा कर्तव्य है। हम जनता से टकराव नहीं चाहते। पेजेश्कियान ने यह भी जोर देकर कहा कि उनका देश परमाणु हथियार हासिल करने की कोशिश नहीं कर रहा... और वह किसी भी तरह के सत्यापन (जांच) के लिए तैयार हैं। उनकी यह टिप्पणी ईरान की 1979 की इस्लामी क्रांति की वर्षगांठ पर आयोजित एक स्मृति समारोह में दिये गये भाषण के दौरान आई।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर राहुल गांधी के आरोप निराधार हैं: भाजपा



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ राहुल गांधी के आरोपों को बेबुनियाद बताकर खारिज कर दिया। पार्टी ने आरोप लगाया कि लोकसभा में बोलते समय नेता प्रतिपक्ष ने सड़क छाप भाषा का इस्तेमाल कर संसदीय मर्यादा को निम्नस्तर पर पहुंचा दिया।

यह घटना तब हुई जब गांधी ने सदन में केंद्रीय बजट पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए मोदी पर तीखा हमला किया और आरोप लगाया कि सरकार ने इस व्यापार समझौते के जरिए भारत माता को बेच दिया है और यह पूरी तरह से आत्मसमर्पण है, जिसमें भारत की ऊर्जा सुरक्षा अमेरिका को सौंप दी गई है व किसानों के हितों से समझौता किया गया है। गांधी ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं है कि मोदी समेत कोई भी भारतीय प्रधानमंत्री इस तरह के समझौते पर सहमत होगा जब तक कि उस पर दबाव न डाला जाए। इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने गांधी के आरोपों को बेबुनियाद बताकर खारिज कर दिया और आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता ने सदन में बोलते समय सड़क छाप भाषा और सड़क छाप आचरण का इस्तेमाल करके संसदीय मर्यादा और राजनीति को निम्नतर स्तर पर पहुंचा दिया। उन्होंने यहां भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी की टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा, अगर महाराजा जेम्स प्रथम ईसाई जगत के सबसे बुद्धिमान मूर्ख थे, तो हम कह सकते हैं कि राहुल गांधी कांग्रेस के सबसे बुद्धिमान मूर्ख हैं।

# स्टार्मर ने हाउस ऑफ लॉर्ड्स में मेघनाद देसाई के स्मारक पर दी श्रद्धांजलि

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के अर स्टार्मर ने लंदन स्थित हाउस ऑफ लॉर्ड्स परिसर में दिवंगत अर्थशास्त्री मेघनाद देसाई को श्रद्धाजलि दी तथा उन्हें विलक्षण बुद्धिजीवी, संवेदनशील विद्वान और एक समर्पित लोक सेवक बताया।

ब्रिटिश संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स के पूर्व सदस्य रहे देसाई का पिछले साल 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया और मंगलवार को उनके कई साथी सांसदों, सहयोगियों, शिक्षाविदों तथा लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (एलएसई) के पूर्व छात्रों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। एलएसई में वह अर्थशास्त्र के एमेरिटस प्रोफेसर थे। उच्च सदन के सदस्य लॉर्ड कृष रावल ने स्टार्मर का संदेश भी पढ़कर सुनाया। संदेश में स्टार्मर ने कहा, भारतीय मूल के पहले लेबर पार्टी के पियर लॉर्ड देसाई की उल्लेखनीय यात्रा एक अनवरत जिज्ञासा और मानवीय समझ को आगे बढ़ाने के लिए एक अटूट प्रतिबद्धता से परिभाषित थी। ब्रिटेन में हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सदस्य को लॉर्ड या पियर की उपाधि दी जाती है।

# भाजपा पार्षद रितु तावडे मुंबई की बनीं महापौर



मुंबई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पार्षद रितु तावडे बुधवार को मुंबई की महापौर चुनी गईं, जबकि शिवसेना के संजय घाडी उप महापौर बने।

बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) की विशेष आम सभा में तावडे और घाडी दोनों निर्विरोध निर्वाचित हुए। बीएमसी मुख्यालय में चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद, सत्ताधारी और विपक्षी दलों के पार्षदों के नारेबाजी के बीच तावडे ने मुंबई की 78वीं महापौर के रूप में कार्यभार संभाला। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एवं शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे समारोह में उपस्थित थे। उन्होंने नव निर्वाचित महापौर और उपमहापौर को बधाई दी। नगर निकाय के लिए 15 जनवरी को हुए चुनाव में तावडे वार्ड 132, जबकि घाडी वार्ड-पांच से निर्वाचित हुए थे। निर्वाचित आमसभा के अभाव में, बीएमसी आयुक्त भूषण गगराणी मार्च 2022 से नगर निकाय के कामकाजों की देखरेख कर रहे थे। तावडे के महापौर बनने के साथ ही भाजपा ने 44 वर्षों के बाद देश के सबसे अमीर नगर निकाय में महापौर का पद पर कब्जा जमा लिया। वह मुंबई में भाजपा की दूसरी महापौर हैं। इससे पहले, गगराणी ने राज्य द्वारा नियुक्त पीठासीन अधिकारी के रूप में बीएमसी के कमिटी हॉल में चुनाव प्रक्रिया का संचालन किया। प्रक्रिया शुरू होने से पहले, भाजपा और शिवसेना के पार्षदों ने हुतात्मा चौक पर पुष्पांजलि अर्पित की और फिर बीएमसी मुख्यालय के लिए रवाना हुए। पिछले महीने बीएमसी की 227 वार्ड के लिए हुए चुनाव में भाजपा 89 वार्ड में जीत के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, जबकि शिवसेना ने 29 वार्ड में जीत हासिल की। सत्तारूढ़ गठबंधन के पार्षदों की संख्या 118 है जो बहुमत के आंकड़े 114 से अधिक है और महापौर का पद हासिल करने के लिए गठबंधन के पास पर्याप्त संख्या बल था। शिवसेना (उबाठा) ने 65 सीट जीतीं, जबकि उसकी सहयोगी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) ने क्रमशः छह और एक सीट जीती।

# उमर अब्दुल्ला ने ने अपनी टिप्पणियों पर जताया खेद, व्यवस्था बहाल

जम्मू। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा की कार्यवाही के दौरान की गई अपनी टिप्पणियों पर बुधवार को खेद व्यक्त किया जिसके बाद जम्मू कश्मीर विधानसभा में व्यवस्था बहाल हो गयी। इससे पहले अब्दुल्ला की टिप्पणियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों ने विधानसभा में खूब हंगामा किया था।

भाजपा विधायक बुधवार को जम्मू कश्मीर विधानसभा में अध्यक्ष के आसन के पास आ गए और उनके खिलाफ की गयी असंसदीय टिप्पणियों को लेकर अब्दुल्ला से माफी की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। भाजपा सदस्यों ने इस मुद्दे को लेकर सदन से बहिर्गमन भी किया। जब भाजपा सदस्य नारे लगा रहे थे, तभी मुख्यमंत्री बयान देने के लिए सदन में दाखिल हुए जिसके बाद अध्यक्ष ने विरोध कर रहे सदस्यों को अपनी सीटों पर लौटने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने कहा, कभी-कभी गर्मागर्मी में बातें कह दी जाती हैं। मेरी बातों से उन्हें दुख पहुंचा है तो मैं खेद जताता हूं। हालांकि, अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने जो कुछ भी कहा, वह उनके बारे में था और उन्होंने उनके परिवार के किसी भी सदस्य को इसमें शामिल नहीं किया। अब्दुल्ला ने कहा, मैंने उनके किसी रिश्तेदार का जिक्र नहीं किया। उनके फील्ड कमांडर (एलओपी) ने इस मामले में मेरे माता-पिता और मेरे दिवंगत दादाजी को घसीट लिया लेकिन उसे भी जाने दें। मैं उसे नजरअंदाज करना चाहता हूं।

उन्होंने प्रदर्शनकारियों में विपक्ष के नेता की अनुपस्थिति की आलोचना की और कहा कि संकट के समय उनके फील्ड कमांडर ने उनका साथ छोड़ दिया, लेकिन मैं उनके डटे रहने के लिए उन्हें सलाम करता हूं। जितना मुझे अपने विधायकों की परवाह है।

## इंटरटेनमेंट...

# ब्रांड एंबेसडर की भूमिका में दिखीं तमन्ना




बेंगलुरु। गैर कन्नड़ भाषी अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को प्रसिद्ध मैसूर सैंडल सोप का ब्रांड एंबेसडर चुने जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता सहित कई लोगों द्वारा आपत्ति जताए जाने के बीच अभिनेत्री केएसडीएल की ब्रांड एंबेसडर की भूमिका में औपचारिक रूप से नजर आईं।

विरोध करने वालों ने प्रसिद्ध साबुन का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक गैर-कन्नड़ भाषी अभिनेत्री को चुने जाने पर सवाल उठाया है। सरकार ने अपने इस फैसले का बचाव करते हुए कहा कि भाटिया का चयन योग्यता और व्यावसायिक विचार-विमर्श के आधार पर किया गया। राज्य के स्वामित्व वाली कर्नाटक सोप्स एंड डिटर्जेंट्स लिमिटेड (केएसडीएल) द्वारा निर्मित उत्पादों की बाजार में उपस्थिति को मजबूत करने के प्रयासों के तहत भाटिया का कंपनी की ब्रांड एंबेसडर के रूप में दो साल का कार्यकाल मंगलवार से शुरू हो गया। केएसडीएल एक ऐसा संगठन है जिसकी विरासत एक सदी से अधिक पुरानी है। भाटिया ने बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम में संगठन के 57 उत्पादों का अनावरण किया, जिनमें मैसूर सैंडल सोप भी शामिल है, जिसे अब एक नयी और आधुनिक पैकेजिंग में पेश किया गया है।

जिन उत्पादों को नयी पैकेजिंग प्रदान की गई है उनमें चंदन का तेल, चमेली के सुगंध वाले साबुन, इत्र, टूथपेस्ट, नारियल तेल, पेट्रोलियम जेली और जैविक उत्पाद शामिल हैं। इस अवसर पर भाटिया को दर्शाते कई विज्ञापन भी जारी किए गए। इसके अलावा संगठन की समृद्ध विरासत का वर्णन करने वाली दो कॉफी टेबल बुक - सुगंधा सिरी और एरोमैटिक जर्नीज - का विमोचन किया गया। इस अवसर पर भाटिया ने कहा, मैसूर सैंडल सोप सिर्फ एक साबुन नहीं है। यह भावनाओं, बचपन की और पुरानी यादों से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह शुद्धता और प्रामाणिकता का एक आदर्श मिश्रण है।

# प्राइम पर जल्द रिलीज होगी अनिल कपूर की सूबेदार



मुंबई। प्राइम वीडियो ने बुधवार को घोषणा की कि अनिल कपूर अभिनीत उसकी एक्शन-ड्रामा फिल्म सूबेदार पांच मार्च को दुनियाभर में रिलीज होगी। इस फिल्म को सुरेश त्रिवेणी द्वारा निर्देशित किया गया है। त्रिवेणी ने तुम्हारी सुलु, जलसा और दलदल जैसी दमदार फिल्में दी है। इस फिल्म का निर्माण विक्रम मल्होत्रा, कपूर और त्रिवेणी ने किया है।

इस फिल्म की कहानी सूबेदार अर्जुन मौर्य पर आधारित है। मौर्य एक सेवानिवृत्त सैनिक है जो बदलती दुनिया में शांति पाने के लिए संघर्ष कर रहा है जहां उन मूल्यों को लगातार चुनौती दी जा रही है जिनके साथ वह कभी जिया करता था। प्राइम वीडियो, इंडिया के ओरिजनल्स के निदेशक और प्रमुख निखिल मधोक ने कहा सूबेदार एक्शन से भरपूर एक रोमांचक फिल्म होने के साथ-साथ यह पिता-पुत्री की एक बेहद भावुक कहानी भी है। इसमें अनिल कपूर ने जबरदस्त अभिनय किया है। वह एक ऐसे एक्शन हीरो की भूमिका में हैं, जिसे दर्शक फिल्म की शुरुआत से ही पसंद करने लगेंगे।

# गायिका जैस्मीन ने महिलाओं के समर्थन में रोका कार्यक्रम



नयी दिल्ली। दिल्ली में संगीत कार्यक्रम के दौरान पुरुषों द्वारा महिलाओं को परेशान किए जाने पर गायिका जैस्मीन सैंडलस ने अपना गाना बीच में ही रोक दिया और सोशल मीडिया पर यह घटना वायरल हो गई। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सात फरवरी को आयोजित हुए सैंडलस के संगीत कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर कई लोगों और पत्रकारों ने साझा किया। इस छोटे से वीडियो क्लिप में देखा जा सकता है कि सैंडलस के गाना शुरू करने के बाद अचानक वह कहती है, सुरक्षाकर्मियों, क्या आप कृपया इन दोनों आदमियों को हटा सकते हैं? ये कुड़िया नु तंग कर रहे हैं। इसके बाद वह पंजाबी में कहती हैं, अप्पन गावां गे ही नहीं जब तक कुड़िया सेफ नी फील करती होये (जब तक महिलाओं को सुरक्षित महसूस नहीं होगा मैं गाउंगी ही नहीं)।

# कान फिल्म महोत्सव में केनेडी का प्रीमियर




मुंबई। अभिनेता राहुल भट्ट ने कहा कि फिल्म केनेडी की टीम ने कभी नहीं सोचा था कि अनुराग कश्यप निर्देशित इस फिल्म की रिलीज में उन्हें किसी तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। केनेडी का प्रीमियर 2023 में कान फिल्म महोत्सव में हुआ था, जहां इसे सात मिनट का स्टैंडिंग ओवेशन (श्रोताओं द्वारा खड़े होकर सम्मान) मिला। इसके बाद फिल्म को मेलबर्न के भारतीय फिल्म महोत्सव (इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न-आईएफएफएम) और जियो मामी मुंबई फिल्म महोत्सव में भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। हालांकि सेंसर बोर्ड से मंजूरी मिलने के बावजूद प्रोडक्शन बैनर से जुड़ी कुछ समस्याओं के कारण फिल्म की रिलीज अटक गई थी। भट्ट ने कहा हमने कभी नहीं सोचा था कि रिलीज आसान नहीं होगी। हम अभिनेता हैं, हमें अपना काम करना होता है और बड़े फैसले पेशेवर लोगोंजैसे स्टूडियो, निर्माता और निर्देशकपर छोड़ देने होते हैं। उन्हें इन चीजों की बेहतर समझ होती है। लेकिन एक अभिनेता के तौर पर हम हमेशा चाहते हैं कि हमारा काम रिलीज हो। उन्होंने कहा आखिरकार अब फिल्म रिलीज हो रही है और इसे लेकर हम बेहद खुश और उत्साहित हैं। फिल्म में भट्ट शीर्ष भूमिका में हैं और अनिद्रा से पीड़ित पूर्व पुलिसकर्मी का किरदार निभा रहे हैं, जो प्रायश्चित की तलाश में भ्रष्ट व्यवस्था में उलझ जाता है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com